सत्यता—11 दिसम्बर, सन् 2016 ई. को नाइजीरिया में गिरजाघर की छत गिर गयी, 160 व्यक्ति मरे।

भविष्यवाणी—"श्री नरेन्द्र मोदी (P.M.) महोदय की नीति विदेशों से सकारात्मक मधुर सम्बन्ध बनाने में सफल रहेगी। लेकिन इस वर्ष श्री मोदी एवं अन्य प्रतिष्ठित

व्यक्तियों की सुरक्षा-व्यवस्था में ढील नहीं होनी चाहिए, क्योंकि अघटित घटना से कष्टभय का योग है। जगत्-लगनकुण्डली में भारत की प्रभावराशि मकर पर गुरु की दृष्टि है। सूर्य-शुक्र उच्चस्थ हैं, अतः भारत की प्रतिष्ठा एवं गौरव उत्तरोत्तर बढ़ेगा।"

—(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2074 वि., पृ. 52, कॉलम 1, अन्तिम पंक्तियां)

सत्यता—श्री नरेन्द्र मोदी (P.M. भारत) महाभाग ने अपनी कूटनीति से अमेरिका- इण्डोनेशिया एवं रूस आदि देशों के साथ सुदृढ़ मैत्री सम्बन्ध बनाकर एवं राष्ट्र को सशक्त बनाकर 'भारत को महाशक्ति' के रूप में स्थापित कर दिया है।

भविष्यवाणी—"13 अक्तूबर से आगे शुक्र-शनि एवं सूर्य-शनि की पोजीशन अनुसार 15 दिसम्बर तक किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने का योग है।"

—(श्रीमार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2073 वि., पृ. 49, कॉलम 2)

सत्यता—1. तमिलनाडु की मुख्यमन्त्री सुश्री जयललिता जी का 5 दिसम्बर को निधन हुआ।

2. दिनांक 27-11-2016 ई. को क्यूबा के राष्ट्रपति कास्त्रो का निधन हुआ।

भविष्यवाणी—सं. 2073 वि. के श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर 19वीं पंक्ति से आगे पढ़ें—"श्री मोदी की दूरदर्शिता से भारत की अर्थव्यवस्था को विशेष गति मिलेगी। राजनीति की गतिमत्ता के भी दूरगामी परिणाम होंगे। यह बात विपक्षीदलों को स्वीकार्य नहीं कि—एकवर्ष का समय सरकार के काम-काज का आकलन का अन्तिम मापदण्ड नहीं है। फिर भी भारत सरकार की रीति-नीति से सरकार के वायदों का बोध तो आगे होने का संकेत ग्रहस्थिति देती है।"

पृष्ठ 50, कॉलम 2 पर 19वीं पंक्ति से आगे की भविष्यवाणी—"15 नवम्बर से सूर्य-शनि (परस्पर शत्रुग्रह) दिसम्बर तक एकराशि में चलेंगे। यह ग्रहस्थिति शासनतन्त्र के सामने सिद्धान्तवादिता, आदर्शवाद वाली व्यावहारिक मजबूरियां हाजिर करेंगी। इस दौरान भाजपा एवं विपक्ष के बीच राजनीतिक संघर्ष शुरु होगा एवं R.S.S. पर भी विपक्ष के आक्षेप आयेंगे।"

इन पंक्तियों की सत्यता—8 नवम्बर, 2016 ई. को रात्रि में नोटबन्दी की घटना से विपक्ष ने लगभग दिसम्बर तक लोकसभा को संचालित नहीं होने दिया। यह भविष्यवाणी फलितशास्त्र की गरिमा का निदर्शन है।

चीन द्वारा तिब्बत-सिक्किम के सीमाप्रान्तों पर तनाव की भविष्यवाणी—श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2074 वि. के पृष्ठ 58, कॉलम 1 पर निम्नांकित रूप में पढ़ें—

"संवत् 2074 वि. की ग्रहस्थिति विश्व में घटित प्रमुख बातों पर भी ध्यान आकर्षित करती है। इस वर्ष अप्रैल से जून 2017 ई. तक, 27 अगस्त से 29 नवम्बर, 2017 ई. तक एवं फरवरी से मार्च, 2018 ई. तक की ग्रहस्थिति उत्तरी कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, चीन, पाकिस्तान आदि देश, अमेरिका, ब्रिटेन एवं भारत आदि देशों के लिए आगामी समय में हालात भयावह रहेंगे। जिससे विश्व के शान्तिप्रिय देश विनाश एवं अनिश्चय की ओर बढ़ेंगे। संयुक्तराष्ट्र के सामने भी यह एक समस्या बन सकती है। ऊपर निर्दिष्ट समय देश एवं विश्व के लिए अघटित घटनाओं वाले रहेंगे।"

स्पष्ट है कि—ब्रिटेन, फ्रांस आदि में उग्रवादी हमले से जनधनहानि हुई, भारत में भी छत्तीसगढ़, कश्मीर एवं अन्यत्र कई स्थानों पर उग्रवादियों द्वारा जनधनहानि से इस भविष्यवाणी की सत्यता स्पष्ट सिद्ध हुई।

बिहार में महागठबन्धन/समाजवादी पार्टी के बारे में की गयी भविष्यवाणी सं. 2074 वि. के पंचांग में पृ. 60, कॉलम 1 पर इस प्रकार की गयी थी—

समाजवादी पार्टी—कुम्भ राशि का स्वामी शनि सारे संवत् में क्रूर ग्रह से किसी न किसी दृष्टि से मेल कर रहा है, अतः भरपूर प्रयत्न के बाद भी इस पार्टी को राजनैतिक दृष्टि से प्रगतिप्रद सफलता प्राप्त करना कठिन प्रतीत होता है।

बिहार में महागठबन्धन—के बारे में इतना ही लिख सकेंगे कि—ग्रहस्थिति पार्टी में कुछ वैमत्य पैदा करेगी, लेकिन सुधारात्मक योग स्थिति को नियन्त्रित करेंगे।

आप इस घटनाक्रम को देख चुके हैं, अतः इसकी सत्यता स्पष्ट सिद्ध है।

'जम्मू-कश्मीर' के बारे में की गयी भविष्यवाणी भी अक्षरशः सत्यापित हुई, जोकि 2074 वि. के पंचांग, पृष्ठ 62, कॉलम 2 में 'जम्मू-कश्मीर' शीर्षक के अन्तर्गत पढ़ें—"इस संवत् की ग्रहस्थिति में सभी आतंकी संगठन विशेषतः I.S.I. कश्मीर पर बड़ा हमला करेगा। कश्मीर के सीमाक्षेत्र अशान्त रहेंगे एवं यहां की शासन-सत्ता इस प्रान्त में शान्ति स्थापित करने में असमर्थ रहेगी। उग्रवाद के जघन्य अपराध व पाक अधिकृत कश्मीर से आतंक की घुसपैठ जनधनहानि का कारण बनेगी। इस संवत् के उत्तरार्ध में पाक का सीमातिक्रमण संघर्ष का कारण भी बन सकता है।"

सं. 2074 वि. में पृष्ठ 52, कॉलम 1 पर स्टैंजा 2 की अन्तिम पंक्तियों में आश्चर्यजनक भविष्यवाणी पढ़ें—"संवत् 2074 वि. के प्रारम्भ से जुलाई, 2017 तक की ग्रहस्थिति से भारत के कुछ प्रान्तों में I.S.I. द्वारा भारी जनधनहानि का संकेत मिलता है। इस उल्लिखित समयावधि में भारतीय सीमाप्रान्तों पर पाक-चीन-नेपाल-सीमावर्ती देशों की गतिविधियों एवं उग्रवादियों (I.S.I.) आदि से भी सावधान रहना आवश्यक है।"

आज चीन द्वारा सिक्किम एवं पाक द्वारा कश्मीर के सीमाप्रान्तों पर युद्धमय वातावरण बना दिया गया है—यह सार्वजनिक चर्चा का विषय है।

संवत् 2075 वि. में सफलसिद्ध कुछ भविष्यवाणियां

1. संवत् 2075 वि. के पंचांग पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर स्पष्ट घोषणा की गयी थी, कि—

"7 मार्च, सन् 2018 ई. को मंगल धनुराशि में आकर शनि के साथ 'एकराशि-सम्बन्ध' बनायेगा। यह स्थिति 30 अप्रैल, 2018 ई. तक प्रभावी रहेगी।

यह स्थिति विश्व में युद्धपरक वातावरण एवं अघटित घटनाओं, प्राकृतिक उत्पात, यान-दुर्घटनाओं एवं प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञों के लिए भयावह है। प्रकृति के दोहन से उपजित एवं अन्य पर्यावरण-सम्बन्धित समस्याएं विश्व में संकटमय स्थिति पर विचार करने के लिए विवश करेंगी।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार 9 मार्च, सन् 2018 ई. को अमेरिका के 10 राज्यों में बर्फीला तूफान आया। 6 करोड़ लोग न्यूजर्सी में प्रभावित हुए और 2600 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। (पंजाब केसरी, 9 मार्च, 2018 ई.)

2. भारत के अन्तरिक्ष विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की भविष्यवाणी—सं. 2075 वि. के पंचांग, पृष्ठ 52, कॉलम 1/2 पर स्पष्ट भविष्यवाणी की गयी थी, कि—

"गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत इस वर्ष किंवा आगामी वर्षों में अन्तरिक्ष विज्ञान (Space-Science) में आश्चर्यजनक प्रगति करेगा। जिसमें अन्य कुछ देश भी सहायकरूप में मददगार रहेंगे।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता को समाचारपत्रों ने इस प्रकार प्रसारित किया—

ISRO continues to make India proud

It was yet another year of jubilation for Indian Space Research Organisation (ISRO) for it achieved a historic feat of having launched a massive 104 satellites using its Polar Satellite Launch Vehicle (PSLV).

इसके अतिरिक्त भारत की अन्तरिक्ष विज्ञान में प्रगति से चीन एवं पाक भी प्रभावित हुए हैं।

3. 12 अप्रैल, सन् 2018 ई. को हरिकोटा में I.R.N.S.S.-1 आई. का परीक्षण सफल, सदमे में चीन-पाक (पंजाब केसरी 13/4/18)

Space-Science की इस सफलता की भविष्यवाणी श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में 4 जून, 2017 को की गयी थी, जोकि आश्चर्यजनक रूप से सत्य सिद्ध हुई।

4. पाक में शरीफ-सरकार का पतन एवं सत्ता-संघर्ष के लिए सेना के दखल की भविष्यवाणी—पंचांग पृष्ठ 51, कॉलम 1 पर पढ़ें—

"पाक की राशि कन्या में नीचाकांक्षी सूर्य की स्थिति एवं बुध का अतिचारी शुक्र के साथ मेल खराब स्थिति का संकेत देता है। प्रधान नेतृत्व पर सेना हावी रहेगी एवं सत्ता-संघर्ष से परिवर्तन के योग बनते हैं।"

5. क्षेत्रीय एवं प्रतिष्ठित राजनैतिक पार्टियों के एकीकरण की नीति एवं सत्तारूढ़ दल को अपदस्थ करने की साजिश की भविष्यवाणी—पृष्ठ 53, कॉलम 1 पर पढ़ें—

"राजनीतिक-क्षेत्रीय पार्टियों में सत्ता हथियाने की लालसा ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति को बढ़ा देगी। कुछ प्रधान पार्टियां आपसी तालमेल बनाकर आगे सत्ता के गलियारों में हलचल पैदा करेंगी।"

6. इस्लामिक आतंकवादग्रस्त देशों के बारे में की गयी भविष्यवाणी—पढ़ें पृष्ठ 51, कॉलम 1 पर—

"इस्लामिक आतंकवाद से पाक, अफगानिस्तान, इराक, लीबिया, तुर्की, सीरिया आदि में हालात बदतर होते जायेंगे। साथ ही चीन, उत्तरी कोरिया आदि कुछ प्रधान देश भी इस बुरी स्थिति के लिए कुप्रेरणा के स्त्रोत सिद्ध होंगे।"

यह सर्वविदित है कि—I.S.I को समाप्त करने के लिए सीरिया पर ता. 14-4-18 को 100 से अधिक मिसाइलों का प्रहार किया था, जिससे रूस आदि कुछ देशों द्वारा

अघोषित युद्ध की स्थिति बन गयी थी।

7. "कश्मीर-समस्या एवं सीमा-प्रान्तों का हल, सहज सम्भव नहीं"—एतद्विषयक भविष्यवाणी पढ़ें, पृष्ठ 58, कॉलम 1 पर—

"संवत् 2075 वि. की गोचर ग्रहस्थिति कश्मीर की राशि तुला पर मंगलयुत **'शनि की दृष्टि'** होने से कश्मीर-समस्या का हल सहज सम्भव नहीं। इस जलते सीमाप्रान्त पर पाक की कुदृष्टि इस संवत् में भयावह स्थिति को जन्म दे सकती है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—तिब्बत, कश्मीर एवं अन्य सीमान्त प्रदेशों पर भारत के साथ पाक- चीन जिस स्थिति को जन्म दे रहे हैं, वह भारत एवं विश्वजनीन शान्ति के लिए भयावह सिद्ध होगी।"

8. 28 फरवरी (सन् 2018 ई.) को 'जगद्गुरु श्री जयेन्द्र सरस्वती जी' महाराज (कांचीमठ) के स्वर्गवास बारे—मार्त्तण्ड पंचांग (सं. 2075 वि.), पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर पढ़ें—

"13 जनवरी, 2018 ई. को शुक्र मकर राशि में आयेगा एवं 14 जनवरी को सूर्य भी मकर राशि में आकर शनि एवं केतु के साथ मेल करेगा। इस समय सूर्य, शुक्र, केतु पर मंगल की दृष्टि भी है। **इस समय किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन हो।**"

9. श्रीमार्त्तण्ड पंचांग सं. 2075 वि. के पृष्ठ 50, कॉलम 1 पर निम्नांकित भविष्यवाणी पर ध्यान दें—

2 मई से मंगल मकर (उच्च राशि) में आकर राहु के साथ समसप्तकयोग बनायेगा। इसी मध्य 14/15 मई से 8 जून तक शुक्र-शनि का समसप्तकयोग चलेगा। फिर लगभग 6 नवम्बर, से 23 दिसम्बर, सन् 2018 ई. के लगभग शनि अपने शत्रुग्रह मंगल पर विशेष दृष्टि रखेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि—उल्लिखित समयावधियों में विश्व के प्रमुख देशों में भारी उलट-फेर एवं अघटित घटनाओं किंवा **प्राकृतिक प्रकोप किंवा उग्रवादियों के जघन्य अपराधों से भारी अशान्ति बनेगी। इस समय जनता एवं शासकों को भी सुरक्षा की दृष्टि से सावधान रहना चाहिए—यह आवश्यक सूचना ग्रहगोचर के अनुसार दे देना उचित समझते हैं।**

ठीक इस भविष्यवाणी के अनुसार 2 मई को अफगानिस्तान में 6.6 रियेक्टर का भूकम्प आया, जिसका प्रभाव उ.भारत में भी 10 मई तक अनुभव किया गया एवं इन्हीं **दिनों मई में ही मौसम-विभाग ने महावात (भयंकर तूफान) की चेतावनी भी दी थी, तदनुसार भारत के मुम्बई, उ.प्र., राजस्थान, उ.खं., गुजरात आदि एवं कुछ** अन्य प्रान्तों में भी (लगभग आधे हिन्दुस्तान में) भयंकर तूफान से सैकड़ों व्यक्ति इस प्राकृतिक प्रकोप से हताहत हुए। थाईलैण्ड, ताईवान, अमेरिका, जापान, चीन आदि में भी बाढ़, अग्निप्रकोप, तूफान आदि की दु:खद घटनाएं इन दिनों सामने आईं और भारी जान-माल की हानि हुई।

15 मई तक किंवा आगे भी इस तरह के प्राकृतिक प्रकोप का कहर, अग्निकाण्ड, वायुवेग से मकानों का ध्वस्त होना एवं वाहनों से मृत्यु आदि भयंकर परिणाभ देखने को मिले। सरकारें भी इस प्रकोप को रोकने में असमर्थ रहीं।

पाठको! स्थानाभाव के कारण इस वर्ष की सभी सफल भविष्यवाणियों की चर्चा नहीं कर पा रहे हैं, विद्वान् पाठक स्वयं ही मूल्यांकन करें।

मार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गयीं या की जा रहीं भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनता-जनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के भी आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों किंवा विदेशों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2076 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

विज्ञान **'कार्य-कारण के सिद्धान्त'** को ही प्राथमिकता प्रदान करता है। परन्तु असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक भी अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। अत: सिद्धान्तों के व्यभिचारमात्र से ज्योतिष शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्यसिद्धान्तों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसन्धान की आवश्यकता है।

जिस तरह पृथ्वी पर 'लोकतान्त्रिक राज्य' की स्थापना के लिए प्रधानमन्त्री **आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण-कर्म-स्वभाव-योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों एवं शासनतन्त्र पर पड़ता है, उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती 'आकाशी कौंसिल' का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल**

संसार में जो उलट-फेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती हैं; इस घटनाचक्र को त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के आधार पर वि. सं. 2076 की ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

संवत् 2076 वि. को **संहिता ग्रन्थों में 'परिधावी'** संवत्सर की संज्ञा दी गयी है। दशम युग का प्रथम संवत्सर होने से **ऋषभ-मत** से भूभाग में उपद्रव, भूकम्प, ज्वालामुखी, विस्फोट, शासन-सत्ता में परिवर्तन एवं अग्निकाण्ड आदि घटनाओं से जन-जीवन अस्त-व्यस्त रहे। इसका फल इस प्रकार है—

"धन-धान्य-समृद्धिः स्यात् भयं भूरि प्रजायते।
अन्यथा क्षेममारोग्यं परिधावीति वत्सरे॥"

अर्थात्—परिधावी संवत्सर में धन-धान्यसमृद्धि रहने पर भी देश के सीमाप्रदेशों में भय किंवा आशंकाओं से भरा माहौल रहे। परिणामतः भय का कोई कारण नहीं होता।

'भविष्यफल भास्कर' के अनुसार **'परिधावी'** संवत्सर का फल इस प्रकार है—

"भूयाहवो महारोगो मध्य-सस्यार्घ-वृष्टयः।
दुखिनो जन्तवः सर्वे संवत्सरे परिधाविनि॥"

अर्थात्—इस संवत्सर में शासकों (राजनीतिज्ञों) में शक्तिपरीक्षण किंवा राजनीतिक पार्टियों में परस्पर विरोध रहे। वर्षा मध्यम, महंगाई बढ़े, जन-जीवन (रोगादि व अन्य कारणों से) दुखी रहे।

'मेघ महोदय' ग्रन्थ के अनुसार इसका फल निम्नांकित है—

"अभिभूतं जगत्सर्वं क्लेशैश्च विविधैः प्रिये।
मारुतो बहुदाहश्च परिधाविनि वत्सरे॥"

अर्थात्—सम्पूर्ण विश्व अनेकविध (सामाजिक-राजनैतिक किंवा प्राकृतिक) उत्पातों से परेशान रहे। वायुवेग (तूफान) किंवा अग्निकाण्ड आदि से अनेकत्र जनधन-हानि भी हो।

संवत् 2076 वि. की प्रारम्भिक गोचर ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—स्वार्थपरक राजनीति से प्रेरित विपक्षीदल सत्तालोलुपता से ग्रस्त रहेंगे, जिससे सत्तारूढ़ दल भाजपा आदि नेतृत्व क्षुब्ध रहेंगे। फिर भी विपक्षी दलों के लिए परिणाम आश्चर्यजनक रहेंगे; क्योंकि भारत का राजनैतिक परिदृश्य अप्रत्याशित करवट लेगा।

संवत् 2076 वि. का राजा शनि (युद्धप्रिय, महाक्रूर ग्रह) होने से इस वर्ष साम्प्रदायिक किंवा राजनैतिक उपद्रव, उग्रवादजन्य विस्फोट एवं कुछ देशों में मारक शस्त्रास्त्रों का परीक्षण, कहीं मारकाट से वातावरण अशान्त होगा। विश्व के कुछ देश अघोषित युद्ध का वातावरण बनाकर विश्वशान्ति को भंग कर सकते हैं—

"दुर्भिक्ष-मरकं रोगान् करोति पवनं तथा।
शनैश्चराब्दो दोषाश्च-विग्रहांश्चैव भूभुजाम्॥"

शनि के साम्राज्य में अनेक प्रान्तों में भयंकर अकाल की स्थिति एवं जलवायु प्रदूषण (पोल्यूशन) की समस्या किंवा पेयजल-समस्या का भी सामना करना पड़ेगा। अनेक प्रकार के भयंकर रोगों का सामना जनता-जनार्दन को करना पड़ेगा। इस वर्ष राजनैतिक परिदृश्य विकट स्थिति वाला रहेगा। इस वर्ष किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से राष्ट्रीय शोक भी झेलना पड़ेगा।

इस संवत् का मन्त्री (प्रमुख सलाहकार) सूर्य (राजा शनि का परम शत्रु) है, इस प्रकार संवत् के राजा एवं मन्त्री का शत्रुत्वभाव देश में अविमृश्यकारिता का वातावरण बना दे तो कोई आश्चर्य नहीं। **स्पष्ट है कि—संवत् 2076 वि. का प्रारम्भ एवं अन्तिम चरण राजनैतिक कठिन परिस्थितियों को लेकर आ रहा है। विपक्षी क्षेत्रीय एवं बड़ी केन्द्रीय पार्टियों द्वारा बनाया गया गठबन्धन अन्ततः एक असफल प्रयास रहेगा, जोकि देश के लिए कटु अनुभव वाला सिद्ध होगा।**

मन्त्री सूर्य होने से राजनीतिक पार्टियों में परस्पर विरोध से जनता को किंकर्तव्यविमूढ़ सा बनायेगा। देश में रोग, चौर एवं अनैतिक कार्य अधिक होंगे। **(राजनीति) कार्यपालिका एवं न्यायपालिका में परस्पर तालमेल न के बराबर होने से शनि एवं सूर्य—ये दोनों अराजकता जैसा वातावरण बना सकते हैं।** गोचर ग्रह-स्थिति से स्पष्ट ज्ञात हो रहा है कि—सत्तारूढ़ दल जनहितार्थ (देशहितार्थ) सकारात्मक कार्य करने में ढील करेगा तो जनता का विश्वासमत प्राप्त करने में असफल रहेगा, परिणाम दूरगामी होंगे।

इस वर्ष मेघेश-फलेश एवं दुर्गेश (सैन्याधिपति) शनि ही है। अतः अनेकत्र पेयजल की समस्या परेशान करेगी। राजनीतिज्ञों के व्यवहार से जनता रुष्ट रहे, मारक रोग अधिक रहें। दुर्गेश शनि इस वर्ष शुभ नहीं है—जनता उग्रवाद व उपद्रवों से पलायन करे, परस्पर साम्प्रदायिक झगड़े बढ़ेंगे एवं कुछ देश युद्धपरक नीति से शान्ति भंग कर

सकते हैं।

नोट—इस संवत् में शनि के प्रभुत्व एवं सूर्य के मन्त्रित्व के फलस्वरूप भारत को पाक, कश्मीर, चीन, अमेरिका, उ. कोरिया, नेपाल एवं बंगलादेशवर्ती सीमाप्रान्तों पर सुरक्षा की दृष्टि से सावधान रहना होगा।

संवत् 2076 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत्-लग्नकुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार सांसारिक घटनाओं पर एक नज़र

वर्षेश (जगत्) लग्नकुण्डली
(संवत् 2076 वि.)

6, 4 च., 7, 5, 3 रा., 8, 2 मं., श. गु. के. 9, 11 शु., 1 सू., 10, 12 बु.

[14 अप्रै., 2019 ई., 14 घं. 9 मि. (I.S.T.)]

जगत् लग्न का उदय सिंह लग्न में हुआ है। मंगल एवं शनि का षडष्टकयोग एवं वृष-मिथुन में मंगल-राहु की स्थिति मुस्लिम राष्ट्र विशेष का युद्धोन्माद व अणुशस्त्र-संग्रह विश्व-शान्ति को भंग कर सकता है। इस वर्ष उग्रवाद, मारक शस्त्र-भण्डारण एवं प्रभुसत्ता स्थापित करने तथा देश के विस्तार की नीति कुछ देशों के लिए भयावह रहेगी। शांत्यर्थ भारत की भूमिका प्रशंसनीय सिद्ध होगी। क्योंकि भारत की प्रभाव राशि (मकर) का स्वामी (शनि) गुरु की सन्निधि में है।

वर्षेश लग्न में राहु एवं शनि की परिधि में ही सभी प्रभावी ग्रह हैं। अत: कुछ राष्ट्रों में प्राकृतिक आपदा (प्राकृतिक प्रकोप), अग्निकाण्ड, भयंकर तूफान, भूकम्प आदि से मई 2019 तक भारी जनधनहानि के योग बन रहे हैं।

वर्षेश कुण्डली में लग्नेश सूर्य एवं बुध-गुरु-शुक्र की स्थिति भारत को आर्थिक क्षेत्र एवं राष्ट्रीय गरिमा की दृष्टि से अग्रसर करने वाली है। विदेशों से सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध बनेंगे। कुछ सीमा-सम्बन्धी विवाद हल होते नजर आयेंगे।

जगत् लग्नेश उच्च एवं लग्न पर गुरु की दृष्टि होने से भारत अग्रणी देशों की कोटि में आ सकेगा—

"निजोच्चे निजवर्गे वा शुभः पापोऽपि वा भवेत्।
बलवान् दोषविच्छेत्ता हरिरेको यथा गजान्॥"

इस वर्ष जगत्-लग्नानुसार भाद्रपद, कार्त्तिक, मार्गशीर्ष, पौष एवं माघ मास विश्व (जगत्) के देशों के लिए विशेष नेष्ट घटनापूर्ण रहेंगे। अत: शासकों को भूकम्प, तूफान एवं उग्रवादियों से सावधान रहना होगा।

संवत् 2076 वि. की प्रवेशकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार कर्क लग्न में संवत् का प्रारम्भ भारत के पूर्वी प्रान्तों में सुख-समृद्धि का संकेत देता है। उत्तर दिशा में प्राकृतिक आपदा किंवा उग्रवादजन्य अशान्ति एवं कश्मीर आदि में उग्रवादजन्य परेशानी, सीमा-प्रान्तों पर युद्धात्मक स्थिति से अशान्ति रहेगी। पश्चिम में अनेकत्र दुर्भिक्ष एवं पेयजल-समस्या से शासन चिन्तित रहेगा।

संवत् 2076 वि. की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति पर गम्भीरता से विचार करने पर शनि-मंगल का षडष्टक एवं राहु-शनि का समसप्तक भारत की राजनीति में आश्चर्यजनक विशेष उथल-पुथल होने का संकेत देता है। लग्नेश चन्द्र, सूर्य के साथ गुरु के क्षेत्र में होने से देश की प्रगति के लिए राष्ट्रनायक देश में नयी प्रगतिप्रद योजनाओं को कार्यान्वित करेंगे।

संवत् की प्रवेशकालीन ग्रहस्थिति पर दृष्टिपात करने से स्पष्ट भान होता है कि—भारत की प्रभावराशि मकर का स्वामी शनि मकर से द्वादशभाव में गुरुक्षेत्र में गुरु की सन्निधि में है, अत: विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लेकिन राजनैतिक परिदृश्य में कुछ परिवर्तन सम्भव है। क्योंकि इस वर्ष के मध्य मंगल-शनि का षडष्टक भारत की पश्चिमी, उत्तरी सीमाओं एवं दक्षिणी भूभाग में उग्रवाद किंवा भयंकर प्राकृतिक आपदा से जनधनहानि का संकेत देता है।

किसी मुस्लिम-राष्ट्रविशेष की नीति शक्तिसम्पन्न राष्ट्र की मदद से सीमाप्रान्तों को अशान्त करेगी एवं युद्धात्मिका स्थिति में लाकर खड़ा कर देगी—

"मारिर्दक्षिण-देशे स्यात् तथा बंगेष्युपद्रवः।
लोके दुःखं विजानीयात् पश्चिमे ननु विग्रहः॥"

संवत् 2076 वि. की ग्रहस्थिति का यूरोप के देशों पर प्रभाव (एक संक्षिप्त सर्वेक्षण)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (1)

(1 जनवरी से 31 दिसम्बर, सन् 2019 ई. तक)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (1) की ग्रहस्थिति के अनुसार गुरु-बुध दोनों

मंगल के क्षेत्र में एक साथ हैं—यह ग्रहस्थिति पश्चिमी-भूभाग में कहीं युद्धात्मक स्थिति बना सकती है।

इस कुण्डली में बृहस्पति के क्षेत्र में सूर्य-शनि की सन्निधि बनती है। अतः अशान्त वातावरण एवं उग्रवादजन्य अपराधों से मुक्त होने में अनेक राष्ट्र परस्पर सहयोग तो देंगे, लेकिन कुछ मसले अशान्ति व उलझन का कारण भी बनेंगे, फिर भी इससे उग्रवाद के पोषक तत्त्वों (संस्थाओं) एवं देशों को सबक मिलेगा।

ग्रहस्थिति के अनुसार उत्तरी कोरिया, पाक एवं चीन, रूस आदि देश अमेरिका की शांन्ति एवं प्रभुत्व को क्षीण करने का प्रयास करेंगे। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, उत्तरी कोरिया, चीन आदि द्वारा विकसित मारक शस्त्रों के विरुद्ध आवाज उठेगी। अमेरिका द्वारा परिणाम संघर्षात्मक हो सकते हैं। कुछ मुस्लिम व अन्य कुछ देश भी उग्रवादी शस्त्रास्त्रों के प्रयोग को गुप्तरूप से संचालित ही रखेंगे।

यह वर्ष कहीं युद्धात्मक स्थिति, प्राकृतिक प्रकोप, यान व अग्निकाण्ड आदि से जनहानि का संकेत देता है। प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञों के लिए भयावह ग्रहस्थिति है।

प्रकृति के दोहन से उत्पन्न एवं अन्य पर्यावरण-सम्बन्धित समस्याएं भी विश्व के यूरोपीय देशों को संकटमय स्थिति का हल ढूंढ़ने के लिए विवश कर देंगी। परिणामस्वरूप, उत्तरी कोरिया, चीन, पाक आदि तथा अन्य कुछ मुस्लिम देश मारक-क्षमता को बल देने वाले शस्त्रास्त्रों के निर्माण में व्यस्त रहेंगे। 22 मार्च, सन् 2019 ई. के बाद विशेषत: 6 मई, सन् 2019 ई. तक एवं अक्तूबर, 2019 ई. के आगे तक की ग्रहस्थिति विश्वशान्ति को क्षुब्ध करने वाली ही मालूम देती है—सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

कुण्डली नं. (1) में राहु-मंगल पर गुरु की दृष्टि एवं सूर्य-शनि का धनु राशि में एकसाथ होना विश्व के कुछ विरोधी देशों में शान्तिवार्ता का वातावरण बनायेगा। क्योंकि कुम्भ राशि पर शनि की दृष्टि भी है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार मिथुन-प्रभाव राशि-देश अमेरिका के प्रभुत्व को सूर्य-शनि की दृष्टि क्षीण करे एवं ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, उ.कोरिया, चीन द्वारा विकसित मारक शस्त्रों के विरुद्ध आवाज उठेगी, परिणाम संघर्षात्मक ...

हैं।

इस वर्ष शनि-सूर्य के प्रभुत्व वाले संवत् में लगभग 11 अप्रैल को गुरु के वक्र होने पर जलवायु-प्रदूषण की स्थिति 10 अगस्त, 2019 ई. तक भारी संकट यूरोप के देशों में बनायेगी, एतदर्थ दुनिया के प्रमुख देशों को गम्भीरता से सोचना होगा। मुस्लिम राष्ट्र, अफगानिस्तान, पाक-अधिकृत कश्मीर, गिलगित, पख्तून में गोचर ग्रहस्थिति से भयंकर आपदाओं का संकेत मिलता है। कहीं भयंकर भूकम्प, विस्फोट, उग्रवाद से अघोषित युद्ध जैसा वातावरण बनेगा।

1 मई को शनि वक्री होकर लगभग 17 सितं. तक वक्र गति से चलेगा। इस समयावधि में यूरोप के राजनैतिक कुछ भयंकर परिस्थितियों में उलझेंगे एवं इस दौरान प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन त्रस्त होगा। गोचर ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—यूरोप में प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने से शोक व्याप्त हो। **इसी मध्य 6 मई से 21 जून, 2019 ई. तक शनि-मंगल की स्थिति यूरोपीय देशों के लिए विशेष भयावह सिद्ध होगी।** 28 अक्तू. से दिसम्बर 2019 ई. के मध्य तक की ग्रहस्थिति (शनि-गुरु का एकत्र होना) कहीं युद्धाग्नि को प्रज्वलित करे एवं प्राकृतिक आपदा से कहीं भयंकर जनधनहानि का कारण भी बनेंगे—

"गुरु-शुक्रौ यदैकस्थौ नर युद्धं तदा भवेत्।"

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. 2

(1 जनवरी, सन् 2020 ई. से दिसम्बर, सन् 2020 ई. तक)

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. 2 में चतुर्थ भाव में पंचग्रही योग शनि-सूर्य-बुध-गुरु एवं केतु को राहु के साथ समसप्तकयोग यूरोपीय देशविशेष में अघटित घटनाओं को जन्म देगा, अणुशस्त्र, सीमाविवाद, शस्त्रास्त्रों की मारक क्षमताजन्य उन्माद एवं शक्ति-सम्पन्नता-प्रदर्शन से हालात बिगड़ेंगे। यूरोप के देशों में विचार-वैमनस्य से द्विधाविभक्त किंवा विशेष ध्रुवीकरण की प्रवृत्ति घातक रहेगी, इससे विश्वशान्ति को भी खतरा पैदा हो सकता है।

यूरोपीय देशों की कुण्डली (2)
(1 जन. से 31 दिसं., सन् 2020 तक)
(मध्यरात्रि 0 घं. 00 मि.)

5
8 मं.
7
6
4
9 गु. श.
बु. के.
3 रा.
10
सू.
12
2
शु.
चं. 11
1

... भाग, अमेरिका, फ्रांस आदि में गुटबाजी एवं

चीन, रूस, जर्मनी किंवा जापान आदि में परस्पर शस्त्रास्त्रों की होड़ से पंचग्रही योग वातावरण को खराब करेगा।

लगभग 24 जनवरी, 2020 ई. से शनि-सूर्य का मकर राशि में लगभग 12 फर. तक एक साथ होना भी विश्वशान्ति के लिए भयावह है।

14 मार्च से संवत् 2076 वि. के अन्त तक सूर्य पर शनि-मंगल की दृष्टि एवं लगभग 22 मार्च से मकर राशि में शनि-मंगल का (लगभग 3 मई, सन् 2020 ई. तक) एक साथ रहना कहीं भयंकर युद्धाग्नि से विनाश का कारण बनेगा—

"मकरस्थो यदा भौमः क्रूरग्रह-समन्वितः।
त्रिभागशेषा पृथिवी मांस-शोणितकर्दमैः॥"

इन दिनों यूरोप में कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प, अग्निकाण्ड, समुद्री तूफान आदि से जनधनहानि के योग भी बनते हैं। लगभग मार्च से मई 2020 ई. के मध्य किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने का संकेत मिलता है—सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

संवत् 2076 वि. में मुस्लिम राष्ट्रों के हालात

मुस्लिम देशों की कुण्डली (नं. 1)

(12 सितम्बर, सन् 2018 ई. से 31 अगस्त, सन् 2019 ई. तक)

मुस्लिम देशों की कुण्डली (1) हिज़्री सन् 1440 (1 मुहर्रम)

12 सितम्बर, सन् 2018 ई., बुधवार, 18 घं. 28 मि. (सूर्यास्त समय) (I.S.T.)

कुण्डली नं. (1) में लग्नेश शनि लग्न, योजनास्थान एवं अष्टम भाव को विशेष दृष्टि से देख रहा है, जोकि इस वर्ष उग्रवाद के स्वयंभू नेताओं के लिए भयावह परिस्थिति बनाता है। भारत की प्रभावराशि मकर में केतु एवं उच्च का मंगल भारत के शत्रुभूत मुस्लिम राष्ट्र-विशेष को हतप्रभ कर देगा। लेकिन कश्मीर के अंगभूत गिलगित-बाल्टिस्तान तथा सीमाप्रान्तीय विवादों पर भारत का पाकिस्तान एवं चीन के साथ **परस्पर विवाद उग्ररूप धारण कर सकता है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार कूटनीति किंवा युद्धात्मक परिस्थिति से ही कश्मीर की समस्या का हल सम्भव है।**

कुण्डली नं. 1 के सप्तम भाव में 'बुधादित्य योग' तो श्रेष्ठ है, लेकिन बुध पाक की प्रभावराशि कन्या का स्वामी है और शनि की कन्या राशि पर दृष्टि भी है। इस समय बुध अस्त एवं मंगल से भी प्रभावित है। यह समय पाक, अफगानिस्तान एवं पाक-अधिकृत क्षेत्रों कश्मीर आदि के लिए एवं पाक-प्रशासक-प्रमुख के लिए चिन्तनीय है। इस समय पूर्वोत्तर, दक्षिण-पश्चिमी भूभाग पर विशेष उपद्रव सम्भव हैं। अफगानिस्तान, ईरान, इराक, पाक, अफ्रीकन देश, कतर आदि में कहीं उत्तराधिकार किंवा स्वतन्त्रता के लिए, कहीं प्राकृतिक प्रकोप एवं अनेकत्र उग्रवादजन्य-अपराधों से जनधनहानि के योग बनते हैं।

कुण्डली नं. (1) की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 6 नवम्बर से 23 दिसम्बर, 2019 ई. तक शनि की मंगल पर विशेष दृष्टि होने से मुस्लिम-राष्ट्रों का उग्रवाद भयंकर जनधन-हानिकारक रहेगा। आगे जनवरी, सन् 2019 के लगभग से 31 अगस्त, 2020 ई. तक का समय भी मुस्लिम-राष्ट्रों में कहीं शासनसत्ता में परिवर्तन एवं कहीं फौजी हकूमत का संकेत देता है। आगे **6 मई, सन् 2019 ई. से 8 अगस्त, सन् 2019 तक का समय भी मुस्लिम-राष्ट्रों के शासकों के लिए अपने ही द्वारा संचालित उग्रवाद किंवा प्राकृतिक प्रकोप से भयंकर परिस्थिति का संकेत देता है।**

गोचर ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—6 मई से लगभग 21 जून, 2018 ई. तक अफ्रीकन देश, दोहा, कतर, लीबिया, मस्कट, साऊदी अरब, पाक के सियाचिन गिलगित एवं बलूचिस्तान आदि में कहीं भयंकर आन्तरिक क्रान्ति, कहीं उग्रवादजन्य विस्फोट आदि एवं कहीं युद्धाग्नि से अशान्ति बनेगी।

आगे 28 अक्तूबर, 2018 ई. से दिसम्बर 2018 ई. तक के लगभग शनि-गुरु की स्थिति एवं 22 मार्च से अगस्त, सन् 2019 ई. तक शनि-मंगल की ग्रहस्थिति मुस्लिम राष्ट्र-विशेष में भयंकर परिस्थिति का संकेत देती है। उग्रवाद भी कहीं (पाक आदि में) शासनतन्त्र पर हावी रहेगा एवं सेना का वर्चस्व शासन को अपने मुताबिक चलाने को विवश करेगा। किसी मुस्लिम देश में प्रमुख शासक को सत्ता से च्युत होकर अराजकता का सामना करना पड़े। कहीं हत्याकाण्ड से शान्ति भंग होने एवं भयंकर भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि होने का योग भी है।

मुस्लिम-देशों की कुण्डली नं. (2)

(हिज़्री सन् 1441 (1 मुहर्रम)

भाद्रपद शुक्ल द्वितीया रविवार, तदनुसार 1 सितम्बर को मुहर्रम (मुस्लिम हिज़्री

मुस्लिम देशों की कुण्डली (2)
हिज़री सन् 1441 (1 मुहर्रम)

12 | 10 | 1 | 11 | 9 के. श. | 2 | 8 गु. | 3 रा. | 5 सू.शु. बु.मं. | 7 | 4 | 6 चं.

1 सितम्बर, सन् 2019 ई., रविवार, 18 घं. 42 मि., (सूर्यास्तसमय) (I.S.T.)

सन् 1441) प्रारम्भ होगा। इस हिज़री सन् का बादशाह सूर्य है। ग्रहस्थिति के अनुसार ईरान, इराक, पाक के क्षेत्र बलूचिस्तान, पाक-अधिकृत कश्मीर आदि में भयंकर अशान्ति का वातावरण बनेगा।

कन्या राशि में स्थित चन्द्र पर शनि की विशेष दृष्टि है, अतः पाकिस्तान में गणतन्त्र का स्वप्न साकार न होकर उग्रवाद-जन्य एवं सैन्यजनित दमनतन्त्र ही रहेगा। पाक के कुछ क्षेत्र हवाई हमलों, निर्दोषों की हत्याओं और दमन के परिणामस्वरूप पाक से अलग होने का आह्वान भी करेंगे, जिसकी कीमत पाक को आगामी कुछ ही समयावधि में चुकानी पड़ेगी।

मुस्लिम देशों की कुण्डली (नं. 2) में कुम्भ राशि पर मंगल एवं शनि की दृष्टि है, अतः सीरिया पर जो जघन्य प्रहार हो रहे हैं, उसका परिणाम अघोषित विश्वव्यापी अशान्ति के रूप में देखा जायेगा। परिणामस्वरूप, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान एवं रूस, चीन आदि में परस्पर युद्धोन्माद पैदा होने को है। परिणाम मानव-जीवन के लिए चिन्तनीय होगा।

17 सितम्बर, 2019 ई. तक शनि के वक्रत्वकाल में मुस्लिम-राष्ट्रों में उलझनें बढ़ेंगी।

लगभग 24 सितम्बर, 2019 ई. के बाद शनि-मंगल का दशम-चतुर्थसम्बन्ध और मिथुनस्थ राहु-चन्द्र पर शनि की दृष्टि मुस्लिम राष्ट्रों के लिए भयावह है। आश्विन शुक्ल सप्तमी शनिवारी होने से सीरिया, इरान, पाक आदि में हत्याकाण्डों का संकेत मिलता है—

"सप्तम्यां शनियुक्तायां सिते पक्षे यदाश्विने।
मूले वा धनिष्ठायां जगतो नाशकारणम्॥"

10 नवं., सन् 2019 ई. तक शनि-मंगल का दृष्टिसम्बन्ध एवं 29 अक्तूबर, 2019 ई. से गुरु-शनि का एकत्र होना साऊदी अरब, अफ्रीकन देश, सीरिया, पाक-अधिकृत कुछ क्षेत्रों में भयंकर अशान्ति करेगा।

7 फरवरी, सन् 2020 ई. से आगे संवत् 2076 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति एवं आगे शनि-मंगल के एकत्र होने से मुस्लिम-राष्ट्रों में कहीं भयंकर राजनैतिक उथल-पुथल, उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड, सेना के अत्याचार आदि से अशान्ति रहे। कहीं प्रधान नेता के अपदस्थ होने या हत्या किंवा कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप से जनधन-हानि के योग हैं।

संवत् 2076 वि. की गोचर-ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत-सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का आकलन

सभी शुभाशुभ घटनाएं मनुष्य की पहुंच से बाहर समझी जाती हैं, लेकिन जो रहस्य साधारणतः इन्द्रियों की पहुंच से बाहर हैं अथवा भूत-भविष्य के गर्भ में निहित हैं, वे ज्योतिषशास्त्र द्वारा प्रत्यक्ष जान लिये जाते हैं। हमारे ऋषियों ने वेद-चक्षु इस ज्योतिषशास्त्र की रचना की है, जोकि भारत के लिए गौरव की बात है—

"ज्योतिषामयनं साक्षाद् यत्तद्ज्ञानमतीन्द्रियम्।
प्रणीतं भवता येन पुमान् वेद परावरम्॥"—(श्रीमद्भागवतपुराण)

इस प्रकार जगत्पिता की अदृश्य, अलौकिक शक्ति ग्रहों के आकर्षण-विकर्षण के आधार पर ब्रह्माण्ड को प्रभावित करती है, संचालित करती है। ग्रहगतिजन्य इस परिणाम को हम **"भवितव्यता"** किंवा **"ईश्वरेच्छा"** कहकर स्वीकार करते हैं।

स्वतन्त्र भारत का 72वां वर्ष

(14 अगस्त, सन् 2018 ई. से 14 अग., 2019 ई. तक)

स्वतन्त्र भारत के 72वें वर्ष की ग्रहस्थिति

5 | 3 | 6 चं. शु. | 4 सू. रा. बु. | 2 | 7 गु. | 1 | 8 | 10 मं. के. | 12 | 9 श. | 11

14/15 अग., 2018 ई., 4-50A.M. (I.S.T.)

स्वतन्त्र भारत के 72वें वर्ष की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत-शासन के समक्ष अनेकों समस्याएं पेश होंगी। वर्षलग्नेश चन्द्र अपने शत्रु शुक्र के साथ कन्या राशि में है। शुक्र नीच एवं केन्द्रेश-आयेश भी है, अतः कुछ अप्रत्याशित कारणों से देश की आर्थिक स्थिति में व्यवधान पैदा होगा। विशेषतः अक्तूबर, सन् 2018 ई. के बाद भारत अनुभव करेगा कि—भारतसहित उत्तरी कोरिया, चीन, पाक, ब्रिटेन,

यू.एस., जापान आदि व कुछ अन्य देश भी उग्रवादजन्य अपराधों के कारण बारूद के ढेर पर बैठे हैं। विश्वव्यापी पनप रहे I.S.I. आदि संगठनों के कारण एवं विस्तारवादी नीति, सैन्यशक्ति-प्रदर्शन, मारकक्षमता के शस्त्रों से त्रस्त कुछ देश एक **'अघोषित मिनि-विश्वयुद्ध'** की तरफ बढ़ेंगे, परिणाम विघातक होंगे। ऐसी गतिविधि में भारत की भूमिका प्रशंसनीय रहेगी। भारत की कूटनीति से मुस्लिम-देशों में बिखराव की स्थिति बनेगी और कुछ प्रमुख राष्ट्र मिलकर उग्रवाद पर नकेल डालने में समर्थ होंगे।

आगे 6 नवम्बर से लगभग दिसम्बर, 2018 ई. तक की समयावधि भारत-सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगी। इस समयावधि में शनि की मंगल पर दृष्टि राजनैतिक दृष्टि से प्रमुख राजनीतिज्ञों के लिए भयावह एवं उलझनपूर्ण रहेगी। सीमाप्रान्तों पर सुरक्षा व चीन, पाक की कुनीति एवं नापाक इरादों से भारत को कठिन परिस्थिति से सुलझना पड़ेगा।

7 मार्च, 2019 ई. के बाद राहु-शनि की स्थिति के कारण भारत के विपक्षी राजनैतिक गठबन्धन में पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के स्वर अलग-अलग नजर आयेंगे, जिससे विपक्ष की योजनाएं निष्फल हो जाने के योग हैं। सत्तारूढ़ दल पुनः प्रभाव पकड़ेगा।

ध्यान रहे—15 अगस्त से नवम्बर, सन् 2018 ई., 6 नवम्बर से 23 दिसम्बर, सन् 2018 ई. के मध्य, तत्पश्चात् 29 जनवरी, सन् 2019 ई. से संवत् 2075 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति देश की सुरक्षा एवं राजनैतिक दृष्टि, प्राकृतिक प्रकोप से भी चिन्तनीय स्थिति का संकेत देती है। इस समय देश में राजनैतिक एकता एवं सीमाप्रान्तों पर सैन्य-समृद्धि एवं उग्रवाद से होने वाली जनधन की सम्भावनाओं से सावधान रहना नितान्त आवश्यक है। क्योंकि, मार्ग. शुक्लपक्ष में द्वादशी तिथि का क्षय है एवं माघ कृष्ण छठ शनिवारी है—

"मार्गशीर्षादि मासेषु शुक्लपक्षे तिथिक्षयः।
छत्रभंगं प्रजापीड़ां दुर्भिक्षं च समाचरेत्॥"

किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होने का भय है एवं कहीं युद्धभय व्याप्त हो।

संवत् 2076 वि. का प्रारम्भ शनिवार से हो रहा है, इस समय शनि-मंगल का षडष्टकयोग चल रहा है एवं शनि-गुरु दोनों धनु राशि में चल रहे हैं। शनि-गुरु का राहु के साथ समसप्तकयोग भी बन रहा है। कहीं महावात, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप किंवा दुर्भिक्ष से भारी हानि सम्भव है।

आगे 1 मई, सन् 2019 ई. के लगभग शनि वक्री होगा एवं गुरु भी वक्रस्थिति में चल रहा होगा, लगभग 9 अगस्त तक दोनों वक्री रहेंगे और शनि तो आगे भी लगभग 17 सितम्बर तक वक्रगति से ही चलता रहेगा। इस संवत् में वैशाख में 5 शनिवार कहीं भूकम्प, विस्फोट एवं कहीं सीमाप्रान्तों पर भयंकर अशान्ति के कारण बनेंगे—

"शनैश्च पंचकं दृष्ट्वा पाताले कम्पते फणी।
ईशान-देश-भंगश्च वह्निदाहो महर्घता॥"

ध्यान दें, लगभग 4 मई से 21 जून, 2019 ई. तक शनि-मंगल का समसप्तक-योग एवं राहु की स्थिति सीमाप्रान्तों पर भारी विक्षोभ का कारण बन सकती है। इस समय भारत को सीमाप्रान्तों पर सैन्यबल को सुदृढ़ एवं सचेष्ट रखना होगा। पाक, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान आदि सीमाओं पर एवं चीन के मिजोरम आदि सीमाओं पर शत्रुदेश अशान्ति का कारण बन सकते हैं। यह योग कुछ प्रान्तों में भयंकर अकाल की स्थिति का संकेत भी देता है।

15 जून से लगभग 8 अगस्त, सन् 2019 ई. तक शनि-मंगल एवं सूर्य-शुक्र की स्थिति देश में साम्प्रदायिक उपद्रव एवं लोकसभा में अवरोध, विद्यार्थियों व दुष्टजनों में देशविरोधी भावना शासकों को परेशान करेगी। जून से अगस्त, सन् 2019 ई. तक की समयावधि में सीमाप्रान्तों पर अशान्ति, प्राकृतिक प्रकोप एवं कहीं हत्याकाण्ड आदि से प्रतिष्ठित व्यक्ति का पदरिक्त होने की आशंका भी बनती है।

स्वतन्त्र भारत का 73वां वर्ष

(15 अगस्त, सन् 2019 ई. से सं. 2076 वि. के अन्त तक)

स्वतन्त्र भारत के 73वें वर्ष की ग्रहस्थिति के आधार पर शनि-राहु का समसप्तक एवं सूर्य-शुक्र का शनि के साथ षडष्टकयोग देश के प्रतिष्ठित गण्यमान्य नेतृत्व के लिए परेशान करने वाला है।

30 अगस्त, 2019 ई. के लगभग वक्री शनि पू.षा. नक्षत्र में प्रवेश करके राहु से प्रभावित होने से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति-विशेष का पद रिक्त करे—ऐसा योग है।

10 सितम्बर, 2019 ई. को शुक्र-बुध पर शनि की विशेष दृष्टि होने से पड़ोसी

देश-विशेष में शासनसत्ता में विशेष रद्दोबदल हों एवं वहां आन्तरिक अशान्ति से अघोषित सिविलवार जैसी स्थिति बन सकती है, जिससे भारत भी अशान्त रहे।

इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा शनिवारी होने से कहीं प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से सत्ता में परिवर्तन के योग भी हैं—

"अथवा दैवयोगेन शनिवारो भवेद्यदि।
छत्रभंगं प्रजापीड़ां दुर्भिक्षं च समादिशेत्॥"

इन दिनों लगभग 11 सितम्बर को राहु के आर्द्रा चतुर्थ चरण में आने पर कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप (अवर्षण या अतिवर्षण आदि) से भारी हानि भी सम्भव है—

"प्लावत्यन्ति महीं सर्वां रुधिरेण जलेन वा।"

17 सितम्बर, सन् 2019 ई. को सूर्य कन्या में आकर मंगल, सूर्य, शनि की विशेष दृष्टि में आ रहा है। आश्विन तृतीया को मंगलवार एवं सप्तमी को शनिवार होने से कहीं भयंकर अग्निकाण्ड से हानि हो एवं महंगाई उत्तरोत्तर बढ़े, पाक आदि के कुछ क्षेत्रों पर ब्लूचिस्तान, गिलगित आदि में राजनैतिक हत्याकाण्ड हो—

"आश्विने हि तृतीयायां भौमवारो यदा भवेत्।
तदा त्वग्निभयं भूम्यामन्नादीनां महर्घता॥"

किञ्च—

"सप्तम्यां शनियुक्तायां सिते पक्षे यदाश्विने।
मूले वा धनिष्ठायां जगतो नाश-कारणम्॥"

गोचर ग्रहस्थिति-वश अगस्त/सितम्बर में भारी रोगविशेष से जनता में परेशानी भी बनेगी।

29 अक्तूबर, सन् 2019 ई. को गुरु मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आकर शनि के साथ एक-राशिसम्बन्ध बनायेगा एवं शनि-मंगल का दशम-चतुर्थसम्बन्ध 10 नवम्बर, 2019 ई. तक चलेगा। परिणामस्वरूप, अनेकत्र खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी एवं कहीं धार्मिक उन्माद, साम्प्रदायिक दंगे, सीमाप्रान्तों एवं अन्य सरहदी इलाकों में भी उग्रवाद-जन्य हत्याकाण्डों से हानि भी होने के योग हैं—

"यदा जीवयुतो मन्दो जीवाद् वा सप्तमे स्थितः।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूपश्चान्न-परिक्षयः॥"

21 नवम्बर, सन् 2019 ई. को शुक्र धनु राशि में आकर गुरु-शनि-केतु के साथ मेल करेगा। यह योग भी देश एवं प्रमुख शासकों के लिए कष्टप्रद रहेगा—

"गुरु-शुक्रौ यदैकस्थौ नरयुद्धं तदा भवेत्।"

26 दिसम्बर, 2019 ई. के लगभग षड्ग्रही-योग विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिए भयावह परिस्थितियों को लेकर आ रहा है—

"षड्ग्रहा घ्नन्ति समस्त-भूपान्।"

26 दिसम्बर से एक मास के अन्दर विश्व में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त एवं कहीं राजनैतिक उथल-पुथल होने का योग है।

24 जनवरी, सन् 2020 ई. को शनि मकर राशि में आकर सूर्य के साथ 12 फरवरी तक एक-राशिसम्बन्ध बनायेगा। मकरस्थ शनि का फल इस प्रकार लिखा है—

"पृथ्वीशाः क्रोधपूर्णाः भवति पथिभयं सर्व-रोगाद् विनाशः।
चिन्तास्थानं नृपाणां भवति सति बले सूर्यपुत्रे मृगस्थे॥"

राजनीतिज्ञ परस्पर वैमनस्य से उलझें, रास्ते में स्नैचिंग, चोरी आदि की घटनाएं अधिक हों, अनेकविध रोगों से हानि हो। शासक प्राकृतिक आपदाओं किंवा अन्य प्रकार की समस्याओं से परेशान रहें।

जनवरी के अन्तिम सप्ताह से 15 फरवरी, सन् 2020 ई. तक कहीं वायु का प्रकोप, अग्निकाण्ड एवं शनि के उदय होने पर "नृप-युद्ध-बुद्धिः"- प्रमाणानुसार कहीं युद्ध आदि से भारी हानि के योग बनते हैं।

मकर राशि भारत की प्रभाव राशि है। इस राशि में शनि की **13 फरवरी तक स्थिति एवं लगभग 22 मार्च, सन् 2020 ई. से मई, 2020 ई. के प्रथम सप्ताह तक शनि- मंगल का एक राशि-सम्बन्धविश्वव्यापी अशान्ति का कारण बनेगा— "युद्धदौ शनि-माहेयौ तथा दुर्भिक्षकारकौ।"** इस समयावधि में कहीं व्यापक युद्ध की आहट सुनाई देने लगेगी और अनेकत्र प्राकृतिक प्रकोप, उग्रवादजन्य अशान्ति, भूकम्प किंवा दुर्भिक्ष आदि से जनता स्थानान्तरण करने को विवश होगी।

संवत् 2076 वि. की गोचर ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

पाठको! ग्रहगतिजन्य प्रभाव से प्रताड़ित समस्त ब्रह्माण्ड, देश-समाज एवं व्यक्ति की स्थिति ठीक उस तिनके की भांति ही अनुभव की गयी है, जो वायुवेग से प्रताड़ित होकर अपने अस्तित्व को खोकर इधर-उधर भागता फिरता है। 'नैषधचरित' में स्पष्ट लिखा है—

"अवश्य भव्येष्वनवग्रह ग्रहा यया दिशा धावति वेधसः स्पृहा।

तृणेन वात्येव तयानुगम्यते लोकस्य चित्तेन भृशाऽवशात्मना॥"
—(नैषधचरित)

यह बात भी नितान्त सत्य है कि—ग्रहों की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तरण होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है कि—आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है—इस तथ्य को वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

ग्रहगतिजन्य संकेतों का अध्ययन करके हम मनीषी-महर्षियों के द्वारा निर्दिष्ट सिद्धान्तों के अनुसार भारत की राजनीति एवं अन्य पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्धों पर अपने विचार लिखने की चेष्टा कर रहे हैं। विद्वज्जनों के आशीर्वाद की याचना है, क्योंकि ग्रहगतिजन्य संकेतों को ठीक-ठीक पकड़ने में अनेकदा चूक भी हो सकती है, तो विद्वज्जन स्वयं संकेत को सुधारकर हमें आशीर्वाद दें—प्रार्थना है।

संवत् 2076 वि. की प्रवेशकालीन कुण्डली

5 अप्रैल, सन् 2019 ई., 14 घं.20 मि. (I.S.T.)

संवत् 2075 वि. में चैत्र कृष्ण अमावस शुक्रवार, तदनुसार 5 अप्रैल, सन् 2019 ई. को रेवती नक्षत्र, ऐन्द्र योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय 14 घं. 20 मि. (I.S.T.) पर कर्क लग्न में सं. 2076 वि. का उदय होगा। कर्क लग्न में नये संवत् 2076 वि. का शुभारम्भ होने से पूर्वी प्रान्तों की स्थिति ठीक रहे, सुख-समृद्धि रहे। उत्तर दिशा में भयंकर प्राकृतिक (भूकम्प, ज्वालामुखी-विस्फोट, तूफान आदि) आपदा किंवा उग्रवादजन्य परेशानी से वातावरण अशान्त रहे। सीमाप्रान्तों पर विस्फोट आदि एवं साम्प्रदायिक उपद्रवों से जनधनहानि भी सम्भव है। मकर-राशीश शनि वर्षप्रवेश कुण्डली में अपनी राशि से बारहवें गुरु एवं केतु के साथ राहु का समसप्तक एवं मंगल के साथ शनि-गुरु का षडष्टकयोग बना रहा है। यह ग्रहस्थिति भारतीय शासनसत्ता में आश्चर्यजनक सत्तासंघर्ष का वातावरण बनायेगी।

2019 में सत्ताप्राप्ति हेतु मुस्लिम एवं दलित-विरोधी प्रचार, भाजपा के लिए नयी चुनौती सिद्ध होगा। महाराष्ट्र में शिवसेना से सिद्धान्त-वैमत्य, कश्मीर की साम्प्रदायिक राजनीति, 26 सहयोगी दलों का गठबन्धन, जोकि आज आधा दर्जन से भी कम रह गया है, इस प्रकार महत्त्वपूर्ण सहयोगी दलों का अलग होना भाजपा के लिए पुरातन गरिमा (शासनसत्ता) को बरकरार रखना भारी पड़ेगा।

आपस में सिद्धान्त-विपरीत विचारधारा वाला गठबन्धन भाजपा को हानि तो पहुंचायेगा, लेकिन धराशायी न कर सकेगा, अन्ततः भाजपा सरकार बना सकेगी, कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन जरूर मिलेगा।

वर्षप्रवेश-कुण्डली-स्थित ग्रहस्थिति से स्पष्ट ज्ञात होता है कि—रूस, चीन, पाक की तिकड़ी केवल अमेरिका एवं पश्चिमी देशों को ही प्रभावित नहीं करेगी, इस घटना से भारत का राजनयिक समर्थन-आधार भी घटेगा, अतः देश के शासकों को सावधान रहना होगा।

वर्षप्रवेश-कुण्डली में संवत्सरेश शनि का मंगल के साथ षडष्टक देश की सत्तारूढ़ पार्टी के लिए आश्चर्यजनक उथल-पुथल वाला रहेगा। लग्नेश चन्द्र, सूर्य के साथ गुरु के क्षेत्र में होने से देश की राजनैतिक एवं सामाजिक स्थिति को सामान्य बनाने में शासनतन्त्र नये आयाम स्थापित करेगा, परिणाम भाजपा के लिए सुखद रहेंगे। वर्ष की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार ज्ञात होता है कि—भारत की प्रभावराशि मकर का स्वामी शनि मकर राशि से द्वादश भाव गुरुक्षेत्र में गुरु के साथ ही है। अतः विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, लेकिन राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन सम्भव है।

क्योंकि शनि के दृष्टिविचार से संवत् 2076 के प्रारम्भ में शनि की दृष्टि पश्चिम दिशा की तरफ रहेगी। अतः मकर एवं धनु राशि वाले देशों एवं प्रान्तों में हिंसक घटनाएं अधिक होंगी। 24 जनवरी, सन् 2020 ई. को शनि मकर राशि में आकर सं. 2076 वि. के अन्त व आगे तक मकर राशि में ही रहेगा, इन दिनों शनि की नजर उत्तर दिशा की तरफ रहेगी। स्पष्ट है कि—इस वर्ष पश्चिमी एवं उत्तरी गोलार्ध के देशों में भूकम्प, समुद्री तूफान, विस्फोट, हिंसा, साम्प्रदायिक उपद्रव होंगे एवं कुछ देश आन्तरिक उपद्रवों से भी अशान्त रहेंगे।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार दिसं., 2019 ई. के बाद गुरु, शनि का योग एवं शनि-मंगल की स्थिति विश्व में व्यापक हिंसा एवं युद्धात्मक वातावरण से भारी संकट का संकेत देती है। वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ नाम राशि वाले राजनीतिज्ञों के लिए समय अनुकूल नहीं। पश्चिमी, उत्तरी एवं दक्षिणी भूभाग में कहीं प्राकृतिक आपदा, तूफान, भूकम्प आदि से इस वर्ष के अन्तिम मासों में हानि हो। कश्मीर, राजस्थान, उत्तरांचल, मिजोरम की ओर सीमाप्रान्तों पर उग्रवादजन्य कृत्यों से भारी अशान्ति के योग

हैं। मुस्लिम राष्ट्रविशेष की नीति किसी शक्तिसम्पन्न राष्ट्र की शह पर विद्रोह-प्रदर्शन करके वातावरण को अशान्त बना सकती है। सीमाप्रान्तों पर विशेष सैन्यबल को सतर्क रखना अनिवार्य है।

भारतीय गणतन्त्र का 70वां वर्ष

भारतीय गणतन्त्र की ग्रहस्थिति
26/27 जन. 2019 ई., 2 घं.52 मि. (I.S.T.)

सू. 9मुं.श. | 7 चं. | 10बु. के. | 8 गु. शु. | 6 | 11 | 5 | 12 मं. | 2 | 4 रा. | 1 | 3

भारतीय गणतन्त्र के 70वें वर्ष का उदय चित्रा नक्षत्र, धृति योग एवं तुला राशिस्थ चन्द्र के समय हुआ है।

मुन्थेश गुरु अपनी राशि से बारहवें (मंगल के क्षेत्र में) शुक्र से राशिसम्बन्ध बना रहा है। लग्नेश मंगल, गुरु के क्षेत्र में है। अत: मुन्थेश का लग्नेश के साथ राशिव्यत्यय देश को अप्रत्याशित राजनैतिक, साम्प्रदायिक किंवा प्राकृतिक आपदाओं का सामना तो करना पड़ेगा, लेकिन देश आर्थिक दृष्टि से प्रगतिपथ पर रहेगा एवं साम्प्रदायिक विपरीत परिस्थितियों को सुलझाने में भी सफल रहेगा।

चतुर्थेश शनि की चतुर्थ भाव पर विशेष दृष्टि है। अत: सुरक्षाप्रबन्धों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। शत्रु देशों को सीमाप्रान्तों पर मुंह की खानी पड़ेगी।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की गणना आर्थिक, वैज्ञानिक एवं सुरक्षा सुदृढ़ता की दृष्टि से विश्व के प्रमुख देशों में होने लगेगी।

गणतन्त्र (70वें वर्ष की) कुण्डली में शनि (जोकि इस संवत् का राजा एवं सेनापति भी है) द्वितीय भाव में है तथा नवमेश चन्द्र व्ययस्थान में नीचाकांक्षी भी है, अत: इस वर्ष सीमाप्रान्तों पर सुरक्षा की दृष्टि से आसाम, कश्मीर, राजस्थान आदि पर सैन्यबल को सुसन्नद्ध रखना होगा।

दशमेश सूर्य शत्रुक्षेत्र में होने से कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका में अनेकत्र विरोध नजर आयेगा। परिणामस्वरूप, महामहिम राष्ट्रपति जी या विधि-विशेषज्ञों को हस्तक्षेप करना पड़ेगा।

सम्पूर्ण गोचर ग्रहस्थिति पर विहंगम दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि—अन्तरिक्ष-विज्ञान में भारत का यश सुदूरगामी होगा। यू.एस., रूस, जापान, इजराइल तथा अन्य देश भी भारत के साथ मैत्री-सम्बन्ध बनायेंगे। **लेकिन किसी देशविशेष के साथ सीमासमस्या का हल बलपूर्वक ही करने को विवश होना पड़ेगा—ऐसा ग्रहगोचर से संकेत मिलता है।**

भारत के प्रमुख राजनैतिक दल

भारतीय जनता पार्टी—संवत् 2076 वि. में लगभग 11 अप्रैल, सन् 2018 ई. को वक्री गुरु शनि, मंगल, राहु के साथ स्थित है। 1 मई के लगभग शनि भी वक्री हो जाता है, इस प्रकार भाजपा की प्रभाव राशि धनु का स्वामी गुरु पूर्णतया खलाक्रान्त है।

लगभग फरवरी, 2019 ई. से 10 अगस्त तक की ग्रहस्थिति भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनैतिक दृष्टिकोण से उलझनपूर्ण है। सन् 2019 ई. के लोकसभा-चुनावों में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पार्टियों का गठबन्धन आगामी राजनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। लेकिन देश के राजनीतिक स्थायीत्व के लिए पार्टियों का गठबन्धन किंवा ध्रुवीकरण शुभ नहीं रहेगा। क्योंकि दलों के राज्यस्तरीय मतभेदों से सांझे तौर पर इन्हें एक सांझे नेतृत्व को स्वीकार करना कठिन समस्या होगी।

6 मई से 22 जून के लगभग तक शनि-मंगल का समसप्तक, आगे 7 अगस्त तक शनि-मंगल का षडष्टक, 24 सितं. से लगभग 10 नवं. तक व आगे 12 फर. तक शनि- सूर्य का मकर राशि में मेल और अन्तत: 22 मार्च, 2020 ई. से शनि-मंगल के एकत्र होने से यह संवत् भाजपा के प्रमुख (प्रथित) लीडरों के लिए राजनैतिक दृष्टि से सत्ताच्युत होने के भय से बहुत ही कठिन परिस्थितियों वाला है। इन उल्लिखित समयावधियों में नेताओं की सुरक्षाव्यवस्था को भी सुदृढ़ रखना नितान्त आवश्यक है।

कांग्रेस पार्टी—गोचर ग्रहस्थिति एवं कांग्रेस-कुण्डलीगत ग्रहस्थिति की समीक्षा करने पर स्पष्ट ज्ञात होता कि—सन् 2019 से कांग्रेस पार्टी में सुधार की लहर शुरु हो जायेगी। श्री राहुल गांधी जी ने कांग्रेस पार्टी की कमाण्ड 16 दिसम्बर, सन् 2017 ई. को दिन में 11 बजकर 7 मिनट पर संभाली है। इस समय की ग्रहस्थिति के अनुसार जनता की सहानुभूति श्री गांधी महाभाग जी को प्राप्त होगी, लेकिन एक पार्टी के रूप में बहुमत

प्राप्त करना इस पार्टी के लिए अभी सम्भव न होगा। कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए अभी समय लगेगा। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सन् 2022 से सन् 2030 ई. तक अनेक प्रान्तों में कांग्रेस सत्ता प्राप्त करने में सफल हो सकेगी।

कांग्रेस-स्थापनाकालीन ग्रहस्थिति

10 मं.
8 सू. बु. नं.
7 गु. शु.
11 रा.
9
12
6 प्लू. यूरे.
1 श. चं.
3
5 के.
2
4

कांग्रेस-अध्यक्ष पद प्राप्तिकालीन ग्रहस्थिति के अनुसार इन्हें शुक्र-मंगल (भाग्येश-कर्मेश) का राशिव्यत्यय आगे उच्च-पदाप्ति का संकेत देता तो है, लेकिन शनि जब गोचर में कुम्भ राशि में आयेगा, तब इस पार्टी का राजयोग प्रतिफलित होने का समय प्रारम्भ होगा।

आम आदमी पार्टी (आप)—इस संवत् में भिन्न-भिन्न समय में शनि-मंगल का षडष्टक, दशम-चतुर्थसम्बन्ध, समसप्तक एवं फरवरी से मार्च, 2018 ई. के लगभग तक शनि-मंगल की स्थिति इस पार्टी के लिए आन्तरिक उलझनों वाली है। इस समयावधि में श्री केजरीवाल जी को पार्टी को एकजुट रखना असम्भव होगा। परिणामस्वरूप, दिल्ली एवं अन्यत्र सत्ताप्राप्ति हेतु रथवेग धीमा पड़ जायेगा। परिणाम निराशाजनक रहेंगे।

गतवर्ष के पंचांग (सं. 2075 वि.) में पृ. 55, कॉलम 2 पर स्पष्ट रूप से लिखा था—

"आम आदमी पार्टी—पार्टी की स्थापनागत ग्रहस्थिति के अनुसार नवमेश-दशमेश शनि द्वादश भाव में नीच है, जोकि मार्च, 2018 ई. से मई, 2018 ई. के लगभग शनि-मंगल के एकत्र होने की स्थिति में इस पार्टी के प्रभुत्व को क्षीण करेगा। लगभग 2½ वर्ष आगे तक 'आप' पार्टी की राजनैतिक चाल कोई विशेष महत्त्वपूर्ण प्रभावी नहीं।"

इन पंक्तियों का अक्षरशः सिद्ध होना ग्रहस्थिति के प्रभाव की प्रामाणिकता स्थापित करता है।

भारतीय राजनीति के क्षितिज पर सम्भावित "राजनैतिक महागठबन्धन"

बहुजन समाजपार्टी, समाजवादी पार्टी एवं बिहार के कुछ राजनैतिक दल तथा कांग्रेस—ये सब मिलकर सत्तापक्ष को घेरने के लिए 'महागठबन्धन' को प्राथमिकता देने की चर्चा में हैं। यद्यपि यह गठबन्धन सत्तापक्ष के लिए भारी मालूम देगा, लेकिन राजनैतिक मुद्दा इस महागठबन्धन के पास प्रबल न होने से तथा पार्टियों की सत्ता-लोलुपता, नेतृत्व में वरीयता आदि मुद्दे खींचतान-भरे रहेंगे। आगे शनि-राहु एवं मंगल-शुक्र की स्थिति आगामी काल में शीघ्र ही मतभेद पैदा करके सत्तापक्ष को लाभ पहुंचा सकती है। क्योंकि अभी भारत में एक संघीय पार्टी का शासन सम्भव नहीं। क्योंकि मोदी-विरोधी मुहीम में ठोस मुद्दे व कारगर रणनीति शनि-मंगल नहीं बनने देंगे। जोकि इनकी एकजुटता को प्रभावित करेगी।

कुछ प्रतिष्ठित राजतनीतिज्ञ

श्रीनरेन्द्रमोदी महाभाग—श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्म 17 सितम्बर, सन् 1950 ई. को गुजरात स्थित Vad Nagar (महेसाना) में 11 घं. 00 मि. A.M. पर हुआ। इनकी जन्मकालिक ग्रहस्थिति इस प्रकार है—

सं. 2075 वि. के पंचांग में पृ. 56, कॉलम 1 पर अंकित इन पंक्तियों पर ध्यान दें—

" चिन्तनीय ग्रहस्थिति तो चन्द्र में शनि एवं शनि में सूर्य एवं चन्द्र में शनि एवं शनि में मंगल का प्रत्यन्तर तो 18/4/2017 ई. तक रहेगा। इन सभी अन्तर-प्रत्यन्तर के विचार से श्री मोदी जी की स्थिति विशेषरूप से कठिन परिस्थितियों/उलझनों से लदी मालूम देती है।"

उल्लिखित पंक्तियों की सत्यता अक्षरशः प्रमाणित हो चुकी है।

6 नवम्बर, सन् 2018 ई. के लगभग से शनि-राहु का षडष्टकयोग चल रहा है। 6 अक्तूबर से धनुः राशिस्थ शनि की मंगल पर विशेष दृष्टि रहेगी। 16 दिसम्बर से शनि-सूर्य की स्थिति लगभग 23 दिसम्बर, सन् 2018 ई. तक श्री मोदी जी के विजयरथ को बाधित करने वाली है।

21 जनवरी, सन् 2019 ई. से श्री मोदी जी के धनस्थान में शनि-शुक्र का योग श्री मोदी को उत्साहवर्धक रहेगा, जोकि 29 मार्च, सन् 2019 ई. तक या आगे शीघ्र ही यश एवं राजनैतिक क्षेत्र में पुनः सफलता देगा। लेकिन इनकी पार्टी पुरातन गरिमामय इतिहास को न दोहरा सकेगी। यह स्थिति सन् 2021 तक प्रभावी रहेगी। चन्द्र की महादशा में यह ग्रहस्थिति सत्ताप्राप्ति एवं पदप्राप्ति लाभ तो प्रदान करती ही है।

श्री राहुल गांधी—कांग्रेसाध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी के अध्यक्ष पदाप्ति-कालीन ग्रहस्थिति के अनुसार नवमेश-दशमेश का व्यत्यय इन्हें कुम्भस्थ शनि की स्थिति में भाग्योदय करेगा। जनवरी, सन् 2020 ई. के बाद, विशेषतः 13 फरवरी, 2020 ई. के बाद सन् 2030 ई. तक की ग्रहस्थिति श्री गांधी जी को उच्च पदाप्ति प्रदान कराने वाली है। लेकिन सन् 2019 ई. में इनके वर्तमान पद की गरिमा पर प्रश्नचिह्न भी लगेंगे। क्योंकि कुम्भस्थ शनि का जन्मकालिक कुम्भस्थ राहु के साथ मेल भी होगा। आगामी गोचर ग्रहस्थिति से जो संकेत मिला है, लिख दिया है। सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

कांग्रेस पार्टी-प्रधान शपथग्रहण-कुण्डली
16 दिसम्बर, 2017 ई.
11 घं. 7 मि. AM, शनिवार

12, 10 के., 1, 11, 9 सू. श., 2, 8 बु.शु. चं., 3, 5, 7 गु. मं., 4 रा., 6

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मीन एवं नामराशि कन्या है। इस वर्ष गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार संवत् के आरम्भ में ही शनि-मंगल का षडष्टक इस प्रान्त की राजनीति में कुछ सत्तारूढ़ पार्टी के विरुद्ध अन्दरूनी तौर पर विरोध करेगा। प्रान्त में कहीं साम्प्रदायिक उपद्रव भी पैदा हों। लेकिन सशक्त नेतृत्व विरोधी तत्त्वों को हतप्रभ करेगा। वर्षप्रवेश के समय लग्नेश चन्द्र सूर्य के साथ गुरु के क्षेत्र में होने से नयी योजनाओं को कार्यान्वित करायेगा। प्रान्त में नयी योजनाओं से पार्टी को बल मिलेगा। लेकिन कनाडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया आदि में पनप रहे राष्ट्रविरोधी विदेशी तत्त्वों से इस प्रान्त को सावधान रहना नितान्त आवश्यक है।

हरियाणा—इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवं नामराशि मिथुन है। नववर्ष प्रवेशकुण्डली में मिथुनस्थ राहु पर गुरु-शनि-केतु की दृष्टि है, जोकि इस प्रान्त में आरक्षण-सम्बन्धित मुद्दे विरोधी पक्ष की नीति से पुनः उजागर होंगे। प्रधान नेतृत्व के नाम राशीश (सिंह राशि के स्वामी सूर्य) पर गुरु की विशेष दृष्टि होने से यहां का प्रधान नेतृत्व इन अशान्तिप्रद आन्दोलनों को दबा देने में सफल सिद्ध रहेगा। नववर्षप्रवेश के समय शनि-राहु का समसप्तक एवं शनि-मंगल का षडष्टक यहां के प्रधान नेता के समक्ष विषम समस्याओं को उपस्थित करेगा। लगभग 11 अप्रैल, 2019 ई. से 10 अगस्त तक अपनी राशि में गुरु वक्रगति से चलेगा, जोकि प्रधान नेतृत्व पद पर भी प्रश्नचिह्न लगा सकता है। लेकिन गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार प्रधान नेता जनलुभावनी नीतियों से जनता का स्नेह-सौहार्द प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

सं. 2076 वि. के अन्तिम चरण में शनि-मंगल का एकराशिस्थ (मार्च 2020 के लगभग के समय से आगे लगभग 3 मई, 2020 ई. तक) होना इस प्रान्त की शान्ति, सौहार्द एवं प्रधान नेता के लिए कठिन परिस्थितियों वाला रहेगा।

हिमाचल प्रदेश—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मीन एवं नामराशि कर्क है। कर्क लग्न में ही संवत् 2076 वि. का उदय होगा। इस समय राहु-शनि का समसप्तक एवं शनि-मंगल का षडष्टकयोग चल रहा है। देश की केन्द्रीय शासनसत्ता इस प्रान्त को विशेष सुविधा प्रदान करेगी। यहां प्रान्त में प्रगतिप्रद योजनाएं बनेंगी, क्योंकि नये साल का प्रारम्भ शनिवार से होगा। शनि-मंगल की स्थिति (लगभग मार्च 2020 से लगभग मई 2020 के प्रथम सप्ताह तक) में प्रान्त के सीमान्त-क्षेत्रों में प्राकृतिक प्रकोप एवं कुछ अराजक तत्त्व हानि का कारण बन सकते हैं, यह समय यहां प्रधान नेता के लिए सावधानी का है। क्योंकि इस समय शनि की दृष्टि उत्तर दिशा की तरफ रहेगी।

जम्मू-कश्मीर—इस प्रान्त की नामराशि मकर एवं प्रभावराशि तुला है। इस वर्ष नाम-राशि के स्वामी शनि की स्थिति इस प्रान्त के लिए भयावह परिस्थिति का ही संकेत देती है। गतवर्ष के मार्त्तण्ड पंचांग (सं. 2075 वि.) में भी पृ. 58, कॉलम 1 पर भविष्यवाणी निम्नप्रकार की थी, पढ़ें—

" संवत् 2075 वि. की गोचर ग्रहस्थिति कश्मीर की राशि तुला पर मंगलयुत 'शनि की दृष्टि' होने मे कश्मीर-समस्या का हल सहज सम्भव नहीं। इस जलते सीमाप्रान्त पर पाक की कुदृष्टि इस संवत् में भयावह स्थिति को जन्म दे सकती है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि—तिब्बत, कश्मीर एवं अन्य सीमान्त प्रदेश भारत के साथ पाक-चीन जिस स्थिति को जन्म दे रहे हैं, वह भारत एवं विश्वजनीन शान्ति के लिए भयावह सिद्ध होगी।"

इस साल लगभग 11 अप्रैल से 10 अगस्त, 2019 ई. तक गुरु धनु राशि में वक्री चलेगा एवं 6 मई से लगभग 22 जून, 2019 ई. तक वक्र शनि का मंगल-राहु के साथ समसप्तक है। पाक-द्वारा कृत बहुत ही अशान्त स्थिति का सामना करना पड़ेगा। अनुभव होने लगेगा कि—बिना सैन्यसंघर्ष के इस समस्या का हल सम्भव नहीं है। आगे 24 सितं., 2019 ई. से संवत् 2076 वि. के अन्त तक की ग्रहस्थिति यहां उग्रवादियों द्वारा और भी भयंकर अघोषित युद्ध जैसा वातावरण बना सकती है—भगवान् ही रक्षा करें।

दिल्ली—इस प्रान्त की प्रभावराशि मकर एवं नामराशि मीन है। गुरु 29 मार्च,

2019 ई. को अपनी राशि धनु में आकर शनि के साथ मेल करेगा। इस समय मंगल वृषस्थ होकर शनि के साथ षडष्टकयोग बनाता है। संकेत मिलता है कि--केन्द्रीय नेतृत्व को देश की प्रगति एवं सुशासन प्रदान करने के लिए भारी संघर्ष करना पड़े एवं एकताबद्ध राजनीति से विरोधी राजनीतिज्ञों के प्रयासों को हतप्रभ करना होगा। भारत के सीमाप्रान्तों की सुरक्षा हेतु एवं उग्रवादजन्य कुनीति से जनजीवन की रक्षा व देशहितार्थ सैन्यबल को सुसन्नद्ध रखना होगा।

जनवरी से अप्रैल, सन् 2019 तक की ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि--भारत की राजनीति पर पुनः सुयोग्य राजनीतिज्ञों का वरद हाथ रहेगा। जनता राजनीतिक वंशवाद से विमुख होती नजर आयेगी और भारत को चहुंमुखी प्रगति की ओर ले जाने वाला नेतृत्व उभरकर देशहित में काम करेगा।

उत्तर प्रदेश—इस प्रान्त की नाम राशि वृष एवं प्रभाव राशि धनु है। शनि-मंगल एवं गुरु-शुक्र की स्थिति इस वर्ष यहां भयंकर साम्प्रदायिक झगड़ों को जन्म देगी। आगामी निर्वाचनों में यहां भाजपा के विजयरथ को भारी क्षति पहुंचेगी। प्रधान शासक को यहां की आन्तरिक समस्याओं को सुलझाने में भारी संकट का सामना करना पड़ेगा। धार्मिक एवं साम्प्रदायिक मुद्दे शासनतन्त्र को भारी उलझनों में फंसा देंगे, जिससे प्रधान नेतृत्व एवं भाजपा का प्रभावक्षेत्र क्षीण होगा।

इस वर्ष यहां के प्रधान शासकों को उग्रवादियों की गतिविधि एवं साम्प्रदायिक उलझनों को हल करने के लिए रक्षात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करना पड़ेगा। प्रधान नेता की योजनाओं को कार्यान्वित एवं शासकीय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कठोर पग उठाने होंगे।

पाठको! प्रभुकृपा से भूत-भविष्य में जो कुछ (ग्रहगोचरवश) अनुभव किया, आपके सामने रख दिया है। जो घटित हो चुका, वह आपने देख लिया। जो भविष्य है, उस पर आप भूतानुसन्धान के आधार पर विश्वास करें—

"समस्तमेतद् गतमागतं तथा भविष्यमप्यक्षरशो यथोत्तरम्।
निबोधितं शास्त्र-परम्परावशाद् भवादृशां भारतवासिनां पुरः॥"

लेख पूर्ण होने की तिथि—
24 मई, सन् 2018 ई.,
गुरुवार (श्रीगंगादशहरा),

शुभचिन्तक-
इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,
श्रीमार्त्तण्ड भवन, मु. पो. कुराली,
(एस.ए.एस.नगर (मोहाली), (पंजाब)।

आज का दिन कैसे बीतेगा

प्रातः उठकर पंचांग से ज्ञात करो कि उस समय कौन-सा नक्षत्र है। फिर नीचे दिए गये चक्र के समान एक चक्र बनाओ। इस चक्र में जहाँ १ लिखा है, वहां उस दिन के प्रातःकालीन नक्षत्र को लिखकर उससे आगे के नक्षत्रों को २-३-४ आदि अंकों के स्थान पर लिखते हुए अभिजित् सहित २८ नक्षत्रों को चक्र में लिख डालो। अब देखो कि आपके नाम का नक्षत्र कहां पड़ा है। यदि वह चक्र के भीतर है तो वह दिन सुख-शान्ति से व्यतीत होगा, उस दिन कोई शुभ समाचार मिलेगा। यदि नाम-नक्षत्र चक्र के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग प्रसन्नता से बीते ओर शेष भाग में चिन्ता, दुःख-शोक से चित्त खिन्न हो। यदि नाम नक्षत्र पर पड़े तो वह पूरा दिन विवाद, हानि, दुर्घटना आदि से चित्त की अशान्ति का कारण बने।

-:चक्र:-

संवत् 2076 वि. में भारत की जलवायु एवं वर्षा-विचार

आगामी वर्षों की ग्रहस्थिति अनेक प्रान्तों में जलवायु एवं प्राकृतिक प्रकोप-विचार से भारी कठिन परिस्थिति को लेकर आ रही है;— पढ़ें इस लेख में

— संयमी शर्मा,

जलवायु एवं वर्षा-विचार के मूलभूत सिद्धान्तों, मानवीय भूलों, प्रबन्धन की अदूरदर्शिता, प्राकृतिक स्रोतों का दोहन एवं प्राकृतिक रहस्यों की उपेक्षा विश्व के लिए जल्दी ही भयावह सिद्ध होगी—इसे जनता, नेतागण एवं देश की प्रबन्धन-समितियों को गम्भीरता से अतिशीघ्र लेना होगा, अन्यथा **"यद्भावी न तद्भावी भावी चेन्न तदन्यथा"**—(जो होना है, वह होना ही है)—यह सोचकर कब तक प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर पाएंगे—यह तो भगवान् ही जानें। लेकिन ग्रहचाल के अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के भयंकर दुष्परिणाम शीघ्र ही स्थावर-जंगम जगत् को विनाश के कगार पर ले जाने वाले मालूम होते हैं। जलवायु वर्षा-विचार के साथ इस लेख में एतत्—सम्बन्धित आधारभूत रहस्यों की चर्चा भी सूक्ष्म रूप से की गयी है।

जल, वायु, अनाज किंवा अन्य कृषि उत्पादन—ये जीवनाधायिका-चतुष्टयी ही संवत्सर के फल की दिशा व दशा को निर्धारित करती है। यदि वर्ष के ये चार स्तम्भ सुदृढ़ हों तो वर्ष सुदृढ़, जनजीवन स्वस्थ एवं समृद्ध रहेगा—ऐसी मान्यता है। लेकिन "जल एवं वायु"—ये संवत् के प्रमुख स्तम्भों में से हैं। इन्हीं के आधार पर "अन्नस्तम्भ" की कल्पना की जा सकती है। जलवायु के बिना प्राणियों के जीवनाधायक अन्न की भी उपज सम्भव नहीं। अत: सं. 2076 वि. के जलवायु का ग्रहयोग के आधार पर यहां संक्षिप्त निर्देश नीचे दे रहे हैं। आशा करते हैं कि—यह संक्षिप्त लेख किसानों/बागवानों के लिए एक दिशा- निर्देशक सिद्ध होगा।

गोचर-ग्रहस्थिति के अनुसार उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुव, जोकि समस्त विश्व के मौसम को स्थिर रखने में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं, 'ग्लोबल वार्मिंग' के कारण उत्तरी ध्रुव में बढ़ रहा तापमान आगे आने वाले लगभग 15/16 वर्षों की ग्रहस्थिति के अनुसार मंगल, शनि, राहु एवं केतु कुछ वर्षों में ही विश्व के लिए खतरे की घण्टी बजा सकते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि—**"ग्लोबल वार्मिंग" विश्व के जलवायु के लिए भयंकर किंवा विपरीत परिस्थितियां बनाएगी। जिससे ध्रुवों के आसपास के देशों को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को ही दुष्परिणाम झेलने पड़ेंगे।** अनेकत्र 'ऋतु-विपर्यय' अनुभव होने से वैश्विक तापमान किंवा प्रकृति में महानद और अन्य जलस्रोत सूखने लगेंगे। समुद्र एवं महानदों के तटों पर प्रलयंकारी दृश्य उपस्थित होंगे। वृक्षों से ऑक्सीजन कम प्राप्त होने लगेगी—इत्यादि आश्चर्यजनक परिवर्तन होंगे, जिससे रोग बढ़ेंगे। मौसम में इस प्रकार के उतार-चढ़ाव प्रकृति के साथ चल रहे खिलवाड़ के कारण जारी हैं। प्रकृति में हो रहे असामान्य किंवा अप्राकृतिक परिवर्तन को समझने में तो आधुनिक वैज्ञानिक भी सकते में हैं। मौसम की अनिश्चितता से कृषिक्षेत्र में सम्भावित जोखिम कम करने के लिए सरकार को व्यापक रणनीति बनानी होगी।

सभी समुदायों के धार्मिक ग्रन्थों में पर्यावरण-हितैषी बनने के लिए कहा गया है। मनुस्मृति में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर की संज्ञा दी गयी है। कुरान कहती है कि जल ही जीवन है। 'वेद' पानी के महत्त्व की गाथाओं से भरे पड़े हैं। ईसाई समुदाय में भी प्रकृति-प्रेम को श्रेष्ठता प्रदान की गयी है। इस वर्ष की गोचर ग्रह-स्थिति के अनुसार अलनीनो गर्मी को

बढ़ायेगा, परिणामस्वरूप कहीं सूखा, कहीं भयंकर बाढ़ से जलधनहानि का संकेत मिलता है। 'अलनीनो' ऐसी प्राकृतिक घटना है, जिससे प्रशान्त महासागर का गर्म पानी उत्तर एवं दक्षिणी अमेरिका की ओर फैलता है। परिणामस्वरूप, पूरी दुनिया का तापमान बढ़ेगा। मौसम का सामान्य जलवायु-चक्र बिगड़ जाता है, कहीं विनाशकारी बाढ़, कहीं सूखे के हालात बनते हैं। अमेरिका, U.K. आदि में गतवर्ष बाढ़ एवं उत्तर भारत में सूखा भी इन्हीं कारणों से सम्भव हुआ है।

आगे बर्फ के पिघलने से विश्व में समुद्री-तूफान आदि विनाशकारी लीलाएं देखने को भी मिलेंगी। आर्द्रा-प्रवेश कालीन ग्रहगति के अनुसार जम्मू-कश्मीर, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, उड़ीसा, राजस्थान, मिजोरम आदि में इस वर्ष प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। महाराष्ट्र (मुम्बई) में भी प्राकृतिक प्रकोप दिखाई देगा।

समुद्रतटवर्ती महानगरों एवं विश्व के देशों में इस वर्ष (सं. 2076 वि.) से ही विशेष प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं।

भारत में वर्षा के योग

जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, लगभग उसी समय से भारत के प्रान्तों में वर्षा का आगमन ग्रहगोचर के अनुसार माना गया है। **ज्योतिष-शास्त्रानुसार वर्षा, वायुमण्डल, समुद्री तूफान एवं चक्रवात आदि प्राकृतिक उत्पातों का विचार भी सूर्य के आर्द्रा प्रवेश, रोहिणीवास एवं गोचर ग्रहस्थिति पर निर्भर करता है।** अतः सर्वप्रथम सूर्य की आर्द्राप्रवेशकालीन कुण्डली के आधार पर विचार करते हैं।

सं. 2076 वि. में आषाढ़ कृष्णपक्ष पंचमी, शनिवार, तदनुसार 22 जून, सन् 2019 ई. को धनिष्ठा नक्षत्र, विष्कुम्भ योग एवं कुम्भस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव 17 घं. 17 मि. पर आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे।

सूर्य की आर्द्राप्रवेशकालीन कुण्डली इस प्रकार है—

आर्द्राप्रवेश कुण्डली

श.के.9, 7, 10, 8 गु., 6, 11 चं., 5, 12, 2 शु., 4 बु., 1, 3 रा.मं.सू.

इस वर्ष सूर्य सूर्यास्त से पूर्व ही आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट हो रहा है। परिणामस्वरूप अनेकत्र मौसम अनुकूल न होने से खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। लिखा है—

"सायाह्नकाले कृषि-नाशनाय धान्यं महर्घं च तृणस्य नाशः।" पशुओं के लिए चारा भी महंगा होगा। इस वर्ष शनिवार के दिन आर्द्रा प्रवेश भी जलवायु विचार से शुभंकर नहीं है;—**"मन्दे न शुभप्रदः।"**

आर्द्राप्रवेश कुण्डली में सूर्य-राहु एवं मंगल का शनि के साथ समसप्तक योग एवं शनि की चन्द्र पर दृष्टि होने से कुछ प्रान्तों में असामयिक, अतिवर्षा किंवा अवर्षण से दुर्भिक्षजन्य दुःखद स्थिति का सामना करना पड़ेगा। कहीं बाढ़ वर्षा से कृषि को भयंकर हानि भी होगी। पर्यावरण-विक्षोभ से जनता परेशान रहे। पंचमी तिथि में सूर्य का आर्द्राप्रवेश होने से जनजीवनोपयोगी वस्तुओं की उपलब्धता के लिए शासनतन्त्र का पूर्ण प्रयास रहेगा। **"सर्वलोकाश्च भूपाश्च सन्तुष्टाः स्युस्तदा भृशम्।"**

इस संवत् (2076 वि.) का राजा शनि होने से जनहानि व दुर्भिक्ष से अनेकत्र हानि हो। झंझावात एवं समुद्री तूफान, वायुवेग आदि आपदाओं से जनहानि हो। पेय-जल सम्बन्धी समस्याओं से भी सरकार को परेशानी का सामना करना पड़ेगा;—

"दुर्भिक्षमरकं रोगान् करोति पवनं तथा।"

प्रदूषण से जनता में अनेक प्रकार के रोगों से जनजीवन त्रस्त रहेगा। इस संवत् का राजा शनि, मन्त्री सूर्य का शत्रु होने से पर्यावरण एवं राजनैतिक दृष्टि

से देश के लिए शुभंकर नहीं। इस वर्ष मेघेश शनि होने से कुछ प्रान्त भयंकर रूप से सूखाग्रस्त रहेंगे, दुर्भिक्ष से जनधनहानि भी सम्भव है।

इस वर्ष चार मेघों में **'द्रोण'** एवं नवमेघों में **नील** नामक मेघ होने से कुछ प्रान्त बाढ़ग्रस्त होने से एवं कुछ प्रान्तों में आकालिक, अल्पवृष्टि किंवा अवृष्टि से दुर्भिक्ष की स्थिति बने—

"अल्पवृष्टिर्भवेत् काले नीलः क्षिप्रं तु वर्षति।"

इस वर्ष आवह आदि सप्तवायु विचार से **'संवह'** नामक वायु होने से मेघालय, असम, मध्य प्रदेश, झारखण्ड आदि प्रान्त भयंकर प्राकृतिक आपदा से त्रस्त रह सकते हैं।

इस संवत् में **'वज्रदंष्ट्र'** नामक नाग कहीं दुर्भिक्ष किंवा कहीं खड़ी फसलों के नष्ट होने का संकेत देता है—

"तदाम्बुवर्षणं नैव सर्वसस्य-विनाशनम्।"

संवत् 2076 वि. में जलस्तम्भ एवं वायुस्तम्भ का विचार

इस संवत् में **'जलस्तम्भ'** 68 प्रतिशत है। इस आधार पर स्पष्ट है, कि—अनेकत्र वर्षा बाढ़ के प्रकोप से खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी, कुछ क्षेत्र सूखाग्रस्त रहेंगे।

इस संवत् में **'वायुस्तम्भ'** का मान 62 प्रतिशत होने से बादलों का संचालन बिगड़ेगा। कहीं तूफान से हानि भी सम्भव है।

गर्म हवाओं का प्रकोप आज की ही समस्या नहीं। इसके दूरगामी प्रभावों के प्रति हमें सावधान अभी से रहना होगा। ग्रहगोचर के अनुसार आगामी वर्षों में तापमान दो से चार डिग्री सैल्सियस तक बढ़ सकता है। यह मानवता एवं जीवन्त सृष्टिमात्र के लिए चुनौती है। वैज्ञानिकों को इस बारे में सावधान कर देना उचित समझते हैं। इस संवत् में 'रोहिणी' का वास तट पर.होने से अधिक वर्षा के कारण कहीं खड़ी फसलों को हानि होगी, अनेकत्र पेय-जल समस्या का हल निकलेगा।

सं. 2076 वि. में मासिक वृष्टि का संक्षेप में विवरण

अब संवत् 2076 वि. की ग्रहस्थिति के अनुसार भारत का वर्षा-विचार संक्षेप से लिखना उचित समझते हैं, क्योंकि—

"वृष्टिमूला कृषिः सर्वा वृष्टिमूलं च जीवनम्।
तस्मादादौ प्रयत्नेन वृष्टिज्ञानं समाचरेत्॥"

—(कृषि-पाराशर)

अप्रैल (सन् 2019 ई.)—अप्रैल 2, 6, 7, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 23 से 27 अप्रैल तक एवं 29 अप्रैल के लगभग मुम्बई, पश्चिमी राजस्थान, आसाम एवं उड़ीसा के कुछ भागों में कहीं बादल चाल व खण्डवृष्टि के योग हैं।

मई (सन् 2019 ई.)—मई 3, 6, 7, 8, 10, 11, 15, 16, 18, 21, 23 से 25, 29 एवं 31 मई को महाराष्ट्र, भूटान, उड़ीसा, शिलांग, काठमाण्डु (नेपाल), जम्मू-कश्मीर एवं उ.प्र. के कुछ भागों में, उ.खण्ड, बिहार एवं हि. प्र. में कहीं वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं।

नोट—मई 1, 6, 7, 10 के लगभग कुछ प्रान्तों में वर्षा बाढ़ से किंवा अग्निकाण्डों से हानि के भी योग हैं।

जून (सन् 2019 ई.)—जून 1, 2, 5 से 8, 12, 15, 16, 20, 22, 23, 26, 27, 28 को हि.प्र., उ.खण्ड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, कश्मीर एवं भारत के दक्षिणी-पश्चिमी प्रान्तों में अनेकत्र वर्षा होगी। 22 जून को अनेकत्र वर्षा हो।

नोट—मासारम्भ से लगभग 22 जून तक की गहस्थिति कुछ प्रान्तों में दुर्भिक्ष की स्थिति बना सकती है, कुछ प्रान्त अतिवर्षण से बाढ़ग्रस्त किंवा प्राकृतिक प्रकोप से हानि में रहेंगे। कुछ प्रान्तों में मेघ हों, परन्तु वर्षा न हो—**"गर्जितोऽपि न वर्षति।"**

जुलाई (सन् 2019 ई.)—जुलाई 4, 5, 6, 10 से 13 जुलाई, 15, 17, 18, 20, 22, 23 से 30 जुलाई तक, भारत के अनेक प्रान्तों में कहीं अतिवर्षा

से बाढ़, कहीं भयंकर सूखा, दुर्भिक्ष से हानि हो, कुछ क्षेत्र प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त रहेंगे। लेकिन हि.प्र., कश्मीर, उ.प्र., उ.खण्ड एवं केन्द्रशासित कुछ क्षेत्रों एवं उ.भारत के प्रान्तों में भारी वर्षा सम्भावित है। 22 जुलाई को यदि वर्षा पड़े तो शुभंकर रहे, यदि हवा का जोर रहे तो शुभ नहीं, दुर्भिक्ष का योग बने।

अगस्त (सन् 2019 ई.)—अगस्त 1, 3, 4, 5, 6, 8 से 12, 16, 17, 19, 22, 23, 26, 27, 29 एवं 30 अगस्त को दार्जिलिंग, विन्ध्य प्रदेश, उ.प्र., उ. खण्ड, कश्मीर, हि.प्र., पंजाब एवं हरियाणा आदि में बादल चाल और वर्षा के योग हैं।

सितम्बर (सन् 2019 ई.)—सितम्बर 9, 10, 11, 14, 16, 17, 18, 19, 20, 24, 25, 27, 29 एवं 30 सितम्बर को पश्चिमी प्रान्तों में कहीं बादल चाल किंवा वायुवेग से वर्षा हो। उ.भारत का तापमान गिरने लगेगा।

अक्तूबर (सन् 2019 ई.)—अक्तूबर 3, 4, 7, 9, 10, 11, 13, 17 से 20 अक्तूबर, 22, 24, 28, 29, 30 एवं 31 अक्तूबर को आसाम, बंगाल एवं उ.प्र. के कुछ भागों में बादल चाल व वर्षा हो।

नोट—22, 23, 29, 30 अक्तूबर के लगभग प्राकृतिक प्रकोप से हानिभय है।

नवम्बर (सन् 2019 ई.)—नवम्बर 5, 6, 10, 11, 21, 22, 26 एवं 28 नवम्बर को उ. भारत भयंकर शीत लहर की चपेट में आ जायेगा। उत्तरी भारत के कुछ भाग, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश में 10, 11, 13, 17, 20, 21 नवम्बर को कहीं वायुवेग के साथ खण्डवृष्टि हो। हिमाचल, कश्मीर में कहीं हिमपात के भी योग हैं।

दिसम्बर (सन् 2019 ई.)--दिसम्बर 1, 3, 5, 6, 7, 10, 12, 15, 16, 17, 18, 20, 23 एवं 25 से 27 दिसम्बर तक एवं 29, 30 दिसम्बर को समस्त उत्तरी भारत भयंकर शीत लहर की चपेट में रहेगा। कहीं खण्डवृष्टि, धुंद एवं हि.प्र., कश्मीर, उ.खण्ड आदि में अनेकत्र भारी हिमपात से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहेगा। पर्यावरण विक्षोभ से कहीं यान दुर्घटना से हानि सम्भव है।

जनवरी (सन् 2020 ई.)—जनवरी 2 से 5 तक एवं 8, 11, 12, 13, 14 से 16, 18 से 20, 24, 25, 26 एवं 30 जनवरी को उत्तरी भारत में भयंकर शीत लहर चलेगी, हि.प्र., उ.खण्ड एवं कश्मीर आदि पर्वतीय भूभाग पर अनेकत्र जबरदस्त बर्फबारी से यातायात बाधित होगा। अन्यत्र धुन्ध से एवं विक्षुब्ध पर्यावरण से भी परेशानी बनेगी।

फरवरी (सन् 2020 ई.)—फरवरी 1, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 17, 18, 19, 23, 27 एवं 28 फरवरी को शिलांग, आसाम, तामिलनाडु, उ.खण्ड आदि में कहीं बादल चाल व बूंदाबांदी हो। उ.भारत में हवा का जोर रहे। शीत का प्रभाव क्षीण हो। वसन्त ऋतु का आगमन सुहावना रहे।

मार्च (सन् 2020 ई.)—मार्च 2, 3, 4, 7, 8, 9, 11, 14, 17, 18, 19, 22, 23, 24, 28, 29 एवं 31 मार्च को असम, महाराष्ट्र, प. राजस्थान, कश्मीर एवं हि.प्र. में कहीं-कहीं हवा के साथ खण्डवृष्टि हो, उत्तरी भारत में गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगे।

संक्षेप में सं. 2076 वि. की ग्रहस्थिति का सर्वेक्षण करें; तो निष्कर्ष इस प्रकार है—

सं. 2076 वि. की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति में शनि-मंगल का षडष्टक लगभग मई के प्रारम्भ तक तत्पश्चात् 6 मई से 22 जून के लगभग तक शनि-मंगल का समसप्तक, तत्पश्चात् अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शनि मं. का षडष्टक योग एवं उल्लिखित समयावधियों में क्रूर ग्रहों का वक्रत्व विश्व में भारी प्राकृतिक आपदाओं का संकेत देता है। शस्त्रास्त्रों का परीक्षण एवं प्राकृतिक पर्यावरण में हस्तक्षेप जनमानस को ऑक्सीजन की कमी एवं प्रदूषित वायु से अनेक रोगों का सामना करना पड़ेगा। मई से आगे 2-3 मासों में सीमा प्रान्तों पर अशान्ति एवं कुत्रचित् युद्धाग्नि से भयावह दृश्य उपस्थित होने की सम्भावना बन सकती है।

— — —

व्यापार-विमर्श (संवत् 2076 वि.)

(संवत् 2076 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं एवं शेयर बाज़ारों में आने वाली तेज़ी एवं मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक—इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियन्त्रण है और सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रहविशेष की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाज़ारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम **'तेज़ी-मन्दी'** कहते हैं।

हम यहां **'व्यापार विमर्श'** में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेज़ी-मन्दी का मशवरा अपने ग्राहकों को देते हैं। व्यापारियो ! निराश न हों। हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे।

व्यापारी सज्जनो! 1 जनवरी, सन् 2019 ई. से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी-मन्दी की रिपोर्ट या वायदा/हाजर बाज़ार का चांस अर्थात् सोना, चांदी, कॉपर आदि मैटल्स; चना, ग्वार आदि अनाज; तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला आदि तिलहन; जीरा, धनिया, हल्दी, लाल-कालीमिर्च, रुई एवं कपास में से किसी भी जिन्स की मासिक लिखित रिपोर्ट चाहते हैं तो फीस Rs. 5100/- (इक्यावन सौ रुपये) प्रतिमास प्रतिजिन्स के हिसाब से Advance भेजकर Report प्राप्त करें। एक वर्ष की प्रतिजिन्स फीस Rs. 51,000/- (इक्यावन हज़ार रुपये) है।

नोट— व्यापारियों से निवेदन है कि वे अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे।

संवत् 2076 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेज़ी-मन्दी का आकलन

संवत् 2076 वि. में तेज़ी-मन्दी का विस्तृत विवरण देने से पहले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, सस्येश, धान्येश, मेघेश आदि ग्रहपरिषद् का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? इसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं, जोकि निम्नांकित है—

संवत् 2076 वि. का राजा **'शनि'** एवं मन्त्री **'सूर्य'** है। स्पष्ट है कि—राजा-मन्त्री दोनों परस्पर परम शत्रु ग्रह हैं। अत: यह वर्ष विश्व के व्यापारक्षेत्र में भारी उलट-फेर करने वाला है। **राजनैतिक परिप्रेक्ष्य एवं प्राकृतिक प्रकोप के विचार से भी यह वर्ष विशेष संकटापन्न दृश्य को उपस्थित करने वाला है—ऐसा ग्रहगोचर से प्रतीत होता है।** अत: व्यापारी बन्धुओं से हमारा अनुरोध है कि—अनाजों, तेलों के एवं वायदा व्यापारियों को बहुत सोच-समझ से काम करना होगा।

इस वर्ष शनि को ग्रह परिषद में चार महत्त्वपूर्ण पद प्राप्त होने से विशेष प्रभुत्व प्राप्त है। अत: विश्व के कुछ देश भयंकर युद्धाग्नि के भय से त्रस्त रहेंगे। जिसका प्रभाव व्यापारिक क्षेत्र शेयर बाजारों पर विशेष रूप से स्पष्टत: अनुभव होगा। शनि की मकर राशि में स्थिति सन् 2020 ई. में भयंकर प्राकृतिक आपदा का संकेत देती है। **ध्यान दें** कि—इस वर्ष धान्येश चन्द्र होने से खड़ी फसलों को हानि पहुंच सकती है। लेकिन चावल एवं बाजरा, चना आदि की फसल काफी अच्छी मालूम देगी। लेकिन इस वर्ष **मेघेश शनि** होने से कुछ प्रान्त-विशेष दुर्भिक्ष की स्थिति का सामना करेंगे।

दुर्गेश शनि इस वर्ष अनेकत्र धार्मिक एवं साम्प्रदायिक कलहों को बढ़ावा देगा;

कुछ क्षेत्र गम्भीर संकट में रहेंगे। इन परिस्थितियों का प्रभाव व्यापार क्षेत्र पर स्पष्ट रूप से पड़ेगा।

इस संवत् के चतुर्मेघों में **द्रोण नामक मेघ** है, कुछ प्रान्त भयंकर वर्षा, बाढ़ से हानि में रहेंगे। नवमेघों में **नील नामक** मेघ होने से भी **कुछ प्रान्त दुर्भिक्ष-ग्रस्त रहेंगे।—"अल्पवृष्टिर्भवेत् काले नीलः क्षिप्रं तु वर्षति।"** कहीं आकालिक वर्षा से **खेती को हानि भी सम्भव है।**

व्यापारी ध्यान दें—संवत् 2076 वि. में ग्रहों के वक्र/मार्ग, युति/प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं, चना, ग्वार आदि अनाज, गुड़, दालवाना, रुई, कपास, नरमा, मैंथा, तेल एवं सरसों आदि तिलहन, लाल-कालीमिर्च, जीरा, लौंग, सोना, चांदी में तेजी-मन्दी के भयंकर रिएक्शन्स आएंगे। **दूर-दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आयें या सोना, चांदी, कॉपर आदि मैटल्स में से किसी भी धातु, अनाज, दालवाना, गुड़, शेयर बाज़ार या तिलहन की लिखित रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक मास की फीस Rs. 5100/- (इक्यावन सौ रुपये) प्रतिजिन्स/प्रतिधातु के हिसाब से भेजकर आगामी मास की दैनिक तेज़ी-मन्दी की रिपोर्ट प्राप्त करें।**

नोट—संवत् 2076 वि. में 11 अप्रै. से 9 अगस्त तक एवं जन. 2020 ई. से संवत् के अन्त तक भारी जलवायु विपरीतता (वर्षा की कमी आदि किंवा प्राकृतिक प्रकोप से) भारी हानि के योग हैं, जिसका प्रभाव सं. 2076 वि. के प्रारम्भिक समय में व्यापारियों को भी प्रभावित करेगा। इस समय ताजा मशवरा प्राप्त करें।

ध्यान दें—सं. 2076 वि. में आप दलहन, ग्वार, चना आदि अनाज एवं सोना-चांदी में अच्छी तेजी से लाभ ले सकेंगे, सम्पर्क में रहें।

सज्जनो! सूर्य, बुध एवं शुक्र पर शनियुत मंगल की विशेष दृष्टि होने से संवत् 2076 वि. के प्रारम्भ से पहले तेल, तिलहन, तांबा, घी, दालवाना, रुई एवं शेयरों में तेज़ी से व्यापारी लाभ ले सकेंगे।

अप्रैल (सन् 2019 ई.)

मासारम्भ में ही शनि-गुरु का धनु राशि में केतु के साथ योग एवं मंगल की शनि पर दृष्टि होने से कुलथ, मूंग, ज्वार, बाजरा, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, नमक, अनाज, दालें, तिल, तेल, घी, पीतल, लोहा, तांबा, कांसा एवं सिक्का आदि में जोरदार तेजी सम्भव है;—बाजार का रुख देखकर काम करें।

नोट—मार्च 2019 के लगभग (गुरु के धनु राशि में आने से पहले) यदि घी सस्ता हो, तो स्टॉक करें, शीघ्र ही उत्तम लाभ मिलेगा।

20/21 मार्च, 2019 ई. की ग्रहस्थिति घी, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड आदि में तेजी का रुख बनाएगी।

6 अप्रैल शनिवार को संवत् का प्रारम्भ होगा। इस समय राजनैतिक प्रक्रिया में आश्चर्यजनक परिवर्तन या अप्रत्याशित गतिविधि से शेयर बाजारों में भयंकर तेजी से उठा-पटक चलेगी—सावधान रहें। रुई, कपास, सूत, सण, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लालमिर्च, हींग में तेजी रहेगी।

11 अप्रैल के लगभग बुध के मीन राशि में आने पर एवं **धनु राशिस्थ गुरु के वक्री होने पर** गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाज, अलसी, घी, राई, गुड़, खाण्ड एवं शक्कर मन्दे होंगे। बिनौला, सोना, चांदी आदि धातु एवं ऊनी वस्त्र तेज होंगे।

नोट—अनाज यदि मन्दे हों, तो माल तुरन्त पकड़ें एवं हाजर के व्यापारी तेजी खेलकर मई में उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे। **इस समय गुरु के वक्री होने पर (11 अप्रैल के लगभग) शेयरों में भयंकर मन्दी या तेजी बनेगी,—सावधान! ताजा मशवरा प्राप्त करें।**

14 अप्रैल को सूर्यदेव अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में दाखिल होकर अलसी, तिल, तेल, सोना, चांदी, लोहा, तांबा, नारियल, लाल चन्दन, सुपारी, हींग, सूत, कपड़ा, मेथी, लौंग, बादाम, गुड़, खाण्ड, शक्कर, घी, तिलहन, इलायची, जीरा में तेजी करे। अनाजों में तेजी न हो। रुई में पहले मन्दी बाद में तेजी रहे।

15 अप्रैल के लगभग शुक्र मीन राशि में प्रविष्ट होगा। इस समय शुक्र अकेला मीन में विचरण करेगा। अतः चांदी में पहले कुछ मन्दी करेगा, फिर तेजी बनेगी। इस समय अनाज, दालें, सरसों, अलसी, एरण्ड आदि तिलहन एवं गुड़, खाण्ड में मन्दी रहेगी।

18 अप्रैल को शुक्र उ.भा. में आकर चावल, रुई, तिल, चांदी, कपूर, नमक, खाण्ड, कपास में मन्दे का वातावरण बनाएगा।

नोट करें, कि—23 अप्रैल को वक्री गुरु ज्येष्ठा के चतुर्थ चरण एवं वृश्चिक राशि में दाखिल होगा। इस समय गुरु-मंगल का समसप्तक योग बनेगा। परिणामस्वरूप यह तेजी-का बेहतरीन चांस है। रुई में 5 मास तक तेजी रहेगी। सोना, चांदी, कपास, तांबा, कांसी, घी, तेल, सुपारी, सरसों आदि तिलहन, गुड़, नमक, नारियल तेज रहें। करियाना की सारी वस्तुएं, दालें, अनाज तेज रहें। कपास, घी के संग्रह से भाद्रपद से आगे उत्तम लाभ मिलेगा।

25/26 अप्रैल को बुध का रेवती एवं मंगल का मृगशिर नक्षत्र में प्रवेश मजीठ, केसर, कुसुम्भ, लाल चन्दन, लालमिर्च आदि में तेजी करे। इस समय सोना, चांदी, कांसी, घी, तेल, तिलहन, नमक, नारियल तेज रहें। दालें मन्दी रहें।

27 अप्रैल के लगभग सूर्य भरणी नक्षत्र में आकर गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, तिल, तेल एवं सरसों आदि तिलहंन, रुई, ऊन, सोंठ, जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ में भी कुछ मन्दी का वातावरण बनाएगा।

29 अप्रैल को रेवती नक्षत्र का शुक्र भी रुई, कपास, चन्दन, चांदी, चावल, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर तथा जवाहरात मन्दे करेगा।

(इन दिनों मन्दी में स्टॉक करें। वायदा व्यापारी आगे तेजी खेलकर जल्दी लाभ में रहेंगे।)

मासान्त तक मन्दी का वातावरण रहेगा।

मई (सन् 2019 ई.)

मासारम्भ में ही धनु राशिस्थ शनि वक्र गति से चलने लगता है एवं स्वभावतः वक्र राहु के साथ समसप्तक योग बनाता है। इस समय सिक्का, लोहा, कली, गेहूं, पीतल, ज्वार, चावल, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, तोड़िया, ग्वार, तमाखू, सीमेण्ट, दालें, जीरा, दालचीनी आदि मसाले तेज रहें। **इस समय राजनीतिक वातावरण भी गर्म रहने से व्यापार प्रभावित होगा।**

3 मई के लगभग बुध अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आकर सूर्य के साथ एक राशि-सम्बन्ध बनाएगा। **सूर्य के साथ बुध ग्रह तेजीकारक बन जाता है।** गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूंग, मोठ, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, तिलहन में साधारण मन्दे का रुख बनने पर भी अच्छी तेजी बनेगी। चांदी में अच्छी तेजी का झटका आ सकता है, सोना तेज रहे।

6 मई को मंगल मिथुन राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा एवं शनि-मंगल का समसप्तक योग भी राजनीति में ऊहापोह होने से शेयर बाजार एवं सभी बाजारों में भयंकर उठा-पटक का कारण बनेगा—सावधान रहें। 6 मई के लगभग से वर्षा पानी की कमी से अनाज, दालें महंगी होंगी।

"राहुरंगारकश्चैकराशि - ऋक्ष गतोऽपिवा।
महाभयं च सस्यानां न च वृष्टिः प्रजायते॥"

इस समय शेयर बाजार एवं सोना-चांदी में तेजी-मन्दी के झटके आयेंगे।

8/10 मई के लगभग राहु एवं बुध ग्रह की पोजीशन से चावल आदि अनाजों में तेजी का अच्छा झटका आएगा। सरसों, अलसी, तिल, तेल, घी आदि में मन्दे की उम्मीद होने पर भी तेजी बनेगी। क्योंकि 10 मई को शुक्र अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में प्रविष्ट होकर सूर्य-बुध के साथ मेल करेगा। अतः अनाज, दालवाना आदि व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनेगी—

"एक - राशिं गताह्येते सौम्य-शुक्र - दिनाधिपाः।
सर्वधान्य-महर्घत्वं मेघाः स्वल्पजलप्रदाः॥"

प्राकृतिक प्रकोप किंवा वर्षा पानी की कमी से व्यापारिक क्षेत्र प्रभावित होंगे। गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, जौ, चना आदि अन्न, तेल, तिलहन तेज रहेंगे। इस समय बुध की स्थिति वायदा बाजार में उठापटक करे।

11 मई को सूर्य कृत्तिका नक्षत्र में आएगा। 15 दिन में घी, रुई, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल, राई एवं सरसों में तेजी आएगी। **(इस समय शेयर बाजारों में जोरदार तेजी का झटका सम्भव है।)**

15 मई को सूर्य वृष राशि में आकर शुक्र एवं मंगल-राहु से आक्रान्त है। मंगल

एवं शनि का समसप्तक चल ही रहा है। सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल एवं सरसों में तेजी रहे। इस समय अनाजों में कुछ मन्दी रहे।

17 मई को बुध कृत्तिका में आकर चांदी, अफीम में जोरदार घटाबढ़ी के बाद तुरन्त मन्दी करेगा। अनाज एवं रुई में तेजी बनेगी। 18 मई के लगभग से आगे व्यापारी **नोट करें; कि—जब सूर्य के साथ बुध का मेल होता है, तो तेजी वायदा बाजारों में झटके से आती है, लेकिन यदि बुध-सूर्य मेल से पहले यदि मन्दी चल रही हो, तो जोरदार मन्दी, यदि पहले तेजी चल रही हो, तो जोरदार तेजी बनती है, अतः बाजार के रुख को देखकर काम करें।** लेकिन इस समय हमारा विचार तेजी का ही है। गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर, रुई, कपास, सूत, अफीम, तेल, तिलहन में तेजी-बनेगी। रुई एवं अन्य वायदा बाजारों में घटाबढ़ी चलेगी।

19 मई से 23 जून के मध्य सोना, चांदी, अफीम, सरसों, तिल, तेल, अलसी आदि तिलहन, रुई, कपास, सूत, गुड़, खाण्ड, दालवाना में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

(शेयर बाजारों में इन दिनों मन्दा सम्भव है।)

25 से 29 मई के अन्दर तिल, तेल, अलसी, एरण्ड, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, वस्त्र, सण, सुपारी, मिर्च, राई एवं सोना, चांदी में तेजी बने। मासान्त में मन्दी सम्भव है।

(शेयर बाजारों में तेजी का झटका आएगा, क्योंकि बुध वक्री होकर ज्येष्ठा में प्रवेश करेगा। यह बाजारों में तेजी करेगा।)

जून (सन् 2019 ई.)

नोट—इस मास में लगभग 22 जून तक शनि का मंगल एवं राहु के साथ समसप्तक योग चलेगा, जोकि कहीं दुर्भिक्ष एवं कहीं बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि करेगा। इसका प्रभाव तेल, तिलहन एवं दालवाना पर स्पष्ट रूप से पड़ेगा।

मासारम्भ में ही बुध मिथुन में, शुक्र कृत्तिका में एवं बुधोदय के परिणामस्वरूप **बाजारों में जोरदार तेजी-मन्दी के झटके आएंगे, क्योंकि बुध मिथुन में क्रूरग्रहाक्रान्त है एवं शनि से दृष्ट है, अतः कदाचित् मन्दा बने, तो तेजी जल्दी बनेगी। वायदा व्यापारी तेजी से लाभ ले सकेंगे।**

हमारे विचार से मासारम्भ में रुई, सोना, चांदी, पाट, हैसियन, जौ, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, सूत, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात मन्दे बनें, रुई में झटके की मन्दी रहेगी—सावधान रहें।

5 जून के लगभग बुध आर्द्रा में एवं शुक्र वृष राशि में आकर लगभग 15 जून तक सूर्य के साथ मेल करेगा।

इस समय गेहूं, चना, रुई, सूत, मूंग, मोठ, उड़द, तिल, सोना, चांदी में एकदम तेजी बनेगी।

ध्यान दें—यद्यपि वृष राशि का शुक्र रुई-कपास में झटके से मन्दी करता है एवं सोना, चांदी में घटाबढ़ी एवं अनाजों में भी मन्दा करता है, लेकिन सूर्य के साथ शुक्र का मेल हमें फिर भी तेजीकारक मालूम देता है। सावधानी से काम करें, ताजा मशवरा प्राप्त करें।

7 जून के लगभग मंगल का पुनर्वसु नक्षत्र में एवं 8 जून को मृगशिर नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश बाजारों में तेजी करेगा। रुई, नमक, तिल, तेल, खाण्ड, सरसों आदि तिलहन तेज रहें। अनाजों एवं सोना में घटाबढ़ी चले।

नोट—5 से 8 जून तक शेयर बाजार में जोरदार तेजी के झटके आयेंगे—सावधान रहें।

9 से 11 जून के मध्य वायदा व्यापारी सावधान रहें, अन्यथा हानि में रहेंगे।

12 जून से 13 जून तक पुनर्वसु नक्षत्र का बुध रुई, चांदी, कपास, सूत, सण में झटके से मन्दी कर सकता है।

15 जून शनिवार को सूर्य मिथुन राशि में प्रवेश करके बुध-राहु एवं मंगल के साथ एक राशि सम्बन्ध (चतुर्ग्रही योग) बनाएगा एवं शनि की इन पर पूर्ण दृष्टि होगी। **यह योग विश्व या देश-विशेष में राजनीतिक दृष्टि से किंवा प्राकृतिक प्रकोप आदि कारणों से विषम स्थिति का संकेत देता है, जिसका प्रभाव व्यापारिक क्षेत्र पर**

प्रत्यक्षतः अनुभव होगा।

"एकराशिं गताह्येते चत्वारः पंच-खेचराः।
प्लावयन्ति महीं सर्वा रुधिरेण जलेन वा॥"

पुनरपि, इस योग के फलस्वरूप कन्दमूल, फल, पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना एवं चावल आदि अनाज तेज रहेंगे। सोना, चांदी में भी झटके से तेजी सम्भव है।

(15 से 23 जून तक शेयरों में भारी मन्दी या तेजी बनेगी, सावधान रहें।)

16 से 20 जून के मध्य सोना, चांदी एवं अन्य धातुओं के **व्यापारी बहुत सावधान रहें, जोरदार तेजी-मन्दी बनेगी; इस समय ताजा मशवरा प्राप्त करें।**

20 जून को बुध कर्क राशि में प्रविष्ट होगा। इस समय रुई में लगभग 15 टका की (झटके से) मन्दी आएगी। चांदी में घटाबढ़ी से तेजी बने। गुड़, दूध, तेल, मूंगफली, सरसों एवं सोने में पहले कुछ तेजी आकर बाद में मन्दी आएगी।

22 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में आकर वर्षा-पानी का योग बनाएगा। परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्र सूखाग्रस्त रहने के समाचारों से रुई, सूत, सण, कपास, खल, अलसी, एरण्ड आदि तिलहन, गेहूं, चावल, चना, जौ एवं चांदी में तेजी रहे। सोने में घटाबढ़ी रहे।

ध्यान दें, कि—ठीक 22 जून को मंगल कर्क राशि में प्रवेश करेगा। इस प्रकार शनि-मंगल का षडष्टक योग भी बन जाता है। अतः कहीं बाढ़, कहीं सूखा रहने से तेल, तिलहन एवं रुई में झटके के साथ **कदाचित् मन्दी बने, तो तुरन्त माल पकड़ें, बहुत जल्दी तेजी से लाभ होगा। वैसे हमारा विचार इन दिनों दालवाना, गुड़, शक्कर, चना, चावल, तिलहन, तेल, घी में तेजी का है,** फिर भी बाजार का रुख देखकर व्यापार बढ़ाएं।

23 जून को मृगशिर नक्षत्र का शुक्र गेहूं, चना, ज्वार में मन्दी एवं गुड़, शक्कर, घी में तेजी करे।

24 जून से 26 जून के मध्य अनाज, दालें, सोना, चांदी, रुई मन्दे रहें। सोना, चांदी में झटके की मन्दी के बाद तेजी या तेजी के बाद मन्दी बने,—बाजार के रुख को जांच कर काम करें।

27 जून को रुई में जोरदार घटाबढ़ी चले एवं सोने में झटके के साथ अच्छी तेजी का योग है, क्योंकि पुष्य नक्षत्र का मंगल मैटल्स एवं लालमिर्च, मजीठ, सोना आदि में मन्दीकारक है।

29 जून के लगभग से शुक्र के मिथुन में आने पर सूर्य-राहु के साथ मेल होगा और इनका शनि के साथ समसप्तक भी बनेगा। यह ग्रहस्थिति मासान्त तक प्रभावी रहेगी। गेहूं, जौ, चना, चावल, दालें तेज रहेंगी। इस समय अलसी, गुड़, घी में अच्छी घटाबढ़ी से तेजी रहे। रुई, कपास, सूत, वस्त्र, पाट, वारदाना, एरण्ड, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार आदि में जोरदार मन्दी सम्भव है। लेकिन **यह मन्दी जल्द ही तेजी में पलट जाएगी, तुरन्त स्टॉक-तुरन्त लाभ लें।**

जुलाई (सन् 2019 ई.)

2 जुलाई की ग्रहस्थिति के अनुसार सूर्य-शुक्र-राहु एवं चन्द्र के साथ शनि-केतु का समसप्तक है। बाजारों में आवक कम होने से महंगाई बढ़ेगी। 4 जुलाई को आर्द्रा नक्षत्र का शुक्र भी कहीं अधिक वर्षा या कहीं सूखे का कारण बने और प्रारम्भिक तेजी के बाद गेहूं आदि अनाजों के भावों में अचानक मन्दे का वातावरण बनेगा, लेकिन 5 जुलाई को रुई, सूत, सण, रेशमी, ऊनी वस्त्र, सरसों, तेल, तिल, घी तेज होंगे। चांदी, खाण्ड, गुड़ मन्दे रहें। वायदा बाजार मन्दे रहें।

ध्यान दें—5/6 जुलाई को अनाज, तांबा, लोहा, पीतल, जीरा, सरसों, जौ, ज्वार में अचानक तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा।

6 जुलाई को दिन में सूर्य के पुनर्वसु नक्षत्र में दाखिल होने पर रुई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों आदि तिलहन, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सज्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, माजू, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गलादि करियाना में तेजी का वातावरण रहेगा।

(6 से 9 जुलाई तक शेयर बाजार उठेंगे।)

अचानक मन्दी बनेगी।

10 सितम्बर को बुध भी कन्या राशि में आकर शुक्र के साथ एक राशि-सम्बन्ध बनाएगा। तिलहन बाजारों में जोरदार तेजी के आसार हैं, चांदी के बाजार भी जोरदार उठेंगे।

6 से 11 सितम्बर तक उड़द, मूंग, मसूर, मोठ, अरहर, गुड़, हल्दी, खाण्ड, ऊनी- रेशमी वस्त्र एवं चावलों में विशेष तेजी का झटका आएगा।

11 सितम्बर को राहु आर्द्रा के चतुर्थ चरण में एवं केतु पू.षा. के दूसरे चरण में दाखिल होगा।

नोट करें—आर्द्रा नक्षत्र राहु का नक्षत्र है। अत: मिथुनस्थ राहु का सबसे क्रूर असर आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश होने पर ही शुरू होता है। इस समय तेलवाना (तिलहन) में जोरदार घटाबढ़ी शुरू होती है। गुड़, खाण्ड, तेल, घी, सरसों, एरण्ड, सोया, मूंगफली, बिनौला, रुई, कपास, चांदी एवं सभी अनाज तेज होंगे। यह तेजी 13 सितम्बर तक चलेगी।

13 सितम्बर को सूर्य उ.फा. में प्रविष्ट होगा। सूर्य ग्रह का असर रुई, अलसी, मूंगफली आदि तिलहन, तेल, घी, दालें, मोटे अनाज, सोना, शेयर, हल्दी तथा कालीमिर्च के बाजारों पर अनुभव किया गया है। सिंहस्थ सूर्य सोना, अलसी एवं कालीमिर्च में विशेष तेजी करता है। अत: इस समय रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंग एवं नील में तेजी बनेगी।

14 सितम्बर को शनिवारी अमावस भी तेजी का संकेत देती है। क्योंकि सूर्य-मंगल का नव-पंचम सम्बन्ध 16 अगस्त से 17 सितम्बर तक रहेगा। वायदा बाजार एवं शेयर बाजार तेज रहेंगे। इसी मध्य 16 सितम्बर के लगभग बुध का हस्त नक्षत्र में प्रवेश गेहूं आदि अनाजों में मन्दी कर सकता है, सावधान रहें।

17 सितम्बर को सूर्यदेव कन्या राशि में आकर शुक्र एवं बुध के साथ मेल करेंगे। इन पर शनि की विशेष दृष्टि भी रहेगी। रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, लालमिर्च एवं सोना-चांदी में जोरदार तेजी का झटका आने पर तुरन्त लाभ लें। क्योंकि 17 सितम्बर को ही शनि भी मार्गी हो रहा है। नोट करें—शनि लगभग 1 मई से 17 सितम्बर तक वक्रगति से चल रहा था। 17 सितम्बर के लगभग ही शुक्र हस्त नक्षत्र में आएगा। अत: रुई, चांदी, चावल, सभी अनाज झटके से मन्दे रहें। गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी घटाबढ़ी चलेगी।

(16 से 18 सितम्बर तक शेयर बाजार मन्दे रहें।)

19 सितम्बर को मंगल उ.फा. में एवं 20 सितम्बर के लगभग बुध का उदय होगा। इस समय वस्त्र, रुई एवं **शेयर बाजार मन्दे रहें**। गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज रहें।

व्यापारी नोट करें—24 सितम्बर के लगभग बुध चित्रा में आएगा एवं मंगल कन्या राशि में दाखिल होकर सूर्य-बुध एवं शुक्र के साथ एक राशि-सम्बन्ध बनएगा। शनि की इन पर दृष्टि भी है। इस समय देश की राजनैतिक गतिविधि से शेयर बाजार एवं वायदा बाजार प्रभावित होंगे,—सावधान रहें।

हमारे विचार से इस समय रुई एवं चांदी में झटके से तेजी बनेगी। सोना, चांदी, ऊनी-सूती वस्त्र, अलसी, गेहूं, घी, तिलहन, दालें एवं अन्य अनाज तेज रहेंगे।

(24 सितम्बर के लगभग शेयरों में जोरदार उठा-पटक रहेगी।)

25 सितम्बर को गुरु ग्रह ज्येष्ठा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में, 27 को सूर्य हस्त में एवं 28 सितम्बर को शुक्र चित्रा नक्षत्र में आकर पहले (25 सितम्बर के लगभग) चांदी में मन्दी एवं अनाजों में घटाबढ़ी करे। फिर गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी, जीरा आदि में तेजी रहे।

29 सितम्बर को बुध तुला राशि में आएगा एवं शुक्र पश्चिम में उदित होगा। चांदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, घी, खाण्ड मन्दे रहें। सूत, सण, सोना, चांदी, अफीम, तिल, चावल तेज रहेंगे।

लेकिन 28 सितम्बर को शनिवारी अमावस भी वायदा एवं हाजर बाजारों में 30 सितम्बर (मासान्त) तक तेजी से लाभप्रद रहेगी।

(24 से मासान्त तक शेयर बाजार तेज रहें।)

8 अगस्त को मंगल मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में दाखिल होगा। स्वतन्त्र रूप से इसका प्रभाव बाजारों पर पड़ेगा। अत: 8/9 अगस्त को गेहूं, मूंग, मोठ, उड़द, तिल, सरसों, मूंगफली, तिलहन, सोना, चांदी, तांबा, लोहा, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अलसी, लालमिर्च, मजीठ एवं अन्य लाल रंग की चीज़ों में तेजी से लाभ लें। **ध्यान दें—9 अगस्त तक जब भी लाभ मिले, तुरन्त लाभ लें, आखिरी वक्त की प्रतीक्षा न करें।**

नोट—3, 5, 8 अगस्त को शेयर बाजारों में तेजी से लाभ मिलेगा।

9 अगस्त को बुध पुष्य नक्षत्र में आएगा एवं 10 अगस्त को गुरु मार्गी होकर सोना, चांदी में मन्दी; चावल, अलसी, सरसों, गुड़, तम्बाकू में तेजी करे। अत: वायदा एवं हाजर के व्यापारी लगभग 15 अगस्त तक तेजी-मन्दी के उछालों से लाभ लें। **विशेषत: वायदा व्यापारी 9, 10, 11 अगस्त को मन्दी खेलकर लाभ लें।**

16 अगस्त को शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर सिंहस्थ मंगल के साथ मेल करेगा साथ ही 17/18 अगस्त को सूर्य भी मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आयेगा। शुक्र-सूर्य एवं मंगल का योग व्यापार में जोरदार तेजी करेगा—यह नोट कर लें।

इन दिनों सभी अनाज, दालें, सोना, तांबा, जौ, चना, लाल चन्दन, लालमिर्च, केसर, गुड़, शक्कर, खाण्ड, तेल, तिलहन, दाख, बादाम, सोना, चांदी, हीरे, जवाहरात में अच्छी तेजी का झटका आएगा। (इन दिनों शेयरों में मन्दा बने)।

19 अगस्त के लगभग आश्लेषा नक्षत्र का बुध आगामी कुछ दिनों में ही तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन, घी, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग, मूंगफली में तेजी से लाभ मिले। 21 अगस्त तक जब भी अच्छा लाभ मिले, तुरन्त ले लें, अन्तिम वक्त तक इन्तजारी नुकसान देगी।

नोट—16 से 21 अगस्त तक घी, तेल, तिलहन एवं गुड़, खाण्ड, चीनी, तिल आदि में तेजी से लाभ मिलेगा। तेजी के उछाले आएंगे।

22 अगस्त से 25 अगस्त तक की ग्रहस्थिति मन्दे के झटके देगी, स्टॉकिस्ट इन दिनों स्टॉक करें। 22 अगस्त के लगभग बुध के अस्त होने पर अनाज, घी, तेल, तिलहन में मन्दी के झटके आयेंगे, सावधान रहें। रुई, सोना, चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी आयेगी।

26 अगस्त को बुध मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आकर सूर्य-शुक्र-मंगल के साथ मेल करेगा। यह ग्रहस्थिति बाजारों में फोर्स की तेजी बनाएगी। वायदा व्यापारी तेजी खेलकर लाभ लें। ताजा मशवरा प्राप्त करें।

इस समय जौ, चना, गेहूं, सूत, रुई, चांदी, सोना, ऊनी वस्त्र, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं वायदा बाजार भी तेज रहेंगे।

27/28 अगस्त के लगभग गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना आदि में शुक्र के पू.फा. नक्षत्र में आने पर अचानक मन्दी आ सकती है। सावधान रहें।

29 अगस्त को पू.फा. नक्षत्र का मंगल एवं 30 अगस्त को पू.षा. नक्षत्र के दूसरे चरण में वक्री शनि का प्रवेश कपास, जीरा, सरसों, जौ, ज्वार, तिल, तेल, मूंगफली, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, नमक आदि में तेजी करेगा। इन दिनों मासान्त (31 अगस्त) तक तेजी से लाभ रहे। मासान्त में पंचग्रही योग एवं राजनीति के प्रभाव से और जलवायु विचार से बाजार गड़बड़ रहेंगे।

"एकराशौ यदा यान्ति चत्वार: पंचखेचरा:।
प्लावयन्ति महीं सर्वां रुधिरेण जलेन वा॥"

सितम्बर (सन् 2019 ई.)

मासारम्भ (हिजरी सन् के प्रारम्भ) में जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊन, रुई, सूत, तिलहन तेज रहेंगे।

2 सितम्बर के लगभग बुध पू.फा. नक्षत्र में दाखिल होकर सूर्य के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध भी बनाएगा। इस समय 6 सितम्बर तक सूर्य-शुक्र, मंगल एवं बुध सिंह राशि में ही हैं, अत: यह योग तेजी का ही रहेगा।

नोट करें—इस समय व्यापारियों की खरीद-शक्ति बढ़ती है। कपड़ा, सूत का उठाव ज्यादा होता है। इस समय फॉरन-एक्सपोर्ट में सरकार कोटा ऐलान कर सकती है। रुई में अच्छी तेजी का झटका आने का सबब बनेगा।

7 सितम्बर के लगभग शुक्र की स्थिति एवं नक्षत्र विचार से अचानक रुई और चांदी में मन्दी आ सकती है। लेकिन उड़द, मूंग, मसूर, मोठ एवं अरहर आदि में

अचानक मन्दी बनेगी।

10 सितम्बर को बुध भी कन्या राशि में आकर शुक्र के साथ एक राशि-सम्बन्ध बनाएगा। तिलहन बाजारों में जोरदार तेजी के आसार हैं, चांदी के बाजार भी जोरदार उठेंगे।

6 से 11 सितम्बर तक उड़द, मूंग, मसूर, मोठ, अरहर, गुड़, हल्दी, खाण्ड, ऊनी- रेशमी वस्त्र एवं चावलों में विशेष तेजी का झटका आएगा।

11 सितम्बर को राहु आर्द्रा के चतुर्थ चरण में एवं केतु पू.षा. के दूसरे चरण में दाखिल होगा।

नोट करें—आर्द्रा नक्षत्र राहु का नक्षत्र है। अतः मिथुनस्थ राहु का सबसे क्रूर असर आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश होने पर ही शुरू होता है। इस समय तेलवाना (तिलहन) में जोरदार घटाबढ़ी शुरू होती है। गुड़, खाण्ड, तेल, घी, सरसों, एरण्ड, सोया, मूंगफली, बिनौला, रुई, कपास, चांदी एवं सभी अनाज तेज होंगे। यह तेजी 13 सितम्बर तक चलेगी।

13 सितम्बर को सूर्य उ.फा. में प्रविष्ट होगा। सूर्य ग्रह का असर रुई, अलसी, मूंगफली आदि तिलहन, तेल, घी, दालें, मोटे अनाज, सोना, शेयर, हल्दी तथा कालीमिर्च के बाजारों पर अनुभव किया गया है। सिंहस्थ सूर्य सोना, अलसी एवं कालीमिर्च में विशेष तेजी करता है। अतः इस समय रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चांदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंग एवं नील में तेजी बनेगी।

14 सितम्बर को शनिवारी अमावस भी तेजी का संकेत देती है। क्योंकि सूर्य-मंगल का नव-पंचम सम्बन्ध 16 अगस्त से 17 सितम्बर तक रहेगा। वायदा बाजार एवं शेयर बाजार तेज रहेंगे। इसी मध्य 16 सितम्बर के लगभग बुध का हस्त नक्षत्र में प्रवेश गेहूं आदि अनाजों में मन्दी कर सकता है, सावधान रहें।

17 सितम्बर को सूर्यदेव कन्या राशि में आकर शुक्र एवं बुध के साथ मेल करेंगे। इन पर शनि की विशेष दृष्टि भी रहेगी। रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, लालमिर्च एवं सोना-चांदी में जोरदार तेजी का झटका आने पर तुरन्त लाभ लें। क्योंकि 17 सितम्बर को ही शनि भी मार्गी हो रहा है। नोट करें—शनि लगभग 1 मई से 17 सितम्बर तक वक्रगति से चल रहा था। 17 सितम्बर के लगभग ही शुक्र हस्त नक्षत्र में आएगा। अतः रुई, चांदी, चावल, सभी अनाज झटके से मन्दे रहें। गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी घटाबढ़ी चलेगी।

(16 से 18 सितम्बर तक शेयर बाजार मन्दे रहें।)

19 सितम्बर को मंगल उ.फा. में एवं 20 सितम्बर के लगभग बुध का उदय होगा। इस समय वस्त्र, रुई एवं शेयर बाजार मन्दे रहें। गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज रहें।

व्यापारी नोट करें—24 सितम्बर के लगभग बुध चित्रा में आएगा एवं मंगल कन्या राशि में दाखिल होकर सूर्य-बुध एवं शुक्र के साथ एक राशि-सम्बन्ध बनएगा। शनि की इन पर दृष्टि भी है। इस समय देश की राजनैतिक गतिविधि से शेयर बाजार एवं वायदा बाजार प्रभावित होंगे,—सावधान रहें।

हमारे विचार से इस समय रुई एवं चांदी में झटके से तेजी बनेगी। सोना, चांदी, ऊनी-सूती वस्त्र, अलसी, गेहूं, घी, तिलहन, दालें एवं अन्य अनाज तेज रहेंगे।

(24 सितम्बर के लगभग शेयरों में जोरदार उठा-पटक रहेगी।)

25 सितम्बर को गुरु ग्रह ज्येष्ठा नक्षत्र के चतुर्थ चरण में, 27 को सूर्य हस्त में एवं 28 सितम्बर को शुक्र चित्रा नक्षत्र में आकर पहले (25 सितम्बर के लगभग) चांदी में मन्दी एवं अनाजों में घटाबढ़ी करे। फिर गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, जूट, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी, जीरा आदि में तेजी रहे।

29 सितम्बर को बुध तुला राशि में आएगा एवं शुक्र पश्चिम में उदित होगा। चांदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, घी, खाण्ड मन्दे रहें। सूत, सण, सोना, चांदी, अफीम, तिल, चावल तेज रहेंगे।

लेकिन 28 सितम्बर को शनिवारी अमावस भी वायदा एवं हाजर बाजारों में 30 सितम्बर (मासान्त) तक तेजी से लाभप्रद रहेगी।

(24 से मासान्त तक शेयर बाजार तेज रहें।)

अक्तूबर (सन् 2019 ई.)

आश्विन शुक्ल तृतीया, 1 अक्तूबर को मंगलवार होने से भी अनाज, दालवाना, सोना आदि में तेजी का संकेत मिलता है। कहीं अग्निकाण्ड आदि से हानि भी सम्भव है—

"आश्विनेहि तृतीयायां भौमवारो यदा भवेत्।
तदात्वग्नि:प्रबलो भूम्यामन्नादीनां महर्घता॥"

अत: मासारम्भ में शेयर बाजार एवं वायदा बाजार तेज रहें। **3 अक्तूबर को शुक्र तुला राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा।**

शुक्र विशेषत: कपास, रुई, पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड, तिलहन, घी, चांदी आदि के बाजारों को प्रभावित करता है। **शुक्र एवं बुध जब अकेले साथ होते हैं तो बाजारों में मन्दी का वातावरण बना देते हैं। यदि मन्दी का ट्रैण्ड बने तो जोरदार मन्दी का धमाका लाता है। कदाचित् तेजी का ट्रैण्ड चले तो शुक्र साधारण तेजी करता है।**

हमारे विचार से सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, रुई, अफीम में तेजी के बाद मन्दी बनेगी।

3 से 6 अक्तूबर तक बाजार अनिश्चित रहेंगे।

7 अक्तूबर के लगभग शनि पू.षा. के तृतीय चरण में आएगा। तिलहन, घी एवं दालवाना व्यापार को शनि विशेष रूप से प्रभावित करेगा। इन दिनों हमारे विचार से कपास, जीरा, सरसों, जौ, ज्वार, घी, बाजरा में तेजी से उत्तम लाभ प्राप्त होगा। क्योंकि इस समय राहु भी शनि को पूर्णतया प्रभावित कर रहा है।

9 अक्तूबर के लगभग शुक्र स्वाती नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। स्वाती नक्षत्र शुक्र का निजी नक्षत्र है। यह योग अचानक बाजारों में मन्दी ला सकता है, सावधान रहें। 11 दिन में गुड़, खाण्ड में कुछ तेजी एवं अनाजों में मन्दी का वातावरण बनाएगा।

10 अक्तूबर को हस्त नक्षत्र में मंगल का प्रवेश होगा। सूर्य-मंगल दोनों क्रूर हैं। शनि की इन पर विशेष दृष्टि भी है। कन्या राशि का मंगल खासतौर पर रुई, कपास, चांदी, सोना, तेल, तिलहन, घी, दालें, बाजरा आदि में तेजी करता है। यहां सूर्य का सन्निकर्ष एवं शनि की दृष्टि विशेष तेजी करेगी। उल्लिखित वस्तुओं एवं गुड़, खाण्ड, नमक के व्यापारी तेजी से अच्छा लाभ ले सकते हैं।

11 अक्तूबर को सूर्य चित्रा नक्षत्र में आकर प्रत्येक वायदा बाजार और हाजिर बाजारों को प्रभावित करेगा। **शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध इस समय वायदा बाजार एवं शेयर बाजारों में भयंकर उलटफेर करेगा, सावधान रहें।** हमारे विचार से 15 दिन में रुई, सोना, चांदी, मोती आदि रत्न; गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर, दालें, मसाले, लालमिर्च, घी, तिलहन में तेजी का झटका आ सकता है, सावधानी से तुरन्त लाभ लें।

नोट—जिस प्रकार राहु एवं शनि का बाजारों पर एक-सा प्रभाव पड़ता है, उसी प्रकार सूर्य-मंगल के एक साथ होने का प्रभाव अनुभव किया गया है। यह 11 अक्तूबर वाली तेजी 12 अक्तूबर तक चलेगी।

13 अक्तूबर को बुध विशाखा नक्षत्र में आकर बाजारों का रुख बदल सकता है। हमारे अनुभव के अनुसार सभी अनाज, दालें एवं रुई में विशेष मन्दी का झटका आ सकता है। यह उठा-पटक 16 अक्तूबर तक रहेगी।

17/18 अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में प्रविष्ट होकर बुध एवं शुक्र के साथ एक-राशि सम्बन्ध बनाएगा। **इस समय भी शनि-मंगल का परस्पर दृष्टि सम्बन्ध चल रहा है। यह योग वायदा एवं हाजर बाजारों में तेजी मन्दी के रिएक्शन लाएगा। इस समय नीच राशिस्थ सूर्य पहले तेजी, फिर मन्दी करेगा।** लेकिन ध्यान रहे कि—सूर्य का बुध-शुक्र के साथ मेल है, अत: तेजी का अच्छा झटका आएगा, तुरन्त लाभ लें।

"एकराशिं गताह्येते सौम्य-शुक्र-दिनाधिपा:।
सर्वधान्य महर्घत्वं तथा भयविवर्धना:॥"

17 अक्तूबर को बृहस्पति भी ज्येष्ठा नक्षत्र के चौथे चरण में आकर बाजारों में झटके के साथ मन्दी करेगा। अत: इस समय अनाज कुछ तेज रहेंगे। सोना, चांदी, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग में अच्छा मन्दा रहेगा। 19 अक्तूबर तक बाजार अस्थिर रहेंगे।

20 अक्तूबर के लगभग शुक्र के विशाखा नक्षत्र में आने पर बाजारों में खरीद-फरोख्त बढ़ेगी। विशेषत: गुड़, खाण्ड, घी, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, चांदी के बाजारों में जोरदार तेजी आ सकती है, सावधान रहें।

22 अक्तूबर के लगभग मंगल के उदित होने पर 5 दिन में रुई, उड़द, तिल, तेल एवं अलसी तेज रहें। अनाज मन्दे रहें।

23 अक्तूबर को बुध वृश्चिक राशि में आकर बृहस्पति के साथ एक राशि-सम्बन्ध बनाएगा। जब शुक्र या गुरु के साथ बुध का मेल होता है तो बुध शुभ माना जाता है। यद्यपि मंगल की राशि में बुध तेल, पाट, बारदाना व कुछ अन्य बाजारों में तेजी करता है। परन्तु गुरु का साथ घी, तेल, तिलहन, सरसों, रुई और चांदी में साधारण तेजी करेगा। अनाजों में मन्दे का रुख रहेगा।

24 अक्तूबर को सूर्य स्वाती नक्षत्र में आकर रुई, सूत, सण, रेशम, कपड़ा, सोना, चांदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गल, घी में तेजी का झटका लाएगा।

नोट—23 से 28 अक्तूबर के मध्य शेयर बाजारों में अच्छी तेजी का झटका आएगा।

28 अक्तूबर को शुक्र भी वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा। इस प्रकार बुध-गुरु एवं शुक्र ये तीनों वृश्चिक राशि में हैं। **इस समय शेयर बाजार में भयंकर तेजी या जोरदार मन्दा बनेगा—समझ से काम करें।** इस समय रुई, चांदी, अफीम में पहले मन्दी, पीछे तेजी बनेगी। गुड़ में घटाबढ़ी, गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा आदि अनाज मन्दे हों। अलसी तेज।

नोट—चूंकि 28 अक्तूबर को गुरु (शुभ ग्रह) के साथ शुक्र-बुध का मेल हुआ है। अत: हमें इन दिनों वायदा एवं हाजर बाजारों में जोरदार गिरावट मालूम देती है।

30 अक्तूबर को शुक्र अनुराधा नक्षत्र में आकर गुड़, खाण्ड, चावल एवं नमक आदि में मन्दा करे।

31 अक्तूबर को चित्रा नक्षत्र का मंगल 12 दिन में गेहूं, चावल, चना, सोना, चांदी, तांबा, पीतल तेज करेगा, क्योंकि मंगल पर शनि की दृष्टि भी है।

(28 अक्तूबर से मासान्त तक मन्दे का विचार रखें।)

नवम्बर (सन् 2019 ई.)

मासारम्भ में सटोरियों की अफवाहों से बाजार तेजी की तरफ रहेंगे।

4 नवम्बर को गुरु मूल नक्षत्र के प्रथम चरण में एवं धनु राशि में दाखिल होगा। इस समय धनु राशि में शनि केतु भी हैं एवं इन सब पर मंगल की विशेष दृष्टि भी है। यह योग वायदा एवं हाजर बाजारों में धमाके की मन्दी कर सकता है। —सावधान रहें। हमारे विचार से गुड़, खाण्ड, शक्कर की उपज अधिक होने की अफवाह से गुड़ आदि में भारी मन्दी की सम्भावना भूल होगी। क्योंकि गुरु-शनि योग है। अत: गुड़ादि तेज ही रहेंगे। कुलथ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, सोना, चांदी, नमक, गेहूं आदि अनाज, पाट, सण, तिल, तेल, घी, पीतल, लोहा, तांबा, कांसी, सिक्का आदि मन्दे हों।

नोट—इस मास में प्राकृतिक प्रकोप (कहीं सूखा कहीं अग्निकाण्ड आदि) से फसलों एवं जनधन की हानि होगी, जिससे महंगाई होगी एवं स्टॉकिस्ट लाभ लेने की चेष्टा में रहेंगे। क्योंकि शनि-गुरु की एक राशि में स्थिति शुभ नहीं—

**"यदा जीवयुतो मन्दोजीवाद्वा सप्तमे स्थित:।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूयश्चान्न-परिक्षय:॥"**

5 नवम्बर को बुध पश्चिम में अस्त होगा। इस समय बाजार का रुख पलट सकता है। **6 नवम्बर को सूर्य विशाखा नक्षत्र में** आएगा। सूर्य रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, सरसों, कपास, अनाज, सोना, चांदी, शेयर बाजार, हल्दी तथा कालीमिर्च के बाजारों को प्रभावित करता है। **सूर्य एवं वक्री बुध 7 नवम्बर को एकत्र होंगे। ये भी तेजीकारक हैं।** तेजड़िये तेजी से लाभ लेंगे।

(7 से 11 नवम्बर तक बाजारों में अच्छी तेजी के झटके आयेंगे।)

अब विस्तार से—

10 नवम्बर को मंगल ग्रह तुला राशि में आकर लगभग 14 नवम्बर तक सूर्य-बुध के साथ एक राशि में ही रहेंगे। यह योग वायदा एवं हाजर बाजारों में भयंकर तेजी

करेगा। सावधानी से काम करें। **बुध बालग्रह है। जब यह सूर्य के साथ मेल करता है तो चल रही तेजी-मन्दी की रफ्तार को और बढ़ा देता है। सूर्य फसलों को जन्म देता है। मंगल सूर्य के साथ फसलों को पकाता है। लेकिन ये सब तेजी का संकेत देते हैं।** हमारे विचार से ये ग्रहस्थिति रुई, कपास, सूत, सण, पाट, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाज, घी, तेल, तिलहन, सोना, चांदी, तांबा में अच्छी तेजी करेगी।

13 नवम्बर को राहु आर्द्रा नक्षत्र के तीसरे चरण में एवं केतु पू.भा. के प्रथम चरण में प्रविष्ट होंगे। **मिथुन राशिस्थ राहु पर शनि-गुरु-केतु की दृष्टि भी है।**

व्यापारी नोट करें कि—**इस समय तेजड़िये तेजी खेलकर तुरन्त लाभ लें, अन्यथा हानि में रहेंगे।** मोटे अनाज, दालें, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, सोया आदि तिलहन व रुई में जोरदार तेजी आकर मन्दा बनेगा। **स्टॉकिस्ट पहले ही स्टॉक करें और इस समय तेजी से तुरन्त लाभ लें।**

15 नवम्बर को वक्री बुध स्वाती में आएगा, यहां बाजार धड़ाम से नीचे जा सकते हैं। रुई आदि के व्यापारी स्टॉक करें।

17 नवम्बर को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर लगभग 21 नवम्बर तक शुक्र के साथ मेल करेगा। इस समय रुई, चांदी, सोना, तांबा, पीतल, लोहा, लालमिर्च, मसाले एवं कस्तूरी, ऊनी वस्त्रों में तेजी रहेगी।

18 नवम्बर के लगभग बुध पूर्व में उदित होगा। बाजारों का रुख अचानक बदल सकता है, सावधानी से काम करें।

20 नवम्बर को सूर्य अनुराधा में एवं मंगल स्वाती में प्रविष्ट होंगे। इस समय जौ, चना आदि अनाज, तिलहन, घी, ऊन व सोना, चांदी में तेजी बनेगी।

21 नवम्बर को शुक्र मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आकर गुरु-शनि एवं केतु के साथ एक राशि-सम्बन्ध बना लेगा। इस समय गेहूं, जौ, चना आदि अन्न; चांदी, सोना, तांबा आदि धातु एवं शेयर बाजार भी तेज रहेंगे। रुई में तेजी के बाद मन्दी बने। 21 नवम्बर के लगभग ही गुरु मूल नक्षत्र के दूसरे चरण में आकर कुलथ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा एवं सोना, चांदी में मन्दी करे। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बने।

26 नवम्बर को बुध विशाखा नक्षत्र में प्रवेश करके अनाजों में मन्दी कर सकता है, रुई के भाव में उठा-पटक रहे।

नोट—बुध का मेल इस समय मंगल के साथ होने से 26 नवम्बर के बाजार तेज भी रह सकते हैं, अतः सावधान रहें।

26 नवम्बर को शनि पू.षा. के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेगा। इस समय शुक्र-गुरु एवं केतु के साथ शनि का मेल है। शनि ग्रह का सीधा सम्बन्ध रुई, मूंगफली, अलसी, एरण्ड, बिनौला आदि की फसल व पैदावार से है। इस समय फसल खराब होने की अफवाह से बाजारों में तेजी बनेगी।

अनाज, दालें, जीरा, तिलहन, तेल, घी, जौ, ज्वार, बाजरा आदि तेज रहेंगे। मासान्त तक गुरु-शुक्र-राहु एवं शनि की पोजीशन बाजारों में तेजी का ही संकेत देती है।

दिसम्बर (सन् 2019 ई.)

मासारम्भ से पूर्व ही शनि-गुरु-शुक्र एवं केतु—ये चारों ग्रह धनु राशि में चल रहे हैं। विश्व में प्राकृतिक आपदा एवं राजनैतिक व्यवस्था किंवा चीन आदि की विस्तारवादी नीति, सीमातिक्रमण आदि से वातावरण बिगड़ेगा, जिससे व्यापार क्षेत्र प्रभावित होगा। अतः इस मास में वायदा व्यापारी सावधान रहें।

1 दिसम्बर को शुक्र पू.षा. नक्षत्र में आकर मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, नमक आदि में झटके से मन्दी ला सकता है, स्टॉक करें।

3 दिसम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का सूर्य सोना, चांदी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेजी करेगा, लेकिन रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी।

5 दिसम्बर को बुध वृश्चिक राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। यद्यपि वृश्चिक राशि का बुध मन्दे का संकेत देता है, लेकिन जब बुध का सूर्य के साथ मेल होता है, तो बुध तेजीकारक हो जाता है, ऐसा अनुभव है। अतः यहां मन्दी की उम्मीद होने पर भी तेजी से लाभ मिलेगा। घी, तेल, सरसों, तोड़िया, मूंगफली आदि तिलहन,

चावल, दालें, गुड़, खाण्ड एवं रुई में तेजी बनेगी। सोना एवं चांदी में भी उठा-पटक के बाद तेजी रहे।

6 दिसम्बर को गुरु मूल 3 में आएगा। कुलथ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, सोना, चांदी मन्दे होंगे। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी रहे।

7 दिसम्बर के लगभग बुध जब अनुराधा नक्षत्र में प्रवेश करेगा, तब बाजारों में स्थिरता अनुभव होगी। रुई, सूत, सण, सोना, चांदी में मन्दी या स्थिरता रहे। अनाजों के भाव भी सम रहेंगे।

7 से लगभग 9 दिसम्बर तक बाजारों में उठा-पटक रहेगी। आगे बाजार लाइन पर आएंगे।

10 दिसम्बर को मंगल विशाखा नक्षत्र में आएगा। परिणामस्वरूप रुई, दालबाना, तिलहन, घी, दालें, मोटे अनाज, रुई, कपास एवं वस्त्र तेज रहेंगे।

11 दिसम्बर को ये तेजी अच्छी फल सकती है।

12 दिसम्बर को शुक्र उ.षा. नक्षत्र में आकर गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड, घी एवं तिलहन में मन्दे का झटका ला सकता है। क्योंकि शुक्र, शनि, केतु; गुरु के साथ हैं, अत: अनाजों में तेजी एवं रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी।

15 दिसम्बर को शुक्र, मित्र ग्रह शनि की राशि मकर में दाखिल होगा। इस समय शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि भी रहेगी। अकेला शुक्र कभी-कभी अच्छी मन्दी करता है। शुक्र गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन एवं चांदी के बाजारों को विशेष रूप से प्रभावित करता है।

इस समय शुक्र पर मंगल की खास दृष्टि होने से शेयर बाजारों में तेजी, अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन, गेहूं, चना आदि सभी अनाजों एवं रुई, चांदी में तेजी रहे, फिर भी बाजार का रुख देखकर व्यापार बढ़ाएं।

16 दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में दाखिल होकर शनि-गुरु एवं केतु के साथ एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। इस प्रकार चार ग्रहों का एकत्र होना व्यापार में उठा-पटक करेगा, सावधानी से काम करें।

इस समय रुई, कपास, सूत, सोना, चांदी, अलसी, तिल, तेल, घी में तेजी बने। अनाजों में कुछ मन्दी रहे।

ध्यान दें—16 दिसम्बर को ही बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आकर घी, गुड़, खाण्ड एवं चावलों में तेजीकारक ही रहेगा।

नोट—16 दिसम्बर के लगभग वायदा एवं हाजर के व्यापारी सावधानी से काम करें। क्योंकि इसी दिन के लगभग धनु राशिस्थ गुरु भी अस्त हो रहा है।

(इस समय 15/16 दिसम्बर को शेयर बाजार तेज रहेंगे। वायदा बाजार भी तेज रहें। सोना, चांदी में मन्दी का झटका आए।)

17 दिसम्बर के लगभग बुध भी पूर्व में अस्त होगा। यह ग्रहस्थिति भी बाजारों में जोरदार घटाबढ़ी करेगी। इस समय अनाज, घी, कपास, तेल, तिलहन, दालें मन्दी रहें। रुई में घटाबढ़ी, पहले तेज, फिर मन्दी, अन्त में फिर तेजी बनेगी। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे।

20 दिसम्बर को गुरु मूल नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। यह बाजारों में अचानक मन्दी कर सकता है। कुलथ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, सोना, चांदी में मन्दा बने। रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी ही रहे। तेजी-मन्दी का सिलसिला लगभग 24/25 दिसम्बर तक चलेगा।

25 दिसम्बर को बुध मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आकर सूर्य-शनि-गुरु-केतु के साथ पंचग्रही योग बनाता है। जलवायु विचार से एवं राजनैतिक दृष्टि से यह समय व्यापारियों को संभलकर कार्य करने का है। रुई, कपास, सूत, चांदी, दालों में मन्दे की उम्मीद होने पर भी तेजी बनेगी।

25 दिसम्बर को मंगल भी वृश्चिक राशि में दाखिल होकर गुड़, रुई, सोना, चांदी आदि धातु एवं घी, तेल, तिलहन आदि सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी करेगा।

27 दिसम्बर को शनि उ.षा. के प्रथम चरण में आकर लगभग अस्त होने को है। अत: रुई, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ, दाख, छुहारा, दालें, अलसी, सरसों आदि तिलहन, घी, तेल, सोना, चांदी, ऊनी वस्त्र, नमक, चावल, गेहूं, चना, जौ, कपास, रुई,

सूत, वस्त्र के व्यापारी तेजी से लाभ लें।

(शेयर बाजारों में 25/26/27 दिसम्बर को जोरदार उठा-पटक या मन्दी अथवा तेजी आएगी, सावधान रहें। हमारे विचार से तेजी बनेगी।)

29 दिसम्बर को पू.षा. नक्षत्र का सूर्य 14 दिन में तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, अलसी, हल्दी, गुग्गल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सण एवं चांदी में तेजी से लाभ देगा।

30/31 दिसम्बर के लगभग मंगल अनुराधा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। रुई, कपास, गेहूं, लालमिर्च, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड में अच्छी तेजी का झटका आएगा। तुरन्त लाभ लें।

(शेयर बाजार मासान्त में तेज रहें।)

जनवरी (सन् 2020 ई.)

नोट—मासारम्भ से पहले ही तेजी से नफा बुक कर लें, ग्रहगोचर के अनुसार जल्दी ही झटके की मन्दी से हानि उठानी पड़े। मासारम्भ में यदि मन्दी आए, तो माल स्टॉक करें, आगे उत्तम लाभ मिलेगा। लेकिन ग्रहस्थिति अभी तेजीकारक ही है।

2 जनवरी के लगभग बुध पू.षा. नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। इस समय बुध-सूर्य-शनि-गुरु एवं केतु—ये सब धनु राशि में हैं। सूर्य भी पू.षा. नक्षत्र में आ चुका है। इस प्रकार बुध-सूर्य एक ही नक्षत्र में हैं। अतः इस समय मन्दी की सम्भावना होने पर भी हमें तेजी ही मामूल देती है, अतः सावधान रहें। तिल, तेल, हन्दी, सरसों, बिनौला, गुड़, घी, दालें एवं बाजरा आदि अनाज तेज रहें; हां, इस समय सोना, चांदी में झटके की मन्दी आ सकती है।

3 जनवरी को शुक्र धनिष्ठा नक्षत्र में आएगा। चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चांदी, सोना, रुई एवं कपास में तेजी बनेगी, तुरन्त लाभ लें, क्योंकि 4 जनवरी को गुरु उ.षा. नक्षत्र में आकर रुई, सभी धातुओं एवं अनाजों में मन्दा करेगा।

आगे मन्दा खेलने वाले व्यापारी सावधान रहें, क्योंकि **8 जनवरी को शुक्र ग्रह कुम्भ राशि में आएगा और इस समय शुक्र पर शनि एवं मंगल की विशेष दृष्टि भी होगी।** ऐसी स्थिति में चांदी, सोना, दालबाना, रुई, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा में कुछ मन्दी आकर जोरदार तेजी बनेगी।

(जनवरी 3 को वायदा बाजार मन्दे रहें। 8 से 10 तक तेजी प्रधान रहे।)

लगभग 11 जनवरी को सूर्य एवं बुध दोनों उ.षा. नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे एवं बृहस्पति का उदय भी लगभग इन्हीं दिनों में होगा। इस समय धनु राशि में पंचग्रही योग चल रहा है। अतः उड़द, मूंग, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लालमिर्च, शक्कर, कपास, सरसों, मूंज, पाट तेज रहेंगे। चांदी तेज एवं सोना मन्दा रहे।

12 जनवरी को **बुध मकर राशि** में आकर रुई, सोना, चांदी में झटके की तेजी करेगा, अनाजों के भाव स्थिर रहें।

(12 जनवरी को शेयर बाजार तेज रहें।)

12 से 14 जनवरी तक वायदा एवं हाजर बाजारों में उठा-पटक रहेगी।

15 जनवरी को सूर्यदेव मकर राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। लगभग इसी दिन राहु आर्द्रा नक्षत्र में एवं केतु मूल 4 में दाखिल होगा। लगभग 14 जनवरी को शुक्र शतभिषा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। यह योग भयंकर तेजी का है, नोट कर लें। घी, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, रुई, चावल, सोना, चांदी तेज रहें।

नोट करें कि—राहु के आर्द्रा नक्षत्र में दाखिल होने से पहले यदि बाजार मन्दे हों, तो स्टॉक भरपूर करें; आर्द्रा नक्षत्र में आने पर उत्तम लाभ मिलेगा, क्योंकि इस समय राहु पर मंगल-शनि की दृष्टि भी है।

(इन दिनों शेयर मार्किट में जोरदार तेजी-मन्दी के रिएक्शन आयेंगे।)

उपरोक्त ग्रहस्थिति के फलस्वरूप घी, तेल, अलसी, सरसों, तारामीरा, बिनौला, रुई, गुड़, शक्कर, खाण्ड, गेहूं, चावल, जौ, बाजरा, मूंग, मोठ, कपास तेज रहें। सोना, चांदी भी तेज रहें।

15 से 17 जनवरी तक बाजारों में अच्छे तेजी के झटके आएंगे, लाभ लें।

18 जनवरी को गुरु पू.षा. के दूसरे चरण में आकर रुई एवं सारी धातुओं में

मन्दी का झटका ला सकता है, सावधान रहें।

19 जनवरी के लगभग बुध श्रवण नक्षत्र में एवं मंगल ज्येष्ठा में आकर रुई और चांदी में घटाबढ़ी, गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावल में तेजी कर सकते हैं। अफीम में भी तेजी रहेगी।

नोट—19 से 23 जनवरी तक बाजारों में उठा-पटक रहेगी। वायदा व्यापारी तेजी में मन्दी एवं मन्दी में तेजी खेलकर लाभ लेते रहें।

24 जनवरी को सूर्य श्रवण नक्षत्र में आएगा। ठीक इसी दिन (24 जनवरी, सन् 2020 ई. को) शनि भी उ.षा. द्वितीय चरण में आकर मकर राशि में आएगा। यह योग विशेषरूप से नोट कर लें। मकर राशि का शनि देश में अघटित घटना को जन्म दे सकता है, जिससे शेयर बाजार एवं हाजर-वायदा बाजारों में जोरदार घटाबढ़ी हो सकती है, सावधानी से काम करें। वैसे शास्त्रानुसार इस समय गेहूं, जौ, चावल आदि सभी अनाज, रुई, कपास, सूत, सण, सोना, चांदी, तांबा, जिंक, लोहा, गुड़, खाण्ड, सुपारी, लौंग, चन्दन, मजीठ, दाख, छुआरे एवं घी, तेल, तिलहन में इस समय जोरदार तेजी सम्भव है।

(शनि-सूर्य-बुध का मकर राशि में एक साथ आना 24/25 जनवरी के लगभग शेयर बाजारों में ऐतिहासिक उठा-पटक करे।)

25 जनवरी के लगभग शुक्र पू.भा. में एवं 26 जनवरी के लगभग बुध धनिष्ठा में आकर चावल, दालबाना में तेजी-मन्दी के झटके लाएगा। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी। सोना, चांदी में तेजी के बाद मन्दी रहे।

29 जनवरी के लगभग बुध के उदित होने पर शेयर बाजार मन्दे होंगे। गुड़, खाण्ड, घी तेज रहें।

30/31 जनवरी के लगभग बुध कुम्भ राशि में आएगा। इस समय कुम्भस्थ बुध पर मंगल की दृष्टि होने से तेजी का ही संकेत मिलता है। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, रुई, अलसी, तिलहन एवं चांदी में तेजी से लाभ मिलेगा। तुरन्त लाभ लें, आगे अचानक मन्दी आ सकती है।

फरवरी (सन् 2020 ई.)

मासारम्भ में ही शनि की पोजीशन के मुताबिक व्यापार में भारी उथल-पुथल होगी। रुई, शेयर बाजार, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली में मन्दी बने। 1 फरवरी को मकरराशिस्थ शनि उदित होगा।

2 फरवरी को शुक्र मीन राशि में आकर शनि की नजर में आ जाएगा। इसी दिन के लगभग गुरु पू.षा. के तीसरे चरण में दाखिल होगा। बहुत सावधानी से व्यापार बढ़ाएं। क्योंकि अकेला शुक्र चांदी में पहले साधारण मन्दी करता है, लेकिन यहां शनि की शुक्र पर दृष्टि होने से हमें धमाके की तेजी मालूम देती है।

लोहा, सीसा, रांगा, चावल, खाण्ड, अनाज, सरसों, तेल, तिलहन, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड में उठा-पटक रहे। तेजी प्रधान रहेगी। सोना, चांदी में मन्दी का झटका आकर तेजी हो।

3/4 फरवरी को बुध शतभिषा में आकर सोना, चांदी में मन्दी, अनाजों में तेजी करे। **(4 फरवरी के लगभग शेयर बाजारों में उछाला आने की उम्मीद है।)**

5 फरवरी को उ.भा. में शुक्र एवं 6 फरवरी को धनिष्ठा नक्षत्र में सूर्य के आने पर बाजार तेजी की तरफ बढ़ेंगे।

सोना, चांदी, मोती आदि जवाहरात, मूंग, मसूर, गेहूं आदि अनाज, अलसी, रुई, तिलहन तेज हों।

7 फरवरी को मंगल ग्रह मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में दाखिल होगा। मंगल, भौम होने से पृथ्वी से उपजने वाली प्रत्येक उपज से सम्बन्ध रखता है। मौसम हवा वर्षा पानी पर प्रभाव प्रत्यक्ष है। तेल, तिलहन, रुई, कपास, जूट, चांदी, सोना तथा शेयर बाजारों पर मंगल का प्रभाव प्रत्यक्ष अनुभव किया गया है। इस समय चावल, चना, जौ, मूंग, तांबा, चांदी, सोना एवं रुई में तेजी या मन्दी हो। **क्योंकि मंगल धनु राशि में गुरु के साथ मेल करता है, अतः हमें इस समय सभी बाजारों में तेजी की जगह मन्दी मालूम देती है। बाजार के रुख को देखकर काम करें।** यद्यपि धनुस्थ मंगल तेजी करता है फिर भी हमें बाजार मन्दे नजर आते हैं।

(7 फरवरी के लगभग शेयर बाजार तेज रहेंगे।)

14 जनवरी, 2020 ई. से 12 फरवरी तक शनि-सूर्य का मकर में रहना प्राकृतिक आपदा, राजनैतिक विप्लव एवं सीमा प्रान्तों पर अशान्ति रहने से व्यापार में भारी उठा-पटक रहेगी, सावधान रहें।

13 फरवरी को सूर्य कुम्भ राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इस समय मंगल एवं शनि की शुक्र पर दृष्टि भी है। यद्यपि कुम्भ का सूर्य कभी-कभी बाजारों में मन्दी करता है, फिर भी यहां बुधादित्य योग तेजीकारक ही है। घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली, अलसी, एरण्ड आदि तिलहन, रुई, पाट, गेहूं आदि अनाज एवं गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी तेजी ही रहे।

13 से 16 फरवरी तक वायदा एवं हाजर बाजारों में उत्तम-मध्यम रूप से तेजी प्रधान रहेगी।

17 फरवरी को बुध वक्री होगा। शनि की राशि में सूर्य-बुध की स्थिति राजनेताओं के लिए विषम रहेगी। व्यापार एवं शेयर बाजार प्रभावित होंगे। गुड़, शक्कर, दालें, घी, तेल तेज होंगे एवं अलसी, सरसों में मन्दी सम्भव है।

नोट—कदाचित् बुध के वक्री होने पर बाजार पलट जाएं, तो विचारपूर्वक स्टॉक या वायदा खेलें, क्योंकि यहां एक लाइन में बाजार नहीं चलेगा। क्योंकि ठीक इसी दिन 17 तारीख (फरवरी) के लगभग ही शुक्र रेवती नक्षत्र में दाखिल होगा। यह मन्दीकारक है। रुई, कपास, चांदी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं जवाहरात मन्दे हों।

18 फरवरी को गुरु पू.षा. के चतुर्थ चरण में आकर बाजारों में मन्दी ही करेगा। रुई, सोना, चांदी, तांबा, लोहा, सीसा, जिंक एवं अनाजों में मन्दे का ही वातावरण रहे।

(17, 18 फरवरी के लगभग शेयरों में जोरदार तेजी या मन्दी बनेगी, बहुत समझ से काम करें। हमारा विचार तेजी का है।)

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा नक्षत्र में प्रविष्ट होकर तेजीकारक रहेगा। लेकिन इसी दिन सूर्य के साथ कुम्भ राशि में स्थित बुध पश्चिम में अस्त होकर कुछ बाजारों में मन्दी का संकेत देता है, अतः बाजार के रुख को देखकर काम करें। हमारे विचार से सोना, चांदी, सूत, सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, दाख, छुआरा, जायफल, सोंठ, हल्दी, गेहूं, गुड़, घी में तेजी बनेगी। चांदी में 15/20 टका की शीघ्र मन्दी होगी। **पाट, हैसियन एवं शेयर बाजार मन्दे होंगे।** 21/22 फरवरी तक बाजार प्रायः तेज रहेंगे।

23 फरवरी को शनि उ.षा. नक्षत्र के तीसरे चरण में दाखिल होगा। **शेयर बाजार के व्यापारी एवं स्टॉकिस्ट 17 से 20/22 फरवरी तक माल पकड़ें।** 23 फरवरी से आगे पहले, तीसरे एवं छठे महीने में दोगुना, तीन गुना लाभ होगा। इस समय अनाज, रुई, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ, दाख, छुआरा तेज होंगे। 25 से 26 फरवरी को बाजार ऊपर-नीचे (अस्थिर) रहेंगे।

27 फरवरी को मंगल पू.षा. नक्षत्र में आकर सोना, चांदी, तांबा, चावल, उड़द, घी, दूध, तिल, तेल, सरसों, मूंगफली आदि तिलहन तेज करेगा।

28 फरवरी को शुक्र अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आकर जौ, चना, गेहूं, बाजरा आदि अनाज, घी, सोना, चांदी में अच्छी तेजी करे। गुड़, शक्कर, पाट, बारदाना आदि में घटाबढ़ी के बाद तेजी आए। ऊन, तिल, तेल, अलसी, सरसों, एरण्डी में कुछ मन्दी बने।

(शेयर बाजार मासान्त में तेज रहेंगे।)

नोट—यदि फरवरी के अन्तिम दिनों में अनाजों एवं घी, गुड़ आदि में मन्दी आए, तो माल पकड़ें, आगे मार्च के लगभग तक अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा।

मार्च (सन् 2020 ई.)

मासारम्भ में वायदा एवं हाजर बाजारों में कुछ मन्दी या तेजी रह सकती है। क्योंकि 2 मार्च के लगभग वक्री बुध धनिष्ठा नक्षत्र में दाखिल होगा। **ध्यान दें—**धनिष्ठा नक्षत्र का बुध चावल आदि अनाजों में तेजी, चांदी में मन्दी एवं रुई में घटाबढ़ी करता है। परन्तु यहां सूर्य-बुध का मेल झटके से तेजी भी कर सकता है, अतः सावधान रहें।

लगभग 3 मार्च को बुध का पूर्व में उदय एवं मंगलवार को होलाष्टक का प्रारम्भ होना तेजी का संकेत देता है। सभी अनाज, दालबाना, गुड़, चीनी, घी, तेल, तिलहन में तेजी का वातावरण रहे।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. में आकर सभी बाजारों में अच्छी तेजी करेगा। रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, मक्का, उड़द, चावल, जौ, ज्वार, चना, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़,

खाण्ड, गुग्गल, पिप्पलामूल एवं रुई में अच्छी तेजी बने। तुरन्त लाभ लें।

7 मार्च को गुरु उ.षा. नक्षत्र के प्रथम चरण में आकर गुड़, खाण्ड, घी एवं तेल, तिलहन में झटके की तेजी से लाभ देगा। **नोट—यद्यपि गुरुग्रह मन्दीकारक है, लेकिन यहां मंगल-केतु के साथ गुरु का मेल होने से तेजी ही करेगा, ऐसा विचार है।** फिर भी सावधानी से काम करें। हां, इस समय अनाज कुछ सस्ते रहेंगे।

11 मार्च से पहले ही तेजी से निकल जाने की सलाह है, क्योंकि 9 मार्च के लगभग होलिका दहन के बाद गुड़, चीनी, तेल, तिलहन की खपत कम हो जाने से भी मन्दे का रुख बन सकता है।

11 मार्च के लगभग बुध मार्गी एवं शुक्र भरणी में आएगा। इस समय चन्दन, सुपारी, नारियल, अंगूर, दाखें तेज रहें। रुई में मन्दी के बाद तेजी, चांदी, सोना में भी अच्छी मन्दी के झटके के बाद तेजी रहे। अफीम, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, नारियल एवं लाल चीज़ों में मन्दी रहे। चना, मूंग, मोठ, ज्वार, अरहर में घटाबढ़ी रहे। यह ट्रेंड 13 मार्च तक उठा-पटक वाला रहेगा।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर शनि एवं मंगल की दृष्टि में आ जाता है। तिल, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोना तेज रहेंगे। हरेक जाति के अनाजों में पहले कुछ तेजी के बाद अचानक मन्दी बने। चांदी में स्थिरता के लक्षणों के बाद एकदम तेजी आएगी। 16 मार्च तक बाजारों में तेल, तिलहन, गेहूं, मैदा आदि में उत्तम-मध्यम रूप से तेजी-मन्दी रहेगी।

17 मार्च को व्यापारी नोट कर लें। 17 मार्च को सूर्य उ.भा. नक्षत्र में एवं इसी दिन मंगल उ.षा. नक्षत्र में आएगा। चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, बिनौला, तिलहन, घी, तेल, सरसों, मूंगफली आदि तिलहन तेज रहें। रुई में विशेष तेजी बनेगी।

18 मार्च के लगभग वायदा एवं हाजर के सभी व्यापारी बहुत अच्छी तरह बाजार के रुख को देखकर काम करें, क्योंकि 18 मार्च के लगभग बुध शतभिषा में एवं राहु आर्द्रा नक्षत्र के प्रथम चरण में आकर वायदा बाजारों में जोरदार उठा-पटक बनाएगा। चांदी, सोने में मन्दी का रुख रहे। **इस समय यदि अनाजों में मन्दी हो, तो भरपूर स्टॉक करें। एक/दो मास में तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा।** अनुभव किया गया है, कि—आर्द्रा के राहु में सभी अनाज, अलसी, सरसों, तिल, तेल व सभी तिलहन एवं रुई में प्रायः मन्दी का वातावरण रहता है। **यहां राहु पर गुरु की पूर्ण दृष्टि होने से विशेष मन्दी का झटका आएगा, सावधान रहें।** 21 मार्च (सन् 2020 ई.) तक उत्तम-मध्यम रूप से मन्दी-तेजी के रिएक्शन आयेंगे।

22 मार्च को मंगल शनि की राशि मकर में दाखिल होकर शनि के साथ मेल करेगा। यह योग विश्व की राजनीति को क्षुब्ध करने वाला है। कहीं व्यापक युद्धमय वातावरण बनने से भयंकर तेजी-मन्दी बनेगी, सावधान रहें। इस वक्त रुई, सोना, चांदी, तांबा, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवं ऊन तेज हो। अनाज, दालबाना में भी तेजी सम्भव है। 23 मार्च तक तेजी से लाभ लेकर निकल जाएं। 24 मार्च को शुक्र कृत्तिका नक्षत्र में आकर बाजारों में मन्दी का रुख बना सकता है। हमारे विचार से इस समय जौ, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, मूंगफली, बिनौला, खल, रुई, सूत, ऊन, वस्त्र, चांदी, सोना, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात में मन्दे का रुख रहेगा।

28 मार्च को शुक्र वृष राशि में आकर स्वगृही रहेगा। शुक्र का विशेष प्रभाव रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, तिलहन तथा चांदी के बाजारों पर देखा गया है। क्योंकि अकेला शुक्र मन्दीकारक होता है, अतः यहां घटाबढ़ी से मन्दी करेगा।

29 मार्च को गुरु मकर राशि में दाखिल होगा। ध्यान दें, मकर राशि में शनि-मंगल भी मौजूद हैं। यद्यपि गुरु मन्दी-प्रधान ग्रह है। सभी हाजर बाजारों पर जोरदार घटाबढ़ी करता है। यहां शनि-मंगल का साथ होने पर भी गुरु तेजी को रोक देता है।

मकरस्थ गुरु जलवायु को प्रभावित करता है, कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बने, कहीं राजनैतिक स्थिति से व्यापार प्रभावित होगा।

"मकरे तु गुरौ याते दुर्भिक्षं घोर-दारुणम्।
विग्रहं यान्ति राजानः त्रिमासान्ते शुभं भवेत्॥"

लगभग 31 मार्च को सूर्य रेवती नक्षत्र में आकर शनि-मंगल से दृष्ट भी होगा। सूर्य का प्रभाव रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, अनाज, सोना, शेयर बाजार, हल्दी, कालीमिर्च पर विशेष रहता है। यहां सूर्य पर शनि की नजर होने से मार्च के अन्त में तेजी मालूम देती है।

॥ ॐ शुभं भूयात्॥

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2019 ई. से 24 मार्च, सन् 2020 ई. तक)

जप एवं यन्त्र-मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य-चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य-चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिषग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्टरूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्त-शिरोमणि' में कहा है कि क्रान्तिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाये, तो उसकी वृद्धि होती है— *"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान-जप-होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्॥"* यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2019 ई. से 24 मार्च, सन् 2020 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा.स्टै.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यन्त्र-तन्त्रों का निर्माण एवं मन्त्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि-साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य-चन्द्रग्रहण के पर्वकाल के अलावा मन्त्रादि साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहा-वारुणीपर्व, महावारुणीपर्व और वारुणीपर्व भी महत्त्वपूर्ण माने गये हैं। ये अर्धोदय आदि योग कभी-कभी ही आते हैं।

सावधान—यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिये, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायनसंक्रान्ति-पुण्यकाल (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2019 ई.					
20 जन.	8	5	20 जन.	20	53
18 फर.	22	10	19 फर.	10	58
20 मार्च	21	4	21 मार्च	9	52
20 अप्रै.	8	1	20 अप्रै.	20	49
21 मई	7	4	21 मई	19	52
21 जून	15	0	22 जून	3	48
23 जुला.	1	56	23 जुला.	14	44
23 अग.	9	8	23 अग.	21	56
23 सितं.	6	55	23 सितं.	19	43
23 अक्तू.	16	26	24 अक्तू.	5	14
22 नवं.	14	5	23 नवं.	2	53
21 दिसं.	3	25	21 दिसं.	16	13
सन् 2020 ई.					
20 जन.	14	00	21 जन.	2	48
19 फर.	4	02	19 फर.	16	50
20 मार्च	2	56	20 मार्च	15	44

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भांति निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यन्त्र-मन्त्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2019 ई.					
18 जन.	18	11	19 जन.	7	17
30 जन.	7	25	30 जन.	15	47
12 फर.	20	52	13 फर.	2	54
24 फर.	9	42	24 फर.	14	44
9 मार्च	21	34	10 मार्च	2	40
21 मार्च	21	48	22 मार्च	1	22
3 अप्रैल	23	13	4 अप्रैल	3	00
16 अप्रैल	11	49	16 अप्रैल	16	30
29 अप्रैल	1	36	29 अप्रैल	8	9
11 मई	20	34	12 मई	3	37
23 मई	23	35	24 मई	12	7
14 जुलाई	16	58	15 जुलाई	10	50
28 जुलाई	4	37	28 जुलाई	12	50
8 अगस्त	20	47	9 अगस्त	3	10
22अगस्त	11	42	22 अगस्त	17	19
3 सितं.	6	44	3 सितं.	11	12
16 सितं.	14	53	16 सितं.	19	52
28 सितं.	23	08	29 सितं.	3	07
11 अक्तू.	17	47	11 अक्तू.	22	59
24 अक्तू.	15	25	24 अक्तू.	20	04
सन् 2019-20 ई.					
5 नव.	20	58	6 नव.	03	31
20 नवं.	1	05	20 नवं.	08	30
30 नवं.	23	00	1 दिसं.	11	40
9 जन.	0	13	9 जन.	14	25
20 जन.	23	8	21 जन.	7	31
3 फर.	11	6	3 फर.	17	33
15 फर.	7	14	15 फर.	12	10
28 फर.	15	17	28 फर.	20	25
11 मार्च	21	4	12 मार्च	0	58
24 मार्च	18	20	24 मार्च	23	11

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य-चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किये जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ-समाप्ति काल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ-समाप्तिकाल महापातगणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

ऊपर लिखे अनुसार यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए सूर्य एवं चन्द्र ग्रहणों का पर्वकाल विशेष महत्त्व रखता है। एतदर्थ पृष्ठ ..20 ... देखिये।

वारुणी पर्व (सन् 2019 ई.) (भा.स्टैं.टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
2 अप्रैल	8	38	2 अप्रैल	सूर्यास्त	
सन् 2020 ई.					
22 मार्च	सूर्योदय		22 मार्च	10	8
महावारुणी पर्व (सन् 2020 ई.)					
21 मार्च	19	40	—	—	
महोदय योग (सन् 2019 ई.)					
4 फर.	7	57	4 फर.	सूर्यास्त	

ध्यान रहे—मन्त्रसाधना में उच्चारणादि की शुद्धि परमावश्यक है। उच्चारणादि की अशुद्धि साधक के लिए सुफलप्रद कदापि नहीं होती। मन्त्रोच्चारणादि की अशुद्धि व अनभिज्ञता स्पष्टरूप से वज्रपात-सम घातक (विनाशकारी) मानी गयी है—

"मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥"

अनेक विद्वानों द्वारा अनुभूत यन्त्र-मन्त्र एवं तन्त्रों का चमत्कार (सं. 2076 वि.)

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिये गये मन्त्रों को शुभ मुहूर्त्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़-निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे**—दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्त्वपूर्ण रात्रियों किंवा **'यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों के लिए महत्त्वपूर्ण साधनाकाल'** की उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र-तन्त्रों को सिद्ध करके इनके चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र-मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है—**"सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।"**

मन्त्र ऐसे दिव्य शब्दों का समूह है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्तिपूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इनमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होती है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल-प्रच्छन्न शक्ति होती है—

"मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः॥"

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिक प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्तिसम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्‌भुत शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जोकि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव रखते हैं—**"अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश-प्रतापू॥"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इनमें न्यूनाधिकता न करें।

नोट—मन्त्र का पुरुश्चरण गुरु की देख-रेख में गुप्तरुप से करें। प्रकट होने पर पुरुश्चरण अर्थहीन हो जाता है—**"गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः।"**

कुछ अनुभूत आश्चर्यजनक मन्त्र प्रयोग

स्वप्न में अभीष्ट प्रश्न के सही उत्तर जानने के लिए रुद्रमन्त्र प्रयोग

मन्त्रः—"ॐ नमो भगवते रुद्राय मम कर्णरन्ध्रे प्रविश्य अतीतानागत-वर्तमानं सत्यं ब्रूहि सत्यं ब्रूहि स्वाहा।"

विधि—इस उल्लिखित मन्त्र का दस दिनों में दस-दस हजार जाप करें। अनुष्ठान पूर्ण होने पर दशांश आहुतियां देकर रुद्रदेव को प्रसन्न करें। फिर रात्रि में पवित्रावस्था में कुशासन पर बैठें एवं बायीं तरफ नीचे शयन करें। देवता आपके अभीष्ट प्रश्न का उत्तर स्वप्न में अवश्य देंगे।

स्वप्नेश्वर मन्त्र-प्रयोग

मन्त्रः—"ॐ नमो सकललोकाय विष्णवे प्रभविष्णवे विश्वाय विश्वरूपाय स्वप्नाधिपतये नमः।"

विधि—गुड़ाकेश (निद्रापति) श्री विष्णुभगवान् का ध्यान करके उल्लिखित मन्त्र का 1000 (एक हजार) बार जाप करें। फिर पूर्व की ओर सिर करके दाहिनी करवट लेट जायें। स्वप्न में प्रश्न का उत्तर सही मिलेगा।

स्वप्न में इच्छित-कार्य का उत्तर पाने के लिए स्वप्नेश्वरी देवी का मन्त्र

मन्त्रः—"ॐ क्षां क्षीं क्षें क्षुं क्षौं क्षः भगवति मम सर्वनिमित्त-ज्ञान-

ठः ठः नमः॥"

विधि—इस मन्त्र का जाप शुभ मुहूर्त में अर्धरात्रि में प्रारम्भ करें। अर्धरात्रि में 11 माला प्रतिदिन धूप-दीप-नैवेद्यादि-सहित पूर्ण विधि, विश्वास एवं श्रद्धा से करें। सरस्वती माता का ध्यान करके पाठ शुरु करें। ऐसा कुछ दिन करने पर देवी इच्छित कार्य का उत्तर स्वप्न में ही बता देती है, यह अनुभूत है।

व्यापार में शीघ्र लाभ हो

व्यापार में शीघ्र लाभार्थ निम्नांकित मन्त्र का विधि-विधानपूर्वक जाप करने से पूर्वजन्मार्जित अशुभ कर्मों की शान्ति होने पर उत्तम लाभ होगा;—यह अनेकदा अनुभूत है।

मन्त्रः—"ॐ नमो भगवति चाण्डालिनि मम नगर-प्रवेशं शुभदं कल्याणप्रदं कुरु, नर-नारी-महीपति-आबाल-गोपाल-जनान् वश्यं कुरु कुरु, ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं हः फट् स्वाहा।"

विधि—इस मन्त्र से कांटे (शूल) पर 21 बार पढ़कर फूंक मारे और क्षीर वृक्ष (दूध वाले वृक्ष) के तने या पत्ते पर अभिमन्त्रित कांटे को चुभा दें। अपने इष्टदेव का ध्यान करके बायां पैर 3 बार आगे बढ़ाकर यात्रा करें, तो मान-सम्मान एवं प्रचुर मात्रा में व्यापार में अर्थलाभ होगा।

नगर ग्राम किंवा शहर विशेष से लाभ-प्राप्त्यर्थ मन्त्र

मन्त्रः—"गच्छ गौतम शीघ्र त्वं ग्रामेषु नगरेषु च। आसनं वसनं चैव—ताम्बूलं यज कल्पयेत्॥"

विधि—इस मन्त्र को हरी दूब (दूर्वा) पर पूर्वाभिमुख होकर 7 बार अभिमन्त्रित करके (फूंक मारकर) मुख से "श्री गौतम ऋषि" को न्योता (आमन्त्रण) है"—ऐसा उच्चारण करे। अभिमन्त्रित दूब को अपनी पगड़ी, टोपी या अपनी पॉकेट में सुरक्षित रखें, फिर ग्राम, नगर में प्रवेश करें, तो व्यापार में पूर्ण लाभ, मान-प्रतिष्ठा प्राप्त हो;—यह अनेक विद्वानों द्वारा अनेकदा परीक्षित है।

रोजी (नौकरी) मिले एवं धन-धान्य वृद्धि के लिए मन्त्र

मन्त्रः—"ॐ नमो भगवति पद्मावति सर्वजनमोहिनि सर्वकार्य-करणी मम विकट संकटहरणी मम मनोरथ पूरिणि, मम चिन्तापूरिणि ॐ नमो, ॐ पद्मावति नमः स्वाहा।"

विधि—प्रातः सायं कम्बल आसन पर बैठकर धूप-दीप करके उल्लिखित मन्त्र की एक-एक माला जाप करें। केसर या लाल चन्दन से भोजपत्र या गंगाजल से शुद्ध वस्त्र पर पंचदशी यन्त्र लिखकर मन्त्र जाप के समय सामने रखें। धूप-दीप-नैवेद्य से पूजन करें। साधक कुछ ही दिनों में सुख-शान्तिपूर्वक आजीविका प्राप्त कर लेगा। सुख-शान्ति एवं धन-धान्य समृद्धि होगी।

स्वप्न में प्रश्नोत्तर-ज्ञानार्थ 'योजन-गन्धा योगिनी' मन्त्र प्रयोग

मन्त्रः—"योजनगन्धा योगिनी ऋद्धि-सिद्धि में भरपूर। मैं आयो तोय जांचणे करिओ कारज जरूर॥"

विधान—सवा सेर गेहूं का आटा, अढ़ाई पाव घी, अढ़ाई पाव खाण्ड—ये सब मिलाकर भून लें। शनिवार के दिन सूर्योदय से पहले (निराहार स्थिति में) जंगल में जाकर चींटियों के बिल में थोड़ा-थोड़ा कसार गिराता जाये और साथ ही उल्लिखित मन्त्र जाप करता जाये। मन्त्रजाप करते समय एकान्त (जंगल) में घूमता रहे। मध्याह्न ढलने पर जब थक जाये, तो किसी वृक्ष के नीचे विश्राम करें। उस समय निद्रावस्था में एकाकी स्त्री या पुरुष सामने आयेगा और साधक को अभीष्ट प्रश्न का उत्तर देगा।—यह चार प्रहर का प्रयोग निराहार व्रत रखकर ही करें।

इस मन्त्र के प्रयोग से पहले दिन ही प्रश्न का उत्तर मिलने लगेगा;—इसमें सन्देह नहीं। यह विधान कई दिनों तक लगातार करने पर मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। भोजन घर आकर रात्रि में करें।

कर्णपिशाचिनी सिद्धि

ध्यान दें—निम्नांकित गुह्य मन्त्र का जाप कृष्णपक्ष की चतुर्दशी से प्रारम्भ

करें। किसी एकान्त किंवा मन्दिर में बैठकर सवा लाख मन्त्र का जाप दक्षिणाभिमुख होकर करें। सवा लाख मन्त्र जाप पूरा होने पर दशांश होम करें। ऐसा कर लेने पर स्वतः भूत-भविष्यत् एवं वर्तमान का वर्णन कान में प्रत्यक्षवत् अनुभव होने लगेगा।

मन्त्रः—"ॐ रक्ते महारक्ते इडि विडि सुणिदे कर्णपिशाचिनी आगच्छ भगवति सत्यं वदतु स्वाहा।"

श्रीरामभक्त हनुमान जी द्वारा धन-ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए अनुभूत मन्त्र प्रयोग

मन्त्रः—"ॐ चिन्तामणि हनुमते आयुष्य-आरोग्य-ऐश्वर्यादि वांछितं सकलं मम अभीष्टसिद्धिं नवनिधिं देहि देहि स्वाहा।"

विधि—श्रद्धाभक्तिपूर्वक राम पंचायत और मेहंदीपुर बाला जी के चित्रपट के पास सिद्ध श्रीयन्त्र, गणपति यन्त्र की रंगीन फोटो स्थापित करें। मन्त्रजाप करते समय कुशा या ऊन के आसन पर बैठकर प्रातः पूर्वाभिमुख एवं सायं उत्तराभिमुख होकर पंचोपचार पूजन करते समय **"श्रीराम जयराम, जय जय राम"** का जाप करें। फिर तुलसी माला से 108 बार उल्लिखित श्री हनुमान जी के मन्त्र का जाप निष्ठापूर्वक करता रहे। प्रसादरूप में तुलसीदल रखें। शुद्ध देसी घी से बने बेसन के लड्डू भी प्रसादरूप में चढ़ायें।

लगभग एक मास तक विधिवत् उक्त मन्त्र का जाप करने से धन-धान्य-वैभव की प्राप्ति के आप अनेकों अवसर प्राप्त करेंगे।

मन्त्र को दीपमाला,शिवरात्रि किंवा ग्रहणादि काल में सिद्ध कर लेना चाहिए।

सफल यात्रा एवं कार्य-सिद्ध्यर्थ अनुभूत मन्त्र

यात्रा प्रारम्भ करने से पहले थोड़ा-सा गुड़, दही एवं चावल खाकर मस्तक पर चन्दन का तिलक करके माता सीता-श्रीराम-लक्ष्मण एवं तुलसी जी का स्मरण-ध्यान करके यात्रा प्रारम्भ करें। यात्रा सुखद एवं कार्यसिद्धि सुनिश्चित होगी। विरोधी पक्ष हतप्रभ रहेगा।

**मन्त्रः—"ॐ यः स्मरेत्तुलसीं सीतां-राम-सौमित्रिणा सह।
कार्यं कृत्वा रिपून् जित्वा क्षेमेणायाति वै नरः॥"**

सिद्ध उच्चाटन प्रयोग

(इस प्रयोग को अनुचित लाभ के लिए न करें, अन्यथा पाप के भागी होंगे)।

प्रयोग—शनिवार को 7 शमशानों (मसाणों) की भस्म, 7 चौराहों की मिट्टी, 7 सूखे कुओं के मण के ऊपर की मिट्टी—इन सबको मिलाकर जिस घर (या जगह) पर गिरा देंगे, वहां वास (रहना) हानिप्रद रहेगा। ध्यान रहे, मिट्टी ऐसी जगह गिराई जाये, जहां साफ न हो सके।

(यह उच्चाटन प्रयोग अधम/नीच किंवा पापी व्यक्ति के लिए ही है। सत्पुरुष के लिए किया गया यह प्रयोग कर्ता के लिए हानिप्रद रहेगा)।

पुराणोक्त मृत्युंजय मन्त्र

संकटापन्न-दैहिक-दैविक एवं भौतिक आपदाग्रस्त व्यक्ति के लिए निम्नांकित मन्त्र सर्वोत्तम है—अनुभव करें;—

**मन्त्रः—"ॐ मृत्युंजयाय रुद्राय नीलकण्ठाय शम्भवे।
अमृतेशाय शर्वाय महादेवाय ते नमः॥"**

प्रसव पीड़ा से राहत पाने के लिए शाबर जल-मन्त्र

निम्नांकित मन्त्र से ताजे शुद्ध जल को 7 बार अभिमन्त्रित करके प्रसव से पूर्व स्त्री को पिला दें तथा कुछ जल का छींटा दे दें, शीघ्र ही सुखपूर्वक प्रसव होगा।

मन्त्रः—"आकाश टले, पर्वत टले, राम-लक्ष्मण दुई लाचा, सुन की कर कोका कोकी रिचा कुण्डली वलिया, बाहरी हब असिया, सिद्ध गुरु कालिका चण्डी, खरे शीघ्र करिया भूमे पे पड़े॥"

परदेश गया हुआ अथवा नाराज होकर घर से गया व्यक्ति शीघ्र ही घर लौटेगा

आस्य यन्त्र
५७५दुनदन३६५६१६

दायीं ओर दिये गये 'आस्य यन्त्र' को घोड़े के खुर के नाल के नीचे काली स्याही से लिखकर अग्नि में तपायें, तो 7 दिन में ही परदेश गया व्यक्ति वापस लौट आता है।

आकर्षण यन्त्र

इस षट्कोण यन्त्र को गोरोचन से भोजपत्र पर लिखकर पंचोपचार पूजन करके मिट्टी के घड़े में स्थापित करके नित्य कलश का पूजन करता रहे। प्रतिदिन भगवती का ध्यान करके निम्नांकित मन्त्र का जाप करें। इस यन्त्र एवं मन्त्र में जहां 'अमुकं' शब्द लिखा है, वहां जिस व्यक्ति का वशीकरण (आकर्षण) करना हो, उसका नाम लिखना चाहिए।

मन्त्रः—"ॐ आकर्षय महादेवि अमुकं हि मम प्रियम्। ऐं त्रिपुरे देव-देवे तुभ्यं दास्यामि याचितम्॥"

मनोकामना सिद्धि के लिए यन्त्र

गाय के कच्चे दूध से धोये हुए सफेद कागज़ पर केसर, चन्दन, कपूर, गंगाजल और खस की स्याही बनाकर अनार की कलम से इस यन्त्र को शुक्लपक्ष की द्वितीया से लिखना प्रारम्भ करें। प्रतिदिन कम-से-कम 24 बार लिखकर यन्त्रों को आटे की गोलियों में बन्द कर लें।

ध्यान दें—यन्त्र के नीचे अपना मनोरथ जरूर लिखें। आटे से बनी गोलियों को एक-एक करके नदी में बहा दें।

इस यन्त्र को प्रयोग में लाने से पहले दीपमाला की रात्रि किंवा ग्रहण-वेला में विधिवत् लिखकर सिद्ध कर लेना चाहिए। यन्त्र लिखते समय माता भगवती का ध्यान करके धूपदीप प्रकाशित करके विधिपूर्वक लिखें।

प्रयोग पूर्ण होने पर मुकद्दमे में विजय, परीक्षा में सफलता, नौकरी प्राप्त करना आदि अभीप्सित कार्य-सिद्धि अनुभव की गयी है।

यन्त्र

६	१	८
७	५	३
२	९	४
मनोरथ (यहां लिखें)		

कुछ तान्त्रिक प्रयोग

1. धनलाभार्थ—रामभक्त श्री हनुमान जी की पूजा के समय सरसों का तेल लेकर प्रज्वलित दीपक में डालें और उसमें दो साबुत लौंग डालें एवं दीपक से श्री हनुमान जी से धनलाभार्थ प्रार्थनापूर्वक पूजा करें, शीघ्र ही दरिद्रता से मुक्ति मिलेगी;—अनुभव करें।

2. बुखार (ज्वर) से मुक्ति पाने के लिए—(i) यदि बुखार से परेशान हैं, कोई दवा असर नहीं कर रही, तो अर्क (आक) की जड़ को लेकर उसे किसी शुद्ध (अनलग) कपड़े में जौंर से बांध दें, फिर उस कपड़े को रोगी की बाजू पर बांध दें, ज्वर से शीघ्र मुक्ति मिल जायेगी।

(ii) बीमार व्यक्ति सोते समय सिरहाना पूर्व की ओर रखें। शयन कक्ष में

एक कटोरी में सेंधा नमक के कुछ टुकड़े अवश्य रखें। ऐसा करने से बुखार से मुक्ति मिलेगी।

3. कार्यसिद्धि के लिए—वैसे तो शास्त्रों में स्पष्ट लिखा है, कि— **"अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्"**, लेकिन जब हमारे प्रयास कमजोर नज़र आयें, व्यापार किंवा फैक्ट्री में घाटा नज़र आये, तो आप निम्नांकित प्रयोग करें, आश्चर्यजनक लाभ होगा।

शुक्लपक्ष में किसी भी दिन अपनी फैक्ट्री या दुकान के दोनों तरफ बाहर की ओर थोड़ा-सा गेहूं का आटा रख दें। ध्यान रहे, ऐसा करते समय आपको कोई देखे नहीं। व्यापार में वृद्धि होगी एवं चिन्ता से मुक्ति मिलेगी।

4. मानसिक परेशानी से मुक्ति मिले—आजकल प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी कारण परेशान है। इस परेशानी से मुक्ति के लिए आप एक तांबे के पात्र में जल भरकर उसमें थोड़ा-सा लाल चन्दन मिलाकर उस पात्र को सिरहाने की तरफ रख लें। प्रातः उस जल को तुलसी के पौधे में चढ़ा दें। निरन्तर 15 दिन (एक पक्ष) ऐसा करने से सभी प्रकार की परेशानियां स्वतः दूर होंगी, समस्याएं सुलझ जायेंगी।

5. कन्या की शादी शीघ्र हो—कन्या की शादी में यदि बाधा आ रही हो, तो 5 नारियल लेकर शिव-पार्वती जी का ध्यान करके **"ॐ वर-प्रदाय श्री शंकराय नमः ॐ"**—इस मन्त्र की पांच माला करके पांचों नारियलों को शिवमन्दिर में श्रद्धापूर्वक चढ़ा दें, 15 दिन में ही कार्य-सिद्धि होगी।

6. मुकद्दमे में विजयः—मार्गशीर्ष (अगहन) मास में अपामार्ग (चिरचिटा) की जड़ को शुभ नक्षत्र में उखाड़कर पीले या लाल धागे से दायीं भुजा पर बांध कर कोर्ट-कचहरी में जायें तो निश्चित विवाद में विजय होगी।

7. सर्ववशीकरण तिलकः—शुद्ध सिन्दूर, शुद्ध केसर, शुद्ध गोरोचन—बराबर मात्रा में पीसकर साफ डिबिया में रखें। मस्तक पर इसका तिलक लगायें तो सम्मुखस्थ शासक, जज, स्त्री-पुरुष—सब मोहित (वशीभूत) हो जाते हैं, यह प्रयोग अनेकों विद्वानों द्वारा अनुभूत है।

दारिद्र्यनाशक तथा नवग्रहों की शान्ति हेतु एक सरलतम अनुभूत तान्त्रिक विधान

मन्त्रः—"ॐ नमो भास्कराय 'अमुकस्य' सर्वग्रहाणां पीड़ा-नाशनं कुरु कुरु स्वाहा।"

नोट—इस मन्त्र में जिस व्यक्ति-विशेष के लिए विधान करना है, **'अमुकस्य'** के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लें। अपने लिए पाठ करें तो 'अमुकस्य' की जगह 'मम' शब्द का प्रयोग करें।

विधि—आक, धतूरा, अपामार्ग (चिरचिटा) की जड़, दूब, बड़ व पीपल की जड़ें, शमी (खेजड़ी) आम एवं गूलर के पत्ते—ये सब चीजें एक मिट्टी के बर्तन में रखकर, उस पात्र में घी-दूध डाल दें। चावल, चना, मूंग, गेहूं, तिल, गोमूत्र, सफेद सरसों, कुशा, चन्दन, शहद, छाछ (मट्ठा)—ये सब वस्तुएं भी उसी कुल्हड़ (मिट्टी के बर्तन) में रखें। तत्पश्चात् शनिवार को सायंकाल 108 बार इस कुल्हड़ को उल्लिखित मन्त्र से अभिमन्त्रित करके एकान्त में किसी पीपल की जड़ के पास गाड़ दें। ऐसा करने से घोर पातक, दरिद्रता, ग्रहजन्य पीड़ा तत्काल समाप्त हो जाती है। इस विधान से अनेकों लाभान्वित हुए हैं—अनुभव करें।

अखण्ड भण्डार हेतु तान्त्रिक प्रयोग

दीपावली, शिवरात्रि के दिन या कृष्णपक्ष की अष्टमी, चतुर्दशी या गुरु-रवि-पुष्यामृग-योग में मयूरशिखा (एक जंगली जड़ी) लाकर, निम्नांकित मन्त्र द्वारा जड़ी को 108 बार अभिमन्त्रित करके सिन्दूर किंवा कस्तूरी का तिलक लगायें। धूप देकर इस जड़ी को तिजोरी में रखें। अखण्ड लाभ, अखण्ड भण्डार बना रहेगा।

मन्त्रः—"ॐ मयूरशिखा महासुखं सर्वकार्यं साधय साधय स्वाहा।"

(पृष्ठ 96 का शेष)

नोट—देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों, सेठों, व्यापारियों की तिजोरियों में इस प्रकार की सिद्ध जड़ी लाल कपड़े में बांध कर रखी रहती है।

कारागार से मुक्ति हेतु शाबर मन्त्र

निम्नांकित मन्त्र से पहले गुड़ एवं आटे का पूड़ा बनाकर, केले के पत्ते पर रख लें। पूड़े पर कुंकुम से कैदी का नाम लिख दें। साधना करते समय केले के पत्ते को सामने रखकर, उस पर पुष्प चढ़ायें। मन्त्र जाप पूरा होने पर, उस पूड़े को रात्रि में ही निर्जन स्थान में रखकर, घर आ जायें। इस प्रकार प्रतिदिन कृष्णपक्ष में 15 दिन साधना करें। 15 दिन में सवालाख मन्त्रजाप पूर्ण होने पर उस आखिरी दिन बनाये हुए पूड़े को किसी कन्या को दिन में खिला दें। यथोचित वस्त्र-दक्षिणा भी दें। 108 हनुमान् चालीसा पढ़ें एवं इस मन्त्र का जाप करें। तुरन्त कैदी से मिलने हेतु प्रयास में सफलता मिलेगी।

रात्रि के समय लालकम्बल के आसन पर बैठकर, दक्षिण की ओर मुंह करके, निम्नांकित मन्त्र का जाप मूंगे की माला से करें। सवा लाख मन्त्रजाप करने पर यह आश्चर्यजनक प्रभाव दिखाता है।

मन्त्रः—"ॐ हनुमन्तवीर, वेग आवो, 'अमुक' बन्दी को बन्धन से छुड़ाओ। बेड़ी तोड़ो, ताला तोड़ो, सारे बन्धन तोड़ो। मोड़ो 'अमुक' बन्दी को बन्धन से छुड़ाओ। मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा॥"

———

(पृष्ठ 96 का शेष)

स्थान पर गणपतिपूजन मन्त्रजाप, यज्ञ, गोदानादिपूर्वक पुनः वाग्दान करके शुभ कार्य करने की आज्ञा है—

"प्रतिकूलेऽपि कर्त्तव्यो विवाहो मासान्तरात्।
शान्तिं विधाय गां दत्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥"

तुलसी-स्थापना से लाभ

1. अगर बच्चा बहुत जिद्दी किंवा मर्यादा से बाहर हो, पूर्व दिशा में स्थापित तुलसी के पौधे के तीन पत्ते प्रतिदिन उस बच्चे को किसी तरह खिला दें, बच्चा मर्यादा में रहेगा।

2. कन्या के विवाह में अड़चन आ रही हो, तो तुलसी के पौधे को दक्षिण-पूर्व में रखकर उसे कन्या नियमित रूप से जल अर्पित करे। योग्य वर जल्दी मिलेगा।

3. कारोबार ठीक नहीं, तो तुलसी के पौधे को नैर्ऋत्य कोण में स्थापित करके शुक्रवार को कच्चे दूध से सींचें। कारोबार में वृद्धि होने लगेगी।

4. नौकरी में उच्चाधिकारियों से परेशानी हो, तो ऑफिस के किसी भी कोने में तुलसी के 16 बीज किसी सफेद कपड़े में बांधकर दबा दें। आपके सम्बन्ध मधुर होने लगेंगे।

5. तुलसी को घर में लगाने से घर में बुरी आत्माओं का साया परिवार पर नहीं पड़ता।

6. हिन्दु मान्यता के अनुसार तुलसी भाग्योदयकारक है। अतः कुछ लोग कोई भी शुभकार्य करते समय तुलसी की पत्ती मुंह में रखते हैं।

7. तुलसी का पौधा घर में होने से घर वालों को बुरी नज़र से प्रभावित नहीं होने देता। अन्य बुराइयां भी घर वालों से दूर रहती हैं। घर का वातावरण पूरी तरह पवित्र रहता है, देवी-देवताओं की तुलसी वाले घर में विशेष कृपा रहती है।

तुलसी का घर में होना वास्तुदोषों की शान्ति का भी कारक स्पष्ट अनुभव किया गया है।

कुछ अनुभूत तन्त्र प्रयोग

1. सिन्दूर व सफेद आक की जड़ को केले के रस में घिसकर मस्तक पर तिलक रूप में लगाने से मुकद्दमे में विजय एवं शत्रु भी अनुकूल हो जाते हैं।

2. ऋतुस्नान के बाद स्त्री प्रातः एरण्ड का एक बीज निगल ले, तो उस मास गर्भस्थिति नहीं होती।

3. ढाक (पलाश) के बीजों को आक के दूध में अच्छी तरह पीसकर एक गोला बना लें। बिच्छू आदि के लड़ जाने पर डसे हुए स्थान पर पानी से घिसकर लगा लें, तुरन्त आराम मिलेगा।

———

ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड के जिज्ञासु पण्डितों के लिए कुछ साधारण जानकारी

भद्रा दोष का विचार

शुभ कृत्यों में भद्रा के दोष को भारी कष्टप्रद, हानिकारक किंवा विनाशक माना गया है—

"न कुर्यान्मंगलं विष्ट्यां जीवितार्थी कदाचन।
कुर्यन्नज्ञस्तदा क्षिप्रं तत्सर्वं नाशतां नयेत्॥"

ध्यान दें—भद्रा दोष का परिहार भी निम्नांकित चार स्थितियों में माना गया है—

1. भद्रा का वास स्वर्ग या पाताल में हो।
2. प्रतिकूल काल वाली भद्रा हो।
3. दिनार्ध के अनन्तर वाली भद्रा हो।
4. भद्रा का पुच्छकाल हो।

1. स्वर्ग या पाताल में भद्रा—यदि भद्रा के समय चन्द्रमा मेष, वृष, मिथुन किंवा वृश्चिक राशियों में हो, तो **भद्रा का वास स्वर्ग में** माना जाता है। यदि भद्रा के समय चन्द्रमा कन्या, तुला, धनु एवं मकर राशियों पर हो, तो **भद्रा का वास पाताल में** कहा गया है।

यदि भद्रा के समय चन्द्रमा कर्क, सिंह, कुम्भ किंवा मीन राशि पर हो, तो उस **भद्रा का वास भूमि पर** माना गया है।

ध्यान दें—वही भद्रा दोषावह है, जिसका भूमि पर वास हो। शेष स्वर्ग एवं पाताल में वास करने वाली भद्रा का काल शास्त्रों के अनुसार शुभ कार्यों में वर्ज्य नहीं। "भूलोकस्था सदा त्याज्या स्वर्ग-पातालगा शुभा।"

2. प्रतिकूल काल वाली भद्रा—तिथि के पूर्वार्ध में रहने वाली भद्रा अर्थात्— कृष्णपक्ष की सप्तमी, चतुर्दशी और शुक्लपक्ष की अष्टमी एवं पूर्णिमा तिथियों वाली भद्राएं दिन की कहलाती हैं। तिथि के उत्तरार्ध में रहने वाली,कृष्णपक्ष की तृतीया-दशमी एवं शुक्लपक्ष में चतुर्थी, एकादशी तिथियों में व्याप्त भद्राएं **रात्रि की भद्राएं** कहलाती हैं।

यदि दिन की भद्राएं रात्रि में एवं रात्रि की भद्राएं दिन में आ जाएं, तो उसे '**प्रतिकूल काल वाली भद्रा**' कहा जाता है। इस प्रतिकूलकालीन भद्रा को आचार्यों ने शुभ माना है।

3. दिनार्ध के अनन्तर वाली भद्रा—यदि भद्रा दिनार्ध (मध्याह्न) से पूर्ववर्ती काल में हो, उसे अशुभ, यदि भद्रा परवर्ती काल (मध्याह्न के बाद) में हो, तो उसे शुभ माना गया है।

4. भद्रा का पुच्छकाल—सभी मुहूर्त्त-ग्रन्थों में '**भद्रामुख काल**' को अशुभ माना है;—"**विष्टेरास्यमसत्**" और '**भद्रापुच्छकाल**' को शुभ लिखा गया है;—"**पुच्छे ध्रुवोजय:**"।

अलग-अलग तिथियों वाली भद्राओं के मुख और पुच्छ का कालबोधक कोष्ठक (मुहूर्त्त-संहिताग्रन्थों के अनुसार)

भद्रा की तिथि	भद्रामुख काल	भद्रापुच्छकाल
कृष्णपक्ष 3	4थे प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	3रे प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य
कृष्णपक्ष 7	3रे प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	2रे प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य
कृष्णपक्ष 10	2रे प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	1ले प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य
कृष्णपक्ष 14	1ले प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	4थे प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य
शुक्लपक्ष 4	1ले प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	4थे प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य
शुक्लपक्ष 8	2रे प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	1ले प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य
शुक्लपक्ष 11	3रे प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	2रे प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य
शुक्लपक्ष 15	4थे प्रहर के प्रारम्भ में भद्रा के षष्ठांश तुल्य	3रे प्रहर के अन्त में भद्रा के दशांशतुल्य

नोट—(*i*) मध्यममानेन भद्रामुख 5 और भद्रापुच्छ 3 घटी की होती है।

(*ii*) अत्यावश्यकता में ही भद्रा के उपरोक्त परिहारों को स्वीकार करें।

यात्रा में दिक्शूल-नक्षत्र एवं चन्द्रस्थिति आदि का विचार

जीवन में यात्रा अनिवार्य है, क्योंकि गतिमत्ता ही जीवन है। यात्रा सुखद रहे, **एतदर्थ** ज्योतिष-शास्त्र में बड़ी गम्भीरता से कुछ दिशा-निर्देश दिये हैं। उन सभी का **विवेचन** साङ्गोपांग शास्त्रानुसार कर देना संक्षेप में उचित समझते हैं।

यात्रा-मुहूर्त्त के लिए दिशाशूल, नक्षत्रशूल, समयशूल, भद्रा, योगिनी, चन्द्र की **दिशा,** शुभतिथि एवं नक्षत्र इत्यादि का विचार शास्त्रकारों ने लिखा है। इनका संक्षिप्त-**विवेचन** ज्योतिष-शिक्षार्थियों के लिए लिख रहे हैं।

1. शुभ तिथि—2, 3, 5, 7, 10, 11, 13 एवं कृष्णपक्ष की प्रतिपदा—ये शुभ तिथियां कही हैं।

2. शुभ नक्षत्र—अश्विनी, मृगशिरा, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती।

3. मध्यम नक्षत्र—रोहिणी, तीनों उत्तरा।

उल्लिखित तिथि-नक्षत्र यात्रा में ग्राह्य हैं।

दिशाशूल-विचार

"सोम-शनैश्चर पूर्व न चालू।
मंगल-बुध उत्तर दिशि कालू॥
रवि-शुक्र जो पश्चिम जाय।
हानि होय पथि सुख नहिं पाय॥
बीफै दखिन करै पयाना।
फिर नहिं समझे ताको आना॥"

संक्षेप से दिशाशूल ज्ञान इस प्रकार समझें—

पूर्व दिशा की यात्रा—सोमवार एवं शनिवार को न करें।

आग्नेय दिशा (पूर्व एवं दक्षिण के मध्य की दिशा) की तरफ चन्द्र एवं गुरुवार को न करें।

दक्षिण दिशा की तरफ यात्रा—गुरुवार को न करें।

नैर्ऋत्य कोण (दक्षिण पश्चिम के मध्य की दिशा में) यात्रा इतवार एवं शुक्रवार को न करें।

पश्चिम दिशा की तरफ यात्रा शुक्रवार एवं इतवार को न करें।

वायव्य कोण (पश्चिम एवं उत्तर के मध्य) की तरफ यात्रा मंगलवार को न करें।

उत्तर दिशा की तरफ यात्रा मंगलवार को न करें।

ईशान कोण (उत्तर-पूर्व के मध्य दिशा में) यात्रा बुध-शनिवार को न करें—यह सब दिक्शूल विचार से लिखा गया है।

समय-शूल का विचार

यात्रा में समय शूल भी विचारणीय है। उषःकाल में पूर्व दिशा की तरफ, गोधूलि वेला में पश्चिम दिशा की ओर, अर्ध रात्रि में उत्तर एवं मध्याह्नकाल में दक्षिण दिशा की तरफ यात्रा न करें।

दक्षिण दिशा की तरफ विशेष चिन्त्य—कुम्भ एवं मीन के चन्द्र में (अर्थात् पंचकों में) दक्षिण दिशा की तरफ कदापि न जायें।

यात्रा-विचार में चन्द्रमा की दिशा का शुभाशुभ फल

मेषादि राशि में चन्द्र हो, तो चन्द्रस्थिति पूर्व दिशा में, अर्थात् 1, 5, 9 राशि में चन्द्र पूर्व में; 2, 6, 10 राशि में चन्द्र दक्षिण दिशा में; 3, 7, 11 राशिस्थ चन्द्र पश्चिम दिशा में; 4, 8, 12 राशिस्थ चन्द्र उत्तर दिशा में समझें। चन्द्रमा पीछे व बायें हो, तो धनक्षय करे। सन्मुख हो तो अर्थलाभ करता है। दाहिने हो तो यात्रा में सुखप्रद रहता है। विपरीत स्थिति में विपरीत समझें।

"सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुख सम्पदः।
पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः॥
सर्वे दोषाः लयं यान्ति पूर्णचन्द्रेहि सम्मुखे॥"

यात्रा में योगिनी वास-विचार

जिन तिथियों में योगिनी सम्मुख या दाहिनी पड़े, उन तिथियों को तथा कोष्ठक में निर्दिष्ट तिथियों को (जोकि योगिनी वास कोष्ठक में दिशाओं के नीचे कोष्ठक में निर्दिष्ट हैं, उन तिथियों में) यात्रा न करें।

योगिनी वास कोष्ठक

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैर्ऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
तिथि	1, 9	3, 11	5, 13	4, 12	6, 14	7, 15	2, 10	8, 30

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहिने अशुभ होती है। पीछे और बायें योगिनी शुभ है। युद्धार्थ यात्रा में बायें एवं सम्मुख योगिनी विशेषरूपेण त्याज्य है।

यात्रा में शुभाशुभ लग्न

कुम्भ लग्न किंवा कुम्भ के नवांशक में यात्रा कदापि न करें। शुभ लग्न वह है, जिसमें 1, 4, 8, 9 स्थानों में शुभ ग्रह हों और 3, 6, 11 भावों में पाप ग्रह हों। **अशुभ लग्न वह है, जिसमें 1, 6, 12वें चन्द्र, 10वें शनि, 7वें शुक्र एवं 12, 6, 8वें भाव में लग्नेश हो, ये अशुभ लग्न हैं।**

यात्रा के लिए प्रस्थान विधान

यदि यात्रा अनिवार्य हो, अत्यावश्यक कारण से उल्लिखित यात्रा मुहूर्त्तों में यात्रा सम्भव न हो, तो गन्तव्य काल में (या एक दिन पहले) ब्राह्मण जनेऊ-माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य घी-शहद एवं शूद्र एक फल को वस्त्र में बांधकर नगर के बाहर जाने वाली दिशा में स्थित किसी परिचित के घर रख दे। जाते समय उसे उठाकर अपने साथ ले जायें।

यात्रा से पहले त्याज्य कर्म

यात्रा से 3 दिन पहले दूध, 5 दिन पहले क्षौरकर्म (हजामत), 3 दिन पहले तेल, 7 दिन पहले स्त्रीसंग (सम्भोग) त्याग देना चाहिए।

यदि इतना सम्भव न हो, तो एक दिन पहले उल्लिखित कार्यों का परित्याग कर देना चाहिए।

मांगलिक कार्यों में विधि-निषेध निर्णय

ज्येष्ठ मास में ज्येष्ठ पुत्र या पुत्री का विवाह

(i) विवाह समय यदि वर-वधू (लड़का-लड़की) दोनों सन्तानें परिवार में बड़े हों, तो ज्येष्ठ मास में जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि में ज्येष्ठ पुत्र, ज्येष्ठ कन्या का विवाह शास्त्रों में वर्जित लिखा है।

'मुहूर्त्तचिन्तामणिकार' ने लिखा है—

"आद्यगर्भ सुत-कन्ययोर्द्वयोर्जन्म मास-भतिथौ करग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय-जनुषोः सुतप्रदः।"

(ii) ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का पाणिग्रहण जन्ममास-नक्षत्रादि में प्रशस्त है।

(iii) ज्येष्ठ पुत्र-ज्येष्ठ कन्या के अतिरिक्त वर-वधू का जन्ममास, जन्मराशि, जन्मनक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह करना शुभ है।

"जन्ममासे हि पुत्राढ्या धनाढ्या च धनोदये।
जन्मभे जन्म-राशौ च कन्या हि ध्रुव सन्ततिः॥"

यही 'बात' भृगु 'एवं 'यवनाचार्य 'ने लिखी है—

"जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्म लग्नेऽथ जन्मनि।
उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्॥"
"जन्ममासेऽथ पुत्राढ्या धनाढ्या जन्म-भोदये।
जन्मभे वा भवेद्वढ़ा वृद्धा सन्तति-वर्धनी॥"

यदि लड़का या लड़की दोनों में से एक ज्येष्ठ हो, दूसरा कनिष्ठ हो, तो सामान्यतया विवाह की आज्ञा वराहमिहिर के अनुसार दी जा सकती है।

नोट—विवाह विषयक अनिवार्य स्थिति में ज्येष्ठ मास में कृत्तिका नक्षत्र से सूर्य के आगे बढ़ने पर सूर्य मन्त्र जाप,अनुष्ठानादिपूर्वक विवाह किया जा सकता है।

एक ही परिवार में सगे भाई-बहिनों का विवाह 6 मास में वर्जित है—

शास्त्र सगे भाई या बहिन का विवाह करने पर छह मास के अन्तराल से पूर्व दूसरा शुभ कार्य (लड़का या लड़की का विवाह) करने की आज्ञा नहीं देते। यदि संवत् बदल जाये अथवा संवत् के नाम की अवधि पूर्ण हो जाये, तो विवाहादि 6 मास से पूर्व कर सकते हैं। इसी तरह विवाहोपरान्त 6 महीने तक मुण्डन-उपनयनादि भी न करें;—ऐसा नारदीय संहिता का आदेश है।

नोट—(i) कन्या विवाह के बाद 6 मास के अन्तराल में पुत्र का विवाह गणपति पूजनपूर्वक किया जा सकता है।

(ii) दो सगे भाइयों का विवाह दो सगी बहिनों से न करें। अनिवार्य परिस्थिति में पुरोहित एवं मण्डप-भेद करके, अर्थात् दोनों बहिनों के विवाह अलग-अलग स्थानों (मण्डपों) पर करें।

(iii) जुषाणौ (अर्थात् सगे जुड़वें भाई-बहिन) के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप पर किये जा सकते हैं।

(iv) मांगलिक कार्य के बाद 6 मास तक पितृकर्म (श्राद्धादि) न करें।

नोट—श्राद्ध तिथियों में मन्दिर आदि में अन्न-फलादि देना श्रेयस्कर है।

(v) विवाह की तारीख निश्चित हो जाने पर (विवाह चिट्ठी दे देने पर) भी वर किंवा कन्या के परिवार में निकटतम बन्धु (माता-पिता, दादा-दादी, भाई आदि) की मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष बाद ही विवाहादि शुभ कार्य करें। अनिवार्य स्थिति किंवा संकटकाल में एक मास के बाद अथवा पातक-समय निकल जाने पर मन्दिर या अन्य

(शेष पृष्ठ 93 पर)

(शेष पृष्ठ 93 पर)

ग्रहों के नेष्टफल से मुक्ति पाने के लिए कुछ अनुभूत उपाय

आपके जन्मांग में यदि कोई ग्रह नेष्ट फलप्रद है, तो आप निम्नांकित उपायों द्वारा शारीरिक एवं मानसिक शान्तिलाभ प्राप्त कर सकते हैं;—

1. सूर्य ग्रह-शान्ति के लिए—

यदि जन्मांग (किंवा नवांश व प्रश्नाङ्ग) में **सूर्य** नीच किंवा खलग्रहयुत-दृष्ट हो तो शान्त्यर्थ बिल्ववृक्ष की जड़ को पीली धातु में मढ़ाकर लाल या गुलाबी धागे से गले में या दार्यी भुजा में इतवार के दिन धारण करें। मनोबल प्रबल रहेगा, राजपक्ष में जय एवं विपरीत परिस्थिति से निकल जायेंगे।

2. चन्द्र ग्रह-शान्त्यर्थ—

मन का प्रतिनिधि **चन्द्रमा** नीच किंवा नीच नवांश में हो या प्रश्नाङ्ग में अनुकूल न हो तो भारी मानसिक अशान्ति एवं गुप्त चिन्ता से मुक्ति पाने के लिए **"खिरनी की जड़"** लेकर **सोमवार** को सफेद ऊन के धागे से गले या दार्यी भुजा में धारण करें। धारण करने से पहले शिवपूजन एवं गंगाजल दूध से जड़ को धो लें।

3. मंगल ग्रह-शान्त्यर्थ—

मंगल ग्रह नीच, किंवा खलग्रह युत हो तो क्रोध, लड़ाई-झगड़े, चोटभय, रक्तविकार कराता है। शान्त्यर्थ—**अनन्तमूल की जड़ का अंश मंगलवार** को लाकर गंगाजल से धोकर लालचन्दन से सजाकर **मंगलवार** को ही सोना या तांबे में मढ़ाकर लाल धागे से गले में धारण करें। गाय को गुड़ मंगलवार को दें। सभी समस्याएं दूर होकर मन शान्त होगा, दुर्घटना से बचे रहोगे।

मंगलवारी अमावस वाले दिन एक पाव बाजरे में थोड़ा गुड़ मिला दें। फिर इस गुड़-मिश्रित बाजरे की रोटी को लाल (भूरे) रंग के कुत्ते को खिला दें। ऐसा मंगलवारी अमावस से प्रारम्भ करके 11 मंगलवार करें। इससे उदर रोग (विकार) सब ठीक हो जायेंगे।

4. बुध ग्रह-शान्त्यर्थ—

बुध ग्रह नेष्ट हो तो बोलने में दिक्कत, त्वचा रोग एवं वायुजन्य रोगों से मुक्ति हेतु **'विधारा की जड़'** बुधवार को हरे धागे में चांदी के यन्त्र में धारण करें।

5. गुरु ग्रह-शान्त्यर्थ—

विद्या में असफलता, बुद्धि में विकृति, कुसंग एवं रक्त (पीलिया) आदि रोगों से मुक्ति के लिए **'केले की जड़'** को पीले धागे से स्वर्ण ताबीज में धारण करें।

6. शुक्र ग्रह-शान्त्यर्थ—

अशुभ चिन्तन, गुप्त रोग, स्त्रीपक्ष से चिन्ता एवं त्वक्रुजा आदि से परेशान हैं तो शान्त्यर्थ **'सरपुख'** की जड़ या **'शंखपुष्पी'** बूटी को चांदी में मढ़ाकर सफेद धागे से शुक्रवार को धारण करें।

7. शनि ग्रह-शान्त्यर्थ—

शनि की साढ़ेसाती या ढैय्या में घोर परिस्थिति में आप **चन्दन वृक्ष की जड़** खोदकर शनिवार को घर ले आयें, स्नान-पूजा के उपरान्त उस जड़ को शिव भगवान् का ध्यान करके काले धागे से दार्यी भुजा पर धारण करें एवं स्नान के बाद चमेली का तेल सिर पर प्रयोग करें। भगवान् भैरव का मन्त्रजाप कराना भी चामत्कारिक फल देगा।

8. राहु ग्रह-शान्त्यर्थ—

सफेद चन्दन की जड़ बुधवार को लोहे के यन्त्र में धारण करें। चांदी का हाथी घर में रखें। शौचालय में कपूर की एक डली रखें।

9. केतु ग्रह-शान्त्यर्थ—

असगन्ध की जड़ वीरवार या शनिवार को आसमानी रंग के धागे से चांदी के यन्त्र में मढ़ाकर धारण करें। कुत्ते को रोटी दें, कम्बल वितरण करें।

— — —

वास्तुदोष-निवारणार्थ कुछेक शास्त्रीय उपाय

'वास्तुशास्त्र' में लिखित निर्देशों के विपरीत निर्माणकार्य से घर में रोग, कलह-क्लेश एवं दरिद्रता से परेशानी रहती है। अतः इस दोष से मुक्ति-हेतु निम्नांकित उपाय करें, आश्चर्यजनक शुभ परिणाम देखने को मिलेंगे—

1. यदि घर का मुख्यद्वार दक्षिण दिशा की ओर है तो मुख्यद्वार(प्रवेश-स्थल)पर चांदी की पतली सी तार पूरे मुख्यद्वार पर झीरी देकर सफेद सीमेण्ट से दबा दें।

2. भोजन पूर्व की तरफ मुंह करके खायें।

3. दक्षिण की ओर सिरहाना करके शयन करें, सुख-स्वास्थ्यलाभ रहेगा।

4. पूजा प्रातः पूर्वाभिमुख होकर एवं सायं उत्तराभिमुख होकर करें।

5. वंशवृद्धि एवं प्रगतिहेतु वास्तुदोष का परिहार-भवन के तोरण (मुख्यद्वार) पर अन्दर की तरफ एवं बाहरी दीवार पर गणपति, ॐ किंवा स्वस्तिक (卐) आदि मांगलिक चिह्न (मुख्यद्वार के) ऊपरी भाग में स्थापित करें।

6. भोजनालय अग्निकोण में हो। यदि ऐसा न हो तो अग्निकोण में एक बल्ब का प्रकाश कुछ समय के लिए सुबह-सायं अवश्य करें।

7. दुकान या कार्यालय के वास्तुदोष-शान्त्यर्थ प्रवेशद्वार के दोनों (अन्दर-बाहर) ओर गणेशजी की मूर्ति या स्टिकर जरूर लगावें, क्योंकि गणेशजी की दृष्टि बाहर की ओर एवं अन्दर की ओर भी रहे—ऋद्धि-सिद्धि नजर आयेगी।

8. द्वारदोष-विषयक वेधदोष-शान्त्यर्थ शंख, कौड़ी या तांबे या सोने का कुछ अंश लाल या पीले कपड़े में बांधकर मौली से दरवाजे पर अन्दर की ओर लटका दें।

9. दुकान में चोरी, दृष्टिदोष किंवा अग्निकाण्ड से बचने के लिए विधिपूर्वक, भोजपत्र पर लिखित भौमयन्त्र को तांबे की डब्बी में बन्द करके दुकान की गद्दी या दुकान की देहली के दो फुट नीचे दबा दें।

10. घर में सर्वविध वास्तुदोष-शान्त्यर्थ मुख्यद्वार पर एक तरफ केले का छोटा वृक्ष, दूसरी ओर तुलसी का पौधा गमलों में लगा दें,—आनन्द-मंगल रहेगा।

11. यदि वर्षों बीत गये प्लाट पर भवन-निर्माण का योग न बन रहा हो तो प्लाट में तुलसी का पौधा एवं गुरुवार को पुष्यनक्षत्र किंवा इतवार वाले दिन पुष्यनक्षत्र होने पर अनार का पौधा लगा दें, जल्दी ही निर्माणकार्य का मन बनेगा एवं साधन भी प्राप्त होगा।

12. भवन, दुकान या कारखाने का शिलान्यास करते समय नींव में शिलान्यास से पूर्व (गटका आदि जमाकर) एक या दो चांदी के सर्प बनाकर पूर्वदिशा में जमीन में दबा दें, यह कार्य जीवनभर सुख-शान्ति देगा। भूतप्रेत, दृष्टिदोष, सर्पादि से रक्षा भी करेगा।

13. यदि आपका निवासस्थान चारों ओर से मकानों से घिरा हो तो घर के ऊपर बांस से लाल या पीले कपड़े का ध्वज फहरा दें या घर में कोई ऊंचा पेड़ लगावें।

14. **वास्तुदोष-शान्त्यर्थ घर में विद्वान् पण्डित से निम्नांकित सवालाख मन्त्रजाप कराकर हवन करायें एवं गंगाजल डालकर घर को धो दें।**

मन्त्र—"ॐ नमस्ते वास्तुदेवेश सर्वदोषहरो भव। सुखं देहि यशो देहि सर्वकामान् प्रयच्छ मे। ॐ वास्तुपुरुषाय नमः॥"

15. **सर्वविध वास्तुदोष-शान्त्यर्थ घर में अखण्ड-भगवन्नाम-कीर्तन या शुभ-दिनों में अखण्ड-पाठ, श्रीरामचरित मानस करायें—निश्चय ही शान्ति, सुख-समृद्धि** प्राप्त होगी।

16. **घर में जहां-जहां भी वास्तुदोष अनुभव हो वहां लाल सिन्दूर से द्वार पर स्वस्तिक-चिह्न बना दें।** मुख्यद्वार पर स्वस्तिक-चिह्न नौ अंगुल लम्बा एवं नौ अंगुल चौड़ा होना चाहिए। वास्तुदोष-शान्ति के लिए उल्लिखित प्रयोग अत्यन्त प्रभावशाली हैं, अनुभव करें।

— — —

लोक-आस्था का महापर्व–'सूर्यषष्ठी व्रत'

तीन दिन तक चलने वाले इस महापर्व के दिनों में यमुना अपने पिता सूर्य के दर्शन के लिए व्याकुल मानी जाती है। पिता-पुत्री के रूप में यह सूर्य-यमुना का स्नेहिल मिलन का पर्व विशेषत: बिहार के जनसमुदाय (जनता) का महापर्व माना जाता है, लेकिन अब भारत के अनेक प्रान्तों में इस पर्व की मान्यता देखी जा रही है। 'पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश'–इन पंच महाभूतों (पंचतत्त्वों) की सनातन अवधारणा के पूजनार्चन के पर्व को भी 'सूर्यछठ' के रूप में स्वीकार करते हैं। कुछ बुद्धिजीवी वर्ग अग्नि, जल, प्रकाश, ध्वनि, नाद, स्वर और वनस्पतियों (जिन रूपों में प्रकृति की अभिव्यक्ति होती है) का धार्मिक दृष्टि से पूजन करना ही 'सूर्य-षष्ठी' की मूल अवधारणा स्वीकार करते हैं। यह प्रकृति के लिए गहरी चेतना से निकला करुणा का पर्व है। क्योंकि, सूर्य एवं जल प्रकृति के जीवनाधायक हैं, यमुना जल का प्रतीक है, अत: इस दिन यमुना-गंगा या झीलों के किनारे लाखों नर-नारी एकत्र होकर नर अपने स्वास्थ्य,स्त्रियां अपने पति-पुत्र, भाई के स्वास्थ्य की कामना करती हैं।

यह पर्व कार्तिक मास में शुक्ल षष्ठी के दिन सूर्य और षष्ठी देवी (दुर्गा के ही एक रूप) की पूजा के रूप में सम्पन्न होता है। षष्ठीदेवी की मृण्मयी मूर्ति बनायी जाती है। इस मूर्ति की षोडशोपचार पूजा करके धर्मप्राण लोग सम्पूर्ण परिवार (पुत्र, पति, पत्नी आदि) की दीर्घायु-आरोग्य एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। पूजा के बाद समीपस्थ तीर्थ पर नदी या तालाब के तट पर स्त्री-पुरुष विविध पक्वान्न से भरे बांस से बनी टोकरी या छाज लेकर शुभ गान करते हुए यमुना-गंगा या जलाशय की ओर जाते हैं। बच्चों व निर्धनों को पक्वान्न बांटकर मध्याह्न के समय स्वयं श्रद्धा से खाते हैं। इन दिनों धार्मिक आस्थावान् व्यक्ति व्रत रखते हैं। सूर्यास्त तक गाना बजाना-नाचना होता है और अस्त होते सूर्य को निम्नांकित मन्त्र से अर्घ्य देकर सभी अपने घर लौट आते हैं–

"एहि सूर्य सहस्रांशो तेजोराशे जगत्पते।
अनुकम्पय मां भक्त्या गृहाणार्घ्यं दिवाकर॥"

दूसरे दिन ब्रह्ममुहूर्त्त में ही अर्घ्य-सामग्री लेकर व्रती लोग सूर्योदय की प्रतीक्षा करते हैं। सूर्योदय होने पर उल्लिखित मन्त्र से अर्घ्य देकर सूर्य एवं षष्ठी देवी की मूर्तियां वस्त्रालंकार दक्षिणासहित किसी ब्राह्मण को दे दी जाती हैं और निम्नांकित मन्त्र द्वारा सूर्य एवं षष्ठीदेवी का विसर्जन कर व्रत की पारणा की जाती है–

"ॐ आवाहनं न जानामि न जानामि तवार्चनम्।
पूजां चैव न जानामि क्षम्यतां परमेश्वरि॥
मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वरि।
यत्पूजितं मया देवि परिपूर्णं तदस्तु मे॥"

अन्तिम (तीसरे) दिन सूर्योदय के समय सूर्य को जल में खड़े होकर अर्घ्य देने के बाद यह महापर्व सम्पन्न होता है। इन दिनों षष्ठीदेवी के इस (निम्न) स्तोत्र का पाठ श्रद्धाभाव सहित अवश्य करते रहें–

षष्ठीदेवी-स्तोत्र

"नमो देव्यै महादेव्यै सिद्धायै सततं नमः।
शुभायै शुभदायैच षष्ठीदेव्यै नमो नमः।
वरदायै पुत्रदायैच धनदायै नमो नमः।
सुखदायै मोक्षदायिन्यै षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥
शक्तेः षष्ठांश-रूपिण्यै सिद्धायैच नमो नमः।
मायायै सिद्धयोगिन्यै षष्ठीदेव्यै नमो नमः।
पारायै पारदायैच षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥
सारायै शारदायैच पारगायै तु कर्मणाम्।
बालाधिष्ठातृ-देव्यैच षष्ठी देव्यै नमो नमः॥
पूज्यायै स्कन्द-कान्तायै सर्वेषां सर्वकर्मसु।
देवरक्षणकारिण्यै षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥
शुद्ध-सत्त्व-स्वरूपिण्यै वन्दितायै सदा नृणाम्।
हिंसा-क्रोध-विवर्जितायै षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥
धनं देहि प्रियां देहि पुत्रं देहि सुरेश्वरि।
धर्मं देहि यशो देहि षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥
भूमिं देहि जलं देहि देहिं विद्यां सुपूजिते।
सर्वकल्याण-कारिण्यै षष्ठीदेव्यै नमो नमः॥"

षष्ठीदेवी स्तोत्र-महत्त्व

निस्सन्तान दम्पती द्वारा षष्ठीदेवी के स्तोत्र का एकवर्ष पर्यन्त प्रातः, सायं पाठ करने से दीर्घायु पुत्र प्राप्त होता है। बन्ध्या (बांझ) नारी भी भक्ति-श्रद्धापूर्वक एकवर्ष पर्यन्त प्रातः-सायं पाठ करे तो यशस्वी, दीर्घायु सन्तान को प्राप्त करती है। जिनके **पुत्र होकर नष्ट होते रहते हैं, वे वर्षपर्यन्त इस स्तोत्र का पाठ करें** (या इस पाठ का प्रातः-सायं श्रवण करें) तो निश्चय ही माता षष्ठी देवी के अनुग्रह से चिरंजीवि सन्तान प्राप्त होगी। इसके पाठ से सुख-समृद्धि प्राप्त होती है एवं अपमृत्यु का भी भय नहीं रहता, घर में आनन्दमंगल रहता है।

राहुकाल-विचार

यद्यपि राहुकाल की चर्चा ज्योतिष-शास्त्रों में कहीं भी नहीं मिलती। पुनरपि, **प्राचीनकाल से दक्षिण भारत के दैवज्ञ एवं जनता 'राहुकाल' को अशुभ-फलप्रद किंवा कुयोग के रूप में दैनिक व्यवहार में प्रयुक्त करते आ रहे हैं और उ.भारत के पंचांग, समाचारपत्र एवं टी.वी. के भविष्यवाणी-चैनलों पर भी इसे अशुभकाल के रूप में प्रसारित किया जा रहा है, अतः हम जनता के आग्रह पर इसकी चर्चा संक्षेप में यहां करना उचित समझते हैं।**

ध्यान दें—प्रचलित राहुकाल रविवार आदि सात वारों में प्रतिदिन भिन्न-भिन्न समय पर दिन में केवल एक बार डेढ़ (1½) घण्टे के लिए ही घटित होता है। तदनुसार प्रत्येक वार के लिए राहुकाल का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल नीचे कोष्ठक में दिया गया है—

प्रचलित राहुकाल-बोधक कोष्ठक

वार	राहुकाल प्रारम्भ (स्टैं.टा.)	राहुकाल समाप्त (स्टैं.टा.)
रवि	16 घं. 30 मि.	18 घं. 00 मि.
चन्द्र	7 घं. 30 मि.	9 घं. 00 मि.
मंगल	15 घं. 00 मि.	16 घं. 30 मि.
बुध	12 घं. 00 मि.	13 घं. 30 मि.
गुरु	13 घं. 30 मि.	15 घं. 00 मि.
शुक्र	10 घं. 30 मि.	12 घं. 00 मि.
शनि	9 घं. 00 मि.	10 घं. 30 मि.

नोट करें कि—राहुकाल का विचार दिन में ही किया जाता है, रात्रि में राहुकाल विचार्य नहीं माना गया।

राहुकाल-विचार में दिन का मान स्थिररूप से 12 घण्टे ही माना गया है। इसके लिए सर्वत्र एवं सर्वदा दिन का प्रारम्भ तद्देशीय स्टैं. टा. के अनुसार प्रातः 6 घं. 0 मि. एवं समाप्ति 18 घं. 0 मि. पर स्थिर रूप से मानी गयी है।

मकर संक्रान्ति-माहात्म्य

(अर्थात् अन्धकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का संकल्प)

संक्रान्ति एकमात्र खगोलीय घटना न होकर अनेक पौराणिक एवं आधुनिक क्रियाकलापों के प्रतिपादन की तिथि भी है। सूर्य की किरणें संसार को आरोग्य प्रदान करती हैं। निरन्तर प्राणदाता सूर्य परमात्मा का प्रतिनिधि है। इसी कारण सूर्य की पूजा होती है।

मकर संक्रान्ति से पहले सूर्यदेव दक्षिणी गोलार्ध में होते हैं। इस समय सूर्य भारत से अपेक्षाकृत अधिक दूर होता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश अधिक एवं रात्रि छोटी होने से अन्धकार कम होता है।

अतः मकर राशि में सूर्य के संक्रमण को इस समय अन्धकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है।

प्रकाश अधिक होने से प्राणियों में चेतना एवं कार्यक्षमता बढ़ती है। इस समय सम्पूर्ण भारत में जनता श्रद्धापूर्वक सूर्यदेव की उपासना, पूजन करके जीवनाधायक एवं नयी ऊर्जा प्रदान करने के लिए कृतज्ञता व्यक्त करती है।

सामान्यतया भारतीय पंचांग-पद्धति की समस्त तिथियां चन्द्रगति के आधार पर निर्णीत होती हैं। परन्तु मकर संक्रान्ति को सूर्य की गति से ही निर्धारित किया जाता है।

मकर संक्रान्ति पर विशेषतः तिल, गुड़दान, दाल, चावल की खिचड़ी के दान का अत्यधिक महत्त्व माना गया है।

समस्त भारत में सूर्य के मकर राशि में संक्रकण को विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। तामिलनाडु में इसे (चार दिनों तक चलने वाले) '**पोंगल**' के रूप में मनाया जाता है। प्रथम दिन में '**भोगी-पोंगल**', दूसरे दिन '**सूर्य-पोंगल**', तीसरे दिन '**मोटू-पोंगल**' एवं चौथे दिन में इसे मकर संक्रान्ति को '**कन्या-पोंगल**' रूप में धूमधाम से मनाया जाता है।

आन्ध्र-कर्णाटक किंवा केरल में इसे मकर-संक्रान्ति, हरियाणा एवं पंजाब में लोहड़ी किंवा नेपाल में मकर-संक्रान्ति को '**माघी-संक्रान्ति**' नाम से जानते हैं।

असम में मकर-संक्रान्ति को **माघ बिहू** नाम से जानते हैं। राजस्थान में सुहागिनें अपनी सास को वायना देकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं एवं 14 ब्राह्मणों को सौभाग्यसूचक वस्तु का दान भी करती हैं।

बिहार एवं उ.प्र. में इस व्रत को खिचड़ी के नाम से जानते हैं। इस दिन खिचड़ी खाने एवं दान का माहात्म्य है। उड़द, चावल, तिल, चिवड़ा, गोदान, ऊनी-वस्त्र, कम्बल किंवा स्वर्णदान का विशेष महत्त्व इस संक्रान्ति पर लिखा है। समस्त भारत में और विशेषतः उ.प्र. में तो इसे विशेषतः '**दान का परम पर्व**' माना जाता है।

इलाहाबाद में गंगा-यमुना-सरस्वती के संगमस्थल पर इस दिन एकमास तक चलने वाला '**माघ मेला**' लगता है। इस दिन गंगासागर पर भी स्नान-दानादि का माहात्म्य लिखा है। जनता इन दिनों विशेषतः मकर संक्रान्ति के दिन गंगास्नान करने हरिद्वार आदि तीर्थों पर जाती है।

इस प्रकार यह सूर्यपर्व भारत में 'राष्ट्रव्यापी पर्व' है, जहां भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक विविध रूपों में दिखाई देती है। इस पर्व को 'उत्तरायणी' भी कहते हैं। इस पुण्यपर्व का महाभारत में भी वर्णन है। सूर्य के उत्तरायण का महत्त्व भीष्म पितामह की इच्छामृत्यु से जाना गया है। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि सूर्य के उत्तरायण में पृथ्वी प्रकाशमयी रहती है, इस समय जीव शरीर-परित्याग से पुनर्जन्म न पाकर मोक्ष को प्राप्त करता है।

इस प्रकार '**मकर संक्रान्ति**' के इस राष्ट्रव्यापी पर्व के समय सूर्य की आराधना का मूल उद्देश्य भारतीयों के लिए सचमुच '**आत्मजागृति**' का उद्‌बोधन है।

जैविक लय-वक्र-पद्धति

(एक नया रोचक सिद्धान्त, जो यह स्पष्ट करता है कि-किस दिन हम शारीरिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक रूप से स्वस्थ या अस्वस्थ होंगे।)

लेखक—प्रियव्रत शर्मा,

हम सब अनेक बार ऐसे दिनों से गुजरते हैं,जबकि हमारे सभी काम न जाने क्यों गलत होते जाते हैं, मन चिड़चिड़ा रहता है, सर्वत्र निराशा नज़र आती है, शरीर टूटा-टूटा लगता है, हम अपने आपको अस्वस्थ सा अनुभव करते हैं। दूसरी ओर इसके विपरीत ऐसे दिन भी अक्सर आते हैं,जबकि हर काम स्वयं ठीक होता जाता है, शरीर में शक्ति और स्फूर्ति रहती है, मन प्रफुल्लित एवं सोत्साह होता है। इन बुरे और अच्छे दिनों का रहस्य स्पष्ट करने वाली एक अद्‌भुत पद्धति के बारे में हम अपने पाठकों को बतलाएंगे। इस पद्धति को 'जैविक लय-वक्र-पद्धति' (Biorhythmic Curve Method) के नाम से पुकारा जाता है। यह पद्धति तीन वक्रों (Curves) पर आधारित है, जो निम्नांकित हैं—

(1) शारीरिक वक्र।

(2) भावना वक्र।

(3) बौद्धिक वक्र।

शारीरिक वक्र का चक्र (Cycle) 23 दिन, भावना वक्र का 28 दिन और बौद्धिक वक्र का 33 दिन होता है। ये सभी वक्रचक्र मानव के जन्म-दिन से ही एक साथ प्रारम्भ होते हैं।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कोष्ठक (1)

आयु के लगभग गत-वर्ष	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	आयु के लगभग गत-वर्ष	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	आयु के लगभग गत-वर्ष	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	आयु के लगभग गत-वर्ष	शारीरिक	भावना	बौद्धिक
0	.23	28	33	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
1	43	29	35	25	23	31	56	49	26	33	44	73	29	35	65
2	40	30	37	26	43	32	58	50	23	34	46	74	26	36	34
3	37	31	39	27	40	33	60	51	43	35	48	75	23	37	36
4	35	33	42	28	38	35	63	52	41	37	51	76	44	39	39
5	32	34	44	29	35	36	65	53	38	38	53	77	41	40	41
6	29	35	46	30	32	37	34	54	35	39	55	78	38	41	43
7	26	36	48	31	29	38	36	55	32	40	57	79	35	42	45
8	24	38	51	32	27	40	39	56	30	42	60	80	33	44	48
9	44	39	53	33	24	41	41	57	27	43	62	81	30	45	50
10	41	40	55	34	44	42	43	58	24	44	64	82	27	46	52
11	38	41	57	35	41	43	45	59	44	45	33	83	24	47	54
12	36	43	60	36	39	45	48	60	42	47	36	84	45	49	57
13	33	44	62	37	36	46	50	61	39	48	38	85	42	50	59
14	30	45	64	38	33	47	52	62	36	49	40	86	39	51	61
15	27	46	33	39	30	48	54	63	33	50	42	87	36	52	63
16	25	48	36	40	28	50	57	64	31	52	45	88	34	54	33
17	45	49	38	41	25	51	59	65	28	53	47	89	31	55	35
18	42	50	40	42	45	52	61	66	25	54	49	90	28	28	37
19	39	51	42	43	42	53	63	67	45	55	51	91	25	29	39
20	37	53	45	44	40	55	33	68	43	29	54	92	45	31	42
21	34	54	47	45	37	28	35	69	40	30	56	93	43	32	44
22	31	55	49	46	34	29	37	70	37	31	58	94	40	33	46
23	28	28	51	47	31	30	39	71	34	32	60	95	37	34	48
24	26	30	54	48	[illegible]	[illegible]	[illegible]	72	[illegible]	[illegible]	63	96	35	36	[illegible]

चक्र के पूर्वार्द्ध में ये सभी वक्र 'उन्नत' और उत्तरार्द्ध में 'अवनत' कहलाते हैं। 'उन्नत वक्र' को 'धन वक्र' और 'अवनतवक्र' को '**ऋण वक्र**' भी कहा जाता है।

जब शारीरिक वक्र धन चल रहा हो, तब मनुष्य शरीर में शक्ति, स्फूर्ति एवं उत्साह का अनुभव करता है। जब भावना वक्र धन चल रहा हो, तब वह प्रसन्न, कला-प्रेमी, विनोद- प्रिय होता है। इसी प्रकार जब बौद्धिक वक्र धन हो, तब मनुष्य तर्क-प्रवीण तथा गम्भीर समस्याओं को अनायास ही सुलझाने में समर्थ होता है।

जब शारीरिक वक्र ऋण हो, उन दिनों में व्यक्ति शारीरिक दृष्टि से अपने आपको बिना कारण ही श्रान्त अनुभव करता है, थोड़े से काम से ही वह थक जाता है, सर्दी-गर्मी आदि से जल्दी ही प्रभावित होने लगता है। जिन दिनों किसी व्यक्ति का भावना वक्र ऋण चल रहा हो, उन दिनों में उसकी मन:स्थिति अकारण ही खिन्न-सी रहती है, थोड़ी-थोड़ी बात पर वह चिड़ने लगता है, निराशा से वह आक्रान्त हो उठता है। जिन दिनों में व्यक्ति का बौद्धिक वक्र ऋण होता है, उन दिनों में वह वाद-विवाद में दूसरे को प्रभावित नहीं कर पाता, समस्याओं के समाधान में वह किसी ठीक निर्णय पर नहीं पहुंच सकता। उसका विवेक उन दिनों शिथिल रहता है।

प्रत्येक वक्र (शारीरिक, भावना एवं बौद्धिक वक्र) अपने-अपने प्रत्येक चक्र में दो बार ऐसी स्थिति में आता है, जबकि वह न तो उन्नत (धन) ही होता है और न अवनत (ऋण) ही। जिस दिन कोई वक्र इस स्थिति में होता है, उस दिन को '**संकटदिन**' (Critical day) कहा जाता है। किसी भी वक्र के 'संकटदिन' में व्यक्ति रोगाक्रान्त हो सकता है, मानसिक दृष्टि से वह स्वस्थ नहीं रहता, जिससे वह दुर्घटना का शिकार हो सकता है। इसलिए अपने 'संकटदिन' में उसे कार, मोटर साइकिल आदि नहीं चलाना चाहिए। चलाना पड़े तो बहुत सावधानी बरतें। विदेश की अनेकों एयरलाइन्स कम्पनियां अपने पायलटों के जैविक-लय-वक्रों के चार्ट तैयार करवाती हैं। किसी भी पायलट को उसके 'संकटदिन' में उड़ान की अनुमति वे नहीं देतीं। उनका अनुभव है कि इससे विमान दुर्घटनाएं पर्याप्त मात्रा में कम हुई हैं।

डॉक्टरों को भी परामर्श दिया जाता है कि वे अपने एवं

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कोष्ठक (2)

तारीख	जनवरी			फरवरी			मार्च			अप्रैल			मई			जून		
	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक
1	1	1	1	9	4	32	14	4	27	22	7	25	6	9	22	14	12	20
2	2	2	2	10	5	33	15	5	28	23	8	26	7	10	23	15	13	21
3	3	3	3	11	6	1	16	6	29	1	9	27	8	11	24	16	14	22
4	4	4	4	12	7	2	17	7	30	2	10	28	9	12	25	17	15	23
5	5	5	5	13	8	3	18	8	31	3	11	29	10	13	26	18	16	24
6	6	6	6	14	9	4	19	9	32	4	12	30	11	14	27	19	17	25
7	7	7	7	15	10	5	20	10	33	5	13	31	12	15	28	20	18	26
8	8	8	8	16	11	6	21	11	1	6	14	32	13	16	29	21	19	27
9	9	9	9	17	12	7	22	12	2	7	15	33	14	17	30	22	20	28
10	10	10	10	18	13	8	23	13	3	8	16	1	15	18	31	23	21	29
11	11	11	11	19	14	9	1	14	4	9	17	2	16	19	32	1	22	30
12	12	12	12	20	15	10	2	15	5	10	18	3	17	20	33	2	23	31
13	13	13	13	21	16	11	3	16	6	11	19	4	18	21	1	3	24	32
14	14	14	14	22	17	12	4	17	7	12	20	5	19	22	2	4	25	33
15	15	15	15	23	18	13	5	18	8	13	21	6	20	23	3	5	26	1
16	16	16	16	1	19	14	6	19	9	14	22	7	21	24	4	6	27	2
17	17	17	17	2	20	15	7	20	10	15	23	8	22	25	5	7	28	3
18	18	18	18	3	21	16	8	21	11	16	24	9	23	26	6	8	1	4
19	19	19	19	4	22	17	9	22	12	17	25	10	1	27	7	9	2	5
20	20	20	20	5	23	18	10	23	13	18	26	11	2	28	8	10	3	6
21	21	21	21	6	24	19	11	24	14	19	27	12	3	1	9	11	4	7
22	22	22	22	7	25	20	12	25	15	20	28	13	4	2	10	12	5	8
23	23	23	23	8	26	21	13	26	16	21	1	14	5	3	11	13	6	9
24	1	24	24	9	27	22	14	27	17	22	2	15	6	4	12	14	7	10
25	2	25	25	10	28	23	15	28	18	23	3	16	7	5	13	15	8	11
26	3	26	26	11	1	24	16	1	19	1	4	17	8	6	14	16	9	12
27	4	27	27	12	2	25	17	2	20	2	5	18	9	7	15	17	10	13
28	5	28	28	13	3	26	18	3	21	3	6	19	10	8	16	18	11	14
29	6	1	29	14	4	27	19	4	22	4	7	20	11	9	17	19	12	15
30	7	2	30				20	5	23	5	8	21	12	10	18	20	13	16
31	8	3	31				21	6	24				13	11	19			

रोगी के 'संकटदिन' में कोई गम्भीर ऑपरेशन न करें। विदेश के अनेक विवाह-परामर्शदाता-मनोवैज्ञानिक दम्पतियों को अपने-अपने संकट के दिनों में विशेष नियन्त्रण से काम लेने का परामर्श देते हैं, अन्यथा उनमें परस्पर भयंकर तनाव हो सकता है।

ध्यान रहे, संकट के दिनों से एक दिन पहले (आगे) का और एक दिन बाद का (इस प्रकार से दो) दिन भी 'संकटदिन' के लगभग समान ही माने जाते हैं। इन दिनों को **'अर्धसंकटदिन'** कहा जाता है। इन अर्धसंकटदिनों में भी वही सावधानी बरतनी आवश्यक है, जो 'संकटदिनों' में बरती जाती है।

जिस दिन दो या तीनों वक्रों के 'संकटदिन' एक साथ आ पड़ें, उस दिन व्यक्ति को विशेष रूप से सावधान रहना बहुत आवश्यक है। यही बात 'अर्धसंकटदिन' के बारे में भी समझनी चाहिए।

जिन दिनों में दो या तीनों वक्र एक साथ ऋण चल रहे हों, वे दिन भी 'संकटदिन' की भान्ति व्यक्ति के लिए अशुभ माने गये हैं। इस स्थिति में भी व्यक्ति दुर्घटना आदि का शिकार हो सकता है।

'धन वक्र', 'ऋण वक्र' एवं 'संकटेदिन' का ज्ञान—कौन सा वक्र किस दिन धन (+), किस दिन ऋण (−) होगा, संकटदिन और अर्धसंकटदिन कब पड़ेंगे—इसकी गणित के लिए विदेशों में Calculator मिलते हैं, जो व्यक्ति की जन्म तारीख के अनुसार यह तुरन्त निर्णय कर देते हैं। क्योंकि इस प्रकार के Calculator सभी लोग खरीद नहीं सकते, भारत में वे सुलभ भी नहीं हैं, अतः अपने पाठकों की सुविधा के लिए हम यहां तीन कोष्ठक (सारणियां) दे रहे हैं, जिनकी सहायता से किसी प्रकार की गणित के बिना ही शारीरिक, भावना, बौद्धिक—तीनों वक्रों की स्थिति (धन वक्र, ऋण वक्र, संकटदिन, अर्धसंकटदिन) सरलता से जानी जा सकती है। ध्यान रहे, इन तीन कोष्ठकों द्वारा वक्रों की स्थिति निकालने में उतना ही टाईम लगता है, जितना Calculator लगाता है। ये कोष्ठक मैंने स्वयं 'जैविक लय-वक्र-पद्धति' के सिद्धान्तानुसार तैयार किये हैं।

इन कोष्ठकों से वक्रों की स्थिति का निर्णय इस प्रकार कीजिए—

अपने जन्म के ईस्वी सन् को अभीष्ट ई. सन् में से घटाने

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कोष्ठक (2)

तारीख	जुलाई			अगस्त			सितम्बर			अक्तूबर			नवम्बर			दिसम्बर		
	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक	शारीरिक	भावना	बौद्धिक
1	21	14	17	6	17	15	14	20	13	21	22	10	6	25	8	13	27	5
2	22	15	18	7	18	16	15	21	14	22	23	11	7	26	9	14	28	6
3	23	16	19	8	19	17	16	22	15	23	24	12	8	27	10	15	1	7
4	1	17	20	9	20	18	17	23	16	1	25	13	9	28	11	16	2	8
5	2	18	21	10	21	19	18	24	17	2	26	14	10	1	12	17	3	9
6	3	19	22	11	22	20	19	25	18	3	27	15	11	2	13	18	4	10
7	4	20	23	12	23	21	20	26	19	4	28	16	12	3	14	19	5	11
8	5	21	24	13	24	22	21	27	20	5	1	17	13	4	15	20	6	12
9	6	22	25	14	25	23	22	28	21	6	2	18	14	5	16	21	7	13
10	7	23	26	15	26	24	23	1	22	7	3	19	15	6	17	22	8	14
11	8	24	27	16	27	25	1	2	23	8	4	20	16	7	18	23	9	15
12	9	25	28	17	28	26	2	3	24	9	5	21	17	8	19	1	10	16
13	10	26	29	18	1	27	3	4	25	10	6	22	18	9	20	2	11	17
14	11	27	30	19	2	28	4	5	26	11	7	23	19	10	21	3	12	18
15	12	28	31	20	3	29	5	6	27	12	8	24	20	11	22	4	13	19
16	13	1	32	21	4	30	6	7	28	13	9	25	21	12	23	5	14	20
17	14	2	33	22	5	31	7	8	29	14	10	26	22	13	24	6	15	21
18	15	3	1	23	6	32	8	9	30	15	11	27	23	14	25	7	16	22
19	16	4	2	1	7	33	9	10	31	16	12	28	1	15	26	8	17	23
20	17	5	3	2	8	1	10	11	32	17	13	29	2	16	27	9	18	24
21	18	6	4	3	9	2	11	12	33	18	14	30	3	17	28	10	19	25
22	19	7	5	4	10	3	12	13	1	19	15	31	4	18	29	11	20	26
23	20	8	6	5	11	4	13	14	2	20	16	32	5	19	30	12	21	27
24	21	9	7	6	12	5	14	15	3	21	17	33	6	20	31	13	22	28
25	22	10	8	7	13	6	15	16	4	22	18	1	7	21	32	14	23	29
26	23	11	9	8	14	7	16	17	5	23	19	2	8	22	33	15	24	30
27	1	12	10	9	15	8	17	18	6	1	20	3	9	23	1	16	25	31
28	2	13	11	10	16	9	18	19	7	2	21	4	10	24	2	17	26	32
29	3	14	12	11	17	10	19	20	8	3	22	5	11	25	3	18	27	33
30	4	15	13	12	18	11	20	21	9	4	23	6	12	26	4	19	28	1
31	5	16	14	13	19	12	—	—	—	5	24	7	—	—	—	20	1	2

पर आपकी आयु के लगभग गत-वर्ष प्राप्त होंगे। इन वर्षों के आगे कोष्ठक (1) के शारीरिक, भावना, बौद्धिक वाले स्तम्भों में लिखी संख्याएं उठाकर इन्हें अलग-अलग नोट कर लें। फिर कोष्ठक (2) में अपनी जन्म तारीख द्वारा शारीरिक, भावना, बौद्धिक वाले स्तम्भों में लिखी संख्याएं लेकर इन्हें कोष्ठक (1) से ली गई संख्याओं में से क्रमशः घटा दें (अर्थात् शारीरिक वाली संख्या में से शारीरिक वाली संख्या, भावना वाली संख्या में से भावना वाली और बौद्धिक वाली में से बौद्धिक वाली संख्या घटा दें)। ये तीनों संख्याएं आपके अभीष्ट ई. सन् की 1 जन. को शारीरिक, भावना और बौद्धिक वक्रों के 'वक्रशेष' हैं। आप जिस तारीख को इन वक्रों की स्थिति जानना चाहते हैं, उस तारीख के आगे कोष्ठक (2) में ही लिखी तीन (शारीरिक, भावना, बौद्धिक स्तम्भों वाली) संख्याएं लेकर, उन्हें अभीष्ट ई. सन् की 1 जनवरी के तीनों (शारीरिक, भावना, बौद्धिक) वक्रों के चक्रशेषों में क्रमशः जोड़ दें। इस प्रकार आपकी अभीष्ट तारीख को शारीरिक, भावना एवं बौद्धिक वक्रों के चक्रशेष मिल जाएंगे। इन चक्रशेषों द्वारा कोष्ठक (3) से तीनों वक्रों के फल धन (+) या ऋण (-) जान लीजिए। इस कोष्ठक में फल वाले स्तम्भ में यदि फल शून्य (0) मिले तो 'संकटदिन' समझना चाहिए। यहां 1 संख्या 'अर्धसंकटदिन' बतलाती है।

स्पष्टता के लिए यह उदाहरण लीजिए—

उदाहरण—देवेन्द्र शर्मा का जन्म ई. सन् 1945 की 5 मार्च को हुआ था। सन् 1981 की 15 अप्रैल को इसके शारीरिक, भावना और बौद्धिक वक्रों की स्थिति ज्ञात कीजिए—

जन्म सन् 1945 को अभीष्ट सन् 1981 में से घटाने पर 36 वर्ष (आयु के लगभग गत-वर्ष) मिले। कोष्ठक (1) में 36 वर्ष के आगे शारीरिक 39, भावना 45, बौद्धिक 48 मिले। कोष्ठक (2) में जन्म-तारीख 5 मार्च द्वारा शारीरिक 18, भावना 8, बौद्धिक 31 प्राप्त हुए। इन्हें कोष्ठक (1) से मिली संख्याओं में से क्रमशः घटाने पर शारीरिक 21, भावना 37, बौद्धिक 17 हुए। ये 1 जनवरी 1981 को वक्रों के चक्रशेष हैं। हमारी अभीष्ट तारीख 15 अप्रैल के आगे कोष्ठक (2) में ही शारीरिक 13, भावना 21, बौद्धिक 6 मिले। इन्हें 1 जन. 1981 के चक्रशेषों (शारीरिक 21, भावना 37, बौद्धिक 17) में क्रमशः जोड़ने पर 15 अप्रैल, 1981 ई. को शारीरिक वक्र का चक्रशेष 34, भावना वक्र का चक्रशेष 58 और बौद्धिक वक्र का चक्रशेष 23 हुआ। अब कोष्ठक (3) में शारीरिक वक्र के चक्रशेष 34 से शारीरिकवक्र 0 (अर्थात् संकटदिन), भावनावक्र के चक्रशेष 58 से भावनावक्र + (धन) और बौद्धिकवक्र के चक्रशेष 23 से बौद्धिकवक्र - (ऋण) मिला। इस प्रकार स्पष्ट हो गया कि देवेन्द्र शर्मा के लिए 15 अप्रैल, 1981 ई. बिल्कुल ठीक नहीं है, क्योंकि शारीरिक वक्र की दृष्टि से यह संकटदिन है और साथ ही बौद्धिकवक्र भी ऋण चल रहा है, भावनावक्र यद्यपि यहां धन है, तथापि यह दिन 'संकटदिन' ही है। अतः इस दिन देवेन्द्रजी को सतर्क रहना होगा। कोष्ठक (3) से पता चलता है कि 15 अप्रैल से आगे-पीछे वाले दिन भी देवेन्द्र के लिए संकटदिन एवं अर्धसंकटदिन हैं। अतः 14, 16, 17 अप्रैल को भी उसे सावधान रहना होगा। ध्यान रहे, तीनों वक्रों में से किसी एक वक्र द्वारा भी यदि 'संकटदिन' या 'अर्धसंकटदिन' सिद्ध हो जाये, तो अन्य धनवक्रों का शुभ प्रभाव लगभग समाप्त ही हो जाता है।

कोष्ठक (3)

शारीरिक				भावना				बौद्धिक			
चक्रशेष			फल	चक्रशेष			फल	चक्रशेष			फल
0	23	46	0	0	28	56	0	0	33	66	0
1	24	47	1	1	29	57	1	1	34	67	1
2	25	48	+	2	30	58	+	2	35	68	+
3	26	49	+	3	31	59	+	3	36	69	+
4	27	50	+	4	32	60	+	4	37	70	+
5	28	51	+	5	33	61	+	5	38	71	+
6	29	52	+	6	34	62	+	6	39	72	+
7	30	53	+	7	35	63	+	7	40	73	+
8	31	54	+	8	36	64	+	8	41	74	+
9	32	55	+	9	37	65	+	9	42	75	+
10	33	56	1	10	38	66	+	10	43	76	+
11	34	57	0	11	39	67	+	11	44	77	+
12	35	58	0	12	40	68	+	12	45	78	+
13	36	59	1	13	41	69	1	13	46	79	+
14	37	60	—	14	42	70	0	14	47	80	+
15	38	61	—	15	43	71	1	15	48	81	1
16	39	62	—	16	44	72	—	16	49	82	0
17	40	63	—	17	45	73	—	17	50	83	0
18	41	64	—	18	46	74	—	18	51	84	1
19	42	65	—	19	47	75	—	19	52	85	—
20	43	66	—	20	48	76	—	20	53	86	—
21	44	67	—	21	49	77	—	21	54	87	—
22	45	68	1	22	50	78	—	22	55	88	—
23	46	69	0	23	51	79	—	23	56	89	—
				24	52	80	—	24	57	90	—
				25	53	81	—	25	58	91	—
				26	54	82	—	26	59	92	—
				27	55	83	1	27	60	93	—
				28	56	84	0	28	61	94	—
								29	62	95	—
								30	63	96	—
								31	64	97	—
								32	65	98	1
								33	66	99	0

\+ = धनवक्र
\- = ऋणवक्र

0 = संकटदिन
1 = अर्धसंकटदिन

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्मसमय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवम् मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल, मलिन थे। ४। ११। १६। ४४। ५८ वर्षो में बालक कष्ट पावे; इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष— माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका-स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १। २८। ३३। ४४। ६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन— माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम उतरे। ४। १०। १४। ३८। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवाएं। यदि इन वर्षों से बचे, तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव से पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसुन आदि का चिह्न, देर से रोया। ५। २५। ४०। ५८। ६२— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश के समय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह— माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्मसमय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान। ५। १३। २८। ३६। ४८— इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और ब्राह्मणों को मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्ठान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्मसमय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया, घर के नैर्ऋत्यकोण में सूतिका-स्थान। ४। १६। २३। ३६। ५५— ये वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला— माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्मसमय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्मसमय कुछ ठहरकर अर्धशब्द करके रोया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८। १५। ३१। ३५। ६२। ६४— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रहों का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ३, पीछे से भी २ आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घ केश, घर के पश्चिमभाग में प्रसवस्थान। ११। २८। ३८। ५२। ६२— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्मसमय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान। २। १०। १८। ३१। ३८। ४२। ६७— इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मणभोजन श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर— माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला व जीर्ण कमजोर वस्त्र; गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्मसमय स्त्रियां २, पीछे से एक आई। दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तरभाग में पुराना सूतिकास्थान। ५। १३। २७। ३६। ५७। ६३। ८७— इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के शुरु में शिवार्चन, मृतसंजीवनी आदि का जाप रखे।

कुम्भ—माता का सिर पश्चिम को; जीर्ण, धुम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर-शीत शाकादि का भोजन, कष्ट अधिक, जन्मसमय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं, उन में एक स्त्री गर्भिणी भी हो, दीपक स्वास्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्धशब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तरभाग में सूतिका-गृह। २। २८। ३३। ४८। ६४— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जयजप हितकारक है। इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन— माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान। १। ८। १३। ३६। ४८— इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति-हवन, मृतसञ्जीवनीमन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। स्मरण रहे-अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें — वही बालक का जन्मलग्न जानना चाहिए, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष जन्मज्ञान— (१) जन्मलग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनि चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो— इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना चाहिए।

जन्मकुण्डली में दिशाज्ञान— प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय-तृतीय ईशान, चतुर्थ उत्तर, पञ्चम-षष्ठ वायव्य, सप्तम पश्चिम, अष्टम-नवम नैर्ऋत्य, दशम दक्षिण, एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना चाहिए।

प्रसूतिस्थान से पाकशालादि का विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य, मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना चाहिए। इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा— लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार।। केन्द्र (१। ४। ७। १०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें, जो बली (स्वराशि, मित्रोच्च, व मूलत्रिकोण राशि का) केन्द्रस्थान में स्वमित्र, शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो, उसकी दिशा में अथवा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है।

ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनि की पश्चिम और राहु, केतु की नैर्ऋत्य।

चन्द्रात्तैलज्ञानम्— चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज़्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहें। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना।

सो०— तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशुजन्म तब आई, तब कही दीपकतैल नहीं। सित–शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशुजन्म में तब वाम, दीपकतैल सौं युक्त कहि।

लग्नादीपवर्तिज्ञानम्— जन्मलग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहें, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैःस्युरुपसूतिकाः— यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्रपर्यन्त जितने ग्रह हों, उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों तो उसकी गणना करें, अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें, अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्न–चन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करें और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करें, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के, अस्त होवें, उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान रखने योग्य है, कि— वह लग्न, चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तमभावपर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तमभाव से लग्न के भुक्तांशपर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना चाहिए। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहां हों तो, धर्मशील, सौभाग्यवती स्त्रियां कहें, अशुभ ग्रहों से विधवा, दुश्चरित्रा कहें।

शय्या–शिर व पादविचार

"लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहें। अर्थात् १। २ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४। ५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७। ८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०। ११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानें। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना चाहिए। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों, वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा, टूटा समझना चाहिए।

दो०— मीन–मिथुन–सिंह–तुला–मेष होय तत्काल।
अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल।।

अथचिह्नज्ञानम्— दोहा–षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामे कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण।। भानु तथा सौरी तनधन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वामकर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह।। सुह्रद् भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वामपाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न।। नौमे पांचे भृगु बसे तनु व चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।"

प्रसवकष्ट दूर हो— प्रसवकाल से पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकण्डा) की जड़ें लाकर, घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ॐ मुक्ताः आशा विपाशश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वमयाद् गर्भमेहि माचिर–माचिर स्वाहा।।"— इस मन्त्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र ही प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख, धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। **स्मरण रहे कि**— पहले उपरोक्त मंत्र तथा **यन्त्र** ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०:— **"धूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खग ना बसै, वेगि ताहियमलीन।।** बसैचन्द्रा द्वादसे अष्टभवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव।।"

अथकाणयोगः— "तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसै त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय।। तात मात भ्राता तनय मातुल त्रिकघर नाथ।। चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान।। भानु राहु दहनों नयन, बुधजन कहत बखान।।"

मूक योगः— "पञ्चमेश गुरुयुक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौ न भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय।। शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।।"

दुःखदयोग—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पापयुक्त लग्नेश। जन्मसमय जाके परे ताको अंग कलेश।। पापयुक्त तनुभवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस।। पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय।।

बन्धनयोग— क्रूर रहै धन नवम व्यय और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार।।

सर्पवेष्टितयोग— यदि अष्टमेश लग्न में राहुसहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित पैदा होता है।

यमल जन्मयोग—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धनु के

उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहें। अथवा आधानलग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे– शनि, मंगल से ५/७/९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु–समय–विचार – जिन अरिष्ट योगों में मरणकाल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु कहें। अथवा– जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो, जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु होनी बताएं। अथवा चन्द्रमा जब लग्नराशि में आता है, तब मृत्यु का होना कहें। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मृत्यु कहनी चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके, तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इसलिए आयु का प्रथम विचार करें, फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोग – अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग।। जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहु के होय। मित्रदृष्टि ता पर परे सर्वसुखी नर होय।।

क्लीब (नपुंसक) योगः – दशम भवन भृगृ मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्रभवन से रिष्फ षट् मन्द बसे क्लिब भान।।

कुष्ठयोग :– लग्नप बुध कुज शशियुते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु।। भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अतिरुष्ट।। जलजगंडयुत, चन्द जो ग्रन्थिगंड कुजसाथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनुनाथ। आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयोरोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।।

केमद्रुम योग :– आगे–पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय।। उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग् केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय।।

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है भूलि न व्याहेउ कोय।। जाके कुज दशम बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूरयुक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पापदृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग।। राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुम सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन।। द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम।। पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुवो भाषत कविकुलवृन्द।। सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु मृग बसै बुधजन कहत विचारि।

वैधव्य–विषकन्यायोग :– चौ.–रविवार द्वितीया जो होय। आश्लेषा ताहि दिन में जोय।। १ ।। कृत्तिका होय शनिश्चर वार–साते तिथि को करो विचार ।। २ ।। होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार।। ३।। इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जानै सोय।।४।। जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय। एक पाप ग्रह नम (१०) में जोय ।।५।। शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो।। ६।। अश्लेषा द्वितीया को होय। मंदवारयुत लीजो जोय।।७।। परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार ।। ८।। रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय ।। ९।। ऐसो योग लखी जो परै। तो कन्या को विधवा करै ।। १०।। दो0– धर्मसदन मे भूमिसुत जन्मसदन शनि जान। सूर्य होत सुतसदन में कन्या विधवा मान।। ११।।

वैधव्य–विषकन्याभंगयोग :– जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय।।

काकवन्ध्यादि योग :– झे अष्टमे काकबन्ध्यामन्दार्कावष्टमे बन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या।।

स्त्रीणां राजयोगाः – चौपाई– केन्द्रधाम नमगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके–चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाम धन गुरु आवे धाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षड्वर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग् केन्द्र में भवन में होई।। ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनमारी।। **दोहा–** कर्क चन्द्रमा सातवें जीवदृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरयुत ताकौ पति नृप शूर।। लाभभवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन।।

स्त्रीणां पुत्रभावविचार :– पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्।।

अशुभ प्रसवमास :– कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथनी, श्रावण में गधी व घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊँटनी, पौष में बकरी, चैत्र में कुनिया के बच्चे जन्में तो 6 मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन के समय घोडी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र हो। स्मरण रहे कि– यहां सर्वत्र सौरमासग्रहण है। प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर, व्याहृतिमन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्मे तो कार्तिकशान्ति करने से शुभ होता है।

त्रिखलजन्मफल :– यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं। कृपणता छोड़कर, त्रिखलशान्ति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चान्दी, तांबा) दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दान्त निकले हों तो माता–पिता को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम–बार ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पाचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, सातवें में पितृसुख, आठवें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में निकले तो धनी हो।

अथैकनक्षत्रजनन–फलम् :– वृद्धगर्ग कहते हैं, कि यदि भ्राताओं व पिता–पुत्र, माता या कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। यहां स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार

लघुभ्राता का जन्मसमय जानना :– (१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़ें, जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु आए तो भाई या बहन का जन्म होता है। (२) यदि भ्रातृ–प्रतिबन्धक योग न हो तो तृतीयेश, तृतयस्थ ग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना

(1) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटाएं, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है, तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(२) लग्नेशस्पष्ट में से तृतीयेशस्पष्ट घटाएं, शेष में से दशमेशस्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटाएं– शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब, भ्रातृकष्ट होता है।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम– इन चारों स्पष्टों को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है, उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काणराशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिए।

माता की मृत्यु का समय जानना :– जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटाएं, शेष की राशि में या त्रिकोणराशि में या उस शेष राशि के नवांशराशि में जब गोचर का शनि व गुरु होगा, तब माता की मृत्यु का समय जानें।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

स्थानम्	शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्योः	जंघाः	जान्वोः	पादे
घटी	४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०
फलम्	पशुना.	धनना.	धनला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य

अथ कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१/२/३ च.)	आश्लेषा (२/३/४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४ च.)
फलम्	ससुरहानिः	सासनाशः	ज्येष्ठनाशः	देवरनाशः

सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।।

तिथिगण्डान्त– पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो–दो घड़ी तिथिगण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

कोष्ठकोक्त ये छः नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं। इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक अथवा बालिका माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है। गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का छः मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरणों में जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

अथ मूल पुरुषचक्रम्

स्थानं	मूर्ध्नि	मुखे	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्योः	जान्वोः	पादयोः
घटी	५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६
फलम्	राजा	पि. गृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.

मूलजनने वृक्षविभागफलम्

विभाग	मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा
घटी	७	८	१०	११	१२	५	४	३
फल	मूलनाश	वंशनाश	मातृ–क्लेश	मातुल–नाश	मन्त्री–पद	मन्त्री–पद	विपुल–लाभ	अल्प–जीवन

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आश्वि. मा. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२/५/८/११	३/६/९/१२	१/४/७/१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार– दोनों प्रकार से भूमि पर आए तो महाभयप्रद होता है। यहां अन्य एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी–शनि–भौम–समन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातःसंहरते कुलम्।। यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्।। दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गण्डातिगंडे च परिघे यमघण्टके।। ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्।। यथा सर्पविषं चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते।। रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निसृतेन जलेन हि।। बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृते स्यान्मंगलं ध्रुवम्।। विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः।।

अथाभुक्तमूलविचारः– ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी (किसी के मत से एक घटी) एवं मूल नक्षत्र की आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है।

इस समय जो बच्चा जन्म ले, उसका परित्याग कर दें या आठ वर्ष; असमर्थ हों तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे।

धनगंडे दरिद्रोऽपि शांतिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अंन्यथा नाशमाप्नोति चामुक्तर्क्षे विशेषतः।।

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

समय	प्रातः	दिन में	रात्रि में	सन्ध्या में
नक्षत्र	सभी गण्डमूल नक्षत्र	मूल, ज्ये.	मघा, आश्ले.	रे. अश्वि.
फल	पशु हानि	पिता को भय	माता को भय	शरीर को भय

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ–ग्रह फलानि

भाव		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	1	अंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन	2	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी,गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज	3	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत्	4	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहानि	दुःखी
सुत	5	सुतहानि	धनी,पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु	6	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री	7	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहानि
मृत्यु	8	अल्पायु	योगी	शरीरपीड़ा	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म	9	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म	10	शूर	तेजयुक्त	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिवान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहीन
लाभ	11	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय	12	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	दरिद्र	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थ–ग्रहफलानि

भाव		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु	1	क्रोधिनी	गतायु	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	बन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन	2	दरिद्रा	बहुधना	बन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्ता
सहज	3	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत्	4	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहानि
सुत	5	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुता	सुगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु	6	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति	7	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु	8	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म	9	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	बन्ध्या	बन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म	10	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ	11	सधना	गुणज्ञा	सुलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय	12	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्–अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्रीतुल्य, चतुर्थ में नृपतिसमान होता है।

मघाफलम्– मघा के प्रथमचरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन, विद्यालाभ होंगे।

ज्येष्ठापादफलम्– प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। " ज्येष्ठाद्यपाद जो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलक्षै मातरं पितरं तथा।"

रेवतीपादफलम् –रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृपसमान, दूसरे में मंत्री या मुख्तार, तीसरे में सुख–सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश–योग– (१) पाप ग्रहयुक्त चन्द्रमा सातवें भाव में हो, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र हो, (३) पापग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे–सातवें पापग्रह हो, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य और लग्न में मंगल हो, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो– इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप–दान करना चाहिए।

पितृनाशयोग– (१) सूर्य, मंगल दसवें वा नवम में गए हों, (२) दशमेश रवि, मंगल से युक्त हो, (३) शत्रुराशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो– इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाशयोग– भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संग त्रिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय।।

सन्तानसुखनाशयोग– गुरु ते पंचम गेहपति, जाय परे त्रिकभाव। ऐसा योग जो लखि परे ताकि पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे त्रिकधाम। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोग– शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोग – सहज सप्तम धनसदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई।। सिंहलग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध मग राहुसंग सप्तमभाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।।

गोचरग्रहाणां द्वादशभाव–फलबोध–चक्रम्

भाव→ ग्रह↓	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
सूर्य	स्थाननाश	भय	श्रीप्राप्ति	मानभंग	दैन्य	विजय	यात्रा	पीड़ा	सुकृतिनाश	सिद्धि	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्र	अन्नलाभ	धननाश	सुख	रोग	कार्यनाश	धनलाभ	स्त्रीलाभ	रोग	धर्मलाभ	सुख	धनलाभ	धननाश
मंगल	शत्रुभीति	धननाश	धनलाभ	शत्रुभय	धननाश	धनलाभ	द्रव्यनाश	शत्रुभय	शत्रुभय	शोक	धनलाभ	धननाश
बुध	बन्धन	धनलाभ	शत्रुभय	पशुलाभ	सुख	स्थानलाभ	पीड़ा	धनलाभ	पीड़ा	सुख	धनलाभ	धननाश
गुरु	भय	धनलाभ	क्लेश	धननाश	सुख	शोक	राजमान	पीड़ा	सुख	दैन्य	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र	शत्रुनाश	धनलाभ	सुख	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभय	शोक	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दुःख	धनलाभ	धनलाभ
शनि	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभय	पुत्रनाश	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मनस्य	धनलाभ	धननाश
राहु	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक	श्रीप्राप्ति	कलह	मृत्यु	दुःख	वैर	सुख	शोक
केतु	रोग	वैर	सुख	भय	सुख	धनलाभ	कलह	रोग	पाप	शोक	कीर्ति	शत्रुभय

अथग्रहाणामेक भोगफल–समयादि ज्ञानम्

ग्रहाः	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा. के.
एकार्थभोग	मास 1	दिन 2¼	मास 1½	मास 1	मास 12	मास 1	मास 30	मास 18
फलसमयः	आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते
गंतव्यराशेः प्राक्फलम्	मास 5	घटी 3	दिन 8	दिन 7	मास 2	दिन 7	मास 6	मास 3

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थ धारणाय मणयः

सु.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवालम्	पन्ना	पुष्पराग:	हीरा	नीलम:	गोमेदम्	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहम्	वैडूर्यम्	लाजवर्तं	लाजवर्तं

जारजयोग – भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है पर पुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न।। रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार।।

पूतनाग्रस्तलक्षण एवं शान्ति–

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे–बैठे गिर पड़े, या यूं मालूम हो कि–किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि– उसे महा पूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लाभादि के वश में आकर वनदेवता या नागदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालक्रांता नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूलमाला पहिनाकर बाहिर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर खुले, जूठे बाल को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्य रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता–खेलता गिर जाए अथवा उसे उल्टी हो या हाथ–पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मल–मूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्यकर्म संध्या–वंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं, जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि, धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

उद्वर्तनम्– दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज–इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते, मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते– इनका काढ़ा बनाकर स्नान कराए, तो यह रोग दूर होगा।

चेष्टाः– जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आए, डर लगे, मन में उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जाए–उसे ग्रहाविष्ट जानना चाहिए

सर्वबालग्रह–शान्त्यर्थं देवालये ज्योतिदर्शनं निवासश्च तत्ररात्रौ – "ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव।।"– इत्यस्य जापः, ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीप दधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः।।

अथ बालरक्षाविधि (प्रयोगसारे)– यदि दुष्टदृष्टि (नज़रादि दोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग, कष्ट हो जाए तो– "ॐ वासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः। रक्षतु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।। १।। कृष्ण रक्ष शिशुं शंख–मधुकैटभ–मर्दन। प्रातः–सङ्गव–मध्याह्न–सायाह्नेषु च सन्ध्ययोः।। २।। महानिशि सदा रक्ष कंसाराति निषूदन। यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि।। ३।। बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान्। त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम्।। ४।। – इन चारों मंत्रों से अभिमंत्रित की गई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है	मूर्ति–निर्माणार्थ द्रव्य	पूजनद्रव्य	बलि–विधान व समय	स्नान, पूजा, मार्जनमंत्र	धूप
प्रथम दिन–मास–वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेतचन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प, 5 रंग की झंडी 5, दीपक 5, आटे के सतिए 5, कपूर, लोहवान,	श्वेतभात, 5 पूर्ण पोली (सुहाली) 1 प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखें,	ॐ ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।	राई, खस, आक के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्बपत्र, गोघृत
द्वितीय दिन–मास–वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	10 दीपक, 10 झण्डी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिए 10,	भात एक सेर, आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस, संध्यासमय, पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रां ह्रां ह्रीं ह्रीं हूं हूं स्थानाद्राज्ञया स्वाहा।	
तृतीय दिन–मास–वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्तचन्दन, रक्तपुष्प, श्वेत–ध्वजा, दीपक 10, गेहूं के आटे के सतिए 10,	एक सेर लालभात, आधा सेर पूर्ण पौली, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे रखें,	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गोश्रृंग, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, गोघृत।
चतुर्थ दिन–मास–वर्ष में मुख मंडिका	तिल–चूर्ण एक सेर	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा 5, दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प,	भात, सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्ण पौली, सायं, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे रखें,	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन–मास–वर्ष में विडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेत ध्वजा 5, गेहूं के आटे के सतिए,	श्वेत भात, 7 पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखें,	ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहाण अस्त्र ठः ठः चामुंडे सर्वारि चण्डिके ठः ठः स्वाहा।	
षष्ठ दिन–मास–वर्ष में षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेतध्वजा 5,	भात, 5 मिठाई, 5 सुहाली, 7 पूड़ियां, 1 प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर रखें,	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गुल, राई, हाथीदांत, घृत।
सप्तम दिन–मास–वर्ष में कालिका	चावल का आटा एक सेर	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेतध्वजा 5,	भात, 7 पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखें,	विडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन–मास–वर्ष में कामिनी	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्तचन्दन, 5 रंग की झंडी 5, दीपक 5,	गेहूँ की रोटी, मसूर की दाल, हरासाग, छागमांस, संध्या में चौरास्ते पर रखें,	विडालिका विधानोक्त	
नवम दिन–मास–वर्ष में मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प, 5 दीपक, 5 रंग की झंडी 5,	भात, मत्स्यमांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखें	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हन् हन् हुं फट् स्वाहा।	गोश्रृंग, लहसुन, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।
दशम दिन–मास–वर्ष में रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्तपुष्प, 25 झण्डी, 25 दीपक, 25 सतिए,	गुड़ के घी भुने चावल, गौघृत, सायं, दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो भगवते वैश्वदेवाय हन् हुं फट् स्वाहा।	
एकादश दिन–मास–वर्ष में सुदर्शना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेतपुष्प, 25 दीपक, 25 सफेद झण्डी, 25 आटे के सतिए,	श्वेतभात, 7 पूड़े, सुहाली 7, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास, वज्रहस्ताय ज्वल ज्वल दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा।	
द्वादश दिन–मास–वर्ष में अद्भुता	चावलों का आटा एक सेर	13 दीपक, 13 झण्डी, 13 सतिए आटे के,	सुहाली, पूड़े 7, पूड़ियां 7, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन् हन् शोषय शोषय मर्दय मर्दय तापय तापय हुँ हुँ हुँ हन हन दुष्टाना ह्रां ह्रां स्वाहा।	

अथ बालपूतना–विधान

यहां लिखे बाल–कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान– स्पर्श निम्न–लिखित मन्त्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान–विधि तीन दिन निरंतर करें। चौथे दिन पलाश, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ– इनके पत्रों को उबालकर बालक को मंत्र–पाठपूर्वक स्नान करावें। तदनन्तर कल्याणार्थ यथाशक्ति भिक्षुकों को तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान भोजन कराएं। तदनन्तर "ओं द्यौः शांतिरन्तरिक्ष............" इत्यादि शांतिमंत्रों व मार्जनमंत्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखास्थान स्पर्शपूर्वक यह मंत्र पढ़ें– " ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर। ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।

"ओं सर्वमातर इमं ग्रहं संहरंतु हुं रोदय–रोदय, स्फोटय –स्फोटय स्वाहा। गर्ज–गर्ज सः गृहाण–गृहाण आमर्दय– आमर्दय ह्रीम्–ह्रीम् हन् हन् एवं सिद्धिरुद्रो ज्ञापय स्वाहा।।"

अथ नक्षत्र–कष्टावली

रोग–नक्षत्र	रोगशान्त्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद रोगदिन–संख्या				रोगशान्त्यर्थ जपनीय मन्त्र	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
		1	2	3	4		
अश्विनी	भोजनदान	9	11	1	20	मृत्युञ्जयमंत्र	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य दें।
भरणी	गो–अन्नादि दान	0	60	40	11	यमायतदेति मंत्रः	हाथी के मुख में तिल चावल दें।
कृत्तिका	स्वर्णदान	9	11	16	28	अग्निर्मूर्धेति	कछुए के मुख में घी दें।
रोहिणी	घृतदान	3	9	18	30	ब्रह्मायेति	सर्प को दूध–दही खिलाएं।
मृगशिरा	तिलदान	9	5	7	10	इमं देवेति मंत्र	खरगोश को दूध पिलाएं।
आर्द्रा	गोदान	0	18	0	0	नमस्ते रुद्र इति मंत्र	बकरे के मुख में रक्त डालें।
पुनर्वसु	पीतलदान	7	14	2	21	अदितिर्द्यौरिति मन्त्रः	सूअर को धान्य खिलाएं।
पुष्य	तैलान्नदान	6	7	10	21	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डालें।
आश्लेषा	गो–अजादि दान	0	0	41	0	नमोस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाब को दूध पिलाएं।
मघा	वस्त्राज्यदान	15	7	17	20	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलाएं।
पू.फा.	भोजनदान	0	15	0	30	भगम्प्रणेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दें।
उ.फा.	अन्नदान	7	14	7	60	दध्यावद्धेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलाएं।
हस्त	तैलदान	15	17	15	0	उदत्यं जातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलाएं।
चित्रा	दुग्धदान	11	9	9	16	त्वष्टा तुरगेति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर–धतूरे के फूल वन में रखें।
स्वाती	गौघृतदान	60	17	30	0	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़, चावल खिलाएं।
विशाखा	गौ–स्वर्णदान	15	0	4	13	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़, भात की बलि दें।
अनुराधा	गौघृतदान	60	12	36	30	नमो मित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुल्थीसहित भात, गुड़ दें।
ज्येष्ठा	तिलदान	69	9	6	4	त्रातारमिन्द्रमिति मन्त्रः	बंदरों को गुड़, तिल डालें।
मूल	रौप्यपात्रदान	0	9	15	6	माता पुत्रेति मन्त्रः	बिलाब को दूध पिलाएं।
पू.षा.	गोमुक्तादान	0	15	24	10	आपोधर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोथे की बलि दें।
उ.षा.	भोजनदान	30	24	26	16	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डालें।
श्रवण	श्रीफलदान	60	24	6	9	विष्णोरराटेति मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त, मीठा की बलि दें।
धनिष्ठा	अश्वान्नदान	15	4	20	21	वसोः पवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दहीं, अन्न की बलि दें।
शतभिषा	भोजनान्नदान	4	45	3	22	वरुणस्तम्भेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलाएं।
पू.भा.	भोजनदान	0	12	21	19	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि छोड़ें।
उ.भा.	अन्नदान	10	3	9	15	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलाएं।
रेवती	फलदान, कन्यापूजन	18	10	9	20	पूषन्नयेति मन्त्रः	हाथी के मुख में पूरी–पूओं की बलि छोड़ें।

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	६	९	१०
नक्षत्र	मूल	भरणी	कृत्तिका	रोहिणी	आश्लेषा

जन्मे सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गऐ गए ना बुहरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय

(1) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़ें। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों की त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब पुत्र–संतान उत्पन्न होती है।

(2) चंद्र, लग्न, गुरु– इन तीनों से पंचमस्थानेश या नवमस्थानेश की दशान्तर्दशा में पुत्रसंतानोत्पत्ति होती है।

विवाह (स्त्रीसुख) होने का समय

(1) जन्मलग्नेश, सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो, उस राशि में जब गोचर का गुरु हो, तब विवाह होता है।

(2) चन्द्रराशीश और अष्टमेश को जोड़ने पर प्राप्त राशि में जब गोचर का गुरु आए, तब विवाह होता है।

(3) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो, उस राशि से द्वितीयभाव में जब गोचर में गुरु–चन्द्र होते हैं, तब विवाह होता है।

(4) शुक्र–चन्द्र व सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय

(1) गुलिक स्पष्ट से सूर्य स्पष्ट घटाएं, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो, तब पिता की मृत्यु होती है।

(2) सूर्य से 1/2/7/12 भाव में जो पापग्रह हो, उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट– इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मंत्र पृथक्–पृथक् लिखा है, उसे न जप सकें तो महामृत्युंजय मन्त्र ही जपें। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है, उस चरणानुसार कष्ट व दिन जानें, शून्य से विशेष भय जानें। दान, जप करें। जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है, उसे यहां कष्टावली में रोगनक्षत्र का नाम दिया गया है। रोगनक्षत्र को जानकर, इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्त्यर्थ बलिदान' वाले कॉलम में घोड़ी, हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलिद्रव्य देकर धूप–दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें– ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(1) रोग के शुरूआती दिन में जन्मराशि, नक्षत्र, लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र या यमघंट कुयोग हो।

(2) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी, अनुराधा नक्षत्र हो।

(3) सोमवार को आर्द्रा या उ. षा. नक्षत्र हो।

(4) मंगलवार को कृत्तिका, मघा व शतभिषा या नन्दा (1/6/11) तिथि हो।

(5) बुधवार को अश्विनी, विशाखा या भद्रा (2/7/12) तिथि, आश्लेषा हो।

(6) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (3/8/13) तिथि व मघा, हस्त हो।

(7) शुक्रवार–अष्टमी व अश्विनी या आश्ले., श्रवण या रिक्ता (4/9/14) तिथि, आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(8) शनिवार को नवमी व पू. षा. या हस्त व पू. भा. या पूर्णा (5/10/15) तिथि व भरणी हो।

(9) सूर्य, मंगल, शनि वारों को 4। 6। 9। 12/14/30 तिथि, भरणी, कृत्ति. आर्द्रा, आश्लेषा, पूर्वा. 3, विशा., ज्ये., धनि., शत. नक्षत्र हों तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च– जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना चाहिए। क्योंकि– बिना मारकेश आए मृत्यु तो होती ही नहीं। हां– ऐसे योग में कष्ट ज़रूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुलादान, गोदान तथा मृत्युञ्जयजप करना कल्याणप्रद है।

बाल–रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिल्का, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल, अगर, गाय का घी–इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "खुं खुर्दनं हुं फट् स्वाहा–" इस मन्त्र का उच्चारण करें।

अथ रोगत्रिनाड़ी चक्रम्

प्रथमा	आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.
मध्या	पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल	श्रवण	पू.भा.	अश्वि.	रो.
अन्त्या	पुष्य	आश्ले.	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.

सूर्यनक्षत्र, दिन, जन्म और नाम नक्षत्र रोगत्रिनाड़ीचक्र में एक ही नाड़ी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है। मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले, उसी दिन निःसन्देह रोगी की मृत्यु कहनी चाहिए। यह रोगत्रिनाड़ी चक्र यात्रा तथा रण के समय वर्जित करना चाहिए।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिननक्षत्र से नामनक्षत्र 5/13/23 संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार 10/18वां नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़) होती है। काल के मुख में दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो, उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की हालत मृत्युपर्यन्त होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह–युद्ध में जाने पर काल के मुख–दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

कालांगचक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अंङ्गविशेष में पीड़ा, कष्ट, घाव, फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु–विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर, निम्नलिखित कालांगचक्र में दिए भावों के अनुसार उस पीड़ित भाव को देखें। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की संभावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति कराएं। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभग्रहदृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कालांगचक्र

भाव	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
अंङ्ग	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	वस्ति/मूत्राशय	लिंग/गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद–युगल

तिथिकष्टावली यन्त्रम्

तिथि	तिथीश	कष्ट–दिन	बलि	दान
1	अग्नि	12	शर्कराज्यबलि	घृतदान
2	ब्रह्मा	5	पायसबलि	भोजनदान
3	काम	7	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
4	गणेश	16	मोदकान्नबलि	मूंगादान
5	सर्प	21	पायसबलि	दुग्धदान
6	स्कन्द	12	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
7	सूर्य	8	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
8	ईश्वर	13	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
9	दुर्गा	18	मिष्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
10	यम	25	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
11	विश्वेदेव	7	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
12	विष्णु	7	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
13	काम	10	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
14	शिव	60	मिष्ठान्नबलि	क्षौद्रशाकभोजन
15	चन्द्र	3	दध्योदनबलि	रौप्यदान
30	पितर	18	अपूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली–यंत्रम्

वार	वारेश	क.दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	5	पायसबलि, सूर्यदान
चं.	गौरी	8	नानाभक्ष्यबलि, चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	5	दुग्धबलि, भौमदान
बु.	विष्णु	7	मुद्गान्नबलि, बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	5	घृतपक्वबलि, गुरुदान
शु.	इन्द्र	7	तिलयवाज्यमधुबलि, शुक्रदान
श.	यम	15	माषान्नबलि, शनिदान

ग्रहगोचराद्यैर्दशा-क्रमाद्यैर्ग्रह-कृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रहाणां दान-पदार्थाः												जपसंख्या	जपनीयमन्त्राः	दानसमय	हवनसमिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	केसर	रक्तपुष्प	मूंग, रक्तगाय	रक्तचन्दन	7000	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	शंख	श्वेतपुष्प	कर्पूर, श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	11000	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	केसर	रक्तकनेर	कस्तूरी, रक्तबैल	रक्तचन्दन	10000	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घटी 2 शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	हाथीदांत	सर्वपुष्प	कर्पूर, शस्त्र	फल	19000	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घटी 5 शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	हल्दी	पीतपुष्प	पुस्तक, घोड़ा	पीतफल	19000	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	सन्ध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	सुगंध	श्वेतपुष्प	दधि, श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	16000	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सूर्योदय	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुल्थी	तेल	कृष्णवस्त्र	कस्तूरी	कृष्णपुष्प	कृष्णांग भैंस	उपानह	23000	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्न	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	खड्ग	कृष्णपुष्प	कंबल, घोड़ा	शूर्प	18000	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रि	दूर्वा
केतु	लहसुनिया	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	नारियल	धूम्रपुष्प	कंबल, बकरा	शस्त्र	17000	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्रि	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	कपूर	श्वेतपुष्प	मसरी, श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाल	मुन्थेशवत्

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति का कोई ग्रह गोचर से या दशा–अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत–विधान ब्रह्मचर्यपूर्वक करने से अशुभ फल की निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि–सूर्य का व्रत रविवार को करें। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्षपर्यन्त तीस या कम से कम 12 व्रत करें। उस रोज़ केवल गेहूं की रोटी, घी और लालखाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डालकर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिल्कुल न खाएं। भोजन से पूर्व हो सके तो लालवस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज–मन्त्र की माला का जप करें। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत, रक्तपुष्प दूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करें। अपने मस्तक में लालचन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन–पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण को भोजन कराएं। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जाएगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्ररोग, चर्मरोग एवम् अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्यशान्ति का सरल उपचार :–लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग करें– जैसे– लालचादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि– चन्द्रमा का व्रत शुक्ल–पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार को प्रारम्भ करके 54 या 10 व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके ऊपर चक्रलिखित बीज–मन्त्र की 11 या 3 माला जप करें। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करें। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही–चावल, घी, खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो, उस दिन हवन–पूर्णाहुति करके खीर–खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन कराएं। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों से शान्ति होती है। विशेष कार्यसिद्ध्यर्थ भी यह पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्रशान्ति का सरल उपचार :– सफेद जुराब, रुमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चान्दी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि :– यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके 21 या 45 व्रत करने चाहिएं। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लालवस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 1, 5, या 7 माला जप करें। नमक सेवन न करें, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी खाएं। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलाएं। मंगलवार का व्रत ऋण–हर्ता तथा सन्तति–सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो, उस दिन हवन–पूर्णाहुति करके लालवस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन कराएं।

मंगलशान्ति का सरल उपचार :– लालरंग की वस्तुओं का उपयोग, रात को लालवस्त्र पहनें, तांबे के बर्तनों का प्रयोग, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) बुधवार से प्रारम्भ कर 21 या 45 व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज–मन्त्र की 17 या 3 माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमकरहित, खाण्ड–घी से बने पदार्थ, जैसे– मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करें। फिर तीन तुलसीपत्र, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खाएं। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन–पूर्णाहुति करके छोटे बच्चों या अन्नहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या, धन–लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्यलाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रहजन्य नेष्टफल से मुक्ति मिलती है।

बुधशान्ति का सरल उपचार :– हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं, हरा रुमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी का व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि :– यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्षपर्यन्त या 16 व्रत करें। उस दिन पीतवस्त्र धारण करके बीज–मन्त्र की 11 या तीन माला जप करें। पीतपुष्पों से पूजन–अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की घी–खाण्ड से बनी मिठाई, लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खाएं और इन्हीं का दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन–पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डूभोजन कराएं। स्वर्ण, पीत–वस्त्र, चने की दाल आदि का दान करें। यह व्रत विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्याप्रद है। धन की स्थिरता तथा यशवृद्धि करता है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पतिशान्ति का सरल उपचार :– पीले वस्त्र, रुमाल आदि, पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ कर, 31 या 21 व्रत करें। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 3 या 21 माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करें। यही पदार्थ यथाशक्ति सम्भव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, तब हवन–पूर्णाहुति के बाद खीर–खाण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मणबटुकों को खिलाएं। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करें। इस व्रत से स्त्रीसुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्रशान्ति का सरल उपचार :–सफेद वस्त्र, सफेद रुमाल, सफेद फूल धारण करना आदि, गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिवपूजन।

शनि के व्रत की विधि :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से आरम्भ करे। व्रत 51 या 31 करने चाहिएं। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 19 या तीन माला का जप करें। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग), गङ्गाजल तथा शक्कर, थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुंह करके पीपल–वृक्ष की जड़ में डाल दें। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पंजीरी, कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दें तथा तेलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करें। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन–पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उडद तथा देसी (चमड़े का) जूता तेल लगाकर दान करें। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक परेशानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह–मशीनरी, कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनिशान्ति का सरल उपचार :– घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रुमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु–केतु के व्रत की विधि :– शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से ही यह व्रत भी शुरु करना चाहिए। व्रत 18 करें। काला वस्त्र धारण करके 18 या 3 बीजमन्त्र की माला जपें। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर, पीपल की जड़ में डालें। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी, समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करें और यही दान में भी दें। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दें। इस व्रत से शत्रुभय दूर होता है तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु–केतुशान्ति का सरल उपचार :– नीला रुमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पैन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट–निवृत्त्यर्थ स्नानविधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।।
तथा स्नान–विधानेन ग्रह–दोषः प्रणश्यति।।

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी–कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारू, मुलट्ठी, लाल फूल, केसर पानी में उबालकर स्नान करें। चन्द्र शान्त्यर्थ **सोमवार** के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबालकर स्नान करें। ऐसे ही **मंगलव्रत** के दिन अनन्तमूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल–ये सब उबालकर; **बुधव्रत** के दिन गोबर, मधु, चावल, विधारा; **गुरुव्रत** के दिन भारंगी, मुलट्ठी, श्वेत सरसों, मालती पुष्प; **शुक्रव्रत** के दिन इलायची, मजीठ तथा **शनिव्रत के दिन** काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमरवेल, सफेद बिनौला– उबालकर स्नान करें। ऐसे ही राहु–केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबालकर स्नान करें, तो ग्रहशान्ति मिलती है।

नोटः– स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो, तो जो वस्तु मिले उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रह किंवा सर्वविधशान्ति के लिए सामान्य औषधस्नान

लाजवन्ती (छुई–मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि, लोध– इन औषधियों के जल एवं सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व जो दान कह चुके हैं, उनके करने से शान्ति मिलती है। गुरुवचन, देवता, ब्राह्मणों की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते।– (श्रीपतिः)।

शनिविचार–अथ लघुकल्याणी (ढैया) फलम्:–

कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः
बन्धुविरोधं देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्।
मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि–वह्नेर्भयं
लोहशस्त्रभयं सदैव–असुखं कुर्यादसौ सर्वदा।। १।।

वृहत्कल्याणी साढेसाती फलम् :–........राशौ द्वादश (12) मूर्ध्नि जन्म (1) हृदये पादौ द्वितीये (2) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्वीडयेत्।। हानिः स्यान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम् , रामात्रद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा।। २।।

सप्तधान्य– उड़द, मूंगी, गेहूं, चने, जौ, धान्य (तंडुल), कंगनी।

अष्टगंध–स्याही :–अगर, कस्तूरी, कुंकुम, कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन, देवदारु।

अष्टगंध–धूप– अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर–कचरी, गुग्गुल, देवदारु, गोघृत, सफेद चन्दन।

नक्षत्र-राशिज्ञान-चक्र

राशि→	मेष			वृष			मिथुन			कर्क		
नक्षत्र→ चरण ↓	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिरा	मृगशिरा	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा
प्रथम चरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी
द्वितीय चरण	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू
तृतीय चरण	चो	ले	०	उ	वी	०	क	ङ	ह	०	हो	डे
चतुर्थ चरण	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डो

राशि→	सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक		
नक्षत्र→ चरण ↓	मघा	पू.फा.	उ.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा
प्रथम चरण	मा	मो	टे	०	पू	पे	०	रू	ती	०	ना	नो
द्वितीय चरण	मी	टा	०	टो	ष	पो	०	रे	तू	०	नी	या
तृतीय चरण	मू	टी	०	पा	ण	०	रा	रो	ते	०	नू	यी
चतुर्थ चरण	मे	टू	०	पी	ठ	०	री	ता	०	तो	ने	यू

राशि→	धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्र→ चरण ↓	मूल	पू.षा.	उ.षा.	उ.षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू.भा.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती
प्रथम चरण	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय चरण	यो	धा	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय चरण	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ चरण	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

राशिज्ञाने विशेषः– नक्षत्र व राशि में 'श' और 'स' तथा 'व' और 'ब' में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें– संयोगजाक्षरे नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्।

ध्यान दें – नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा हो तो 'ङ' की जगह 'घ', 'ञ' की जगह 'दु', तथा 'ण' की जगह 'पू' से प्रारम्भ करें। ऐसा करने से भेद नहीं होता।

"बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्चन। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर–विशारदैः।। प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शाब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णे या मात्रा स स्वर एव हि।।

अथ जन्मराशि-नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते–

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्।। देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके।। नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत्।। काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता।। कुर्यात्षोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते।। विवाह घटनं चैवं लग्नजं ग्रहजं बलम्। कामभाक्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा।।

अभिजित्निर्णय :– वैश्यप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति–तिथि–भागतोऽभिजित्स्यात्।।

"उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण और श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करें। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करें। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक–एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे, उसके चार भाग करें; उसको श्रवण के १–१ चरण मानें। सामान्य गणक के ज्ञानार्थ ही यह यहां लिखा गया है।

राशिज्ञानम्– चू ल अ मेषः, इ वो वृषः, क घ ङ छ ह मिथुनम्।।
हीडो कर्कः, माटे सिंहः, टो ष ण ठ पो कन्या।।
राते तुला, तो ना यू वृश्चिकः, ये घफढभे धनुः।।
भोजा खागी मकरः, गुशद : कुम्भः दीथझञची मीनः।।

इस राशिज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह अक्षर भी ले लिया गया है। जैसे–मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा) अश्विनी का और चतुर्थ चरण पर्यन्त भरणी का ग्रहण हुआ और 'अ' से कृत्तिका का प्रथम चरण– इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

विशेष– जहां 'ज्ञ' का उच्चारण 'ज्ज' होता है वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र उ.षा. और जहां इसका उच्चारण 'ग्य' होता है, वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र धनिष्ठा माना जाएगा। क्योंकि 'ज' और 'ग' वर्ण क्रमशः उ.षा. और धनिष्ठा नक्षत्र में पड़ते हैं।

नोटः–चन्द्रमा की राशि एवम् नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने में फलितज्ञ को काफी आसानी रहती है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्मसमय चन्द्रमा की राशि एवम् नक्षत्र जान लेता है तथा फलितशास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भूस्थित वनस्पति एवम् प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वारभाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार–भाटांक सूर्य के ज्वार–भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्मपत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की परिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन फलितवेत्ता जन्मपत्र की अंग्रेज़ी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है, जबकि चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित–शास्त्रियों ने जन्मकालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्मराशि का नाम दिया है। **हमारे ज्योतिष के अनुसार इसका विशेष महत्त्व भी है।**

नक्षत्रचरण एवं नवांशराशि–बोधक सारणी

प्रियव्रत शर्मा

ग्रह या लग्न किस राशि, नक्षत्र एवं नक्षत्रचरण (नवांश) में विद्यमान है– यह इस सारणी से ग्रह एवं लग्न–राश्यादि द्वारा जाना जा सकता है। ध्यान रहे–यहां दिए गए राश्यादि वे हैं, जहां राशि एवं नक्षत्रचरण (नवांश) प्रारम्भ होता है। जैसे– स्पष्ट सूर्य 5 रा. 27 अं. 20 क. हो तो सारणी से ज्ञात हो जाता है कि– सूर्य कन्या राशि, चित्रा नक्षत्र–द्वितीय चरण तथा कन्या के नवांश में है। क्योंकि यहां सूर्य कन्या राशि के ही नवांश में है, अतः यह वर्गोत्तम नवांश में है। कोष्ठक में वर्गोतम नवांश के साथ स्टार (★) लगाया गया है। कन्या के नवांश का स्वामी बुध है– यह भी सारणी में निर्दिष्ट है।

इस सारणी की मदद से नवांशकुण्डली लगाना बहुत आसान है।

ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश राशि	नवांश स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी	ग्रह या लग्न रा. अं. क.	राशि नक्षत्र चरण	नवांश–राशि	नवांश–स्वामी
0 00 00	मेष अश्वि. 1	★मेष	मं.	3 00 00	कर्क पुन. 4	★कर्क	चं.	6 00 00	तुला चित्रा 3	★तुला	शु.	9 00 00	मकर उ.षा. 2	★मकर	श.
0 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	3 03 20	,, पुष्य 1	सिंह	सू.	6 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	9 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.
0 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	3 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	6 06 40	,, स्वाती 1	धनु	गु.	9 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.
0 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	3 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	6 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	9 10 00	,, श्रव. 1	मेष	मं.
0 13 20	,, भर. 1	सिंह	सू.	3 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	6 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	9 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.
0 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	3 16 40	,, आश्ले. 1	धनु	गु.	6 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	9 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
0 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	3 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	6 20 00	,, विशा. 1	मेष	मं.	9 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.
0 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	3 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	6 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	9 23 20	,, धनि. 1	सिंह	सू.
0 26 40	,, कृति. 1	धनु	गु.	3 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	6 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	9 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
1 00 00	वृष ,, 2	मकर	श.	4 00 00	सिंह मघा 1	मेष	मं.	7 00 00	वृश्चि. ,, 4	कर्क	चं.	10 00 00	कुम्भ ,, 3	तुला	शु.
1 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	4 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	7 03 20	,, अनु. 1	सिंह	सू.	10 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
1 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	4 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	7 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	10 06 40	,, शत. 1	धनु	गु.
1 10 00	,, रोहि. 1	मेष	मं.	4 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	7 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	10 10 00	,, ,, 2	मकर	श.
1 13 20	,, ,, 2	★वृष	शु.	4 13 20	,, पू.फा. 1	★सिंह	सू.	7 13 20	,, ,, 4	★वृश्चि.	मं.	10 13 20	,, ,, 3	★कुम्भ	श.
1 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	4 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	7 16 40	,, ज्येष्ठा 1	धनु	गु.	10 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.
1 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	4 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	7 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	10 20 00	,, पू.भा. 1	मेष	मं.
1 23 20	,, मृग. 1	सिंह	सू.	4 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	7 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	10 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.
1 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	4 26 40	,, उ.फा. 1	धनु	गु.	7 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	10 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
2 00 00	मिथुन ,, 3	तुला	शु.	5 00 00	कन्या ,, 2	मकर	श.	8 00 00	धनु मूल 1	मेष	मं.	11 00 00	मीन ,, 4	कर्क	चं.
2 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	5 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	8 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	11 03 20	,, उ.भा. 1	सिंह	सू.
2 06 40	,, आर्द्रा 1	धनु	गु.	5 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	8 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	11 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
2 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	5 10 00	,, हस्त 1	मेष	मं.	8 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	11 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.
2 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	5 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.	8 13 20	,, पू.षा. 1	सिंह	सू.	11 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
2 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	5 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	8 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	11 16 40	,, रेव. 1	धनु	गु.
2 20 00	,, पुन. 1	मेष	मं.	5 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	8 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	11 20 00	,, ,, 2	मकर	श.
2 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	5 23 20	,, चित्रा 1	सिंह	सू.	8 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	11 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.
2 26 40	,, ,, 3	★मिथुन	बु.	5 26 40	,, ,, 2	★कन्या	बु.	8 26 40	,, उ.षा. 1	★धनु	गु.	11 26 40	,, ,, 4	★मीन	गु.

बारह राशियों का मासिक-फलादेश एवं संक्रान्ति-फलादेश (सम्वत् 2076 वि.)

वैशाख मास

मेष संक्रान्ति (14 अप्रैल से 14 मई तक, सन् 2019 ई.)

संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—लग्नस्थ सूर्य पर गुरु की विशेष दृष्टि है, विश्व में पनप रही उग्रवादी गतिविधियों पर नियन्त्रण के प्रावधान बनेंगे। लेकिन मंगल-शनि का षडष्टक ईरान, इराक, अफगानिस्तान, पाकिस्तान ग्रस्त गिलगित-बलूचिस्तान, कश्मीर में उग्रवादजन्य अशान्ति रहेगी। भारत के सरहदी इलाकों में सैन्य गतिविधि की उपस्थिति अप्रत्याशित रहेगी। पाक, चीन एवं भारत में ही पनप रहे प्रच्छन्नरूप से अराजक-देश विरोधी तत्त्वों से शासन को सावधान रहना होगा। ऐसा मंगल-बुध की स्थिति से स्पष्ट है। अनाजों, दालवाना आदि में तेजी से जनता असन्तुष्ट रहे।

वैशाख (मेष) संक्रान्ति कुण्डली

मेष संक्रान्ति प्रवेशकाल=14 अप्रैल, सन् 2019 ई. को 14 घं. 7 मि. (I.S.T.), मुहूर्त्ती 15, पुण्यकाल 7 घं. 45 मि. बाद,

वैशाख मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सेहत ठीक रहे, आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, निजी लोगों से अनबन, सम्पदा लाभ हो, स्त्रीपक्ष से सुख, सन्तान पक्ष से शुभ समाचार, मित्र-बन्धु से लाभ हो। **अप्रैल** 14, 21, 22, 23, **मई** 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

वृष—क्रोध बढ़े, आर्थिक संकट से मन परेशान, भ्रातृसुख, मित्र-बन्धु से मदद मिले, सन्तति-सुख, गुप्त शत्रु से भय, रक्त-पित्त विकार, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक। **अप्रैल** 15, 16, 23, 24, 25, **मई** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

मिथुन—शारीरिक कष्ट, अर्थलाभ होकर भी वृथा व्यय हो, मित्र-बन्धु से सुख मिले, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक, मासान्त शुभ रहे। **अप्रैल** 17, 18, 26, 27, 28, **मई** 6, 7, 14 अशुभ हैं।

कर्क—सेहत ठीक, गुप्त चिन्ता से परेशानी, मित्र-बन्धु से अनबन, सन्तान पक्ष शुभ, कारोबार में हानि, जगह तबदीली का योग बने। **अप्रैल** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **मई** 8, 9 अशुभ हैं।

सिंह—सेहत ठीक, धनलाभ हो, भाई-बन्धु से अनबन, सम्पदा लाभ हो, सन्तान व स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में प्रगति हो। **अप्रैल** 14, 21, 22, 23, **मई** 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

कन्या—अचानक लाभ हो, उत्साह बढ़े, कारोबार में हानिभय, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार बने। भाई-बन्धु से मदद मिले। **अप्रैल** 15, 16, 23, 24, 25, **मई** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

तुला—सेहत गड़बड़, अर्थलाभ होकर हानिभय है, सम्पत्ति-विवाद, स्त्री-पुत्र पक्ष से लाभ, गुप्त शत्रु से सावधान, राजपक्ष से भय रहे। **अप्रैल** 17, 18, 26, 27, 28, **मई** 6, 7, 14 अशुभ हैं।

वृश्चिक—वायुरोग से परेशानी, कारोबार से लाभ, निजीजन विरोध, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर से भी लाभ हो। **अप्रैल** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **मई** 8, 9 अशुभ हैं।

धनु—गुप्त चिन्ता, धनलाभ, यात्रा में सुख, स्त्रीकष्ट, कारोबार में वृद्धि, मासान्त में विशेष खर्च आ पड़े, मन चिन्तित। **अप्रैल** 14, 21, 22, 23, **मई** 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

मकर—कफ-वायु विकार, धनलाभ होकर वृथा व्यय हो, भाई से मदद मिले, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, अशुभ समाचार मिले। **अप्रैल** 15, 16, 23, 24, 25, **मई** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

कुम्भ—सेहत ठीक, धनलाभ, सुखद यात्रा, मित्र-बन्धु मिलाप, कारोबार में गड़बड़ एवं रद्दोबदल का योग बने। **अप्रैल** 17, 18, 26, 27, 28, **मई** 6, 7, 14 अशुभ हैं।

मीन—सेहत ठीक, धनलाभ हो, बन्धु सुख-सम्पत्ति विवाद, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, आय से व्यय अधिक हो। **अप्रैल** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **मई** 8, 9 अशुभ हैं।

ज्येष्ठ मास

वृष संक्रान्ति (15 मई से 14 जून तक, सन् 2019 ई.)

वृष संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—षष्ठेश एवं लग्नेश शुक्र द्वादशस्थ है। शनि-केतु एवं राहु मंगल का समसप्तक योग अनेकत्र भूकम्प, विस्फोट एवं उग्रवादजन्य परेशानियां बनायेगा। भारत-पाक-चीन में परस्पर टकराव की स्थिति बनेगी। इस मास में कुछ देश भयंकर कष्ट को झेलेंगे। उ. कोरिया भी विश्वशान्ति को चुनौती देगा। भारत की प्रभाव राशि मकर का स्वामी शनि अप्रत्याशित राजनैतिक घटनाक्रम को उपस्थित करेगा। सूर्य, मंगल शनि की स्थिति जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में भारी तेजी का संकेत देती है।

ज्येष्ठ (वृष) संक्रान्ति कुण्डली

मं.रा. 3 | 1 बु.शु. | 4 | 2 सू. | 12 | 5 | 11 | 6 चं. | 8 गु. | 10 | 7 | 9 के.श.

वृष संक्रान्ति प्रवेशकाल=15 मई, सन् 2019 ई. को 10 घं. 59 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल 17 घं. 25 मि. तक,

ज्येष्ठ मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—वायु विकार, आर्थिक संकट, निजीजन से अनबन, सन्तति सुख, स्त्रीपक्ष से लाभ, दुर्घटना में हानिभय, आय से व्यय अधिक हो। **मई** 19, 20, 28, 29, 30, **जून** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

वृष—रक्त-पित्त विकार, बन्धु सुख, सम्पत्ति लाभ, सन्तान पक्ष से सुख, स्त्री हेतु विशेष खर्च हो, मासान्त में विशेष खर्च हो। **मई** 21, 22, 23, 31, **जून** 1, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

मिथुन—सेहत ठीक, हाथ तंग रहे, बन्धु सुख, अच्छे लोगों से मेल, गुप्त चिन्ता, अपमानभय, मासान्त में विशेष खर्च हो। **मई** 15, 16, 23, 24, 25, **जून** 2, 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

कर्क—सेहत गड़बड़, कार्यान्तर का विचार, भाई-बन्धु सुख, अच्छे लोगों से मेल हो, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्री रुग्णा। **मई** 16, 17, 18, 26, 27, 28, **जून** 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ हैं।

सिंह—वायु विकार, धनलाभ हो, बन्धु सुख, सम्पत्ति विवाद, स्त्रीसुख, कारोबार गड़बड़, मासान्त में हानिभय रहे। **मई** 19, 20, 28, 29, 30, **जून** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

कन्या—शुभ समाचार मिले, धनलाभ हो, निजी लोगों से अनबन, सन्तान-स्त्री पक्ष शुभ; मासान्त में कारोबार कमजोर रहे। **मई** 21, 22, 23, 31, **जून** 1, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

तुला—वृथा व्यय हो, नयी योजना से हानिभय, निजीजनों से अनबन, स्त्रीपक्ष से लाभ, वाहन से चोटभय, कारोबार कमजोर। **मई** 15, 16, 23, 24, 25, **जून** 2, 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

वृश्चिक—रक्त-पित्त विकार, भाई-बन्धु सुख, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, यात्रा में सुख, कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक। **मई** 16, 17, 18, 26, 27, 28, **जून** 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ हैं।

धनु—वायु विकार, धनलाभ हो, मित्र-बन्धु सुख, शत्रु हतप्रभ, सुखद यात्रा, कारोबार ठीक रहे। **मई** 19, 20, 28, 29, 30, **जून** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

मकर—शूगर व रक्तचाप से कष्ट, कार्यान्तर से लाभ, भाई-बन्धु से मदद, सन्तान पक्ष से चिन्ता, यात्रा हो, शत्रु पक्ष से विजय हो। **मई** 21, 22, 23, 31, **जून** 1, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

कुम्भ—सेहत ठीक, अर्थलाभ हो, बन्धु सुख, सन्तान पक्ष से चिन्ता, कारोबार में रद्दोबदल का विचार बने। **मई** 15, 16, 23, 24, 25, **जून** 2, 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

मीन—सेहत ठीक रहे, आय से व्यय अधिक हो, निजीजन से विरोध, गुप्त शत्रु से भय, स्त्रीपक्ष से लाभ, राजपक्ष से लाभ। **मई** 16, 17, 18, 26, 27, 28, **जून** 4, 5, 6, 13, 14, अशुभ हैं।

आषाढ़ मास

मिथुन संक्रान्ति (15 जून से 15 जुलाई तक, सन् 2019 ई.)

मिथुन संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—सूर्य-बुध-मंगल एवं राहु के साथ शनि एवं केतु का समसप्तक कहीं अतिवर्षा, कहीं दुर्भिक्ष आदि से जन-जीवन को क्षुब्ध करे। इस कुण्डली में कन्टक एवं आपोक्लिम, इन दो भावों में ही सभी ग्रह हैं, अत: राजनैतिक, सामाजिक दृष्टि से अप्रत्याशित घटनाएं देखनी होंगी। सीमा प्रान्त, विशेषत: कश्मीर, राजस्थान, उ.भारत के सीमा क्षेत्र अतिक्रमण भय, शस्त्रास्त्रों के भय एवं भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से क्षुब्ध रहेंगे। महंगाई बढ़ेगी, व्यापारी वर्ग परेशान रहे।

मिथुन संक्रान्ति प्रवेशकाल—15 जून, सन् 2019 ई. को 17 घं. 36 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल 11 घं. 10 मि. बाद,

आषाढ़ मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—मास में शुभ कार्य हों, शुभ में खर्च होगा, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर, निजीजन सहयोग रहे। सन्तान पक्ष से चिन्ता, गुप्त शत्रु से सावधान, स्त्रीपक्ष से चिन्ता रहे। जून 15, 16, 17, 25, 26, जुलाई 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

वृष—मन परेशान रहे, कर्जा सिर चढ़े, सम्पत्ति-विवाद, सन्तान पक्ष से चिन्ता, कारोबार में रद्दोबदल का विचार बने। यात्रा में कष्टभय। जून 17, 18, 19, 27, 28, 29, जुलाई 6, 7, 14, 15 अशुभ हैं।

मिथुन—वायु विकार से परेशानी, धन लाभ होकर हानिभय, निजी लोगों से मेल, बंन्धु से मेल-मुलाकात, सन्तति कष्ट, आय से व्यय अधिक हो। जून 19, 20, 21, 29, 30, जुलाई 8, 9 अशुभ हैं।

कर्क—सेहत ठीक रहे, अर्थलाभ होकर हानि हो, सम्पत्ति-विवाद, निजीजनों से मनमुटाव, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में रुकावट आये। जून 22, 23, 24, जुलाई 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

सिंह—कार्यान्तर से लाभ हो, वायुविकार, बन्धु कष्ट, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, कारोबार में हानि से मन परेशान रहे। जून 15, 16, 17, 25, 26, जुलाई 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

कन्या—गुप्त चिन्ता से मन परेशान, आर्थिक संकट, सम्पत्ति-विवाद, स्त्रीपक्ष से लाभ, स्थानान्तर एवं कार्यान्तर का मन बने। जून 17, 18, 19, 27, 28, 29, जुलाई 6, 7, 14, 15 अशुभ हैं।

तुला—रुधिर विकार, वातरोगभय, मित्र-बन्धु से मदद मिले। शत्रुपक्ष प्रबल, राजपक्ष से विजय, मासान्त शुभ। जून 19, 20, 21, 29, 30, जुलाई 8, 9 अशुभ हैं।

वृश्चिक—शूगर एवं ब्लड प्रेशर से परेशानी, कारोबार में लाभ, भाई-बन्धु से लाभ, सन्तान सुख, नीच व्यक्ति से सावधान, अपमान भय है। जून 22, 23, 24, जुलाई 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

धनु—सेहत ठीक, अर्थलाभ हो, बन्धु सुख, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से मदद रहे, कारोबार ठीक, मासान्त शुभ रहे। जून 15, 16, 17, 25, 26, जुलाई 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

मकर—सेहत ठीक, रुके काम बनें, राजपक्ष से विजय, बन्धुसुख, सम्पत्ति सुख, वृथा व्यय, मासान्त में हानिभय। जून 17, 18, 19, 27, 28, 29, जुलाई 6, 7, 14, 15 अशुभ हैं।

कुम्भ—उदर विकार, धनलाभ योग, बन्धु सुख, मित्र से धोखा मिले, सन्तति पक्ष से चिन्ता, गुप्त शत्रु से सावधान, स्त्रीसुख, कारोबार में बाधा रहे। जून 19, 20, 21, 29, 30, जुलाई 8, 9 अशुभ हैं।

मीन—वृथा व्यय हो, आर्थिक संकट का सामना करना पड़े, गुप्त चिन्ता, सम्पत्ति विवाद, स्त्री कष्ट, कार्यान्तर का विचार बने, यात्रा में कष्ट रहे। जून 22, 23, 24, जुलाई 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

श्रावण मास

कर्क संक्रान्ति (16 जुलाई से 16 अगस्त तक, सन् 2019 ई.)

कर्क संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—कर्क संक्रान्ति के समय लग्न में नीचस्थ मंगल, सूर्य एवं बुध से प्रभावित है। शत्रुक्षेत्री चन्द्र की इन पर दृष्टि भी है। अत: देश-विदेश की अनेक प्रकार की राजनैतिक विषमताओं के बावजूद भारत की प्रभाव राशि पर बुधादित्य एवं मंगल की उच्च दृष्टि भारत की प्रभुसत्ता को नई दिशा एवं नया मार्ग प्रदर्शित करेगी। देश की प्रगति के लिए नये आयाम उपस्थित होंगे।

कर्क संक्रान्ति प्रवेशकाल=16 जुलाई, सन् 2019 ई. को 28 घं. 32 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 45, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

श्रावण मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—क्रोध बढ़े, सेहत गड़बड़, वृथा व्यय, बन्धु-मित्र से अनबन, सन्तति सुख, शत्रु हतप्रभ, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार कमजोर। जुलाई 22, 23, 24, 31, **अगस्त** 1, 2, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

वृष—सिर या नेत्र कष्ट, कार्यान्तर से धनलाभ हो, बन्धु सुख, अच्छे लोगों से मेल हो, सन्तान पक्ष से चिन्ता, गुप्त शत्रु से भय। जुलाई 16, 24, 25, 26, **अगस्त** 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ हैं।

मिथुन—रक्तचाप (Blood pressure) से परेशानी, कारोबार ठीक, रुके काम बनें, अच्छे लोगों से मेल हो। सन्तान से चिन्ता, स्त्रीपक्ष शुभ, मासान्त शुभ। जुलाई 17, 18, 19, 27, 28, 29, **अगस्त** 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ हैं।

कर्क—सेहत ठीक, आकस्मिक धनलाभ योग है, बन्धु सुख, सन्तान से खुशी, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक, यात्रा हो। जुलाई 19, 20, 21, 29, 30, 31, **अगस्त** 6, 7, 8, 16 अशुभ हैं।

सिंह—अचानक कष्ट, वृथा व्यय, सम्पत्ति विवाद, सन्तान पक्ष से खुशी, गुप्त शत्रु से सावधान रहें। स्त्रीपक्ष से लाभ हो। जुलाई 22, 23, 24, 31, **अगस्त** 1, 2, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

कन्या—उदर विकार, चर्मरोग, आर्थिक संकट, भाई, मित्र से सहयोग, अर्थलाभ होकर हाथ से निकले। जुलाई 16, 24, 25, 26, **अगस्त** 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ हैं।

तुला—मन परेशान रहे, क्रोध बढ़े, कारोबार में रुकावट, स्त्री कष्ट, स्थानान्तर-कार्यान्तर का विचार बने। जुलाई 17, 18, 19, 27, 28, 29, **अगस्त** 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ हैं।

वृश्चिक—सेहत ठीक रहे, आर्थिक लाभ, कारोबार ठीक, निजीजन कष्ट, शत्रु कमजोर, उलझे मसले हल हों। जुलाई 19, 20, 21, 29, 30, 31, **अगस्त** 6, 7, 8, 16 अशुभ हैं।

धनु—मित्र-बन्धु की मदद से समस्या हल हो, सेहत ठीक रहे, धनहानि हो, सन्तान पक्ष से चिन्ता, गुप्त शत्रु से सावधान रहें, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। जुलाई 22, 23, 24, 31, **अगस्त** 1, 2, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

मकर—समस्याएं उलझें, मन परेशान, धनलाभ, लेकिन वृथा व्यय, निजीजन से. अनबन, नीच व्यक्ति से अपमान, जगह बदले, कारोबार में रद्दोबदल हो। जुलाई 16, 24, 25, 26, **अगस्त** 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ हैं।

कुम्भ—उदर में विकार, धनलाभ, बन्धुकष्ट, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से लाभ, चोटभय, मासान्त में आय से व्यय अधिक रहे। जुलाई 17, 18, 19, 27, 28, 29, **अगस्त** 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ हैं।

मीन—धोखे से बचें, धनहानि का भय, नेत्र कष्ट, जमीन-जायदाद से लाभ, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में लाभ। जुलाई 19, 20, 21, 29, 30, 31, **अगस्त** 6, 7, 8, 16 अशुभ हैं।

भाद्रपद मास

सिंह संक्रान्ति (17 अग. से 16 सितं. तक, सन् 2019 ई.)

सिंह संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—चन्द्र पर शनि-मंगल की दृष्टि प्रतिष्ठित नेताओं के लिए परेशानी वाली रहेगी। कन्टक-पणफर में ग्रहों की स्थिति 'इत्थशाल' योग का संकेत देती है, जोकि विश्व में अशान्त वातावरण के हल के लिए समर्थ देशों को प्रेरित करेगी। शनि-मंगल का नवपंचम एवं शनि- राहु के समसप्तक से संकेत मिलता है, कि—इण्डोनेशिया, अफगानिस्तान, पाक एवं भारत के कुछ भागों में भूकम्प आदि से इस मासान्त में हानि के योग हैं। अनाज, खाद्य तेल, ग्वार, गुड़, सोना, चांदी आदि धातु महंगे रहेंगे।

भाद्रपद (सिंह) संक्रान्ति कुण्डली

भाव	ग्रह
5	सू. शु. मं.
4	बु.
3	रा.
2	
1	
12	
11	चं.
10	
9	श. के.
8	गु.
7	
6	

सिंह संक्रान्ति प्रवेशकाल=17 अग., सन् 2019 ई. को 13 घं. 0 मि. (I.S.T.),मुहूर्त्ती 15, पुण्यकाल प्रातः 6 घं. 38 मि. बाद,

भाद्रपद मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सेहत ठीक, धनलाभ होकर विशेष खर्च हो, मित्र-बन्धु से सहयोग, गुप्त चिन्ता, कारोबार में रद्दोबदल हो। **अगस्त** 18, 19, 20, 27, 28, 29, **सितम्बर** 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ हैं।

वृष—अचानक लाभ योग, सेहत ठीक, भ्रातृसुख, मित्र-बन्धु कष्ट, सन्तान हेतु विशेष खर्च, यात्रा में कष्टभय। **अगस्त** 21, 22, 23, 30, 31, **सितम्बर** 7, 8, 9 अशुभ हैं।

मिथुन—वायुरोग से परेशानी, धनलाभ होकर विशेष खर्च हो, भाई-बन्धु सहयोग, सन्तान हेतु खर्च हो, कारोबार ठीक। **अगस्त** 23, 24, 25, 31, **सितम्बर** 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ हैं।

कर्क—नयी योजना से लाभ, अर्थलाभ होकर हानिभय, बन्धुकष्ट, सम्पत्ति विवाद, सन्तान पक्ष से सुख, स्त्रीपक्ष से चिन्ता। मासान्त में कारोबार में हानि। **अगस्त** 16, 17, 18, 25, 26, 27, **सितम्बर** 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

सिंह—कफ-वायु विकार, वृथा व्यय, गुप्त चिन्ता, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीकष्ट, मासान्त में लाभ हो। **अगस्त** 18, 19, 20, 27, 28, 29, **सितम्बर** 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ हैं।

कन्या—शारीरिक परेशानी, भाई-बन्धु कष्ट, मित्र से सहयोग मिले, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में रद्दोबदल हो। **अगस्त** 21, 22, 23, 30, 31, **सितम्बर** 7, 8 अशुभ हैं।

तुला—कर्जा सिर चढ़े, वृथा कलह से बचें, कारोबार ठीक, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। **अगस्त** 23, 24, 25, 31, **सितम्बर** 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ हैं।

वृश्चिक—सेहत में सुधार हो, धनलाभ, खर्च अधिक, गुप्त चिन्ता, वंशवृद्धि, गुप्त शत्रु से सावधान, कार्यान्तर से लाभ हो। **अगस्त** 16, 17, 18, 25, 26, 27, **सितम्बर** 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

धनु—गुप्त चिन्ता, धनलाभ होकर वृथा व्यय, निजी लोगों से अनबन, सन्तान पक्ष से चिन्ता, कारोबार गड़बड़ रहे। **अगस्त** 18, 19, 20, 27, 28, 29, **सितम्बर** 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ हैं।

मकर—वायु विकार, कर्जा सिर चढ़े, मित्र-बन्धु से मदद, यात्रा में सावधान, चोटभय है, कारोबार में सुधार हो। **अगस्त** 21, 22, 23, 30, 31, **सितम्बर** 7, 8 अशुभ हैं।

कुम्भ—उदर विकार, अचानक धनलाभ हो, निजी लोगों से अनबन, सन्तान पक्ष से खुशी, उलझे काम सुलझें। **अगस्त** 23, 24, 25, 31, **सितम्बर** 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ हैं।

मीन—वायु विकार, अच्छे लोगों से मेल हो, सन्तान पक्ष से चिन्ता, कारोबार में कुछ रद्दोबदल हो। **अगस्त** 16, 17, 18, 25, 26, 27, **सितम्बर** 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

आश्विन मास

कन्या संक्रान्ति (17 सितं. से 16 अक्तू. तक, सन् 2019 ई.)

कन्या संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—लग्नेश बुध का सूर्य के साथ बुधादित्य योग शुभंकर है, परन्तु लग्नस्थ सूर्य-शुक्र पर शनि की विशेष दृष्टि प्रतिष्ठित व्यक्तियों या व्यक्ति विशेष के लिए दुःखद रहेगी। किसी राजनीतिक व्यक्ति का पद रिक्त होगा। विपक्षी दल देश-हितार्थ योजनाओं में बाधा डालेंगे। सीमा प्रान्तों की सुरक्षा के लिए कुछ स्थलों पर सैन्यबलों का प्रयोग विवशता होगी। लेकिन भारत में स्वच्छ पारदर्शी शासन प्रशंसनीय रहेगा। खाद्य तेल, घी, डीजल, पैट्रोल, शक्कर एवं दालवाना तेज रहें।

आश्विन (कन्या) संक्रान्ति कुण्डली

कन्या संक्रान्ति प्रवेशकालं-17 सितम्बर, सन् 2019 ई. को 13 घं. 1 मि. (I.S.T.), मुहूर्त्ती 30, पुण्यकाल प्रातः 6 घं. 39 मि. बाद,

आश्विन मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—राजपक्ष से भय, स्थानान्तरण योग, धनलाभ होकर हानिभय, घरेलू झंझट से बचें, नेत्रकष्ट, चोटभय है। **सितम्बर** 24, 25, 26, **अक्तूबर** 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

वृष—विरोधी पक्ष कमजोर, आय से व्यय अधिक, सेहत गड़बड़, सम्पत्ति विवाद से परेशानी, गुप्त शत्रु से सावधान रहें। **सितम्बर** 17, 18, 19, 26, 27, 28, **अक्तूबर** 4, 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ हैं।

मिथुन—मन शान्त रहे, शत्रु कमजोर, अर्थहानि, वृथा व्यय, स्त्रीपक्ष से लाभ, चोटभय, कारोबार में नुक्सान हो। **सितम्बर** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **अक्तूबर** 7, 8, 9 अशुभ हैं।

कर्क—क्रोध बढ़े, रक्तपित्त विकार से परेशानी, गुप्त चिन्ता, निजीजन सहयोग, स्त्रीकष्ट, झगड़े-झंझटों से बचें। **सितम्बर** 22, 23, 30, **अक्तूबर** 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ हैं।

सिंह—सेहत ठीक, यात्रा में सुख, नई योजना से हानि, कारोबार कमजोर, स्त्रीकष्ट, गुप्त शत्रु से सावधान रहें। **सितम्बर** 24, 25, 26, 27, 28, **अक्तूबर** 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

कन्या—राजपक्ष से भय, मानसिक चिन्ता, कारोबार में सुधार, आय से व्यय अधिक, मित्र-बन्धु से लाभ। **सितम्बर** 17, 18, 19, **अक्तूबर** 4, 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ हैं।

तुला—रक्तपित्त विकार, अर्थलाभ, खर्च अधिक हो, भ्रातृ सुख, मित्र-बन्धु कष्ट, कारोबार में सुधार हो। **सितम्बर** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **अक्तूबर** 7, 8, 9 अशुभ हैं।

वृश्चिक—वायु विकार, धनलाभ हो, भाई को कष्ट, सन्तान पक्ष से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से मदद, धर्म-कर्म में मन लगे। **सितम्बर** 22, 23, 30, **अक्तूबर** 2, 9, 10, 11 अशुभ हैं।

धनु—सेहत ठीक रहे, कर्जा सिर चढ़े, मित्र-बन्धु साथ न दें, शत्रु प्रबल, गुप्त चिन्ता, मासान्त में अचानक लाभ हो। **सितम्बर** 24, 25, 26, 27, 28, **अक्तूबर** 2, 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

मकर—गुप्त चिन्ता, धनहानि योग है, शरीर कष्ट, कारोबार में सुधार के योग, मित्र-बन्धु की मदद से लाभ। **सितम्बर** 17, 18, 19, **अक्तूबर** 4, 5, 6, 14, 15, 16 अशुभ हैं।

कुम्भ—वायु विकार, धनलाभ होकर विशेष खर्च, मित्र सहयोग, सन्तान से सुख, यात्रा में कष्ट, चोट से बचें। **सितम्बर** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **अक्तूबर** 7, 8, 9 अशुभ हैं।

मीन—रक्तचाप से कष्ट, क्रोध बढ़े, मित्र-बन्धु सुख, स्त्रीपक्ष से लाभ, धर्म-कर्म में मन लगे। **सितम्बर** 22, 23, 30, **अक्तूबर** 2, 9, 10, 11 अशुभ हैं।

कार्तिक मास

तुला संक्रान्ति (17 अक्तूबर से 15 नवं. तक, सन् 2019 ई.)

तुला संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—लग्नेश शुक्र, नीचस्थ सूर्य के साथ क्षीण है। शनि की मंगल पर दृष्टि होने से मुस्लिम राष्ट्र, चीन एवं कोरिया आदि राष्ट्रों में स्थिति विषम होगी। भारत के समुद्री एवं भू-भाग के सीमा प्रान्त अशान्त रहेंगे। गुरु-चन्द्र समसप्तक भारत को शान्ति एवं अभ्युदय की दृष्टि से अग्रसर रखेगा। द्वितीयेश मंगल व्यय स्थान में होने से प्रगतिप्रद योजनाओं को क्रियान्वित करने में भारत को आर्थिक संकट झेलना होगा। गुड़, चीनी, खाद्य तेलों एवं धातुओं में तेजी रहेगी।

कार्तिक (तुला) संक्रान्ति कुण्डली

तुला संक्रान्ति प्रवेशकाल=17 अक्तूबर, सन् 2019 ई. को 25 घं. 1 मि. (I.S.T.), मुहूर्त्त 45, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

कार्तिक मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—गुप्त शत्रु से भय, गुप्त चिन्ता, कर्जा बढ़े, बन्धु व मित्र से मदद सन्तान पक्ष से खुशी, स्त्रीकष्ट, आय से व्यय अधिक हो। **अक्तूबर** 21, 22, 23, 29, 30, 31, **नवम्बर** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

वृष—सेहत ठीक, घरेलू झंझट, मित्र से मदद मिले, स्त्रीपक्ष से लाभ, घर में शुभ कार्य का पुरोगम, मासान्त में मन चिन्तित रहे। **अक्तूबर** 23, 24, 25, 31, **नवम्बर** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

मिथुन—उदर व नेत्र पीड़ा, वृथा व्यय, निजीजन से अनबन, मित्र सहयोग, स्त्रीसुख, आय से व्यय अधिक, कारोबार कमजोर। **अक्तूबर** 17, 18, 25, 26, 27, **नवम्बर** 3, 4, 5, 13, 14, 15 अशुभ हैं।

कर्क—रक्तपित्त विकार, अर्थलाभ हो, भ्रातृपक्ष से शुभ समाचार, स्त्रीकष्ट, अपमान भय, राजपक्ष से विजय, मासान्त में व्यय अधिक। **अक्तूबर** 19, 20, 21, 27, 28, 29, **नवम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ हैं।

सिंह—सेहत ठीक, आकस्मिक धनलाभ, भ्रातृसुख, सन्तान पक्ष से चिन्ता, मासान्त में हानिभय है। **अक्तूबर** 21, 22, 23, 29, 30, 31, **नवम्बर** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

कन्या—सेहत ठीक, घरेलू झंझटों से बचें, कारोबार ठीक, निजीजन कष्ट, गुप्त चिन्ता, मासान्त में विशेष खर्च हो। **अक्तूबर** 23, 24, 25, 31, **नवम्बर** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

तुला—सम्पदा विवाद से बचें, यात्रा सुखद रहे, अर्थलाभ हो, गुप्त शत्रु से सावधान, स्त्रीकष्ट योग है। **अक्तूबर** 17, 18, 25, 26, 27, **नवम्बर** 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ हैं।

वृश्चिक—सेहत ठीक, अर्थहानि, वृथाव्यय हो, निजीजन कष्ट, राजपक्ष से भय, स्त्रीपक्ष से मदद, कारोबार गड़बड़ रहे। **अक्तूबर** 19, 20, 21, 27, 28, 29, **नवम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ हैं।

धनु—मन अशान्त, धनलाभ होकर हानिभय, निजीजन कष्ट, शत्रु प्रबल, धर्म-कर्म में मन लगे, मासान्त में राहत मिले। **अक्तूबर** 21, 22, 23, 29, 30, 31, **नवम्बर** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

मकर—कारोबार में प्रगति, निजीजन कष्ट, सन्तान से शुभ समाचार, शत्रु कमजोर, मासान्त में कार्यान्तर से लाभ। **अक्तूबर** 23, 24, 25, 31, **नवम्बर** 1, 9, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

कुम्भ—गुप्त शत्रु प्रबल, वृथा व्यय, निजीजन विरोध, मित्र से मदद, यात्रा हो, स्त्रीपक्ष शुभ। **अक्तूबर** 17, 18, 25, 26, 27, **नवम्बर** 4, 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ हैं।

मीन—क्रोध बढ़े, घरेलू झंझट बढ़ेंगे, भाई-बन्धु से सहयोग, कार्यान्तर से लाभ। **अक्तूबर** 19, 20, 21, 27, 28, 29, **नवम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ हैं।

मार्गशीर्ष मास

वृश्चिक संक्रान्ति (16 नवं. से 15 दिसं. तक, सन् 2019 ई.)

वृश्चिक संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—संक्रान्तिकालीन कुण्डली में गुरु-शनि-केतु का चन्द्र-राहु के साथ समसप्तक देश के लिए विषम समस्यात्मक तो है, लेकिन गुरुक्षेत्र में गुरु-शनि सभी समस्याओं का समाधान करेंगे—**"स्थानहानिकरो जीवःस्थान वृद्धिकरः शनिः।"** देश को आत्मरक्षार्थ शस्त्रास्त्र हेतु अधिक व्यय करना पड़ेगा। प्राकृतिक प्रकोप से पर्वतीय भूभाग में हानि सम्भव है। खाद्य पदार्थ महंगे रहें।

मार्गशीर्ष (वृश्चिक) संक्रान्ति कुण्डली

वृश्चिक संक्रान्ति प्रवेशकाल=16 नवम्बर, सन् 2019 ई. को 24 घं. 49 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 45, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

मार्गशीर्ष मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—नेत्र कष्ट, मित्र से मदद मिले, स्त्रीकष्ट, वाहन से चोटभय, आय से व्यय अधिक, घरेलू झंझटों से सावधान रहें। **नवम्बर** 17, 18, 19, 26, 27, 28, **दिसम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ हैं।

वृष—धनलाभ होकर हाथ से निकले, निजीजन सहयोग, कार्यान्तर व स्थानान्तर से लाभ, यात्रा में चोटभय से बचें। **नवम्बर** 20, 21, 28, 29, 30, **दिसम्बर** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

मिथुन—सेहत ठीक, आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मित्र-मिलाप, शत्रु कमजोर, कार्यक्षेत्र बढ़े, मासान्त में व्यय अधिक हो। **नवम्बर** 22, 23, 30, **दिसम्बर** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

कर्क—वायु विकार, आर्थिक स्थिति सुधरे, निजीजन से अनबन, नयी योजना से हानि, स्त्रीसुख, कारोबार में बाधा सम्भव। **नवम्बर** 16, 17, 24, 25, **दिसम्बर** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

सिंह—धनलाभ होकर हानि हो, बन्धुकष्ट, राजपक्ष से भय, मन चिन्तित, कार्यान्तर व स्थानान्तर का योग बने। **नवम्बर** 17, 18, 19, 26, 27, 28, **दिसम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ हैं।

कन्या—सेहत ठीक, कर्जा बढ़े, निजीजन सहयोग, स्त्रीकष्ट, गुप्त शत्रु से सावधान, यात्रा में कष्टभय है। **नवम्बर** 20, 21, 28, 29, 30, **दिसम्बर** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

तुला—वायु विकार, वृथा व्यय हो, निजी लोगों से अनबन, स्त्रीकष्ट, घरेलू झंझटों से सावधान। **नवम्बर** 22, 23, 30, **दिसम्बर** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

वृश्चिक—उदर विकार, मन अशान्त, बन्धुसुख, मित्र मिलाप, अशुभ समाचार। **नवम्बर** 16, 17, 24, 25, **दिसम्बर** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

धनु—वृथा विवाद से मन अशान्त, आय से व्यय अधिक, भ्रातृ सुख, सन्तान पक्ष से चिन्ता, शत्रु बढ़ें। **नवम्बर** 17, 18, 19, 26, 27, 28, **दिसम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ हैं।

मकर—सेहत ठीक, लेकिन मन परेशान रहे, सम्पदा-विवाद बढ़े, सन्तान पक्ष से चिन्ता, आय से व्यय अधिक हो। **नवम्बर** 20, 21, 28, 29, 30, **दिसम्बर** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

कुम्भ—वायु विकार, वृथा व्यय, भाई-बन्धु से मदद, स्त्रीपक्ष शुभ, यात्रा में हानि, वाहन से चोटभय है। **नवम्बर** 22, 23, 30, **दिसम्बर** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

मीन—रक्तपित्त विकार, आर्थिक संकट, बन्धु से मदद, सन्तति कष्ट, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक रहे। **नवम्बर** 16, 17, 24, 25, **दिसम्बर** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ हैं।

पौष मास

धनु संक्रान्ति (16 दिसं. 2019 ई. से 13 जन., सन् 2020 ई.)

धनु संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—केन्द्र में केन्द्रेश गुरु, शनि-सूर्य का एक साथ होना आर्थिक, सामाजिक दृष्टि से तो ठीक है, लेकिन सूर्य-शनि का एकत्र होना प्रधान नेतृत्व के लिए भारी विषम परिस्थितियों को लेकर आ रहा है। व्यापारिक क्षेत्र में अशान्ति रहे एवं महंगाई सर्वसाधारण के लिए असन्तोषप्रद वातावरण बनाये। चना, दालें, चावल, गुड़ एवं अन्य खाद्य पदार्थों में भारी तेजी रहे।

पौष (धनु) संक्रान्ति कुण्डली

धनु संक्रान्ति प्रवेशकाल-16 दिसम्बर, सन् 2019 ई. को 15 घं. 26 मि. (I.S.T.), मुहूर्त्ती 15, पुण्यकाल 9 घं. 4 मि. बाद,

पौष मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—राजपक्ष से भय, स्थानान्तर का योग, आर्थिक लाभ होकर भी खर्च विशेष हो, निजीजनों से सहयोग मिले, सन्तानपक्ष से सुख, स्त्रीकष्ट, कारोबार गड़बड़ रहे। **दिसम्बर** 16, 23, 24, 25, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ हैं।

वृष—सेहत ठीक, घरेलू झंझट, अर्थलाभ, वृथा व्यय, मित्र-बन्धु से मदद, नई योजना से लाभ, कारोबार में बाधा। **दिसम्बर** 17, 18, 25, 26, 27, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 4, 5, 6, 13 अशुभ हैं।

मिथुन—रुधिर विकार, अर्थलाभ होकर हानि हो, भ्रातृसुख, गुप्त शत्रु प्रबल, स्त्रीपक्ष से मदद, धर्म-कर्म में मन लगे, कारोबार ठीक रहे। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 7, 8 अशुभ हैं।

कर्क—नेत्र व सिर पीड़ा, मानसिक परेशानी, कारोबार में रद्दोबदल, मित्र से मदद, मासान्त समस्यापूर्ण हो। **दिसम्बर** 21, 22, 23, 28, 29, 30, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 9, 10, 11 अशुभ हैं।

सिंह—सेहत ठीक, धनलाभ हो, नयी योजना किंवा कारोबार से लाभ, शत्रुपक्ष कमजोर, घर में शुभ कार्य हों। **दिसम्बर** 16, 23, 24, 25, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ हैं।

कन्या—सेहत ठीक, कर्जा सिर चढ़े, निजी लोगों से अनबन, शत्रु प्रबल, स्त्रीपक्ष से मदद, आय से व्यय अधिक। **दिसम्बर** 17, 18, 25, 26, 27, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 4, 5, 6, 13 अशुभ हैं।

तुला—उदर विकार, आर्थिक संकट, भाई से मदद, सन्तान कष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार में वृद्धि के उपाय हों। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 7, 8 अशुभ हैं।

वृश्चिक—वायु विकार, घरेलू झंझट बढ़ें, मित्र-बन्धु से मदद, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार पूर्ववत्। **दिसम्बर** 21, 22, 23, 28, 29, 30, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 9, 10, 11 अशुभ हैं।

धनु—रक्तपित्त विकार, कार्यान्तर से अर्थलाभ, भाई से मदद, स्त्रीकष्ट, मासान्त में हानिभय। **दिसम्बर** 16, 23, 24, 25, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ हैं।

मकर—सेहत ठीक, आर्थिक संकट, निजीजनों से अनबन, सन्तान पक्ष शुभ, गुप्त शत्रु बढ़ें, कार्यान्तर से लाभ। **दिसम्बर** 17, 18, 25, 26, 27, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 4, 5, 6, 13 अशुभ हैं।

कुम्भ—क्रोध बढ़े, भाई-बन्धु से मदद, स्त्रीसुख, आय से व्यय अधिक, पार्टनरशिप में बाधा। **दिसम्बर** 19, 20, 21, 28, 29, 30, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 7, 8 अशुभ हैं।

मीन—सेहत ठीक, आय से व्यय अधिक, भाई-बन्धु सुख, शत्रुपक्ष कमजोर, स्त्रीसुख, वाहन से चोटभय। **दिसम्बर** 21, 22, 23, 28, 29, 30, **जनवरी (सन् 2020 ई.)** 9, 10, 11 अशुभ हैं।

माघ मास

मकर संक्रान्ति (14 जनवरी से 12 फरवरी तक, सन् 2020 ई.)

मकर संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—लग्न में शनिक्षेत्री सूर्य प्रतिष्ठित व्यक्ति विशेष के लिए संकटापन्न रहेगा। द्वितीयेश शनि व्यय स्थान में होने पर भी शनिक्षेत्री शुक्र देश की गरिमा को बरकरार रखेगा। विपक्षीदल सत्ता पार्टी को परेशान करें। तिलहन, गुड़, अनाज एवं दालवाना में महंगाई रहे, जनता में असन्तोष रहे।

माघ (मकर) संक्रान्ति कुण्डली

मकर संक्रान्ति प्रवेशकाल=14 जनवरी, सन् 2020 ई. को 26 घं. 6 मि. (I.S.T.), मुहूर्त्ती 30, पुण्यकाल आगामी पूरा दिन,

माघ मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—मन अशान्त, निजीजन विरोध, सम्पदा-विवाद, मासान्त में चोटभय, कारोबार व जगह बदलने पर मजबूर हों। **जनवरी (2020 ई.)** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **फरवरी** 7, 8, 9 अशुभ हैं।

वृष—सेहत ठीक, धनलाभ होकर वृथाव्यय, मित्र मिलाप, स्त्रीकष्ट, चोटभय, कारोबार कमजोर हो। **जनवरी (2020 ई.)** 14, 15, 22, 23, 24, 31, **फरवरी** 1, 2, 10, 11 अशुभ हैं।

मिथुन—वायुविकार, घरेलू उलझनें बढ़ें, निजी लोगों से सहयोग, सन्तति चिन्ता, वृथा विवाद से बचें। **जनवरी (2020 ई.)** 15, 16, 17, 24, 25, 26, **फरवरी** 3, 4, 5, 11, 12 अशुभ हैं।

कर्क—रक्तपित्त विकार, भ्रातृकष्ट, सन्तान की तरफ से चिन्ता, स्त्रीपक्ष से लाभ, कोराबार ठप्प। **जनवरी (2020 ई.)** 17, 18, 19, 26, 27, 28, **फरवरी** 5, 6, 7 अशुभ हैं।

सिंह—सेहत ठीक, धनलाभ होकर हानिभय, मित्र मिलाप, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक रहे। **जनवरी (2020 ई.)** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **फरवरी** 7, 8, 9 अशुभ हैं।

कन्या—नेत्र कष्ट, धनलाभ, निजी जन सहयोग, गुप्त शत्रु से सावधान, कारोबार में प्रगति हो। **जनवरी (2020 ई.)** 14, 15, 22, 23, 24, 31, **फरवरी** 1, 2, 10, 11 अशुभ हैं।

तुला—वायु विकार, धनलाभ होकर हानि, सन्तान सुख, स्त्रीकष्ट, वाहन से चोटभय। **जनवरी (2020 ई.)** 15, 16, 17, 24, 25, 26, **फरवरी** 3, 4, 5, 11, 12 अशुभ हैं।

वृश्चिक—रोग से परेशानी, आय से व्यय अधिक, अच्छे लोगों से मेल, राजपक्ष से सफलता, स्त्रीपक्ष से लाभ हो। **जनवरी (2020 ई.)** 17, 18, 19, 26, 27, 28, **फरवरी** 5, 6, 7 अशुभ हैं।

धनु—वायुविकार, कार्यान्तर से लाभ, भाई से मदद, बन्धु कष्ट, स्त्रीसुख, सन्तान पक्ष से चिन्ता, शुभ कार्य का आयोजन। **जनवरी (2020 ई.)** 19, 20, 21, 29, 30 ,31, **फरवरी** 7, 8, 9 अशुभ हैं।

मकर—सेहत ठीक, आकस्मिक धन लाभ, बन्धु सुख, सम्पत्ति विवाद से बचें, स्त्रीसुख, मासान्त सुखद रहे। **जनवरी (2020 ई.)** 14, 15, 22, 23, 24, 31, **फरवरी** 1, 2, 10, 11 अशुभ हैं।

कुम्भ—रक्तपित्त विकार, क्रोध बढ़े, वृथा व्यय, निजीजन विवाद, यात्रा में कष्ट, मासान्त में शुभ समाचार। **जनवरी (2020 ई.)** 15, 16, 17, 24, 25, 26, **फरवरी** 3, 4, 5, 11, 12 अशुभ हैं।

मीन—वायु विकार, चोटभय, कर्जा चढ़े, मित्र-बन्धु से सुख, गुप्त शत्रु से हानिभय, स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर से लाभ। **जनवरी (2020 ई.)** 17, 18, 19, 26, 27, 28, **फरवरी** 5, 6, 7 अशुभ हैं।

फाल्गुन मास

कुम्भ संक्रान्ति (13 फरवरी से 13 मार्च तक, सन् 2020 ई.)

कुम्भ संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—लग्नस्थ 'बुधादित्य योग' जनता में सुख-समृद्धि का सूचक होगा। राजनीतिक तुष्टीकरण वाली नीति सर्व-साधारण जन-मन में असन्तोष का कारण बनेगी। सीरिया, पाक, रूस, अफगानिस्तान एवं बलूचिस्तान में उपद्रव होंगे। अनाज, चीनी, चांदी एवं तिलहन में तेजी रहे।

फाल्गुन (कुम्भ) संक्रान्ति कुण्डली

कुम्भ संक्रान्ति प्रवेशकाल-13 फरवरी, सन् 2020 ई. को 15 घं. 2 मि. (I.S.T.), मुहूर्ती 30, पुण्यकाल 8 घं. 40 मि. बाद,

फाल्गुन मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—घरेलू समस्याएं सुलझें, अर्थलाभ हो, निजीजन सहयोग, सन्तति चिन्ता, कारोबार में वृद्धि हो। **फरवरी (2020 ई.)** 16, 17, 18, 25, 26, 27, **मार्च** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

वृष—सेहत ठीक, कार्यान्तर से लाभ, बन्धु-मित्र सुख, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में वृद्धि, मासान्त में विशेष व्यय हो। **फरवरी (2020 ई.)** 18, 19, 20, 28, **मार्च** 1, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

मिथुन—रक्तपित्त विकार, आर्थिक स्थिति सुधरे, भाई-बन्धु से लाभ, यात्रा में कष्ट, चोटभय, स्त्रीसुख। **फरवरी (2020 ई.)** 13, 20, 21, 22, **मार्च** 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

कर्क—सेहत ठीक, धनहानि हो, वृथाव्यय, कार्यक्षेत्र में रद्दोबदल करना पड़े। **फरवरी (2020 ई.)** 13, 14, 15, 23, 24, 25, **मार्च** 4, 5, 12, 13 अशुभ हैं।

सिंह—उदर विकार, धनलाभ होकर हानि हो, भ्रातृसुख, मित्र से सहयोग, स्त्रीकष्ट, कारोबार में सुधार। **फरवरी (2020 ई.)** 16, 17, 18, 25, 26, 27, **मार्च** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

कन्या—कफ-वायु विकार, आय से व्यय अधिक हो, बन्धु सुख, स्त्रीकष्ट, कारोबार में रद्दोबदल हो। **फरवरी (2020 ई.)** 18, 19, 20, 28, **मार्च** 1, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

तुला—क्रोध बढ़े, धनलाभ, भाई-बन्धु से सहयोग, कारोबार ठीक, सन्तान हेतु विशेष खर्च, स्त्रीकष्ट। **फरवरी (2020 ई.)** 13, 20, 21, 22, **मार्च** 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

वृश्चिक—गुप्त चिन्ता, धनलाभ होकर हाथ से निकले, बन्धुकष्ट, राजपक्ष से जय, स्त्रीसुख। **फरवरी (2020 ई.)** 13, 14, 15, 23, 24, 25, **मार्च** 4, 5, 12, 13 अशुभ हैं।

धनु—सेहत ठीक, धनलाभ, भाई-बन्धु चिन्ता, सन्तान पक्ष से चिन्ता, शत्रु बढ़ें, यात्रा में कष्ट। **फरवरी (2020 ई.)** 16, 17, 18, 25, 26, 27, **मार्च** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

मकर—क्रोध बढ़े, आर्थिक संकट, कर्जा सिर चढ़े, भाई से मदद, निजीजन से अनबन, सन्तान पक्ष शुभ, सम्पदा लाभ। **फरवरी (2020 ई.)** 18, 19, 20, 28, **मार्च** 1, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

कुम्भ—रक्तपित्त विकार, वृथा व्यय, अच्छे लोगों से मेल, घरेलू झंझट बढ़ें, वृथा कलह से बचें। **फरवरी (2020 ई.)** 13, 20, 21, 22, **मार्च** 1, 2, 3, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

मीन—सेहत गड़बड़, वृथा व्यय हो, भाई-बन्धु सुख, अच्छे व्यक्ति से मेल हो, गुप्त शत्रु से सावधान, कार्यान्तर का विचार बने। **फरवरी (2020 ई.)** 13, 14, 15, 23, 24, 25, **मार्च** 4, 5, 12, 13 अशुभ हैं।

चैत्र मास

मीन संक्रान्ति (14 मार्च से 12 अप्रैल तक, सन् 2020 ई.)

मीन संक्रान्ति-कालीन गोचर ग्रहस्थिति फल—भाग्येश मंगल के साथ दशमेश गुरु की स्थिति शुभ है। इस मास में भारत व्यापारिक क्षेत्र एवं आर्थिक क्षेत्र में प्रगतिप्रद योजनाओं को कार्यान्वित करने में सफल रहे। इस मास में यान दुर्घटना एवं तूफान, भूकम्प आदि से कहीं हानि के योग भी हैं। खाद्य पदार्थ, धातुओं में महंगाई रहे। कुछ वस्तुओं के निर्यात से लाभ रहेगा।

मीन संक्रान्ति प्रवेशकाल=14 मार्च, सन् 2020 ई. को 11 घं. 52 मि. (I.S.T.), मुहूर्त्ती 45, पुण्यकाल 18 घं. 18 मि. तक,

चैत्र मास में प्रत्येक राशि के लिए शुभाशुभ फल

मेष—सेहत ठीक रहे, धनलाभ होकर हानिभय, वाहन से चोटभय, निजीजन से अनबन, कारोबार गड़बड़। **मार्च (2020 ई.)** 14, 15, 16, 24, 25, 26, **अप्रैल** 2, 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

वृष—उत्साह बढ़े, रुके काम बनें, राजपक्ष से चिन्ता, सम्पदा लाभ, वाहन सुख। **मार्च (2020 ई.)** 16, 17, 18, 26, 27, 28, **अप्रैल** 4, 5, 6, 12 अशुभ हैं।

मिथुन—उधार से परेशानी, कर्जा चढ़े, बन्धु से सहयोग, सन्तान पक्ष से शुभ समाचार, स्त्रीकष्ट, कारोबार में सुधार हो। **मार्च (2020 ई.)** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **अप्रैल** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

कर्क—सेहत बिगड़े, धनलाभ होकर हाथ से निकले, भाई-बन्धु सुख, सन्तान पक्ष से चिन्ता, कारोबार गड़बड़। **मार्च (2020 ई.)** 21, 22, 23, 31, **अप्रैल** 1, 2, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

सिंह—मन चिन्तित, अर्थलाभ, मित्र से लाभ, राजपक्ष से भय, कारोबार में रद्दोबदल हो। **मार्च (2020 ई.)** 14, 15, 16, 24, 25, 26, **अप्रैल** 2, 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

कन्या—सेहत ठीक, गुप्त चिन्ता, सम्पदा लाभ, घरेलू उलझनें बढ़ें, कारोबार में वृद्धि हो। **मार्च (2020 ई.)** 16, 17, 18, 26, 27, 28, **अप्रैल** 4, 5, 6, 12 अशुभ हैं।

तुला—सेहत में सुधार, धनलाभ होकर हानि हो, निजीजन से अनबन, नयी योजना से हानि, स्त्रीपक्ष से लाभ, कार्यान्तर का विचार। **मार्च (2020 ई.)** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **अप्रैल** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

वृश्चिक—आर्थिक संकट से परेशानी, निजीजनों से मनमुटाव, यात्रा में कष्ट, शत्रु प्रबल, स्त्रीपक्ष से लाभ। **मार्च (2020 ई.)** 21, 22, 23, 31, **अप्रैल** 1, 2, 8, 9, 10 अशुभ हैं।

धनु—गुप्त चिन्ता, कार्यान्तर से अर्थलाभ, भ्रातृसुख, शत्रु कमजोर, कारोबार में हानि, राजपक्ष से भय। **मार्च (2020 ई.)** 14, 15, 16, 24, 25, 26, **अप्रैल** 2, 3, 4, 10, 11, 12 अशुभ हैं।

मकर—रक्तपित्त विकार, अचानक अर्थलाभ, भाई-बन्धु सुख, यात्रा सुखद, स्त्रीसुख, वृथा विवाद से बचें। **मार्च (2020 ई.)** 16, 17, 18, 26, 27, 28, **अप्रैल** 4, 5, 6, 12 अशुभ हैं।

कुम्भ—सेहत ठीक, उत्साह बढ़ेगा, अर्थलाभ हो, अच्छे लोगों से मेल, शत्रु बढ़ें, कारोबार में बाधा आये। **मार्च (2020 ई.)** 19, 20, 21, 29, 30, 31, **अप्रैल** 6, 7, 8 अशुभ हैं।

मीन—वायुविकार, धनहानि, वृथाव्यय, नई योजना से लाभ, यात्रा में कष्ट, मासान्त में कारोबार में रद्दोबदल हो। **मार्च (2020 ई.)** 21, 22, 23, 31, **अप्रैल** 1, 2, 9, 10 अशुभ हैं।

———

वर्षराजादि फल-विचार (संवत् 2076 वि.)

(सन् २०१९-२० ई. की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९१२०, सृष्टि संवत् १९५५८८५१२०, श्रीविक्रम संवत् २०७६, शक संवत् १९४१, श्रीकृष्ण जन्मसंवत् ५२५५, कलि संवत् ५१२०, सप्तर्षि संवत् ५०९५, श्री जैन महावीर-निर्वाण संवत् २५४४-४५, श्रीबुद्ध संवत् २६४१-४२, हिजरी सन् १४४०-४१, फसली सन् १४२६-२७, ईस्वी सन् २०१९-२०।

वर्षारम्भ में गुरुमान से रुद्रविंशति का "परिधावी" नामक संवत्सर है। इसका फल विभिन्न ग्रन्थों में इस प्रकार है—

"धन-धान्य-समृद्धिः स्याद् भयं भूरि प्रजायते।
अन्यथा क्षेममारोग्यं परिधाविनि वत्सरे॥"

अर्थात्—'परिधावी' संवत्सर में धन-धान्य-समृद्धि रहे। (भय एवं शंका के कारण की जानकारी न होने पर भी) जनता में भय एवं आशंकाओं से भरा वातावरण रहे। जनता में आरोग्य एवं कुशलक्षेम रहे।

'भविष्य फल भास्कर' में 'परिधावी संवत्सर' का फल इस प्रकार है—

"भूपाहवो महारोगो मध्य-सस्यार्घ - वृष्टयः।
दुःखिनो जन्तवः सर्वे संवत्सरे परिधाविनि॥"

अर्थात्—शासकों (राजनीतिज्ञों) में शक्ति-परीक्षण, किंवा राजनीतिक पार्टियों में परस्पर विरोध दृष्टिगोचर हो। वर्षा मध्यम, महंगाई बढ़े, सभी प्राणी दुखी रहें। 'मेघ 'मेघ महोदय' के अनुसार परिधावी संवत्सर का फल इस प्रकार है—

"अभिभूतं जगत्सर्वं क्लेशैश्च विविधैः प्रिये।
मारुतो बहुदाहश्च परिधाविनि वत्सरे॥"

अर्थात्—अनेक प्रकार के क्लेश (कष्ट) से जनजीवन त्रस्त रहे। विश्व में अनेक राष्ट्र उग्रवाद किंवा अन्य परेशानियों से त्रस्त रहें। कहीं वायुवेग, अग्निकाण्ड आदि दुर्घटनाओं से हानि सम्भव है।

संवत् २०७६ वि. के दस पदाधिकारी निम्नांकित हैं—

संवत् २०७६ वि. का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) 'शनि' हैं। इस वर्ष का मन्त्री 'सूर्य', सस्येश 'बुध', धान्येश 'चन्द्र', मेघेश 'शनि', रसेश 'शुक्र', नीरसेश 'बुध', फलेश 'शनि', धनेश 'मंगल' एवं दुर्गेश 'शनि' है।

(१) संवत्सर २०७६ वि. के राजा 'शनि' का फल—

"दुर्भिक्ष-मरकं रोगान् करोति पवनं तथा।
शनैश्चराब्दो दोषांश्च विग्रहांश्चैव भू-भुजाम्॥"

अर्थात्—संवत् २०७६ वि. की ग्रहपरिषद् का प्रधान शनि होने से इस वर्ष उपद्रव, विस्फोट, युद्ध, दंगे एवं मारकाट के लिए कुछ देशों में भयंकर वातावरण बनेगा। कुछ शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों में परस्पर युद्धोन्माद विश्वशान्ति को क्षुब्ध करेगा। दूषित जलवायु (पोल्यूशन) की भारी समस्या का सामना करना होगा। रोग आदि से एवं दुर्भिक्ष, तूफान, भूकम्प-ज्वालामुखी-विस्फोट आदि प्राकृतिक आपदाएं भी स्थिति को विषम बनाएंगी। पेयजल-समस्याओं व रोगादि का सामना करना पड़े। राजनीतिक दलों में मतभेद बढ़ेगा, जिससे राजनैतिक स्थिति विकट रहेगी।

(२) मन्त्री 'सूर्य' का फल—

"नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात् प्रचुर-धान्य-धनादि-महीतले।
रसचयं हि समर्धतमं तदा रविरमात्यपदं लभते यदा॥"

अर्थात्—संवत्सर का मन्त्री सूर्य हो तो राजपक्ष (राजनीतिक पार्टियों) में परस्पर विरोध से देश एवं जनता को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़े। देश में दुर्जनों,

चोर-उचक्कों से हानि, रहे व अनैतिक दुष्कर्मों से जनता अराजकता अनुभव करे। अपराध बढ़ेंगे। धन-धान्य की बहुतायत हो, रस-पदार्थों (गुड़-चीनी आदि) के बाजारों में तेजी रहे।

(३) सस्येश 'बुध' का फल—

"जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुख-समृद्धियुतं निरुपद्रवम्।
द्विजगणाः स्तुति-पाठरताः सदा प्रथम सस्यपतौ सति बोधने॥"

अर्थात्—बुध सस्येश होने से इस संवत् में वर्षा अच्छी हो, सुख-समृद्धि का वातावरण एवं शान्तिपूर्ण सामाजिक स्थिति बनी रहे। बुद्धिजीवि-वर्ग द्वारा शासकदल के कार्य प्रशंसनीय रहें।

(४) धान्येश 'चन्द्र' का फल—

"चन्द्रे धान्याधिपे जाते तोयपूर्णा वसुन्धरा।
वर्धन्ते सर्व-सस्यानि राजते विविधोत्सवैः॥"

अर्थात्—संवत् का धान्याधिप यदि चन्द्र हो तो वर्षा उत्तम हो, पृथ्वी का जलस्तर अच्छा रहे। चावल आदि धान्यों व सभी अनाजों की फसल अच्छी, अनेकविध उत्सवों से जनता में उत्साह रहे।

(५) मेघेश 'शनि' का फल—

"रविसुते जलदाधिपतौ भवेद् विरल-वृष्टिवती वसुधा तदा।
मनसि तापकरो नृपतिः सदा विविध-रोगयुता जनता तदा॥"

अर्थात्—शनि के मेघेश होने पर वर्षा की कमी रहे, कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति भी बने। राजनीतिज्ञों का व्यवहार एवं नीति जनता को परेशान करने वाली रहेगी, जनता अनेक प्रकार के रोगों से क्षुब्ध रहे।

(६) रसेश 'शुक्र' का फल—

"भृगुसुते रस-नायकतां गते जनपदा जलतोषित-मानसाः।
सुख-सुभिक्ष-प्रमोदवती धरा धरणिपा नरपालन-तत्पराः॥"

अर्थात्—शुक्र रसेश हो तो अच्छी वर्षा के कारण सर्वत्र सुभिक्ष रहे। लोगों में सन्तोष व सुख रहे और शासनप्रक्रिया भी अच्छी तरह चलती रहे।

(७) नीरसेश 'बुध' का फल—

"चित्र-वस्त्रादिकं चैव शंख-चन्दन-हाटकाः।
महर्घाः सन्ति वर्षे वै नीरसेशो यदा बुधः॥"

अर्थात्—बुध के नीरसेश होने से कलाकृतियां किंवा रंग-बिरंगे फैशन के कपड़े, शंख, चन्दन एवं स्वर्णादि पदार्थ महंगे होंगे।

(८) फलेश 'शनि' का फल—

"अथ शनौ फलपे कलहो भवेद् वनज-पादप-पुष्पगणो घनः।
अपि च दुष्टजनादि-कृतं भयं जनपदा जनराशि-समाकुलाः॥"

अर्थात्—शनि इस संवत् का फलेश होने से जन-समूह में साम्प्रदायिक-धार्मिक आदि मुद्दों को लेकर परस्पर कलह रहे। जंगली पेड़ों (जड़ी-बूटियों), फल-फूलों की अधिकता हो। दुष्टों (उग्रवादियों आदि) द्वारा जनसाधारण क्षुब्ध रहे। शहरों (निगमों) में जनसंख्या-वृद्धि से भारी दबाव रहे।

(९) धनेश 'मंगल' का फल—

"धरणिजे धन-नायकतां गते शरदि ताम्रकरास्तुष-धान्यहा।
सकल-देश्यजनाश्चलितास्तदा नरपतिर्नर-शोक-विधायकाः॥"

अर्थात्—धनेश मंगल हो तो माघ में मीठी धूप पड़ने से वर्षा का अभाव किंवा अल्पत्व रहे, परिणामस्वरूप गेहूं, चावल, चना आदि अनाज कम हों। राष्ट्र में (विशेष कारणवश) जनता में अस्थिरता रहे किंवा लोग स्थानान्तरण करने को विवश हों। शासकों के (राजनीतिज्ञों की परिस्थितिवश) जन-विरोधी व्यवहार से जनता परेशान रहे।

(१०) दुर्गेश 'शनि' का फल—

"रविसुतो यदि दुर्गपतिर्भवेत् सकल-देश-जनाश्चलितास्तदा।
विविध-वैर-विशेषित-नागराः कृषिधनं लभते न जनः क्वचित्॥"

अर्थात्—संवत् का दुर्गेश शनि होने से सर्वत्र अराजकता से जनता पलायन करे। लोगों में परस्पर वैरभाव दिखाई दे। प्राकृतिक प्रकोप आदि के कारण फसलों से कृषक लोग उचित लाभ प्राप्त न कर सकेंगे।

नोट—यद्यपि संवत् के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र अनुभव किया गया है, किन्तु विशेषतः **राजा का फल** कश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में, **मन्त्री का फल** आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में, **सस्येश** का पौण्ड्र, विदर्भ में, **धान्येश** का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में, **मेघेश** का मगध एवं बंगाल में, **रसेश** का कोंकण एवं गोवा में, **नीरसेश** का मालवा व बिहार में, **धनेश** का राजस्थान एवं बाड़मेर में, **फलेश, दुर्गेश** एवं **राजा** का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षादि के विश्वामान सं. २०७६ वि. (शक सं. १९४१)

वर्षाविश्वा १७, धान्य ७, तृण १३, शीत ७, तेज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ५, तृषा १३, निद्रा १३, आलस्य ७, उद्यम १३, शान्ति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उग्रता ७, पाप ७, पुण्य १३, व्याधि १३, व्याधिनाश ११, आचार ११, अनाचार १७, मृत्यु १५, जन्म ७, देशोपद्रव १, देशस्वास्थ्य ७, चौर १७, चौरनाश १५, अग्नि १, अग्निशान्ति ११, उद्भिज्ज ९, जरायुज ३, अण्डज ११, स्वेदज ५, टिड्डी १५, तोता १५, मूषक ९, सोना ९, तांबा ११, स्वचक्र १३, परचक्र १९, वृष्टि ७, वृष्टिनाश १५ एवं संवत्-विश्वा ८ हैं।

चतुर्मेघविचार—ध्यान रहे—नवमेघों की अपेक्षा '**मेघ-चतुष्टय**' का विशेष महत्त्व है। इस वर्ष आवर्तकादि चतुर्मेघों में '**द्रोण**' नामक मेघ है।

द्रोण नामक मेघ का फल—

"महीशतः स्व-सम्पत्ति-वृद्ध्या समेताः समस्ता धरा भूरि-धान्येन युक्ता।
यदा जायते 'द्रोण' नामा पयोदस्तदा देवराजो भवेत् सत्पयोदः॥"

अर्थात्—**द्रोण** नामक मेघ होने पर शासक समृद्ध एवं सम्पत्ति-सम्पन्न रहें। देश किंवा विश्व में धन-धान्यसमृद्धि रहे। वर्षा सर्वत्र पर्याप्त हो। किञ्च—"द्रोणो वर्षति सर्वदा"—प्रमाणानुसार इस वर्ष अनेकत्र वर्षा अधिक होने से बाढ़ की स्थिति भी होने की सम्भावना रहेगी।

नवमेघविचार—इस वर्ष नवमेघों में '**नील**' नामक मेघ है।

फल—घी, दूध आदि पर्याप्त हों, रुई, कपास आदि की उपज किंवा उपलब्धता भी पर्याप्त हो। कहीं वर्षा असामयिक, कहीं वर्षा कम एवं कहीं तूफानी वर्षा हो—

"अल्पवृष्टिर्भवेत्काले नीलः क्षिप्रं तु वर्षति।"

आवह आदि सप्तवायु-विचार—इस वर्ष वायुसप्तक में '**संवह**' नामक वायु है।

फल—'**संवह**' नामक वायु इस वर्ष वातावरण एवं जलवायु प्रदूषण-विचार से कुछ लाभप्रद सिद्ध होगी। वन्य औषध, कृषिकर्म एवं प्रदूषण को सुव्यवस्थित करने के लिए शासन-तन्त्र विशेष योजनाओं को वैश्विक रूप से कार्यान्वित करने का प्रयास करेगा। लेकिन '**संवह**' वायु मेघालय, आसाम आदि प्रान्तों में प्राकृतिक प्रकोप को रोक न सकेगा। इस प्रकार दक्षिण-पश्चिमी भूभाग एवं उत्तरी प्रान्तों में सभी भयंकर भूकम्प व ग्रहगतिजन्य प्रकोप से त्रस्त रहेंगे।

अनन्तादि अष्टनागविचार—इस वर्ष अष्टनागों में '**अनन्त**' नामक नाग है।

फल—वर्षा अत्यधिक हो, बाढ़ एवं तूफान आदि से जनधनहानि हो। देश की राजनीति में कूटनीतिक चालों से विशुद्ध राजनीति 'छलावा' बनेगी। सर्पदंश एवं वन्यजीवों से नगरों में जनता परेशान रहे। शासनतन्त्र में परिवर्तनार्थ राजनीतिज्ञ संघर्षरत रहें। मुस्लिम राष्ट्रविशेष में उग्रवाद सशक्त रहे एवं सत्ता-हस्तान्तरण हो।

सुबुध्नादि द्वादशनागविचार—सुबुध्नादि द्वादश नागों में इस वर्ष '**वज्रदंष्ट्र**' नामक नाग है।

फल—"यत्र संवत्सरे नागो वज्रदंष्ट्राभिधानकः।
तदाम्बुवर्षणं नैव सर्व-सस्य-विनाशनम्॥"

अर्थात्—वर्षा आवश्यकतानुसार न हो, अनेकत्र दुर्भिक्ष की स्थिति बने, खाद्यान्नों की फसलों को हानि पहुंचे। कुछ प्रान्त अकालिक वर्षण किंवा अतिवर्षा से हानिग्रस्त रहें।

संवत् २०७६ वि. का वाहन—संवत्सर २०७६ वि. का **राजा शनि** होने से इस संवत्सर का वाहन **'घोड़ा किंवा भैंसा'** ही लिखा है।

फल—भैंसा किंवा घोड़ा संवत् का वाहन होने से राजनैतिक पार्टियां सत्ता-लाभार्थ संघर्षरत रहेंगी। राजनैतिक दलों में आन्तरिक भेद से सत्ता-परिवर्तन के लक्षण नजर आयेंगे। वर्षा नगण्य होने से एवं अन्य प्राकृतिक प्रकोपों (भूकम्प आदि) से हानि एवं जन-जीवनोपयोगी वस्तुओं में महंगाई रहे—

"राजानो विग्रहं यान्ति वृष्टिनाशो महर्घता।
भूमिकम्पो भयं घोरं महिषारूढ़े तु वत्सरे॥"

संवत् २०७६ वि. के चार स्तम्भ

(१) जलस्तम्भ—(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को **रेवती** नक्षत्र) ६८ प्रतिशत है।

(२) तृणस्तम्भ—(वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को **भरणी** नक्षत्र) ५१ प्रतिशत है।

(३) वायुस्तम्भ—(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को **मृगशिरा** नक्षत्र) ६२.२ प्रतिशत है।

(४) अन्नस्तम्भ—(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को **पुनर्वसु** नक्षत्र) ७२.८ प्रतिशत है।

नोट—ये उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल-क्षेम-ज्ञानार्थ विशेष महत्त्व रखते हैं; क्योंकि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण (खाद्यान्न-जड़ी-बूटियों) आदि पर ही निर्भर करती है। अत: देश की व्यवस्था के नियामक इन चार स्तम्भों का आकलन संवत् के शुभारम्भ पर आवश्यक समझा है।

(१) सं. २०७६ वि. में जलस्तम्भ (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र)—६८ प्रतिशत होने से महानगरों में पेयजल की समस्या का समाधान हो। वर्षा एवं अनेकत्र बाढ़ से जन-धन की भारी हानि सम्भव है। समुद्रतटवर्ती भूभाग पर भारत किंवा भारतेतर देशों में भी कहीं समुद्री तूफान आदि से प्रलयंकारी दृश्य भी देखने को मिलेंगे। बहुजल-प्रधान अन्न ग्वार, जीरी, चावल, बाजरा आदि की उपज अच्छी हो। भूजल-स्तर में काफी उठाव हो।

(२) तृणस्तम्भ—इस वर्ष **तृणस्तम्भ (वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र)** ५१ प्रतिशत है। अत: इस वर्ष जल तथा तृणस्तम्भ सशक्त है। इस वर्ष घास-भूसे से निकलने वाले अनाज, चावल, ज्वार, ग्वारा आदि कृषि उपज, वनस्पतियां, जड़ी-बूटियां, सब्जियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हों। इस साल कुछ प्रान्तों में मानसून अगेती आने किंवा सामयिक मानसून से पशुचारा-कृषिकर्मियों को लाभ रहे।

(३) वायुस्तम्भ—इस वर्ष **ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र)** ६२.२ प्रतिशत होने से **'वायुस्तम्भ' दृढ़** है। अत: भारत व तमाम दक्षिण एशिया तूफान, बाढ़, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप, औद्योगिक गैस-उत्सर्जन आदि से प्रभावित हो एवं हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उड़ीसा, तामिलनाडु, महाराष्ट्र आदि में कहीं प्राकृतिक आपदा से हानि हो। क्योंकि पृथ्वी के भीतर सीस्मोग्राफिक (वेवस) वायु से आकाश या शून्य में विद्यमान वायु के साथ जब संघर्ष होता है तो भूगर्भान्तर्गत प्लेटें हिलने से ही भूकम्प आदि दुर्घटनाएं घटित होती हैं। अत: यह वर्ष वायुस्तम्भ-मात्रा से अधिक दृढ़ होने से अनेकत्र चिन्तनीय स्थिति बना सकता है।

(४) अन्नस्तम्भ—इस संवत् में **अन्नस्तम्भ ७२.८ प्रतिशत** होने से सुदृढ़ है। घरेलू उत्पाद एवं खड़ी फसलों से लाभार्थ सरकार का प्रयास कृषकों के लिए हितकर रहेगा। व्यापारिक वर्ग एवं कृषक-समाज को सन्तुष्ट करने का सरकार का प्रयास भरपूर रहेगा।

निष्कर्ष—इस वर्ष में चारों स्तम्भ दृढ़ होने से देश में समृद्धि एवं सुरक्षा सुव्यवस्थित रहेगी। लेकिन वायुस्तम्भ अधिक दृढ़ होने से अनेकत्र वायुवेग से हानि, भूकम्प एवं अग्निकाण्ड आदि से हानि के भी योग हैं। जड़ी-बूटी, औषध-निर्माण एवं अन्न आदि की दृष्टि से देश प्रगतिपथ पर रहेगा।

आर्षमान विचार (सं. २०७६ वि. की रक्षा के लिए चार दुर्ग)

(१) प्रथम आर्ष—(अक्षय तृतीया को **रोहिणी** नक्षत्र) ५७.४ प्रतिशत है।

(२) द्वितीय आर्ष—(गत संवत् २०७५ वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र)

३९.२ प्रतिशत है।

(३) तृतीय आर्ष—(श्रावण पूर्णिमा को **श्रवण** नक्षत्र) ६१.५ प्रतिशत है।

(४) चतुर्थ आर्ष—(कार्तिक पूर्णिमा को **कृत्तिका** नक्षत्र) का अभाव है।

नोट—उल्लिखित चारों आर्षमान इस संवत्सर में जनजीवन एवं देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, आर्थिक समृद्धि, सामाजिक शान्ति, सर्वविध-समृद्धि किंवा नैतिक मूल्यों को सुनिश्चित करते हैं। ये संवत्सर के मर्मस्थल माने जाते हैं।

(१) प्रथम आर्ष—अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र ५७.४ प्रतिशत है।

फल—देश की समृद्धि एवं सुरक्षा की दृष्टि से यह वर्ष प्रथम आर्ष के अनुसार पूर्ण रूप से सशक्त है। भारत के सैन्यबल विशेषत: जलसेना में नये आयाम उपस्थित होंगे। देश में रक्षा-व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

(२) द्वितीय आर्ष—गत सं. २०७५ वि. में मूल नक्षत्र ३९.२ प्रतिशत है।

फल—भारत की गरिमा बढ़ेगी। कुछ विरोधी देश भारत की शान्ति को भंग करने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन सशक्त सैन्यबल भारत के मनोबल को सीमाप्रान्तों पर सुदृढ़ रखेंगे। जनता में अनेक प्रकार के रोगों से निपटने के लिए शासन को विशेष ध्यान देना होगा।

(३) तृतीय आर्ष—६१.५ प्रतिशत होने से सुदृढ़ स्थिति का संकेत देता है।

फल—देश में आन्तरिक उपद्रवों एवं देशद्रोही तत्त्वों से निपटने के लिए सरकार कठोर पग उठायेगी। कश्मीर एवं भारत के अन्य प्रमुख कुछ प्रान्तों में प्रच्छन्न उग्रवादियों को सरकार नकेल डाल सकेगी।

(४) चतुर्थ आर्ष—इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र का अभाव होने से यह स्तम्भ चिन्तनीय है।

फल—देशरक्षार्थ इस वर्ष यह स्तम्भ नगण्य होने से भारत को सैन्यबल सुदृढ़ कर सीमाप्रान्तों पर सुरक्षा की दृष्टि से सावधान रहना होगा। लेकिन नये कार्यक्रम, नयी योजनाओं से देश समृद्धिपथ पर तो अग्रसर रहेगा। सीमाप्रान्तों पर सुरक्षा की दृष्टि से अधिक व्यय करना पड़ेगा।

दोहा—"अखैतीज रोहिणी न होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणो हीन विचारो, कार्त्तिक पुण्यो कृत्तिका टारो।
महीमाह खलबली प्रकाशै, कहै भड्डली साख विनाशै॥"

संवत् २०७६ वि. में रोहिणी का वास

(वर्षा एवं जलवायुविचार में विशेष)

सं २०७६ वि. में '**मेष-संक्रान्ति**' १४ अप्रैल, सन् २०१९ ई., रविवार, १४ घं ७ मि. पर आशलेषा नक्षत्र, शूल योग एवं कर्कस्थ चन्द्र के समय लग रही है, अत: रोहिणी का वास '**तट**' पर रहेगा।

फल—"**तटे वृष्टिः सुशोभना**" अर्थात् इस वर्ष वर्षा उत्तम रहे, मरुस्थल में भी वर्षा होने से खाद्यान्न प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होंगे। लेकिन भारत के कुछ प्रान्तों में लोग पर्यावरण-विक्षोभ के कारण रोगग्रस्त किंवा पेयजल-समस्या के कारण चिन्ताग्रस्त भी रहेंगे।

समय किंवा संवत्सर का वास—इस वर्ष रोहिणी का वास तट पर होने से संवत्सर का वास '**रजक**' (**धोबी**) के घर रहेगा।

फल—देश में स्वच्छता, सौन्दर्य एवं अनेक प्रगतिप्रद योजनाओं के प्रति शासन विशेष ध्यान देगा। भ्रष्टाचार-उन्मूलन के लिए शासक विशेष सचेष्ट रहेंगे।

संवत् २०७६ वि. में शनि की दृष्टि

संवत् २०७६ वि. के प्रारम्भ में शनि की दृष्टि पश्चिम दिशा की तरफ रहेगी। मकर एवं धनु राशि वाले देशों एवं प्रान्तों में हिंसा रहे। **सं. २०७६ वि. में शनि संवत् के आरम्भ में धनु राशि में रहेगा, तत्पश्चात् २४ जनवरी, सन् २०२० ई. को मकर राशि में आकर संवत् २०७६ ई. के अन्त तक मकर राशि में ही रहेगा।** अत: जनवरी २०२० ई. से संवत् के अन्त तक शनि की दृष्टि उत्तर दिशा की तरफ रहेगी। स्पष्ट है कि—संवत् २०७६ वि. में पश्चिमी एवं उत्तरी गोलार्ध के देशों में प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, जलाप्लाव, हिंसा, शासकों में अस्थिरता एवं राजनैतिक हत्याकाण्ड होंगे। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार अक्तूबर २०१९ के बाद गुरु-शनि के एक राशि में रहने से विश्व में व्यापक हिंसा, युद्धात्मक व भारी संकटापन्न स्थिति बन सकती है। धनु-मकर-वृश्चिक नाम राशि वाले शासकों (राजनायिकों) को भारी संकटापन्न स्थिति का सामना करना

पड़ेगा। राजनैतिक हत्याकाण्ड सम्भव है। अतः वृश्चिक-धनु-मकर राशि वाले विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी आवश्यक है। कहीं प्राकृतिक भूकम्पादि प्रकोप से हानि का योग भी है—

"शनैश्चरः क्रमात्पश्यन् तत्तद्देशान् प्रपीडयेत्।
दुर्भिक्ष-देशभंगाद्यैर्विग्रहो राजविड्वरैः॥"

संवत् २०७६ वि. में विशेष अमावस्या-योग—

(१) सोमवती अमावस्या दो हैं—

(i) ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष (३ जून, सन् २०१९ई.)।

(ii) कार्त्तिक कृष्ण पक्ष (२८ अक्तू., सन् २०१९ ई.)।

(२) भौमवती अमावस्याएं तीन हैं—

(i) आषाढ़ कृष्णपक्ष (२ जुलाई, सन् २०१९ ई.)।

(ii) मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष (२८ नवम्बर, सन् २०१९ ई.)।

(iii) चैत्र कृष्णपक्ष (२४ मार्च, सन् २०२० ई.)।

(३) शनैश्चरी अमावस्याएं दो हैं—

(i) वैशाख कृष्ण पक्ष (४ मई, सन् २०१९ ई.)।

(ii) आश्विन कृष्ण पक्ष (२८ सितम्बर, सन् २०१९ ई.)।

नोट—सोमवती अमावस्या के दिन चावल आदि अन्न, घी, दूध का दान दक्षिणासहित करें। इस दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान-दान का विशेष महत्त्व है।

मंगलवारी अमा को गुड़ गायों को खिलायें एवं इस दिन लाल वस्त्र, स्वर्णादि के दान का भी विशेष महत्त्व है।

शनैश्चरी अमा को तुलादान, तेलदान, काले तिल, काला कपड़ा एवं काली दाल दान करें।

ध्यान दें—उल्लिखित अमावस्याओं में दान एवं तीर्थस्थान/पूजन आदि का विशेष महत्त्व है। साथ ही अधिकाधिक पंचांगों का योग्य ब्राह्मणों को तीर्थ पर या अन्यत्र भी दान करना पुण्यप्रद लिखा है। सभी अमावस्याओं पर पूर्वजों को पिण्डदान करने का विधान है।

इस वर्ष की विशेष अमावस्याओं का माहात्म्य

'स्कन्दपुराण' के अनुसार शिव-मन्दिर में जाकर सोमवती अमा के दिन भगवान् शंकर की पंचोपचारपूजा-पूर्वक सोमेश्वर महादेव का ध्यान करके अनन्तकोटि यज्ञों का फल प्राप्त करें—

"अमा सोमेन संयुक्ता कदाचिद्यदि लभ्यते।
तस्यां सोमेश्वरं पूज्य कोटियज्ञ-फलं लभेत॥"

तथा च—

"सोमवारेण संयुक्ता अमावस्या यदा भवेत्।
तदाऽनन्तफलं श्राद्धं पितृणां दत्तभक्षणम्॥"

सोमवती अमावस्या को गंगा आदि नदियों किंवा तीर्थों पर स्नान, जप, होम, ब्रह्म-भोजन, पितृतर्पण आदि से कुटुम्ब में वृद्धि एवं सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

'मुहूर्त चिन्तामणिकार' ने सोम-मंगलवारी अमाओं को **'पुष्कर योग'** की उपमा दी है। इन दिनों किये गये दान, यज्ञ एवं मन्त्रजाप सूर्यग्रहण में किये गये दान के बराबर महत्त्वपूर्ण लिखे हैं। **मंगलवारी अमावस** में जपदान आदि का फल सहस्र गोदान के बराबर लिखा है—

"अमावस्या भवेद् वारे यदा भूमिसुतस्य वै।
जाह्नवीस्नान-मात्रेण गोसहस्र-फलं लभेत॥"

—(हेमाद्रौ शातातपः)

'शनैश्चरी अमा' पूर्वजन्म पापनाशार्थ एवं ग्रहरोग-शान्त्यर्थ उपयोगी मानी गई है। इस दिन तेलदान, कम्बलादि का दान करें।

संवत् २०७६ वि. में शरत् सस्य-जातकविचार

ध्यान रहे—गर्मी में बोई जाने वाली तथा सर्दी में तैयार होने पर काटी जाने वाली फसलें चावल, मूंग, ज्वार, बाजरा, कपास, अरहर, तिल, तोड़िया, सूरजमुखी, ग्वार, गन्ना, मक्का आदि **"खरीफ फसलों"** को **'शरत्सस्य'** कहा जाता है। शरत्सस्य का विचार वृषस्थ सूर्य से ही किया जाता है।

सं. २०७६ वि. में वैशाख शुक्ल पक्ष बुधवार, तदनुसार १५ मई, सन् २०१९ ई. को एकादशी (तात्कालिकी द्वादशी) को हस्त नक्षत्र, वज्र योग एवं **कन्यास्थ** चन्द्र के समय **सूर्यदेव ११ घं. ०१ मि. पर वृष राशि में प्रविष्ट होंगे।**

शरत्सस्यजातक कुण्डली
(१५ मई, सन् २०१९ ई., ११ घं. ०१ मि.)

५ | ४ | रा. मं. ३ | ६ चं. | २ सू. | ७ | १ शु. बु. | ८ गु. | ९ श.के. | १० | ११ | १२

नोट—सस्य जातक कुण्डलियों में तात्कालीन औदयिक लग्न से फलादेश-विचार उचित नहीं, **सस्य जातक विचारार्थ सूर्य को ही लग्न मानकर विभिन्न भावों के आधार पर फलविचार युक्तियुक्त माना है।** अत: सूर्य को लग्न मानकर ही यहां फल-प्रतिपादन किया गया है।

फल—वृषस्थ सूर्य पर गुरु की दृष्टि है, अत: शारदन्नों की उपज प्रथम दृष्ट्या तो अच्छी नजर आयेगी। लेकिन सूर्य मंगल-राहु एवं शुक्र ग्रह से घिरा हुआ है तथा मंगल-राहु पर शनि की पूर्ण दृष्टि भी है, अत: कुछ प्रान्तों में अतिवर्षण किंवा अवर्षण से फसलों को हानि पहुंचेगी। चन्द्र पर भी शनि की विशेष दृष्टि है, जोकि **'जलशोषक'** है। सूर्य से अष्टम शनि और इसके साथ राहु-मंगल का समसप्तक सं. २०७६ वि. में शरत्सस्य-जातक के लिए शुभ संकेत नहीं देता, अनेकत्र दुर्भिक्ष की स्थिति भी सम्भव है।

पहले स्टॉक करें। मिथुन में सूर्य के आने पर इसका शनि के साथ समसप्तक एवं मंगल के साथ राशि योग बनेगा तो महंगाई और जोर पकड़ेगी।

"वृषप्रवेशे सवितुर्नृयुग्म-मेषालि-संस्थैरशुभ-ग्रहेन्दैः।
सौम्यैग्रहिन्द्रैर्न युतेक्षितैर्वा जातं विशुष्येत् खलु शारदन्नम्॥"

तथा च—मंगल-राहु एवं शुक्र से आक्रान्त सूर्य भी शारदन्नों के लिए शुभ नहीं—

"क्रूरान्तस्थः सूर्यो वृषस्थोऽपि नाशयति सस्यम्॥"

अर्थात्—शरत्सस्य-जातक कुण्डली में जब मंगल-राहु से अभिभूत सूर्य से **अष्टम** शनि आदि क्रूर ग्रह भी हों तो बाजरा, ज्वार, अरहर, तेल, तिलहन, कपास की **उपज औसत से कम होती है।** अनेकत्र अवर्षण/अतिवर्षण से खड़ी फसलें नष्ट भी हो **जाती हैं। इस समय स्टॉकिस्ट लाभ लेते हैं।** यह योग इस वर्ष २०७६ वि. में घटित होने को है।

संवत् २०७६ वि. में ग्रीष्मसस्य-जातकविचार

सं. २०७६ वि. में मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्थी (तात्कालिकी पंचमी) शनि/रविवार, तदनुसार १६/१७ नवम्बर, सन् २०१९ ई. को पुनर्वसु नक्षत्र, साध्य योग एवं मिथुन राशिस्थ चन्द्र के समय ० घं. ५० मि. (भा. स्टैं. टा.) पर सूर्यदेव वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होंगे।

ग्रीष्मसस्य जातक कुण्डली
(१७ नवं., २०१९ ई.) ० घं.५० मि. (I.S.T.)

६ | ४ | मं. ७ बु. | ५ | ३ चं. रा. | ८ सू. शु. | २ | गु. के. ९ श. | ११ | १ | १० | १२

फल—वृश्चिकस्थ सूर्य का शत्रु ग्रह शुक्र के साथ मेल है एवं सूर्य-शुक्र दोनों मंगल-बुध एवं शनि-केतु—इन क्रूर ग्रहों से आक्रान्त हैं। अत: गेहूं, जौ आदि की खड़ी फसलों को हानि होगी—

"क्रूरान्तस्थः सूर्यो वृश्चिकसंस्थो विनाशयति सस्यम्।"

ग्रीष्म सस्यजातक कुण्डली में ग्रहस्थिति के अनुसार सूर्य से द्वितीय भाव में शनि-केतु पर मिथुनस्थ चन्द्र-राहु की दृष्टि होने से पहले (अगेती) बोई गयी फसलें नष्ट हो जाती हैं और बाद में बोयी गयी फसलें ठीक रहें—ऐसा योग है—

"अर्थस्थाने क्रूरः सौम्यैरनीक्षितः प्रथमजातम्।
सस्यं निहन्ति पश्चादुप्तं निष्पादयेद् व्यक्तम्॥"

स्पष्ट है कि—इस वर्ष खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। ग्रीष्मान्न महंगे होंगे।

सूर्य का आर्द्रानक्षत्र में प्रवेश

सं. २०७६ वि. में आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी शनिवार, तदनुसार २२ जून, सन् २०१९ ई. को धनिष्ठा नक्षत्र, विष्कम्भ योग एवं कुम्भस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव १७ घं. १८ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे।

सूर्य-आर्द्रा प्रवेशकाल—इस वर्ष सूर्यास्त से पूर्व ही सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, अत: खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी—**"सयायाह्नकाले कृषि-नाशनाय**

धान्यं महर्घं च तृणस्य नाशः।" शनिवार को सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश भी शुभंकर नहीं,— **"मन्दे न शुभदः प्रोक्तः"।**

सूर्य आर्द्रा-प्रवेशकालिक कुण्डली
२२ जून, सन् २०१९ ई.,
१७ घं.१८ मि. (I.S.T.)

९श.के. | ७ | १० | ८ गु. | ६ | ११ चं. | ५ | १२ | २ शु. | ४ बु. | १ | ३ सू.मं.रा.

आर्द्रा प्रवेश कुण्डली में सूर्य राहु मंगल का शनि के साथ समसप्तक एवं शनि की चन्द्र पर दृष्टि कुछ प्रान्तों में अतिवर्षा से कहीं भयंकर हानि, कहीं अवर्षण से दुर्भिक्ष करे। शासनतन्त्र भी इस स्थिति से अनेकत्र निपटने में असमर्थ प्रतीत होगा। पर्यावरण-विक्षोभ से जनता परेशान रहे। लेकिन पंचमी तिथि में आर्द्राप्रवेश होने से जनजीवनोपयोगी वस्तुओं की उपलब्धता के लिए शासनतन्त्र पूर्णरूप से सहयोगी सिद्ध होगा।

आर्द्रा नक्षत्र वेला में सूर्य की स्थिति मंगल-राहु के साथ है एवं शनि-केतु के साथ समसप्तक बन रहा है, अतः देश के प्रमुख नेतृत्व के समक्ष उग्रवादजन्य भय एवं राजनैतिक विषम परिस्थितियां लेकर इस संवत् का यह चरण उपस्थित होगा। जो राजनैतिक परिप्रेक्ष्य की दृष्टि से आश्चर्यजनक परिणामों वाला सिद्ध होगा।

शुभ संवत् २०७६ वि. का शुभारम्भ

सं. २०७५ वि. में चैत्र कृष्ण अमावस, शुक्रवार, तदनुसार ५ अप्रैल, सन् २०१९ ई. को रेवती नक्षत्र, ऐन्द्र योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय १४ घं. २० मि. (भा. स्टैं. टा.) पर कर्क लग्न में सं. २०७६ वि. का शुभारम्भ होगा।

शुभ संवत् २०७६ वि. की प्रवेश-कालीन कुण्डली

५ | ३ रा. | ६ | ४ | २ मं. | ७ | १ | ८ | १० | १२ सू.चं. | ९ गु.श.के. | ११ शु.बु.

५ अप्रैल, सन् २०१९ ई., १४ घं.२० मि. (I.S.T.)

नव संवत्-प्रवेशफल—संवत् २०७६ वि. का शुभारम्भ कर्क लग्न में होने से पूर्वी प्रान्तों में स्थिति ठीक रहे, सुख-समृद्धि रहे। उत्तर दिशा में प्राकृतिक आपदा किंवा उग्रवादजन्य परेशानी से युद्धात्मक वातावरण रहे। देश में कहीं सत्तासंघर्ष की स्थिति किंवा पश्चिम में अनेकत्र दुर्भिक्ष की स्थिति का सामना करना पड़े—

> **"कर्के सुखं तु पूर्वस्यामुत्तरस्यां तु विग्रहः।**
> **यच्चासन-बलं यावद दुर्भिक्षं पश्चिमे दिशि॥"**

वर्षप्रवेश-कुण्डली में **शनि-मंगल का षडष्टक एवं राहु-शनि का समसप्तक देश में विशेषतः देश की राजनीति में विशेष उथल-पुथल करायेंगे।** लग्नेश चन्द्र, सूर्य के साथ बृहस्पति के क्षेत्र में होने से देश में शासनतन्त्र स्थिति को सामान्य बनाने में नये आयाम स्थापित करेगा।

संवत्-प्रवेशकालीन ग्रहस्थिति पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि—भारत की प्रभावराशि मकर का स्वामी शनि मकर से द्वादश भाव में गुरुक्षेत्र में गुरु की सन्निधि में ही है, अतः विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, लेकिन राजनैतिक परिदृश्य में कुछ परिवर्तन सम्भव है। मंगल-शनि का षडष्टक भारत की पश्चिमी-उत्तरी सीमाओं एवं दक्षिणी भूभाग में अशान्ति करे। कहीं प्राकृतिक आपदा, तूफान, भूकम्प आदि से जनधनहानि हो। कश्मीर एवं सीमाप्रान्तों पर उग्रवादजन्य कृत्यों से भारी अशान्ति हो। किसी मुस्लिम राष्ट्र की कुनीति शक्तिसम्पन्न राष्ट्र के साथ विरोधप्रदर्शन से युद्धात्मिका परिस्थिति बना सकती है—

> "मारिर्दक्षिण-देशे स्यात्तथा बंगेष्वुपद्रवः।
> लोके दुःखं विजानीयात् पश्चिमे ननु विग्रहः॥"

२०७६ वि. में वर्षेश(जगत्)लग्नप्रवेश

जब सूर्य निरयण मेष राशि में प्रवेश करता है तो तात्कालिक लग्न ही 'जगत् लग्न' कहलाता है। संवत् २०७६ वि. में चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी, रविवार (तात्कालिकी दशमी तिथि), तदनुसार १४ अप्रैल, सन् २०१९ ई. को आश्लेषा नक्षत्र, शूल योग एवं कर्कस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव १४ घं. ९ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर मेष राशि में प्रविष्ट होंगे।

फल—इस संवत् में सिंह लग्न में जगत् लग्न का उदय हुआ है। लग्न पर मंगल

की विशेष दृष्टि है। मंगल एवं शनि का षडष्टकयोग एवं वृष-मिथुन में क्रूर ग्रह-स्थिति के परिणामस्वरूप मुस्लिम राष्ट्रविशेष का अणुशास्त्र संग्रह एवं युद्धोन्माद विश्वशान्ति को भंग कर सकता है। उग्रवाद, मारक शस्त्र-संग्रह एवं प्रभुसत्ता-प्रदर्शनजन्य उन्माद को शान्त करने के लिए भारत की भूमिका एवं प्रयास प्रशंसनीय रहेंगे, क्योंकि मकर राशि का स्वामी शनि गुरु के सन्निकर्ष में है।

वर्षेश लग्न में राहु-शनि की परिधि में ही सभी प्रभावी ग्रह हैं, अतः मुस्लिम राष्ट्रों में प्राकृतिक आपदा (समुद्री तूफान, भूकम्प, उग्रवाद आदि) से भारी जनधनहानि के योग दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

वर्षेश कुण्डली में लग्नेश सूर्य एवं बुध, शुक्र, गुरु की स्थिति से भारत का प्रभाव-क्षेत्र बढ़ेगा एवं विदेशों के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध रहेंगे। चीन-पाक के साथ सीमासम्बन्धी विवाद उठेंगे, लेकिन लग्न पर गुरु की दृष्टि होने व लग्नेश के स्वभावतः उच्च होने पर सभी समस्याओं को पार कर शान्तिपथ कुछ हद तक बनेगा—

"निजोच्चे निजवर्गे वा शुभः पापोऽपि वा भवेत्।
बलवान् दोषविच्छेत्ता हरिरेको यथा गजान्॥"

इस वर्ष जगत् लग्नानुसार—भाद्रपद, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ मास विशेष घटनापूर्ण रहेंगे।

अपने जन्मलग्न से द्वादश भावों में जगत्लग्न का फल इस प्रकार जानिये—

(१) प्रथम भाव से शरीर सुख, (२) धनागम, (३) कुटुम्बवृद्धि (पारिवारिक सुख), (४) मित्र व बन्धुसुख, (५) सन्ततिसुख, (६) शत्रु की पराजय, (७) स्त्री-सुख, (८) रोगभय, मृत्युभय, (९) धर्म-कर्म में प्रवृत्ति किंवा धनलाभ, (१०) धन व सम्मानप्राप्ति, (११) लाभ किंवा अन्य सुख-साधनप्राप्ति तथा (१२) बारहवें भाव से कष्ट व आर्थिक संकट का ज्ञान प्राप्त करें—

"जन्मोदये देहसुखं धनेऽर्थलाभस्तृतीये च कुटुम्बवृद्धिः।
तुर्ये सुहृत्सौख्यमथात्मजाप्तिं पुत्रे रिपौ शत्रु-पराजयःस्यात्॥
स्त्री-सौख्याप्तिर्भवति मदने मृत्युरुग्भीश्च रन्ध्रे।
धर्मार्थाप्तिस्तपसि दशमे वित्तसौख्यं पदाप्तिः॥
लाभे लाभः सुख-धनचयो दुःख-दारिद्र्यमन्त्ये।
पुंसोर्मेषे प्रविशति रवौ जन्मलग्नाद् विलग्ने॥"

यदि 'जगत् लग्न' अपने 'जन्मलग्न' से ६, ८ या १२वें भावों में यत्किञ्चित् भी पापी ग्रह के प्रभाव में हो तो वह वर्ष कष्टप्रद किंवा अशुभ रहेगा, ऐसा जानें।

जगत्लग्न से व्यक्तिगत फलविचार

जन्मकुण्डली में लग्न बलवान् हो तो जन्मराशि से जगत्लग्न जिस राशि पर आये, वह भाग शुभग्रह या भावेश से दृष्ट या युक्त हो तो उस वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापग्रह की दृष्टि या योग हो तो उस भाव की हानि कहें। जन्मलग्न, जन्मराशि एवं अपने वर्षलग्न से वर्षेश(जगत्)लग्न आठवें या बारहवें हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होगा।

इसी प्रकार देश एवं ग्राम के शुभाशुभ विचार के लिए भी समझना चाहिए।

गुर्रा-फल (सन् २०१८-१९ ई.)

इस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् प्रारम्भ होता है। उस दिन जो वार होता है, वही इस्लामी मतानुसार (उसी वार से सम्बन्धित ग्रह ही) साल का राजा होता है, जो "गुर्रा" नाम से जाना जाता है।

वि.सं. २०७५ में भाद्रपद शुक्ल तृतीया, तदनुसार १२ सितम्बर, सन् २०१८ ई. को 'यकम-मुहर्रम' के दिन मुस्लिम हिजरी सन् १४४० का आगाज हुआ था। अतः इस हिजरी सन् (१४४०) का बादशाह बुध ग्रह ही है।

बुधवारी गुर्रा का फल—महंगाई उत्तरोत्तर असह्य हो जायेगी। गुड़, खाण्ड, घी आदि में विशेष तेजी रहे। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ेगा। जनता उपद्रवों के कारण स्थानान्तरण के लिए विवश हो। रोगों एवं आकाल आदि प्राकृतिक प्रकोपों से जनजीवन

त्रस्त रहे।

वि. सं. २०७६ में भाद्रपद शुक्ल पक्ष द्वितीया, रविवार, तदनुसार १ सितम्बर, सन् २०१९ ई. को 'यकम-मुहर्रम' के दिन मुस्लिम हिजरी सन् १४४१ का आगाज होगा। अतः इस हिजरी सन् (१४४१) का बादशाह सूर्य है।

फल—वर्षा पर्याप्त, अनाज सस्ते हों। शासक देशहितार्थ काम करें। लेकिन जनता में रोग-विशेष से हानि हो। विशेषतः स्त्री-रोगों से जनता परेशान हो।

अग्निकाण्ड आदि से अनेकत्र हानि के योग भी बनें।

लाभ-व्यय चक्र (विंशोत्तरी-मतानुसार)

(संवत्सर २०७६ वि. का राजा शनि है)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	८	२	८	२	५	८	२	८	५	१४	१४	५
व्यय	५	१४	११	८	५	११	१४	५	११	११	११	११

लाभ-व्यय देखने की विधि—अपनी राशि के लाभ-व्यय-अंकों को जोड़कर उनमें से १ घटाकर शेष को ८ से भाग देने पर यदि १ बचे तो आमदन, २ बचे तो सुख-लाभ, ३ बचने पर क्लेश, ४ शेष रहने पर बीमारी से परेशानी, ५ शेष आने पर अपयश, ६ शेष बचने पर इज्जत, ७ शेष आने पर सफलता और ० (शून्य) शेष रहने पर हानि होगी—ऐसा जानें।

**"इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि तिथौ शुभम्।
यः श्रृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत्॥"**

विशेष—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से दस दिन तक नीम के कोमल पत्ते, नीम की मंजरी या निमौली का चूर्ण, सेंधा नमक, इमली, कालीमिर्च, हींग, अजवायन, जीरा, तुलसीदल—ये सब कूट-पीसकर इच्छानुसार खाण्ड या शक्कर में मिलाकर शर्बत बनाकर प्रातः सेवन करने से रक्तविकार, वात-पित्त एवं कफजन्य कष्टों एवं कुष्ठरोग से मुक्ति मिलती है।

— — —

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली (मोहाली) पंजाब के इन युवा-कर्मठ विद्वान् कार्यकर्ताओं का पंचाग-प्रकाशन में भारी सहयोग वस्तुतः प्रशंसनीय है—

"श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली" के प्रबन्धक, हमारे पूज्यपिता जी के प्रिय शिष्य चि. प्रेमचन्द शर्मा; ग्राम सुन्हाड़—सौर (सोलन) (हि.प्र.) निवासी श्रीकृष्ण शर्मा शास्त्री, M.A., साहित्याचार्य, वेदाचार्य; नालाबलोग (पंचकूला) निवासी चि. सुरेशानन्द शर्मा B.A. एवं चि. रविसन्धु (सुपुत्र राणा रणजीत सिंह जी), श्रीमार्त्तण्ड पंचांग (हिन्दी) की पाण्डुलिपि-लेखन एवं प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी और आदरभाव से करते हैं। पंचांग के प्रकाशन-कार्य में हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व से भरे इस उत्साहपूर्ण सहयोग से काफी हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय परम-उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह आशीर्वाद है।

—प्रियव्रत शर्मा, इन्दुशेखर शर्मा
सम्पादक—श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग

श्री वि.सं. २०७६, शाक १९४१, चैत्र शुक्ल पक्ष १

(६ से १९ अप्रैल, सन् २०१९ ई.)
उत्तरायण, उत्तरगोल, वसन्त ऋतु ।

प्रातः बुध, शुक्र पूर्व में, शनि याम्योत्तरवृत्त में और गुरु इससे पश्चिम की ओर होगा। सायं मंगल पश्चिम में दिखाई देगा। ९ अप्रैल को सायं पश्चिम में चन्द्रमा के समीप मंगल को देखिये।

दिनमान घ.	दिनमान प.	तिथि	वार	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	नक्षत्र	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	योग	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	करण	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	तारीखें प्र. चैत्र	तारीखें अं. अप्रैल	तारीखें श. चैत्र	तारीखें मु. रजब	चन्द्रराशि-प्रवेशकाल	घ.	प.	चण्डीगढ़ (भा.स्टैं.टा.) सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मि.	स्पष्ट सूर्य प्रातः ५घं. ३० मि. (भा.स्टैं.टा.) रा.	अं.	क.	वि.	
३१	१६	१	श.	२३	३	रेव.	२	५७	वै.	३१	०	ब.	२३	३	२४	६	१६	२९	मेष	२	५७	६	१०	१८	४०	११	२१	४७	१७	चन्द्रदर्शन, मु. ३०, पंचक समाप्त २/५७, मंगल रोहि. में २७/५७,(A)
३१	२०	२	र.	२४	४१	अश्वि.	६	२७	वि.	३७	२५	कौ.	२४	४१	२५	७	१७	शा.१	मेष			६	९	१८	४१	११	२२	४६	२१	शुक्र पू.भा. में ३०/४५, शाबान मु. प्रारम्भ,
३१	२५	३	चं.	२५	११	भर.	८	५७	प्री.	३५	५	ग.	२५	११	२६	८	१८	२	वृष	२४	२५	६	८	१८	४२	११	२३	४५	२४	भ. ५५/७ बाद, गौरी तृतीया (गणगौर), आन्दोलन तृतीया, (B)
३१	२९	४	मं.	२५	१	कृत्ति.	१०	३०	आ.	३२	१	वि.	२५	०१	२७	९	१९	३	वृष			६	६	१८	४२	११	२४	४४	२४	भ. २५/१ तक, श्री(लक्ष्मी) पंचमी (देखें पृ. 13) (C)
३१	३४	५	बु.	२३	४६	रोहि.	११	९	सौ.	२८	१३	बा.	२३	४६	२८	१०	२०	४	मिथुन	४१	६	६	५	१८	४३	११	२५	४३	२१	गुरु वक्री ४१/६, नाग पंचमी (देखें पृ 13), स्कन्द (D)
३१	३८	६	गु.	२१	३४	मृग.	१०	५२	शो.	२३	३९	तै.	२१	३४	२९	११	२१	५	मिथुन			६	४	१८	४३	११	२६	४२	१७	बुध मीन में ५५/४२, नेप्च्यून पू.भा. २ में ४३/७,
३१	४३	७	शु.	१८	२१	आर्द्रा	९	३६	अ.	१८	१७	व.	१८	२१	३०	१२	२२	६	कर्क	५२	५८	६	३	१८	४४	११	२७	४१	१०	भ. १८/२१ से ४६/१२ तक,
३१	४७	८	श.	१४	९	पुन.	७	२१	सु.	१२	७	ब.	१४	९	३१	१३	२३	७	कर्क			६	२	१८	४५	११	२८	४०	१	श्री दुर्गाष्टमी, अशोकाष्टमी, श्री रामनवमी (देखें पृ 13),
३१	५२	९	र.	८	५७	पुष्य आश्ले.	४ ५९	७ ५६	धृ. शू.	५ ५७	९ २५	कौ.	८	५७	वै.१	१४	२४	८	सिंह	५९	५६	६	१	१८	४५	११	२९	३८	५०	सं. सूर्य अश्वि. मेष में २०/१९, मु. १५, पुण्यकाल (E) **परिधावी संवत्सर**
३१	५६	१०	चं.	२	४८	मघा	५५	३	गं.	४९	६	ग.	२	४८	२	१५	२५	९	सिंह			६	०	१८	४६	०	०	३७	३६	भ. २९/२२ से ५५/५९ तक, बुध उ.भा. में ३/४०, (F)
अवम		११	चं.	५५	५९	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	एकादशी तिथिक्षय,
३२	१	१२	मं.	४८	३८	पू.फा.	४९	३९	वृ.	४०	२०	ब.	२२	१८	३	१६	२६	१०	सिंह			५	५८	१८	४७	०	१	३६	२१	श्रीविष्णु दमनोत्सव, कामदा एकादशी व्रत (वै.)(देखें पृ.13),
३२	५	१३	बु.	४१	७	उ.फा.	४४	५	ध्रु.	३१	२२	कौ.	१४	५३	४	१७	२७	११	कन्या	३	१५	५	५७	१८	४७	०	२	३५	३	अनंग त्रयोदशी, ⟷ महावीर जयन्ती (जैन), (G)
३२	९	१४	गु.	३३	४५	हस्त	३८	४२	व्या.	२२	३०	ग.	७	२६	५	१८	२८	१२	कन्या			५	५६	१८	४८	०	३	३३	४३	भ. ३३/४५ बाद, शुक्र उ.भा. में ३३/१०, दमनक चतुर्दशी (H)
३२	१४	१५	शु.	२६	५७	चित्रा	३३	५५	ह.	१४	१	वि.	०	२१	६	१९	२९	१३	तुला	६	१३	५	५५	१८	४९	०	४	३२	२१	भ. ०/२१ तक, चैत्री पूर्णिमा, वैशाख स्नान प्रारम्भ,

(A) चान्द्र-संवत्सर २०७६ वि. प्रारम्भ, वासन्त (चैत्र) नवरात्र प्रारम्भ, वर्षफलश्रवण, तैलाभ्यंग, ध्वजारोहण, निम्बपत्र-प्राशन, गुड़ी पड़वा, चन्द्रव्रत, (B) श्री मत्स्य जयन्ती, (C) हयव्रत (चतुर्थी विद्धा पंचमी में), (D) षष्ठी (देखें पृ. 13), (E) प्रातः ७ घं. ४५ मि. बाद, नवमी नवरात्रव्रत, नवरात्र समाप्त, वैशाखी (पं.), (F) शुक्र मीन में ४७/४०, कामदा एकादशी व्रत(स्मा.) (देखें पृ. 13), नवरात्र पारणा, दोलोत्सव, (G) प्रदोष व्रत, ⟷ (H) श्री हनुमान् जयन्ती (द.भा.) (देखें पृ. 13), श्री सत्यनारायण व्रत (देखें पृ. 14), श्री शिव दमनोत्सव,

ग्रह स्पष्ट, प्रातः ५ घं.३० मि. (I.S.T.), १३ अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	३	१	११	८	१०	८	२	८
२८	१	१४	१	०	२६	२६	२८	२८
४०	१८	१७	४	१३	३५	९	२	२
१	४८	११	२	१३	४७	३६	५६	५६
५८	८४	३९	६३	०	७२	१	३	३
४९	३१	२६	५४	३२	३१	३७	११	११
		मा.	मा.	व.	मा.	मा.	व.	व.
		उ.	उ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
४	४	२	४	१	२	४	३	१
रेव.	पुन.	रोहि.	पू.भा.	मूल	पू.भा.	पू.षा.	पुन.	उ.षा.

कुण्डली सूर्योदय (१३ अप्रै.)

लोकभविष्य—इस चान्द्रमास में पांच गुरुवार, पांच शुक्रवार एवं शनिवारी प्रतिपदा किंवा शनि-गुरु के एकत्र होने से यावन देशों किंवा अन्य पश्चिमी देशों में आन्तरिक अशान्ति से कहीं युद्धात्मक स्थिति बने,—"विग्रहः पश्चिमे देशे खड्गयुद्धं च जायते।" इस मास के लगभग भारत के राजनैतिक पटल पर भी विशेष सुधारात्मक संशोधन किंवा परिवर्तन के आसार सम्भव होंगे।

ग्रहचाल और बाज़ार का रुख—पक्षारम्भ में रुई, कपास, सूत, सण, रेशम, सरसों, तेल, लालमिर्च तेज रहें। ११ अप्रैल से जौ, चना, १५ अप्रैल से चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चांदी आदि धातुएं तेज हों। १४ को तेल, तिलहन, धातुएं, मेथी, लौंग एवं इलायची में तेजी बने।

आकाशलक्षण—अप्रैल ६, ७, ११, १५, १६ एवं १८ के लगभग मुम्बई, पश्चिमी राजस्थान, आसाम एवं उड़ीसा के कुछ भागों में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि के योग हैं।

कुण्डली सूर्योदय (१९ अप्रै.)

ग्रह स्पष्ट, प्रातः ५ घं.३० मि. (I.S.T.), १९ अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	५	१	११	८	११	८	२	८
४	२८	१८	८	०	३	२६	२७	२७
३२	१४	१३	३	७	५१	१७	४३	४३
२०	२४	२८	४७	१५	९	४९	५१	५१
५८	८६४	३९	७८	१	७२	१	३	३
३६	१२	१८	५२	३८	३६	२	११	११
		मा.	मा.	व.	मा.	मा.	व.	व.
		उ.	उ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
२	२	३	३	१	१	४	३	१
अश्वि.	चित्रा	रोहि.	उ.भा.	मूल	उ.भा.	पू.षा.	पुन.	उ.षा.

(२० अप्रैल से ४ मई, सन् २०१९ ई.)
उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु।

प्रातः बुध, शुक्र पूर्व में, शनि याम्योत्तर वृत्त में और गुरु इससे पश्चिम की ओर होगा। सायं मंगल पश्चिम में दिखाई देगा। ३ मई को प्रातः अरुणोदय-काल में बुध, शुक्र, चन्द्र को पूर्व में एक साथ देख सकते हैं।

श्री वि.सं. २०७६, शाक १९४१, वैशाख कृष्ण पक्ष २															तारीखें				चन्द्रराशि-प्रवेशकाल			चण्डीगढ़ (भा.स्टैं.टा.)				स्पष्ट सूर्य प्रातः ५घं. ३० मि. (भा.स्टैं.टा.)				
दिनमान		तिथि	वार	समाप्ति-काल		नक्षत्र	समाप्ति-काल		योग	समाप्ति-काल		करण	समाप्ति-काल		प्र.	अं.	श.	मु.				सूर्योदय		सूर्यास्त						
घ.	प.			घ.	प.		घ.	प.		घ.	प.		घ.	प.	वैशाख	अप्रैल	चैत्र	शाबान		घ.	प.	घं.	मि.	घं.	मि.	रा.	अं.	क.	वि.	
३२	१८	१	श.	२१	७	स्वा.	३०	९	व. सि.	६ ५९	१५ २९	कौ.	२१	७	७	२०	३०	१४	तुला			५	५४	१८	४९	०	५	३०	५७	सूर्य सायन वृष में २१/१७, ग्रीष्म ऋतु प्रारम्भ,
३२	२२	२	र.	१६	३८	विशा.	२७	४८	व्य.	५४	३	ग.	१६	३८	८	२१	वै.१	१५	वृश्चिक	१३	१५	५	५३	१८	५०	०	६	२९	३१	भ. ४५/१३ बाद, शक वैशाख प्रारम्भ, अगस्त्य अस्त,
३२	२६	३	च.	१३	५२	अनु.	२७	१२	व.	५०	७	वि.	१३	५२	९	२२	२	१६	वृश्चिक			५	५२	१८	५०	०	७	२८	३	भ. १३/५२ तक, वक्री गुरु ज्ये. ४ वृश्चिक में ४८/१६, (A)
३२	३१	४	मं.	१३	२	ज्येष्ठा	२८	३४	प.	४७	४७	बा.	१३	२	१०	२३	३	१७	धनु	२८	३४	५	५१	१८	५१	०	८	२६	३३	
३२	३५	५	बु.	१४	१५	मूल	३१	५२	शि.	४७	२	तै.	१४	१५	११	२४	४	१८	धनु			५	५०	१८	५२	०	९	२५	२	प्लूटो वक्री ४६/३,
३२	३९	६	गु.	१७	२३	पू.षा.	३७	०	सि.	४७	४०	ब.	१७	२३	१२	२५	५	१९	मकर	५३	३१	५	४९	१८	५२	०	१०	२३	२९	भ. १७/२३ से ४१/५५ तक, बुध रेवती में ११/४६,
३२	४३	७	शु.	२२	१०	उ.षा.	४३	३४	सा.	४९	२३	ब.	२२	१०	१३	२६	६	२०	मकर			५	४८	१८	५३	०	११	२१	५४	मंगल मृग. में ४८/७,
३२	४७	८	श.	२८	५	श्रव.	५१	३	शु.	५१	४७	कौ.	२८	५	१४	२७	७	२१	मकर			५	४७	१८	५४	०	१२	२०	१८	
३२	५१	९	र.	३४	३०	धनि.	५८	४८	शु.	५४	२३	तै.	१	१७	१५	२८	८	२२	कुम्भ	२४	५८	५	४६	१८	५४	०	१३	१८	४०	पंचक प्रारम्भ २४/५८, सूर्य भरणी में ०/४२,
३२	५५	१०	चं.	४०	४७	शत.	६०	०	ब्र.	५६	४५	व.	७	३८	१६	२९	९	२३	कुम्भ			५	४५	१८	५५	०	१४	१७	१	भ. ७/३८ से ४०/४७ तक, शुक्र रेव. में ३४/३,
३२	५९	११	मं.	४६	२४	शत.	६	१५	ऐं.	५८	३१	ब.	१३	३५	१७	३०	१०	२४	मीन	५६	१६	५	४४	१८	५६	०	१५	१५	२०	शनि वक्री १/४०, वरूथिनी एकादशी व्रत (स.), (B)
३३	३	१२	बु.	५०	५४	पू.भा.	१२	५१	वै.	५९	२६	कौ.	१८	३९	१८	म.१	११	२५	मीन			५	४३	१८	५६	०	१६	१३	३८	मई प्रारम्भ,
३३	७	१३	गु.	५४	६	उ.भा.	१८	१८	वि.	५९	११	ग.	२२	३०	१९	२	१२	२६	मीन			५	४२	१८	५७	०	१७	११	५४	भ. ५४/७ बाद, प्रदोष व्रत,
३३	११	१४	शु.	५५	५६	रेव.	२२	२६	प्री.	५८	८	वि.	२५	०१	२०	३	१३	२७	मेष	२२	२६	५	४१	१८	५८	०	१८	१०	८	भ. २५/०१ तक, पंचक समाप्त २२/२६, बुध अश्वि. (C)
३३	१५	३०	श.	५६	२७	अश्वि.	२५	१५	आ.	५५	५६	च.	२६	११	२१	४	१४	२८	मेष			५	४०	१८	५८	०	१९	८	२१	शनैश्चरी अमा,

(A) श्री गणेशचतुर्थी व्रत, (B) श्री वल्लभाचार्य जयन्ती, (C) मेष में २८/१५

ग्रह स्पष्ट, प्रातः ५ घं.३० मि. (I.S.T.), २७ अप्रैल,

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	९	१	११	७	११	८	२	८
१२	१३	२३	१९	२९	१३	२६	२७	२७
२०	६	२७	२२	४९	३२	२३	१८	१८
१७	४४	१५	२४	२	२८	२०	२६	२६
५८	७१०	३९	९३	३	७२	०	३	३
२३	४४	८	२३	६	४४	१५	११	११
		मा.	मा.	व.	मा.	मा.	व.	व.
		उ.	उ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

कुण्डली सूर्योदय (२७ अप्रै.)

भाव	ग्रह
१	सू.
२	मं.
३	रा.
४	
५	
६	
७	
८	गु.
९	के. श.
१०	चं.
११	
१२	बु. शु.

लोकभविष्य—इस चन्द्रमास में पांच शनिवार हैं। शनि-मंगल का षडष्टक एवं वक्री शनि का राहु के साथ समसप्तक भी है। राजनीतिज्ञों को अपनी पार्टी की प्रतिष्ठा के लिए विशेष प्रलोभन एवं प्रयत्न करने होंगे। कहीं उत्तर-दक्षिणी भूभाग पर भूकम्प किंवा अग्निकाण्ड आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि भी हो –

मकर घ	४९	४९	४९	४९	४९	५०	५०	५०	५०	५०	५०	५१	५१	५१	५१	५१	५१	५२	५२	५२	५२	५२	५२	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५४	५४
मकर प	१२	२३	३४	४५	५५	६	१७	२८	३८	४८	५८	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७
कुंभ घ	५४	५४	५४	५४	५४	५५	५५	५५	५५	५५	५५	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५६	५७	५७	५७	५७	५७	५७	५८	५८	५८	५८	५८	५८	५९
कुंभ प	१७	२७	३७	४७	५७	७	१७	२७	३६	४५	५४	४	१३	२२	३१	४१	५०	५९	९	१८	२७	३६	४६	५५	४	१३	२३	३२	४१	५०	०
मीन घ	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	०	०	०	०	०	०	१	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	३
मीन प	०	९	१८	२८	३७	४६	५५	५	१४	२३	३२	४२	५१	०	९	१९	२८	३७	४७	५६	५	१४	२४	३३	४२	५१	१	१०	१९	२८	३८

दशमलग्न साधनविधि

इष्टकाल के घ. प. में से दिनार्ध (अभीष्ट नगर के दिनमान का आधा) घटाएं। यदि दिनार्ध से इष्ट कम हो तो इष्ट में ६० घड़ी जोड़कर दिनार्ध घटाएं, जो शेष बचे वह नतकाल होगा। नतकाल के घ. प. को इष्ट के घ. प. समझकर तात्कालिक स्पष्ट सूर्य द्वारा दशम लग्नसारणी से ठीक उसी तरह दशम लग्न स्पष्ट कीजिए जैसे कि ऊपर लग्नसारणी से लग्न स्पष्ट किया गया है। दशम लग्नसारणी सभी नगरों के लिए एक ही होती है।

दशमलग्न साधन का उदाहरण:– वि. सं. २०२६ के वैशाख प्रविष्टे ३ को शिमला में ५८घ. ४५ प. इष्ट पर दशमलग्न स्पष्ट करना है। इस समय स्पष्ट सूर्य ० रा. २ अं. ३७ क. ४७ वि. है। इस दिन शिमला में दिनमान ३१ घ. ५६ प. है, अतः दिनार्ध १६ घ. ० प. हुआ। इष्ट काल ५८ घ. ४५ प. में से दिनार्ध घटाने पर ४२ घ. ४५ प. नतकाल हुआ, जो दशमसाधन के लिए इष्टकाल है। दशमलग्न सारणी में स्पष्ट सूर्य की ० राशि के आगे २ अंश के नीचे ३ घ. ५६ प. मिला। इसे पृथक् लिखा। सारणी में ३ घ. ५६ प. के दाईं ओर (३ अं. के नीचे) ४ घ. ०६ प. लिखा है। ३।५६ और ४।६ का अन्तर १० पल है। सहायक सारिणी में १० पल के आगे स्पष्ट सूर्य की ३७ क. ४७ वि. के लगभग बराबर ३६ क. ०० वि. है। इसके ऊपर सारिणी में ६ पल लिखा है। इन ६ पलों को अलग लिखे ३ घ. ५६ प. में जोड़कर इसमें नतकाल जोड़ा तो ४६ घ. ४७ प. 'अभीष्ट घड़ी–पल' हुए। "दशम लग्नसारणी" में इन "अभीष्ट घड़ी–पलों" से कुछ कम घ. प. ४६।४२ 'सारणीस्थ घड़ी पल' धनु (८) राशि के आगे १६ अंश के नीचे लिखे हैं। अतः ८ रा. १६ अं. को अलग लिखा। सारणी में ४६।४२ के दाईं ओर (१७ अं. के नीचे) लिखे ४६।५२ का ४६।४२ से अन्तर १० पल का 'सारणीस्थ अन्तर' हुआ। 'सारणीस्थ घड़ी–पल' ४६।४२ और अभीष्ट घड़ीपल ४६।४७ का अन्तर ५ पल है। अब 'सहायक सारणी' में १० पल के आगे ५ पल के नीचे ३० क. ०० वि. मिली। इन्हें अलग लिखे ८ रा. १६ अं. में जोड़ने पर ८ रा.१६ अं. में जोड़ने पर ८ रा. १६ अं. ३० क. ० वि. हुई। इसमें "अयनांश संस्कार सारणी" में वि. सं. २०२६ के आगे दिया गया अयनांश संस्कार + १क. चिह्नानुसार जोड़ने पर ८ रा. १६ अं. ३१ क. ०० वि. निरयण दशमलग्न स्पष्ट हुआ।

सहायक सारणी

पल → ↓	१ क.	१ वि.	२ क.	२ वि.	३ क.	३ वि.	४ क.	४ वि.	५ क.	५ वि.	६ क.	६ वि.	७ क.	७ वि.	८ क.	८ वि.	९ क.	९ वि.	१० क.	१० वि.	११ क.	११ वि.	१२ क.	१२ वि.	१३ क.	१३ वि.
६	१०	०	२०	०	३०	०	४०	०	५०	०	६०	०														
७	८	३४	१७	९	२५	४३	३४	१७	४२	५१	५१	२६	६०	०												
८	७	३०	१५	०	२२	३०	३०	०	३७	३०	४५	०	५२	३०	६०	०										
९	६	४०	१३	२०	२०	०	२६	४०	३३	२०	४०	०	४६	४०	५३	२०	६०	०								
१०	६	०	१२	०	१८	०	२४	०	३०	०	३६	०	४२	०	४८	०	५४	०	६०	०						
११	५	२७	१०	५५	१६	२२	२१	४९	२७	१६	३२	४४	३८	११	४३	३८	४९	५	५४	३३	६०	०				
१२	५	०	१०	०	१५	०	२०	०	२५	०	३०	०	३५	०	४०	०	४५	०	५०	०	५५	०	६०	०		
१३	४	३७	९	१४	१३	५१	१८	२८	२३	५	२७	४२	३२	१९	३६	५६	४१	३३	४६	१०	५०	४७	५५	२३	६०	०

अयनांश संस्कार सारणी

विक्रम संवत्	संस्कार कला	विक्रम संवत्	संस्कार कला	विक्रम संवत्	संस्कार कला	विक्रम संवत्	संस्कार कला	विक्रम संवत्	संस्कार कला	विक्रम संवत्	संस्कार कला	विक्रम संवत्	संस्कार कला
२०२३	+ ७	२०३१	०	२०३९	– ७	२०४७	– १३	२०५५	– २०	२०६३	–२६	२०७१	–३३
२०२४	+ ६	२०३२	– १	२०४०	– ८	२०४८	– १४	२०५६	– २१	२०६४	–२७	२०७२	–३४
२०२५	+ ५	२०३३	– २	२०४१	– ९	२०४९	– १५	२०५७	– २२	२०६५	–२८	२०७३	–३५
२०२६	+ ४	२०३४	– ३	२०४२	– ९	२०५०	– १६	२०५८	–२२	२०६६	–२९	२०७४	–३६
२०२७	+ ३	२०३५	– ४	२०४३	–१०	२०५१	– १७	२०५९	–२३	२०६७	–३०	२०७५	–३६
२०२८	+ २	२०३६	– ४	२०४४	–११	२०५२	– १८	२०६०	–२४	२०६८	–३१	२०७६	–३७
२०२९	+ १	२०३७	– ५	२०४५	–१२	२०५३	– १८	२०६१	–२५	२०६९	–३१	२०७७	–३८
२०३०	+ १	२०३८	– ६	२०४६	– १२	२०५४	– १९	२०६२	–२६	२०७०	–३२	२०७८	–३९

सूक्ष्म लग्न एवं दशमलग्न स्पष्ट करने की नवीन सरल विधि

यहां हम सूक्ष्म लग्न एवं दशमलग्न स्पष्ट करने की एक नवीन सरल विधी दे रहे है । स्पष्ट सूर्य द्वारा लग्न स्पस्ट करने में अधिक परिश्रम होता है, इसलिए इस विषय में पाश्चात्य ज्योतिषियों ने साम्पातिककाल' की पद्धति को अपनाया है । यहां हम ''साम्पातिककाल क्या है''- इस विषय का कुछ सैद्धान्तिक- विवेचन न करते हुए, इससे लग्न स्पष्ट-करने की सर्व- साधारणोपयोगी विधि प्रस्तुत कर रहे हैं ।

विधि:- सां. का. (साम्पतिककाल)से लग्न स्पष्ट करने के लिए सर्वप्रथम नीचे लिखे उपकरण (चीजें), जो इस पंचांग में दिए गए कोष्ठकों (सारणियों)से बिना किसी परिश्रम के तैयार किए जा सकते है , तैयार करें

(१) अभीष्ट नगर के अक्षांश (उत्तर या दक्षिण)
(२) अभीष्ट नगर के रेखांश (पूर्व या पश्चिम)
(३) अभीष्ट नगर का स्टैण्डर्ड अन्तर(+या-)

ये तीनों उपकरण 'अक्षांशादि सारणी 'से उठाइये ।

विशेष- यदि ''अक्षांशादि सारणी '' में अभीष्ट नगर न मिले तो उसके निकटतम किसी अन्य नगर के अक्षांशादि प्रयोग में लाए जा सकते है ।

ध्यान रहे- भारत के सभी नगरों के अक्षांश उत्तर और रेखांश पूर्व ही है ।

(४) अभीष्ट नगर का स्थानीयमध्यमकाल- जिस समय लग्न स्पष्ट करना हो उस समय के स्वदेशीय स्टैण्डर्ड - टाईम में अभीष्ट नगर (जहां का लग्न स्पष्ट करना हो, वहां) के स्टैण्डर्ड - अन्तर के मिनटादि(या घण्टादि) को चिन्हानुसार जोड़ने या घटाने से अभीष्ट नगर का ''**स्थानीयमध्यमकाल**'' बन जाता है + यह चिह्न जोड़ने की एवं- यह चिह्न घटाने की प्रक्रिया को बतलाता है ।

जैसे- चण्डीगढ में दोपहर के १२घं. ५७ मि. (भा. स्टैं टा.) पर स्थानीयमध्यकाल जानने के लिए इस (भा. स्टैं टा.)में से चण्डीगढ का स्टैण्डर्ड अन्तर -२२ मिनट ३२ सेकण्ड चिन्हानुसार घटाया, तो १२ घं. ३४ मि. २८ सें. स्थानीयमध्यमकाल बना।

१सितं.१९४२ ई. से १५ अक्तू १९४५ ई. तक भारत में युद्ध के कारण घड़ियां एक घण्टा आगे की गई थी । अतः इन दिनों में घड़ियों द्वारा जाने गए टाईम में से १ घण्टा घटा कर उसे भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम समझना चाहिए।

जैसे- सन्१९४४ की २० अग. को काई बच्चा भारत में युद्ध के समयानुसार दिन में १२ बज कर ४५ मि. पर पैदा हुआ । इसका जन्मपत्र बनाने के लिए हमें इस बच्चे का जन्म काल भा. स्टै.टा. के अनुसार ११ घं ४५ मि. मानना होगा ।

(५) अभीष्ट तारीख का अयनांश - आगे दो [नं.(१) और नं.(२)]अयनांशसारणियां दी गई है । अयनांशसारणी नं.(१) में से अभीष्ट सन् के आगे लिखा अंशादि अयनांश लें, और अयनांशसारणी नं. (२) में से अभीष्ट मास की अभीष्ट तारीख का विकलादि फल लेकर उसमें जोड़ दें; - यह अभीष्ट तारीख का अयनांश होगा ।

जैसे - १५ जुलाई १९६९ ई. को अयनांश जानने के लिए अयनांशसारणी नं.(१) में से सन् १९६९ ई. के आगे लिखा अयनांश २३अं.२५ क २६ वि. प्राप्त किया । इसमें अयनांशसारणी नं.(२)से प्राप्त की गई १५ जुलाई की २७ वि. जोडने पर २३ अं.२५क. ५६ वि. हमारा अभीष्ट अयनांश हुआ ।

(६) इष्टकालिक साम्पातिककाल - आगे साम्पातिककाल के चार कोष्ठक दिए गये है । इनके आधार पर इष्टकालिक साम्पातिककाल इस प्रकार सरलता से बनाया जा सकता है-

सां. का. कोष्ठक नं. (१) में से अभीष्ट सन् का सां. का. उठाएं। उसमें साम्पातिक काल कोष्ठक नं.(२)से अभीष्टमास की अभीष्ट तारीख का (लीप ईयर हो तो केवल फरवरी के बाद के महीनों में अभीष्ट तारीख की जगह उससे एक आगे की तारीख का) सां. का. लेकर जोड़ें । इसमें सां. का. कोष्ठक नं.(३)से अभीष्ट नगर के रेखांशों द्वारा सैकण्डात्मक संस्कार उठा कर चिन्हानुसार जोडें या घटाएं । इस प्रकार मिले सां. का के घं. मि. में अभीष्ट स्थानीयमध्यमकाल(जिसका साधन पहले बताया जा चुका है) के घण्टा- मिनटादि जोडें और फिर इस योगफल में स्थानीयमध्यमकाल के घण्टा- मिनटों द्वारा सां. का. कोष्ठक नं.(४)से प्राप्त किए गए मिनटादि जोड़ देने से इष्टसमय का घण्टादि सां. का बन जाएगा । इस प्रकार बना सां. का. यदि २४ घं. से अधिक हो तो उसमें से २४ घटा कर शेष ही ग्रहण करना चाहिए ।

साम्पातिककाल साधन का उदाहरण - यहां हम १५ जुलाई १९६९ को भा. स्टै.टा. के अनुसार प्रातः १०घं.४५मि. पर चम्बा (हि. प्र.)में सां. का. स्पष्ट करेगें । अक्षांशादि सारणी में चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. (उत्तर), रेखांश ७६ अं. १०क.(पूर्व)एंव स्टैं. अन्तर - २५ मि. २० से. है । स्टैण्डर्ड अन्तर ऋण चिह्न वाला है, अतः इसे १० घण्टे४५ मि. में से घटाने पर १० घं. १९ मि. ४० से. चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल हुआ । सां. का . कोष्ठक नं. (१)से सन् १९६९ ई. का सां. का. (६घं.४१ मि. २ से.) लिया । इसमें कोष्ठक नं.(२)सें लिया गया १५ जुला. का सां का. (१२घं. ४८ मि. ४९ से.)जोड़ा तो १९ घं.२९ मि. ५१ सै. हुआ । चम्बा के रेखांश ७६अं.१० क. के लिए कोष्टक नं.(३)वाला संस्कार तो० है। अब १९घं. २९ मि. ५१सैं. चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल १०घं.१९मि ४० सै. जोडा तो २९घं. ४९मि. ३१ सै. हुए। इसमें कोष्ठक न. (४)से स्थानीयमध्यमकाल के १०घं. २० मि. उठाए गए १ मि. ४२सै. जोड़ने पर २९ घं. ५१ मि. १३ से. हुए । क्योंकि यहां घण्टे२४से अधिक हैं अतः२४ घं. घटाए तो ५घं. ५१मि. १३से. अभीष्ट साम्पातिककाल हुआ ।

साम्पातिककाल बनाते समय नीचे लिखी इन बातों को भी ध्यान में रखें:-

(१)यदि धन (+)चिह्न वाले स्टैण्डर्डअन्तर (स्टैं. अं.)के मिनटों को स्टैण्डर्ड टाईम में जोड़ने पर स्थानीयमध्यमकाल २४ घं. या इससे ज्यादा हो जाए तब उसमें से २४ घण्टा घटा दें और ऊपर बतलाई विधि से प्राप्त साम्पातिककाल में ४ मि. जोड कर उसे शुद्ध साम्पातिककाल समझें । जैसे - कलकत्ता में २जन. १९७४ ई. को २३ घंटा ५५ मि. (रात के ११ बज कर ५५ मि.)भा. स्टै. टा. पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है । कलकत्ता का रेखांश ८८अं. २४ क, (पूर्व)और स्टैं अन्तर +२३ मि. ३६ से. है । स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए२३ घं. ५५ मि. में २३ मि. ३६ सै. जोड़े तो २४ घं. १८ मि. ३६ से. हुए यह २४ घ. से ज्यादा हो गया है , अतः इसमें से २४ घं. घटाने पर ० घं. १८ मि. ३६ से.

स्थानीयमध्यमकाल हुआ । अब सां. का. बनाने के लिए कोष्ठक नं.(१) से १९७४ के आगे लिखे ६ घं. ४० मि. १२ से. में कोष्ठक नं.(२) से लिए गए २ जन. के ० घं. ३ मि. ५७ से. जोडने पर ६ घं. ४४ मि. ९ से. हुए। इसमें कोष्ठक नं. (३) से कलकता के रेखांश ८८ से प्राप्त –८ से. चिह्न के अनुसार घटाए, तो ६ घं. ४४ मि. १ से. हुए । इसमें स्थानीयमध्यमकाल जोड़ने पर ७ घं. . २ मि. ३७ से. हुए । इसमें कोष्ठक नं.(४) से स्थानीयमध्यमकाल के ० घं. १९ मि. द्वारा प्राप्त ३ से. जोडने पर ७घं. २ मि. ४० से. हुए । क्योंकि स्टैं .टा. में स्टैं. अन्तर के मिनट जोडने पर स्थानीयमध्यमकाल २४ घं. से ज्यादा हो गया था । अत: उपरोक्त नियमानुसार इसमें ४ मि. और जोड़ने पर ७ घं. ६ मि. ४० से. हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल बना । लग्न और दशम को स्पष्ट करने के लिए इसी सां. का. को प्रयोग में लाइए ।

(२) सां. का. बनाते समय दूसरी बात यह भी ध्यान में रखें कि यदि स्टैं. टा. से ऋण चिह्न वाले स्टैं अन्तर के मिनटादि अधिक हों तो स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए स्टैं. टा. में २४ घंटे जोड कर स्टैं. अन्तर घटाना चाहिए और ऐसी स्थिति में सा.का. कोष्ठक नं. (४) का प्रयोग नहीं करना चाहिए । जैसे- जयपुर में १५ मार्च १९७० को ०घं. १५ मि.(भा. स्टै. टा.) पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है । जयपुर के रेखांश ७५ अं. ५२ क. (पूर्व) और स्टैं अं.- २६ मि. ३२ से. है । यहां स्टैं टा. के घं. मि. में से स्टैं. अं. ज्यादा है, अत: स्टै. टा. में २४ घं. जोड़ कर स्टैं अं. घटाने पर २३ घं. ४८ मि. २८ से. स्थानीयमध्यमकाल बना । सां. का. के कोष्ठक नं.(१) से प्राप्त १९७० ई. के ६ घं. ४० मि. ५ से. में कोष्ठक नं. (२) से प्राप्त १५ मार्च के ४ घं. ४७ मि. ४९ से जोड़ने पर ११ घं. २७ मि. ५४ से. हुए । जयपुर के रेखांश ७६ (पूर्व) का कोष्ठक नं. ३ वाला संस्कार लगभग ० है । अब ११ घं. २७ मि. ५४ से. में स्थानीयमध्यमकाल जोड़ा तो ३५ घं. १६ मि. २२ से. हुए । क्योंकि हमारा स्टैं. टा. हमारे नगर के ऋण स्टैं. अं. से कम था अत:-यहां साम्पातिककाल कोष्ठक नं.(४) का प्रयोग हम नहीं करेगें । इसलिए हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल ११घं. १६ मि. २२ से. ही हुआ । यहां घंटे २४ से अधिक होने से उसमें से २४ घंटे घटा दिए गए हैं।

(३) जैसाकि हम पहिले भी लिख चुके हैं - लीप इयर (२९ फरवरी वाले साल) में फरवरी के बाद के महीनों की किसी तारीख का सां. का. बनाना हो तो उस तारीख में एक जोड़ कर साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२) को प्रयोग में लाना चाहिए। जैसे -मान लीजिए, १५ मार्च सन् १९४४ को किसी नगर में सां. का. स्पष्ट करना है। साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (१) में सन् १९४४ के आगे लिखे ६ घं. ३७ मि. १७ से. मिलें । क्योंकि हमारा सन् लीप इयर है और हमारी तारीख (१५ मार्च) फरवरी के बाद की भी है, इसलिए ''साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२)'' में से हम १५ मार्च की जगह १६ मार्च के घं. मि. सै. (४ घं.५१ मि. ४५ से.) ही लेगें और इन्हें ही ६ घं. ३७मि. १७ से. में जोड़ेंगे । ध्यान रहे- यदि सन् १९४४ की १० फर. को हमें सां. का. स्पष्ट करना हो तो ''साम्पातिककाल कोष्ठक नं.(२)'' से १० फर. के ही घं. मि. से. उठाने होगें ।

साम्पातिककाल से लग्नसाधन की विधि:-

उपर दी गई विधि से जाने गए अभीष्ट सां. का. (साम्पातिककाल) के घं. मि. को आगे दी गई लग्नसारणी के बाईं और वाले पहिले कालम में देखें । इसके आगे अभीष्ट नगर के अक्षांश के नीचे जो लग्न की अंश कला लिखी हैं, उन्हें अलग नोट कर लें। क्योंकि सारणी में मां. का. ३०-३० मिनटों के अन्तर पर और लग्नसारणी ३-३ अक्षांशों के अन्तर पर दी हुई है । अत: अधिकतर यहां सम्भव है कि आपको लग्न सारणी में अभीष्ट सां. का. के घं. मिं. न मिले और यह भी अधिकतर सभव है कि आपको लग्नसारणी में अभीष्ट सां का. के घं. मि. न मिलें और यह भी सम्भव है कि अभीष्ट अक्षांश वाली लग्नसारणी भी न मिले । ऐसी स्थिति में सारणी में अभीष्ट सां. का. के समीपतम (अभीष्ट सां. का. से कम)सां. का. के आगे और अपने अभीष्ट अक्षांश के समीपतम(अभीष्ट अक्षांश से कम) अक्षांश वाली लग्नसारणी में लिखीं लग्न की अंश - कलाएं नोट करें - यह ''स्थूलतम लग्न'' है । अब ३० मि. में लग्न की गति सारणी से ही ज्ञात कीजिए, (अर्थात् यह ज्ञात कीजिए कि ३०मि. में लग्न कितना आगे बढ़ता है) ३० मि. की लग्नगति की कलाओं को सां. का. के शेष मिनटों से गुणा करके ३० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी । इन्हें ''स्थूलतम लग्न'' में जोड़ देने से ''स्थूललग्न'' बन जाएगा। अब सारणी से ही ३ अक्षांशों की लग्न की गति मालूम करें । ३ अक्षांशों में लग्न घटता है तो यह ''३ अक्षाशों की लग्नगति'' ऋण, अन्यथा धन होगी । अपने अक्षांश की शेष अंश–कलाओं की कलाएं बना कर उन्हें ''३ अक्षाशों की लग्नगति '' की कलाओं से गुणा करके १८० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी । इन्हें ''३ अक्षाशों की लग्नगति'' के धन,ऋण चिह्न के अनुसार स्थूललग्न में जोड़ने या घटाने से सायनलग्न स्पष्ट होगा । इसमें से उस दिन के अयनांश घटा देने पर फलितोपयोगी निरयण लग्न स्पष्ट हो जाएगा।

दशमलग्न स्पष्ट करने की विधि :- लग्नसारणी के दूसरे कालम में दशम (दशमलग्न) दिया गया है । इससे सभी नगरों में दशमलग्न स्पष्ट किया जा सकता है (अर्थात् -दशम स्पष्ट करने के लिए अंक्षाशों की जरूरत नहीं होती।) अभीष्ट सां. का. के घं. मि. के आगे सारणी में दशम (दशमलग्न) की अंश-कलाएं उठा लें। यह ''स्थूलदशमलग्न'' है। सां.का. के शेष मिनटों से दशमलग्न की ३० मि. की गति की कलाओं को गुणा करके ३०से भाग देने पर कलाएं मिलेगी। इन्हें ''स्थूलदशमलग्न'' में जोड़ने पर इष्टकालिक सायनदशम होगा। इसमें से उसदिन का अयनांश घटा देने पर निरयण दशमलग्न स्पष्ट हो जाएगा।

लग्नसाधन का उदाहरण:- चम्बा (हि.प्र.) में १५ जुलाई सन् १९६९ को प्रात: १० घं. ४५ मि. (भा. स्टै. टा.)पर लग्न स्पष्ट करना है ।

ऊपर हमने चम्बा में १५ जुलाई १९६९ को प्रात: १० घंटे ४५मि. (भा. स्टै. टा.)पर सां.का. ५ घं. ५१ मि. १३ सै. स्पष्ट किया है । चम्बा के अक्षांश ३२ अं.२९ क. है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घं. ३० मि. के आगे लग्न १७३ अं. ३४ क. लिखा है । यह ''स्थूलतम लग्न'' है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घ. ३० मि. के आगे १७३ अं. ३४ क. और सां. का.६घं. ० मि. के आगे १८० अं.० क. लिखा है । इन दोनों का अन्तर ६अं. २६ क. (=३८६क.) लग्न की ३० मि. की गति है । हमारे अभीष्ट सां. का. ५ घं. ५१ मि. और ५ घं. ३० मि. का अन्तर २१ मि. है । इन २१ मि. (सा.का.के शेष मिनटों) से लग्न की ३० मिनट की गति कलाओं (३८६) को गुणा करके ३० का भाग देने पर २७० क. (= ४ अं. ३० क.) मिलीं। इन्हें '' स्थूलतम लग्न '' में जोड़ने पर १७८ अं. ४ क. ''स्थूल लग्न '' हुआ ।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) {भाग १ म}

साम्पातिक काल घं.	मि.	सभी स्थलों के लिए दशम अं.	क.	अक्षांश ८°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश ११°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश १४°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश १७°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश २०°(उ.) लग्न अं.	क.
०	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४
०	३०	८	१०	१००	३	१०१	१५	१०२	२७	१०३	४१	१०४	५७
१	०	१६	१७	१०६	५४	१०८	३	१०९	१३	११०	२४	१११	३६
१	३०	२४	१८	११३	४७	११४	५३	११५	५९	११७	६	११८	१४
२	०	३२	११	१२०	४३	१२१	४५	१२२	४७	१२३	५०	१२४	५३
२	३०	३९	५५	१२७	४५	१२८	४३	१२९	४०	१३०	३६	१३१	३३
३	०	४७	२८	१३४	५४	१३५	४५	१३६	३६	१३७	२७	१३८	१८
३	३०	५४	५१	१४२	१०	१४३	५५	१४३	३९	१४४	२२	१४५	६
४	०	६२	५	१४९	३३	१५०	१०	१५०	४६	१५१	२३	१५१	५८
४	३०	६९	१२	१५७	३	१५७	३१	१५८	०	१५८	२७	१५८	५५
५	०	७६	११	१६४	३८	१६४	५८	१६५	१७	१६५	३६	१६५	५४
५	३०	८३	७	१७२	१८	१७२	२८	१७२	३८	१७२	४७	१७२	५७
६	०	९०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०
६	३०	९६	५३	१८७	४२	१८७	३२	१८७	२२	१८७	१३	१८७	३
७	०	१०३	४९	१९५	२२	१९५	२	१९४	४३	१९४	२४	१९४	६
७	३०	११०	४८	२०२	५७	२०२	२९	२०२	०	२०१	३३	२०१	५
८	०	११७	५५	२१०	२७	२०९	५०	२०९	१४	२०८	३७	२०८	२
८	३०	१२५	९	२१७	५०	२१७	५	२१६	२१	२१५	३८	२१४	५४
९	०	१३२	३२	२२५	६	२२४	१५	२२३	२४	२२२	३३	२२१	४२
९	३०	१४०	५	२३२	१५	२३१	१७	२३०	२०	२२९	२४	२२८	२७
१०	०	१४७	४९	२३९	१७	२३८	१५	२३७	१३	२३६	१०	२३५	८
१०	३०	१५५	४२	२४६	१३	२४५	७	२४४	१	२४२	५४	२४१	४६
११	०	१६३	४३	२५३	६	२५१	५७	२५०	४७	२४९	३६	२४८	२४
११	३०	१७१	५०	२५९	५७	२५८	४५	२५७	३३	२५६	१९	२५५	३
१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६

साम्पातिक काल घं.	मि.	सभी स्थलों के लिए दशम अं.	क.	अक्षांश ८°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश ११°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश १४°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश २७°(उ.) लग्न अं.	क.	अक्षांश २०°(उ.) लग्न अं.	क.
१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६
१२	३०	१८८	१०	२७३	४१	२७२	२७	२७१	११	२६९	५३	२६८	३३
१३	०	१९६	१७	२८०	३९	२७९	२५	२७८	९	२७६	५०	२७५	२९
१३	३०	२०४	१८	२८७	४३	२८६	३०	२८५	१५	२८३	५७	२८२	३५
१४	०	२१२	११	२९४	५७	२९३	४६	२९२	३३	२९१	१६	२८९	५५
१४	३०	२१९	५५	३०२	२१	३०१	१४	३००	४	२९८	५०	२९७	३२
१५	०	२२७	२८	३०९	५८	३०८	५६	३०७	५१	३०६	४२	३०५	२८
१५	३०	२३४	५१	३१७	४९	३१६	५४	३१५	५५	३१४	५३	३१३	४५
१६	०	२४२	५	३२५	५४	३२५	७	३२४	१७	३२३	२३	३२२	२५
१६	३०	२४९	१२	३३४	१२	३३३	३५	३३२	५५	३३२	१२	३३१	२६
१७	०	२५६	११	३४२	४१	३४२	१५	३४१	४८	३४१	१८	३४०	४५
१७	३०	२६३	७	३५१	१८	३५१	५	३५०	५१	३५०	३६	३५०	१९
१८	०	२७०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
१८	३०	२७६	५३	८	४१	८	५५	९	९	९	२४	९	४१
१९	०	२८३	४९	१७	१९	१७	४५	१८	१२	१८	४२	१९	१५
१९	३०	२९०	४८	२५	४८	२६	२५	२७	५	२७	४८	२८	३४
२०	०	२९७	५५	३४	६	३४	५३	३५	४३	३६	३७	३७	३५
२०	३०	३०५	९	४२	११	४३	६	४४	५	४५	७	४६	१४
२१	०	३१२	३२	५०	२	५१	४	५२	९	५३	१८	५४	३२
२१	३०	३२०	५	५७	३९	५८	४६	५९	५६	६१	१०	६२	२८
२२	०	३२७	४९	६५	३	६६	१४	६७	२७	६८	४४	७०	५
२२	३०	३३५	४२	७२	१७	७३	३०	७४	४५	७६	३	७७	२५
२३	०	३४३	४३	७९	२१	८०	३५	८१	५१	८३	१०	८४	३१
२३	३०	३५१	५०	८६	१९	८७	३३	८८	४९	९०	७	९१	२७
२४	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४

अब लग्न सारणी में ३२ अक्षांश और ३५ अक्षांश वाले कालमों में सां.का. ५घं. ३० मि. के आगे क्रमश: १७३ अं. ३४ क. और १७३ अं. ४४ क. लिखा है। इन दोनों का अन्तर १० क. हुआ। यह लग्न की "३ अक्षांश की गति" है। क्योंकि लग्न ३५ अक्षांश में बढ़ रहा है। अत: यह गति धन है। ३२ अक्षांश और चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. का अन्तर २९ क. है। इससे ३ अक्षांश की लग्न की गति कलाओं (१०) को गुणा करके १८० से भाग देने पर लब्धि १ क. मिली। क्योंकि ३ अक्षांशों की लग्न गति धन है अत: इसे "स्थूल लग्न" में जोड़ने पर १७८ अं. ५ क. सायन लग्न हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३अं. २६कं. घटा देने पर १५४ अं. ३९ क. (=५ रा ४ अं. ३९ क.) निरयणलग्न बन गया।

दशमलग्न साधन का उदाहरण- १५ जुला. १९६९ ई. को प्रात: १० घं. ४५ मि. (भा.स्टै.टा.) पर ही चम्बा, हि.प्र. में दशमलग्न स्पष्ट करना है। इस समय चम्बा में सां का ५ घं. ५१ मि. है। लग्नसारणी के दूसरे कालमें में सां.का. ५ घं. ३० मिनट के आगे दशमलग्न८३ अं.७क. है, यह "स्थूल दशमलग्न" है। सारणी में सां.का. ५ घं.३०मि. और ६ घं. ० मि. के आगे क्रमश: ८३ अं. ७ क. एवं ९० अं. ० क. है इन दोनों का अन्तर ६ अं. ५३ क. (=४१३ क.) है, यह ३० मि. की दशमलग्न की गति है। इन कलाओं को सां. का. के शेष मि. (५ घं. ५१ मि.- ५घं. ३० मि.=२१ मि.) से गुणा करके ३० का भाग देने पर २८९ क. (=४अं.४९क.) मिली। इन्हें "स्थूलदशमलग्न" में जोड़ने पर ८७ अं. ५६ क. सायन दशमलग्न स्पष्ट हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३ अं. २६ क. घटा देने पर ६४ अं.३० क. (=२ रा.४अं. ३०क.) इष्टकालिक निरयण दशम लग्न हुआ।

ध्यान दें- यहां हमने सां.का. के सेकण्ड और अयनांश की विकलाओं को अनावश्यक समझकर छोड़ दिया है। क्योंकि लग्न और दशम में विकलाओं तक की सूक्ष्मता लाने का प्रयास वस्तुत: अर्थहीन है। कला तक की सूक्ष्मता भी लग्न में संभव नहीं है; इस तथ्य का विस्तार पूर्वक स्पष्टीकरण गणित द्वारा "गणकमार्तण्ड" में हमने किया है वहाँ पढ़ें।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) {भाग २ य}

साम्पातिक काल	सभी स्थलों के लिए	अंक्षाश २३° (उ.)	अंक्षाश २६° (उ.)	अंक्षाश २९° (उ.)	अंक्षाश ३२° (उ.)	अंक्षाश ३५° (उ.)	साम्पातिक काल	सभीस्थलों के लिए	अंक्षाश २३° (उ.)	अंक्षाश २६° (उ.)	अंक्षाश २९° (उ.)	अंक्षाश ३२° (उ.)	अंक्षाश ३५° (उ.)
	दशम	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न		दशम	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न
घं. मि.	अं. क.	अं. क.	अं. कं.	अं. क.	अं. क.	अं. क.	घं. मि.	अं. क.	अं. क.	अं. कं.	अं. क.	अं. क.	अं. क.
० ०	० ०	९९ ३५	१०० ५९	१०२ २६	१०३ ५७	१०५ ३४	१२ ०	१८० ००	२६० २५	२५९ १	२५७ ३४	२५६ ३	२५४ २६
० ३०	८ १०	१०६ १४	१०७ ३४	१०८ ५७	११० २४	१११ ५३	१२ ३०	१८८ १०	२६७ १०	२६५ ४३	२६४ १२	२६२ ३६	२६० ५४
१ ०	१६ १७	११२ ४९	११४ ४	११५ २२	११६ ४३	११८ ७	१३ ०	१९६ १७	२७४ ३	२७२ ३४	२७१ ०	२६९ २१	२६७ ३३
१ ३०	२४ १८	११९ २२	१२० ३३	१२१ ४५	१२३ ०	१२४ १७	१३ ३०	२०४ १८	२८१ ९	२७९ ३९	२७८ २	२७६ १९	२७४ २९
२ ०	३२ ११	१२५ ५६	१२७ ०	१२८ ७	१२९ १७	१३० २५	१४ ०	२१२ ११	२८८ ३०	२८६ ५९	२८५ २२	२८३ ३६	२८१ ४५
२ ३०	३९ ५५	१३२ ३१	१३३ २९	१३४ २९	१३५ ३०	१३६ ३२	१४ ३०,	२१९ ५५	२९६ ९	२९४ ४०	२९३ ४	२९१ २०	२८९ २६
३ ०	४७ २८	१३९ ३	१४० ००	१४० ५२	१४१ ४५	१४२ ४०	१५ ००	२२७ २८	३०४ १०	३०२ ४४	३०१ १२	२९९ २८	२९७ ३८
३ ३०	५४ ५१	१४५ ५०	१४६ ३४	१४७ १८	१४८ ४	१४८ ५०	१५ ३०	२३४ ५१	३१२ ३३	३११ १५	३०९ ४८	३०८ १३	३०६ २५
४ ०	६२ ५	१५२ ३४	१५३ १०	१५३ ४७	१५४ २४	१५५ १	१६ ०	२४२ ५	३२१ २२	३२० १३	३१८ ५६	३१७ ३०	३१५ ५४
४ ३०	६९ १२	१५९ २२	१५९ ,५०	१६० १७	१६० ४६	१६१ १४	१६ ३०	२४९ १२	३३० ३५	३२९ ३९	३२८ ३६	३२७ २५	३२६ ४
५ ०	७६ ११	१६६ १३	१६६ ३२	१६६ ५०	१६७ ९	१६७ २८	१७ ०	२५६ ११	३४० ९	३३९ ३०	३३८ ४५	३३७ ५४	३३६ ५५
५ ३०	८३ ७	१७३ ६	१७३ १५	१७३ २५	१७३ ३४	१७३ ४४	१७ ३०	२६३ ७	३५० ००	३४९ ४०	३४९ १६	३४८ ४९	३४८ १९
६ ०	९० ०	१८० ००	१८० ००	१८० ०	१८० ०	१८० ०	१८ ०	२७० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०
६ ३०	९६ ५३	१८६ ५४	१८६ ४५	१८६ ३५	१८६ २६	१८६ १६	१८ ३०	२७६ ५३	१० ०	१४ २०	१० ४४	११ ११	११ ४१
७ ०	१०३ ४९	१९३ ४७	१९३ २८	१९३ १०	१९२ ५१	१९२ ३२	१९ ०	२८३ ४९	१९ ५१	२० ३०	२१ १५	२२ ६	२३ ४
७ ३०	११० ४८	२०० ३८	२०० १०	१९९ ४३	१९९ १४	१९८ ४६	१९ ३०	२९० ४८	२९ २५	३० २१	३१ २४	३२ ३५	३३ ५६
८ ०	११७ ५५	२०७ २६	२०६ ५०	२०६ १३	२०५ ३६	२०४ ५९	२० ०	२९७ ५५	३८ ३८	३९ ४७	४१ ४	४२ ३०	४४ ६
८ ३०	१२५ ५९	२१४ १०	२१३ २६	२१२ ४२	२११ ५६	२११ १०	२० ३०	३०५ ९	४७ २७	४८ ४५	५० १२	५१ ४७	५३ ३५
९ ०	१३२ ३२	२२० ५१	२२० ००	२१९ ८	२१८ १५	२१७ २०	२१ ०	३१२ ३२	५५ ५०	५७ १६	५८ ४८	६० ३२	६२ २२
९ ३०	१४० ५	२२७ २९	२२६ ३१	२२५ ३१	२२४ ३०	२२३ २८	२१ ३०	३२० ५	६३ ५१	६५ २०	६६ ५६	६८ ४०	७० ३४
१० ००	१४७ ४९	२३४ ४	२३३ ०	२३१ ५३	२३० ४५	२२९ ३५	२२ ०	३२७ ४९	७१ ३०	७३ १	७४ ३८	७६ २४	७८ १५
१० ३०	१५५ ४२	२४० ३८	२३९ २७	२३८ १५	२३७ ०	२३५ ४३	२२ ३०	३३५ ४२	७८ ४१	८० २१	८१ ५८	८३ ४१	८५ ३१
११ ०	१६३ ४३	२४७ ११	२४५ ५६	२४४ ३८	२४३ १७	२४१ ५३	२३ ०	३४३ ४३	८५ ५६	८७ २६	८९ ०	९० ३९	९२ २६
११ ३०	१७१ ५०	२५३ ४६	२५२ २६	२५१ ३	२४९ ३६	२४८ ७	२३ ३०	३५१ ५०	९२ ४०	९४ १७	९५ ४८	९७ २४	९९ ६
१२ ०	१८० ००	२६० २५	२५९ ३	२५७ ३४	२५६ ३	२५४ २६	२४ ०	००० ०	९९ ३५	१०० ५९	१०२ २६	१०३ ५७	१०५ ३४

साम्पातिककाल कोष्ठक नं. १

सन्	घं. मि. से.	सन्	घं. मि. से.	सन्	घं. मि. से.	सन्	घं. मि. से.	सन्	घं. मि. से.	सन्	घं. मि. से.	सन्	घं. मि. से.
१९७१	६ ३९ ०७	१९७८	६ ४० १९	१९८५	६ ४१ ३२	१९९२	६ ३८ ४७	१९९९	६ ३९ ५९	२००६	६ ४१ ११	२०१३	६ ४२ २३	२०२०	६ ३९ ३९
१९७२	६ ३८ १०	१९७९	६ ३९ २२	१९८६	६ ४० ३५	१९९३	६ ४१ ४६	२०००	६ ३९ ०२	२००७	६ ४० १४	२०१४	६ ४१ २६	२०२१	६ ४२ ३८
१९७३	६ ४१ १०	१९८०	६ ३८ २४	१९८७	६ ३९ ३८	१९९४	६ ४० ४९	२००१	६ ४२ ०१	२००८	६ ३९ १७	२०१५	६ ४० २९	२०२२	६ ४१ ४०
१९७४	६ ४० १२	१९८१	६ ४१ २३	१९८८	६ ३८ ४०	१९९५	६ ३९ ५२	२००२	६ ४१ ०४	२००९	६ ४२ १६	२०१६	६ ३९ ३१	२०२३	६ ४० ४३
१९७५	६ ३९ १५	१९८२	६ ४० २६	१९८९	६ ४१ ३९	१९९६	६ ३८ ५४	२००३	६ ४० ०७	२०१०	६ ४१ १९	२०१७	६ ४२ ३१	२०२४	६ ३९ ४६
१९७६	६ ३८ १७	१९८३	६ ३९ २९	१९९०	६ ४० ४१	१९९७	६ ४१ ५३	२००४	६ ३९ ०९	२०११	६ ४० २१	२०१८	६ ४१ ३३	२०२५	६ ४२ ४५
१९७७	६ ४१ १६	१९८४	६ ३८ ३२	१९९१	६ ३९ ४४	१९९८	६ ४० ५६	२००५	६ ४२ ०९	२०१२	६ ३९ २४	२०१९	६ ४० ३६	२०२६	६ ४१ ४८

ता. ↓	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसम्बर	ता. ↓
	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	
१	० ० ०	२ २ १३	३ ५२ ३७	५ ५४ ५१	७ ५३ ७	९ ५५ २१	११ ५३ ३८	१३ ५५ ५०	१५ [illegible] ४	१७ ५६ २१	११ ५८ ३४	२१ ५६ ५०	१
२	० ३ ५७	२ ६ ९	३ ५६ ३३	५ ५८ ४७	७ ५७ ४	९ ५९ १७	११ ५७ ३४	१३ ५९ ४७	१६ २ ०	१८ ० १७	२० २ ३१	२२ ० ४७	२
३	० ७ ५३	२ १० ६	४ ० ३०	६ २ ४३	८ १ ०	१० ३ १४	१२ १ ३१	१४ ३ ४४	१६ ५ ५७	१८ ४ १४	२० ६ २७	२२ ४ ४३	३
४	० ११ ५०	२ १४ २	४ ४ २६	६ ६ ४०	८ ४ ५७	१० ७ १०	१२ ५ २७	१४ ७ ४०	१६ ९ ५३	१८ ८ १	२० १० २४	२२ ८ ४०	४
५	० १५ ४६	२ १७ ५९	४ ८ २३	६ १० ३६	८ ८ ५३	१० ११ ७	१२ ९ २४	१४ ११ ३६	१६ १३ ५०	१८ १२ ७	२० १४ २०	२२ १२ ३६	५
६	० १९ ४३	२ २१ ५५	४ १२ १९	६ १४ ३३	८ १२ ५०	१० १५ ३	१२ १३ २१	१४ १५ ३३	१६ १७ ४६	१८ १६ ३	२० १८ १७	२२ १६ ३३	६
७	० २३ ३९	२ २५ ५२	४ १६ १६	६ १८ २९	८ १६ ४६	१० १९ ०	१२ १७ १७	१४ १९ २९	१६ २१ ४३	१८ २० ०	२० २२ १३	२२ २० ३०	७
८	० २७ ३६	२ २९ ४८	४ २० १२	६ २२ २६	८ २० ४३	१० २२ ५६	१२ २१ १४	१४ २३ २६	१६ २५ ४०	१८ २३ ५७	२० २६ १०	२२ २४ २७	८
९	० ३१ ३२	२ ३३ ४५	४ २४ ९	६ २६ २२	८ २४ ३९	१० २६ ५३	१२ २५ १०	१४ २७ २३	१६ २९ ३७	१८ २७ ५४	२० ३० ६	२२ २८ २३	९
१०	० ३५ २९	२ ३७ ४२	४ २८ ५	६ ३० १९	८ २८ ३६	१० ३० ४९	१२ २९ ६	१४ ३१ २०	१६ ३३ ३३	१८ ३१ ५०	२० ३४ ३	२२ ३२ २०	१०
११	० ३९ २५	२ ४१ ३१	४ ३२ २	६ ३४ १६	८ ३२ ३२	१० ३४ ४६	१२ ३३ ३	१४ ३५ १६	१६ ३७ ३०	१८ ३५ ४७	२० ३८ ०	२२ ३६ १६	११
१२	० ४३ २२	२ ४५ ३५	४ ३५ ५९	६ ३८ १३	८ ३६ २९	१० ३८ ४२	१२ ३६ ५९	१४ ३९ १३	१६ ४१ २६	१८ ३९ ४३	२० ४१ ५६	२२ ४० १३	१२
१३	० ४७ १८	२ ४९ ३२	४ ३९ ५६	६ ४२ ९	८ ४० २५	१० ४२ ३९	१२ ४० ५६	१४ ४३ ९	१६ ४५ २३	१८ ४३ ४०	२० ४५ ५२	२२ ४४ ९	१३
१४	० ५१ १५	२ ५३ २८	४ ४३ ५२	६ ४६ ६	८ ४४ ४२	१० ४६ ३५	१२ ४४ ५२	१४ ४७ ६	१६ ४९ १९	१८ ४७ ३७	२० ४९ ४९	२२ ४८ ६	१४
१५	० ५५ १२	२ ५७ २५	४ ४७ ४९	६ ५० २	८ ४८ १८	१० ५० ३२	१२ ४८ ४९	१४ ५१ २	१६ ५३ १६	१८ ५१ ३३	२० ५३ ४५	२२ ५२ २	१५
१६	० ५९ ८	३ १ २१	४ ५१ ४५	६ ५३ ५९	८ ५२ १५	१० ५४ २८	१२ ५२ ४५	१४ ५४ ५९	१६ ५७ १२	१८ ५५ ३०	२० ५७ ४२	२२ ५५ ५९	१६
१७	१ ३ ४	३ ५ १८	४ ५५ ४२	६ ५७ ५५	८ ५६ ११	१० ५८ २५	१२ ५६ ४२	१४ ५८ ५५	१७ १ ९	१८ ५९ २६	२१ १ ३९	२२ ५९ ५६	१७
१८	१ ७ १	३ ९ १४	४ ५९ ३८	७ १ ५२	९ ० ८	११ २ २१	१३ ० ३८	१५ २ ५२	१७ ५ ५	१९ ३ २२	२१ ५ ३६	२३ ३ ५३	१८
१९	१ १० ५७	३ १३ ११	५ ३ ३५	७ ५ ४८	९ ४ ४	११ ६ १८	१३ ४ ३५	१५ ६ ४८	१७ ९ २	१९ ७ १९	२१ ९ ३२	२३ ७ ४९	१९
२०	१ १४ ५४	३ १७ ८	५ ७ ३१	७ ९ ४५	९ ८ १	११ १० १५	१३ ८ ३२	१५ १० ४५	१७ १२ ५८	१९ ११ १५	२१ १३ २९	२३ ११ ४६	२०
२१	१ १८ ५१	३ २१ ५	५ ११ २८	७ १३ ४१	९ ११ ५८	११ १४ १२	१३ १२ २९	१५ १४ ४१	१७ १६ ५५	१९ १५ १२	२१ १७ २५	२३ १५ ४२	२१
२२	१ २२ ४८	३ २५ १	५ १५ २५	७ १७ ३८	९ १५ ५५	११ १८ ८	१३ १६ २५	१५ १८ ३८	१७ २० ५१	१९ १९ ८	२१ २१ २२	२३ १९ ३९	२२
२३	१ २६ ४४	३ २८ ५८	५ १९ २२	७ २१ ३४	९ १९ ५१	११ २२ ५	१३ २० २२	१५ २२ ३४	१७ २४ ४८	१९ २३ ५	२१ २५ १८	२३ २३ ३५	२३
२४	१ ३० ४१	३ ३२ ५४	५ २३ १८	७ २५ ३१	९ २३ ४८	११ २६ १	१३ २४ १८	१५ २६ ३१	१७ २८ ४४	१९ २७ १	२१ २९ १५	२३ २७ ३२	२४
२५	१ ३४ ३७	३ ३६ ५१	५ २७ १५	७ २९ २८	९ २७ ४४	११ २९ ५८	१३ २८ १५	१५ ३० २७	१७ ३२ ४१	१९ ३० ५८	२१ ३३ ११	२३ ३१ २८	२५
२६	१ ३८ ३४	३ ४० ४७	५ ३१ ११	७ ३३ २४	९ ३१ ४१	११ ३३ ५४	१३ ३२ ११	१५ ३४ २४	१७ ३६ ३७	१९ ३४ ५४	२१ ३७ ८	२३ ३५ २५	२६
२७	१ ४२ ३०	३ ४४ ४४	५ ३५ ८	७ ३७ २०	९ ३५ ३७	११ ३७ ५१	१३ ३६ ८	१५ ३८ २०	१७ ४० ३४	१९ ३८ ५१	२१ ४१ ४	२३ ३९ २१	२७
२८	१ ४६ २७	३ ४८ ४०	५ ३९ ५	७ ४१ १७	९ ३९ ३४	११ ४१ ४७	१३ ४० ४	१५ ४२ १७	१७ ४४ ३१	१९ ४२ ४८	२१ ४५ १	२३ ४३ १८	२८
२९	१ ५० २३	३ ५२ ३७	५ ४३ १	७ ४५ १३	९ ४३ ३०	११ ४५ ४४	१३ ४४ १	१५ ४६ १४	१७ ४८ २८	१९ ४६ ४५	२१ ४८ ५७	२३ ४७ १४	२९
३०	१ ५४ २०		५ ४६ ५८	७ ४९ १०	९ ४७ २७	११ ४९ ४१	१३ ४८ ५७	१५ ५० ११	१७ ५२ २४	१९ ५० ४१	२१ ५२ ५४	२३ ५१ ११	३०
३१	१ ५८ १६		५ ५० ५४		९ ५१ २४		१३ ५१ ५४	१५ ५४ ७		१९ ५४ ३८		२३ ५५ ७	३१
												२३ ५९ ३	३२

लीप इयर हो तो केवल फरवरी के बाद के महीनों में अभीष्ट तारीख में एक जोड़ कर कोष्ठक नं० २ को प्रयोग में लाइए।

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० ३

रेखांश	०°	पू.२०°	पू.४०°	पू.६०°	पू.८०°	पू.१००°	पू.१२०°	पू.१४०°	पू.१६०°
संस्कार सेकण्ड	+५०	+३७	+२४	+११	-२	-१५	-२८	-४१	-५४
रेखांश	१८०°	प.१६०°	प.१४०°	प.१२०°	प.१००°	प.८०	प.६०°	प.४०°	प.२०°
संस्कार सेकण्ड	-६७/+१९१	+१५५	+१४२	+१२९	+११६	+१०३	+८९	+७६	+६३

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० ४

मि. / घं.	०	५	१०	१५	२०	२५	३०	३५	४०	४५	५०	५
	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.
०	० ००	० १	० २	० २	० ३	० ४	० ५	० ६	० ७	० ७	० ८	० ९
१	० १०	० ११	० ११	० १२	० १३	० १४	० १५	० १६	० १६	० १७	० १८	० १९
२	० २०	० २१	० २२	० २२	० २३	० २४	० २५	० २५	० २६	० २७	० २८	० २९
३	० ३०	० ३०	० ३१	० ३२	० ३३	० ३४	० ३४	० ३५	० ३६	० ३७	० ३८	० ३९
४	० ३९	० ४०	० ४१	० ४२	० ४३	० ४४	० ४४	० ४५	० ४६	० ४७	० ४८	० ४८
५	- ४९	० ५०	० ५१	० ५२	० ५३	० ५३	० ५४	० ५५	० ५६	० ५७	० ५७	० ५८
६	० ५९	१ ००	१ १	१ २	१ २	१ ३	१ ४	१ ५	१ ६	१ ७	१ ७	१ ८
७	१ ९	१ १०	१ ११	१ ११	१ १२	१ १३	१ १४	१ १५	१ १६	१ १६	१ १७	१ १८
८	१ १९	१ २०	१ २०	१ २१	१ २२	१ २३	१ २४	१ २५	१ २५	१ २६	१ २७	१ २८
९	१ २९	१ ३०	१ ३०	१ ३१	१ ३२	१ ३३	१ ३४	१ ३४	१ ३५	१ ३६	१ ३७	१ ३८
१०	१ ३९	१ ३९	१ ४०	१ ४१	१ ४२	१ ४३	१ ४३	१ ४४	१ ४५	१ ४६	१ ४७	१ ४८
११	१ ४८	१ ४९	१ ५०	१ ५१	१ ५२	१ ५३	१ ५३	१ ५४	१ ५५	१ ५६	१ ५७	१ ५७
१२	१ ५८	१ ५९	२ ०	२ १	२ २	२ २	२ ३	२ ४	२ ५	२ ६	२ ६	२ ७
१३	२ ८	२ ९	२ १०	२ ११	२ ११	२ १२	२ १३	२ १४	२ १५	२ १६	२ १६	२ १७
१४	२ १८	२ १९	२ २०	२ २०	२ २१	२ २२	२ २३	२ २४	२ २५	२ २५	२ २६	२ २७
१५	२ २८	२ २९	२ २९	२ ३०	२ ३१	२ ३२	२ ३३	२ ३४	२ ३४	२ ३५	२ ३६	२ ३७
१६	२ ३८	२ ३९	२ ३९	२ ४०	२ ४१	२ ४२	२ ४३	२ ४३	२ ४४	२ ४५	२ ४६	२ ४७
१७	२ ४८	२ ४८	२ ४९	२ ५०	२ ५१	२ ५२	२ ५२	२ ५३	२ ५४	२ ५५	२ ५६	२ ५७
१८	२ ५७	२ ५८	२ ५९	३ ०	३ १	३ २	३ २	३ ३	३ ४	३ ५	३ ६	३ ६
१९	३ ७	३ ८	३ ९	३ १०	३ ११	३ ११	३ १२	३ १३	३ १४	३ १५	३ १५	३ १६
२०	३ १७	३ १८	३ १९	३ २०	३ २०	३ २१	३ २२	३ २३	३ २४	३ २५	३ २५	३ २६
२१	३ २७	३ २८	३ २९	३ २९	३ ३०	३ ३१	३ ३२	३ ३३	३ ३४	३ ३४	३ ३५	३ ३६
२२	३ ३७	३ ३८	३ ३८	३ ३९	३ ४०	३ ४१	३ ४२	३ ४३	३ ४३	३ ४४	३ ४५	३ ४६
२३	३ ४७	३ ४८	३ ४८	३ ४९	३ ५०	३ ५१	३ ५२	३ ५२	३ ५३	३ ५४	३ ५५	३ ५६

अयनांश सारणी नं० १

ई. सन्	अयनांश (अं. क. वि.)	ई. सन्	अयनांश (अं. क. वि.)	ई. सन्	अयनांश (अं. क. वि.)
१९५१	२३ १० २१	१९७५	२३ ३० २८	१९९९	२३ ५० ३४
१९५२	२३ ११ १२	१९७६	२३ ३१ १७	२०००	२३ ५१ २४
१९५३	२३ १२ ०२	१९७७	२३ ३२ ०८	२००१	२३ ५२ १५
१९५४	२३ १२ ५२	१९७८	२३ ३२ ५९	२००२	२३ ५३ ०५
१९५५	२३ १३ ४२	१९७९	२३ ३३ ४९	२००३	२३ ५३ ५५
१९५६	२३ १४ ३३	१९८०	२३ ३४ ३९	२००४	२३ ५४ ४६
१९५७	२३ १५ २३	१९८१	२३ ३५ २९	२००५	२३ ५५ ३६
१९५८	२३ १६ १३	१९८२	२३ ३६ २०	२००६	२३ ५६ २६
१९५९	२३ १७ ०३	१९८३	२३ ३७ १०	२००७	२३ ५७ १७
१९६०	२३ १७ ५४	१९८४	२३ ३८ ००	२००८	२३ ५८ ०७
१९६१	२३ १८ ४४	१९८५	२३ ३८ ५१	२००९	२३ ५८ ५७
१९६२	२३ १९ ३५	१९८६	२३ ३९ ४१	२०१०	२३ ५९ ४८
१९६३	२३ २० २५	१९८७	२३ ४० ३१	२०११	२४ ०० ३८
१९६४	२३ २१ १५	१९८८	२३ ४१ २१	२०१२	२४ ०१ २८
१९६५	२३ २२ ०५	१९८९	२३ ४२ १२	२०१३	२४ ०२ १८
१९६६	२३ २२ ५५	१९९०	२३ ४३ ०२	२०१४	२४ ०३ ०९
१९६७	२३ २३ ४६	१९९१	२३ ४३ ५२	२०१५	२४ ०३ ५९
१९६८	२३ २४ ३६	१९९२	२३ ४४ ४२	२०१६	२४ ०४ ४९
१९६९	२३ २५ २६	१९९३	२३ ४५ ३३	२०१७	२४ ०५ ४०
१९७०	२३ २६ १६	१९९४	२३ ४६ २३	२०१८	२४ ०६ ३०
१९७१	२३ २७ ०७	१९९५	२३ ४७ १३	२०१९	२४ ०७ २०
१९७२	२३ २७ ५७	१९९६	२३ ४८ ०३	२०२०	२४ ०८ १०
१९७३	२३ २८ ४७	१९९७	२३ ४८ ५४	२०२१	२४ ०९ ०१
१९७४	२३ २९ ३७	१९९८	२३ ४९ ४४	२०२२	२४ ०९ ५१

अयनांश सारणी नं. २

तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८
	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.
जनवरी	०	१	१	१	२	२	३	३	३	४
फरवरी	४	५	५	६	६	६	७	७	८	८
मार्च	८	९	९	१०	१०	१०	११	११	१२	१२
अप्रैल	१३	१३	१३	१४	१४	१५	१५	१५	१६	१६
मई	१७	१७	१७	१८	१८	१९	१९	२०	२०	२०
जून	२१	२१	२२	२२	२३	२३	२३	२४	२४	२५

तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८
	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.
जुलाई	२५	२५	२६	२६	२७	२७	२८	२८	२८	२९
अगस्त	२९	३०	३०	३१	३१	३१	३२	३२	३३	३३
सितम्बर	३४	३४	३४	३५	३५	३६	३६	३६	३७	३७
अक्तूबर	३८	३८	३९	३९	३९	४०	४०	४१	४१	४१
नवम्बर	४२	४२	४३	४३	४४	४४	४४	४५	४५	४६
दिसम्बर	४६	४७	४७	४७	४८	४८	४९	४९	४९	५०

महर्षि–पराशरोक्त विंशोत्तरी महादशान्तर्दशा ज्ञानार्थ चक्र

सूर्यदशा वर्ष ६ एक घड़ी में ३६ दिन	चंद्रदशा वर्ष १० एक घड़ी में ६० दिन	भौम दशा वर्ष ७ एक घड़ी में ४२ दिन	राहु दशा वर्ष १८ एक घड़ी में १०८ दिन	गुरु दशा वर्ष १६ एक घड़ी में ९६ दिन	शनिदशा वर्ष १९ एक घड़ी में ११४ दिन	बुधदशा वर्ष १७ एक घड़ी में १०२ दिन	केतुदशा वर्ष ७ एक घड़ी में ४२ दिन	शुक्रदशा वर्ष २० एक घड़ी में १२० दिन
कृ. उ.फा. उ.षा.	रो. ह. श्रव.	मृ. चि. ध.	आर्द्रा स्वा. श.	पुन. वि. पू.भा.	पु. अनु. उ.भा.	आश्ले. ज्ये. रे.	म. मू. अश्वि.	पू.फा. पू.षा. भ.
तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्
ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.
र. ० ३ १८	चं. ० १० ०	मं. ० ४ २७	रा. २ ८ १२	बृ. २ १ १८	श. ३ ० ३	बु. २ ४ २७	के. ० ४ २७	शु. ३ ४ ०
चं. ० ६ ०	मं. ० ७ ०	रा. १ ० १८	बृ. २ ४ २४	श. २ ६ १२	बु. २ ८ ९	के. ० ११ २७	शु. १ २ ०	र. १ ० ०
मं. ० ४ ६	रा. १ ६ ०	बृ. ० ११ ६	श. २ १० ६	बु. २ ३ ६	के. १ १ ९	शु. २ १० ०	र. ० ४ ६	चं. १ ८ ०
रा. ० १० २४	बृ. १ ४ ०	श. १ १ ९	बु. २ ६ १८	के. ० ११ ६	शु. ३ २ ०	र. ० १० ६	चं. ० ७ ०	मं. १ २ ०
बृ. ० ९ १८	श. १ ७ ०	बु. ० ११ २७	के. १ ० १८	शु. २ ८ ०	र. ० ११ १२	चं. १ ५ ०	मं. ० ४ २७	रा. ३ ० ०
श. ० ११ १२	बु. १ ५ ०	के. ० ४ २७	शु. ३ ० ०	र. ० ९ १८	चं. १ ७ ०	मं. ० ११ २७	रा. १ ० १८	बृ. २ ८ ०
बु. ० १० ६	के. ० ७ ०	शु. १ २ ०	र. ० १० २४	चं. १ ४ ०	मं. १ १ ९	रा. २ ६ १८	बृ. ० ११ ६	श. ३ २ ०
के. ० ४ ६	शु. १ ८ ०	र. ० ४ ६	चं. १ ६ ०	मं. ० ११ ०६	रा. २ १० ६	बृ. २ ३ ६	श. १ १ ९	बु. २ १० ०
शु. १ ० ०	र. ० ६ ०	चं. ० ७ ०	मं. १ ० १८	रा. २ ४ २४	बृ. २ ६ १२	श. २ ८ ९	बु. ० ११ २७	के. १ २ ०

शिवोक्त योगिनी–दशाऽन्तर्दशा ज्ञानार्थ चक्र

मंगला व. १	पिंगला व. २	धान्या व. ३	भ्रामरी व. ४	भद्रा व. ५	उल्का व. ६	सिद्धा व. ७	संकटा व. ८	दशा तथा वर्ष
चन्द्र	सूर्य	गुरु	मंगल	बुध	शनि	शुक्र	केतु	दशेश ग्रह
आर्द्रा चि. श्रव.	पुन. स्वा. ध.	पुष्य वि. श.	अश्वि आश्ले अनु पूभा	भ. म. ज्ये. उ.भा.	कृ. पूफा. मू. रे.	रो. उ.फा. पूषा.	मृ. ह. उ.षा.	जन्म नक्षत्र
मं. ० १०	पि. १ १०	धा. ३ ०	भ्रा. ५ १०	भ. ८ १०	उ. १२ ०	सि. १६ १०	सं. २१ १०	अन्तर्दशा के मास, दिन
पिं. ० २०	धा. २ ०	भ्रा. ४ ०	भ. ६ २०	उ. १० ०	सि. १४ ०	सं. १८ २०	मं. २ २०	
धा. १ ०	भ्रा. २ २०	भ. ५ ०	उ. ८ ०	सि. ११ २०	सं. १६ ०	मं. २ १०	पिं. ५ १०	
भ्रा. १ १०	भ. ३ १०	उ. ६ ०	सि. ९ १०	सं. १३ १०	मं. २ ०	पिं. ४ २०	धा. ८ ०	
भ. १ २०	उ. ४ ०	सि. ७ ०	सं. १० २०	मं. १ २०	पिं. ४ ०	धा. ७ ०	भ्रा. १० २०	
उ. २ ०	सि. ४ २०	सं. ८ ०	मं. १ १०	पिं ३ १०	धा. ६ ०	भ्रा. ९ १०	भ. १३ १०	
सि. २ १०	सं. ५ १०	मं. १ ०	पिं. २ २०	धा. ५ ०	भ्रा. ८ ०	भ. ११ २०	उ. १६ ०	
सं. २ २०	मं. ० २०	पि. २ ०	धा. ४ ०	भ्रा. ६ २०	भ. १० ०	उ. १४ ०	सि. १८ २०	

वर्षकुण्डली में १२ भावों में स्थित ग्रहों का फल

ग्रह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य	चिन्ता	नृपभय	धनलाभ	हानि	कष्ट	शत्रुनाश	पीड़ा	कष्ट	धर्मनाश	सुख	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्र	पीड़ा	धनलाभ	हर्ष	शत्रुनाश	सुख	पीड़ा	कष्ट	दुःख	भाग्योदय	विजय	धनलाभ	व्यय
भौम	ज्वर	धननाश	जय	व्यसन	दुर्गति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुध	सुख	धनलाभ	सुख	द्रव्यलाभ	पुत्रलाभ	कलह	धनलाभ	व्यग्रता	सुख	मानलाभ	सुखलाभ	विग्रह
गुरु	सुख	धनलाभ	जय	वाहनलाभ	पुत्रलाभ	कष्ट	सुख	रोग	धर्मलाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोक
शुक्र	मानप्राप्ति	धनप्राप्ति	कीर्तिलाभ	सुखलाभ	धनलाभ	शत्रुभीति	स्त्रीसुख	कष्ट	धर्मोदय	मानलाभ	धनलाभ	व्यय
शनि	वायुरोग	पीड़ा	धनलाभ	दुःख	पुत्रप्राप्ति	जय	स्त्रीकष्ट	रोग	भाग्यहानि	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहु	सिरदर्द	राजभय	सुख	दुःख	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगभय	दुःख	हानि	विजय	सुखलाभ	व्याधि
केतु	चिन्ता	क्लेश	आरोग्य	राजभय	दुर्बुद्धि	सुख	कलेश	पीड़ा	भाग्यनाश	धनलाभ	लाभ	शोक
मुन्था	सुख	यश, अर्थ	पुष्टि	दुःख	सुखप्राप्ति	कष्ट	व्यसन	दुःख	भाग्योदय	राज्यप्राप्ति	लाभ	कष्ट

दशा का भुक्तभोग्य

गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट–घटीपल जोड़ने से भयात होता है। ६० में से घटाए हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र के घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणा कर पल बना लें। भयात के पलों को दशा के वर्षों से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध अंक वर्ष, फिर शेषांक को १२ से गुणा करें, भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध मास; फिर शेषांक को ३० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध दिन; फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दें, लब्धांक घटी; फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध पल होंगे। यह वर्षादि दशा का भुक्त होता है। इसको दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा होगी।

सूर्यसिद्धान्तीय वर्षप्रवेश-सारणी

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०

गताब्द	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०
वार	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६
पल	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५
विपल	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५
वार	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३
घटी	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१	४७	२	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४
पल	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०

गताब्द	७६	७७	७८	७९	८०	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०	९१	९२	९३	९४	९५	९६	९७	९८	९९	१००
वार	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	३९	५५	१०	२६	४२	५७	१३	२८	४४	५९	१५	३०	४६	१	१७	३२	४८	३	१९	३४	५०	५	२१	३६	५२
पल	५४	२५	५७	२८	०	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

सूचना– वेधसिद्ध वर्षमान सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान से ८.५पल कम है। अतः सूक्ष्म-वर्षप्रवेशकालिक इष्ट निकालने के लिए गताब्दों को ८.५ से गुणा करके पलात्मक फल को सारणी से साधित इष्ट में से घटा देना चाहिए। यही सूक्ष्म-वर्ष मानानुसारी इष्ट होगा, चाहो तो इस इष्ट पर भी फल अनुभव करें।

वर्षफलसाधन-प्रकारः– (१) अभीष्ट संवत् (जिस संवत् का वर्ष निकालना हो) में से जन्म समय का संवत् हीन करने से जो शेष बचे उसे गतवर्ष, (गताब्द) जानें। स्मरण रहे, कि- मेषार्कप्रवेश से प्रथम और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनंतर का यदि वर्ष करना हो तो पिछले संवत् से करना होगा–वर्षायनर्तुयुगपूर्वकमत्र सौरात्– इस प्रकार गताब्द निकालकर उसी गताब्द अंक के नीचे सारणी में जो वारादि अंक हैं, उनमें जन्म का वार, इष्ट, घडी, पल जोडने से वर्षप्रवेशकालिक वारादि इष्ट ज्ञात हो जाता है। यदि नीचे घट्यादि अंक साठ से अधिक हो तो ६० का भाग देने से लब्धांक को ऊपर युक्त करते जाना। ऊपर से वारांक में सात से अधिक आ जाए तो सात का भाग देकर लब्ध त्याग देने से शेष को वर्षप्रवेश समय का स्पष्ट वारादि इष्ट समझें।

(२) जिस दिन जन्म समय के स्पष्ट सूर्यतुल्य वर्ष में सूर्य मिले, उसी दिन वर्षप्रवेश जानना। प्रविष्टों के अनुसार कभी-कभी वार नहीं मिलता। वहां पर गणितागत वार को ठीक जाने। इस इष्ट के अनुसार स्वदेशीय लग्नसारणी से लग्नसाधन करके वर्षकुण्डली लगाएं।

मुन्थानयनप्रकार– गताब्दसंख्या में जन्मलग्न जोडकर उसमें १२ का भाग देना, जो शेष बचे उसे मुन्था जानें। यह मुन्था प्रति दिन पांच कला चलती है।

मुद्दा दशा– गत वर्ष में जन्मनक्षत्र जोडकर, उसमें से दो घटाएं, ९ का भाग देने से जो शेष बचे उसे दशा समझें। १ शेष से सूर्य, २ से चन्द्रमा, ३ से मंगल, ४ से राहु, ५ से गुरु, ६ से शनि, ७ से बुध, ८ से केतु, और ९ शेष से शुक्र की दशा जानें।

दशा के दिन– सूर्य के १८ दिन, चन्द्रमा के ३०, मंगल २१, राहु ५४, गुरु ४८, शनि ५७, बुध ५१, केतु २१, शुक्र ६० – ये दशा के दिन हैं।

हर्ष स्थान बल– सूर्य वर्ष लग्न से ९, चन्द्रमा ३, मंगल ६, बुध १, गुरु ११वें, शुक्र ५वें और शनि १२ वें स्थान में हो तो ५ हर्ष बल देते हैं।

स्वोच्च बल– सू. १।५, चं. २।४, मं. १।८।१०, बुध ३।६, गुरु ९।१२।४, शु. २।७।१२ तथा श. १०।११ ७ राशियों में ५ बल देते हैं।

पुरुषस्त्री-ग्रह-बल– स्त्रीग्रह (चं., बु., शु., श.) १।२।३।७।८।९ और पुरुष ग्रह (सू., मं., बृ.) ४।५।६।१०।११।१२वें स्थानों में ५ बल देते हैं। **दिनरात्रि बल**–दिन के वर्षेष्ट में पुरुषग्रह ५ बल देते हैं और रात्रि के इष्ट में स्त्रीग्रह ५ बल देते हैं।

त्रिराशिपति चक्र

राशि→	मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
दिनलग्नपति→	सू.	शु.	श.	शु.	गु.	चं.	बु.	मं.	श.	मं.	गु..	चं.
रात्रिलग्नपति→	गु.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	गु.	चं.

वर्ष में दृष्टि-ज्ञान और फल

⁂ वर्ष में जो ग्रह जिस भाव में पडा हो उस भाव से ५वें, ९वें भाव को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि से देखता है। फल– कार्य में शीघ्र सफलता, सुख, प्रेम, लाभ और जिन मनुष्यों के साथ पहले शत्रुता होती है, उनसे प्रेम होता है। ⁂ तीसरे ग्यारहवें गुप्त मित्र दृष्टि से देखता है। फल– कार्य कठिनता से एवं गुप्त भाव से सफल हो।⁂ पहले, सातवें प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि होती है। फल– शत्रुता करे, मित्र से बैर, धनहानि, बनते काम को बिगड़ना आदि फल होते हैं।⁂ ४-१०वें गुप्तशत्रु दृष्टि से देखता है। फल– कार्य बडी कठिनता से सफल हो, गुप्तरूप से शत्रु भी उत्पन्न होते हैं।

अथ वर्षेश निर्णयः– जन्म लग्नेश १, वर्ष लग्नेश २, मुन्थेश ३, त्रैराशीश ४, समयेश ५ (दिन में वर्ष प्रवेश हो तो सूर्य जिस राशि पर हो उस राशि का स्वामी और रात्रि में हो तो चन्द्रराशि का स्वामी समयेश होता है।) इन पांच अधिकारियों में से जो सबसे बलवान् हो और लग्न को देखे वह वर्षेश होता है। यदि पांचों में से कोई भी लग्न को न देखता हो तो उन में से जो अधिक बलवान् हो वही वर्षेश्वर होगा। कई ग्रहों का बल समान हों तो जिसकी लग्न पर अधिक दृष्टि हो वह और बल, दृष्टि, अधिकार– तीनों समान हों तो मुन्थेश ही वर्षेश हो। यदि चन्द्रमा वर्षेश प्राप्त हो तो जिससे वह इत्थशाल करे या जिसकी राशि में बैठा हो वही वर्षेश हो। फल– वर्षेश ६।८।१२ वें व अस्तंगत, हीनबली हो तो वर्ष में दुःख, शोक, चिन्ता, भयविशेष होगा। यदि बलिष्ठ होकर शुभ स्थान में सुयोग के साथ बैठा हो तो वर्ष में सुखैश्वर्य की वृद्धि हो।

वर्ष में तबदीली का योग– वर्षकुण्डली में लग्नेश– तृतीयेश वा चतुर्थेश-नवमेश एक घर में हों या एक-दूसरे को मित्रदृष्टि से देखें तो उस वर्ष तबदीली होगी। अगर वर्षलग्नेश वक्री हो और वह मित्रग्रह से दृष्ट हो तो भी तबदीली का योग बनेगा।

सूक्ष्म, शुद्ध वर्षमान के अनुसार वर्षप्रवेशकाल

वेध द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि-- सूर्यसिद्धान्तीय वर्षमान वास्तविक (शुद्ध) वर्षमान से ? मिनट अधिक है। शुद्ध वर्षफल बनाने के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल का होना आवश्यक है। हम यहां "सूक्ष्म वर्ष-प्रवेश-सारणी" दे रहे हैं। जो दैवज्ञ वर्षफल के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल जानना चाहते हैं, उन्हें इसी सारणी का प्रयोग करना चाहिए।

इस सारणी में घं. मि. का प्रयोग है, अतः इससे वर्षप्रवेशकाल जानने के लिए जातक के जन्म का स्टैं. टा. ही यहां प्रयोग में लाना होगा। जैसे-- मान लीजिए, किसी व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेशकाल जानना है। उस व्यक्ति के जन्म का वार चन्द्र और जन्मकाल (भा. स्टैं. टा.) ८घं. २०मि. (प्रातः) है। उसके वारादि जन्मकाल (2 वा. 8 घं. 20 मि.) में सारणी से गताब्द 9 द्वारा प्राप्त वारादि काल 4 वा. 7 घं. 22 मि. जोड़ने पर 6 वा. 15 घं. 42 मि. मिले। इसका अर्थ हुआ कि इस व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेश शुक्रवार को 15 घं. 42 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर होगा।

ध्यान रहे-- इस सारणी के प्रयोग से प्राप्त वार रात्रि के 12 बजे बदलने वाला होगा। अतः यहां प्रयोग में लाया जाने वाला जन्मकालिक वार भी इसी प्रकार होना चाहिए।

सूक्ष्म वर्षप्रवेश सारणी

गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.
१	१/६/९	१३	२/७/५९	२५	३/९/४९	३७	४/११/३९	४९	५/१३/२९
२	२/१२/१८	१४	३/१४/८	२६	४/१५/५८	३८	५/१७/४८	५०	६/१९/३८
३	३/१८/२७	१५	४/२०/१७	२७	५/२२/७	३९	६/२३/५७	५१	१/१/४७
४	५/०/३७	१६	६/२/२७	२८	०/४/१६	४०	१/६/६	५२	२/७/५६
५	६/६/४६	१७	०/८/३६	२९	१/१०/२६	४१	२/१२/१६	५३	३/१४/०६
६	०/१२/५५	१८	१/१४/४५	३०	२/१६/३५	४२	३/१८/२५	५४	४/२०/१५
७	१/१९/०४	१९	२/२०/५४	३१	३/२२/४४	४३	५/०/३४	५५	६/२/२४
८	३/१/१३	२०	४/३/३	३२	५/४/५३	४४	६/६/४३	५६	०/८/३३
९	४/७/२२	२१	५/९/१२	३३	६/११/२	४५	०/१२/५२	५७	१/१४/४२
१०	५/१३/३२	२२	६/१५/२२	३४	०/१७/११	४६	१/१९/१	५८	२/२०/५१
११	६/१९/४१	२३	०/२१/३१	३५	१/२३/२१	४७	३/१/११	५९	४/०३/१
१२	१/१/५०	२४	२/३/४०	३६	३/५/३०	४८	४/७/२०	६०	५/९/१०

गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.
६१	६/१५/१९	७३	०/१७/९	८५	१/१८/५९	९७	२/२०/४९	१०९	३/२२/३९
६२	०/२१/२८	७४	१/२३/१८	८६	३/१/८	९८	४/२/५८	११०	५/४/४८
६३	२/३/३७	७५	३/५/२७	८७	४/७/१७	९९	५/९/७	१११	६/१०/५७
६४	३/९/४६	७६	४/११/३६	८८	५/१३/२६	१००	६/१५/१६	११२	०/१७/६
६५	४/१५/५६	७७	५/१७/४५	८९	६/१९/३५	१०१	०/२१/२५	११३	१/२३/१५
६६	५/२२/५	७८	६/२३/५५	९०	१/१/४५	१०२	२/३/३४	११४	३/५/२४
६७	०/४/१४	७९	१/६/४	९१	२/७/५४	१०३	३/९/४४	११५	४/११/३४
६८	१/१०/२३	८०	२/१२/१३	९२	३/१४/३	१०४	४/१५/५३	११६	५/१७/४३
६९	२/१६/३२	८१	३/१८/२२	९३	४/२०/१२	१०५	५/२२/२	११७	६/२३/५२
७०	३/२२/४१	८२	५/०/३१	९४	६/२/२१	१०६	०/४/११	११८	१/६/१
७१	५/४/५०	८३	६/६/४०	९५	०/८/३०	१०७	१/१०/२०	११९	२/१२/१०
७२	६/११/०	८४	०/१२/५०	९६	१/१४/४०	१०८	२/१६/२९	१२०	३/१८/१९

वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए।

जिस प्रकार जातक का जन्म जिस स्थान पर होता है उसी स्थान के अक्षांश--रेखांशानुसार ही लग्न का निर्णय किया जाता है, ठीक उसी प्रकार वर्षप्रवेश के समय जातक जिस स्थान पर हो उसी स्थान के अक्षांश--रेखांशानुसार ही वर्षप्रवेश का लग्न होना चाहिए, क्योंकि वर्ष प्रवेश भी जातक का एक 'उपजन्म' ही है। इस प्रकार न्यूयार्क (अमेरिका) में जन्म लेने वाला जातक यदि अपने किसी वर्ष के प्रवेश के समय दिल्ली (भारत) में मौजूद है तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न दिल्ली के अक्षांश--रेखांशानुसार ही लगाना चाहिए। इसी तरह यदि दिल्ली में जन्म लेने वाला जातक वर्षप्रवेश के समय न्यूयार्क में हो तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न न्यूयार्क के अक्षांश--रेखांशानुसार ही होना चाहिए। क्योंकि प्राचीनकाल में अधिकतर लोग अपने जन्मस्थान को छोड़कर बहुत कम दूसरे स्थान पर जाते थे, अतः ज्योतिषी लोगों में वर्षप्रवेश के लग्न को जन्मस्थान से ही जोड़ने की परम्परा बन गई, जो तर्कसंगत नहीं है।

इस विषय को स्पष्टता से जानने के लिए 'सं. 2052 वि. के' "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" में पृ. 41/42 पर मेरा लेख "वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए?" पढ़ें।

मास प्रवेशकाल

भिन्न--भिन्न राशियों में संचार करता हुआ सूर्य जब--जब जातक के जन्म--कालिक स्पष्ट सूर्य की अंश, कला, विकलाओं के तुल्य अंश, कला, विकलाओं पर आता है, तब--तब जातक के मासों का प्रारम्भ (मासप्रवेश) होता है। उदाहरणार्थ-- यदि जातक का जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य 2 रा. 10 अं. 25 क. 40 वि. है, तो जब जब (सूर्य) जातक की आयु के विभिन्न वर्षों में मेष आदि राशियों के 10 अं. 25 क. 40 वि. पर पहुँचेगा-- इसका निर्णय सूर्य की मास--प्रवेश वाले दिन की गति और उस दिन के पंचांगस्थ दैनिक सूर्य तथा मास--प्रवेशकालिक सूर्य के अन्तर से त्रैराशिक द्वारा किया जा सकता है। (इसके लिए सं. 2050 वि. के "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" में पृष्ठ 41 पर दिया गया मेरा लेख "स्पष्टमान से मास--प्रवेशकाल" पढ़ें।)

--प्रियव्रत शर्मा

ग्रहशील-चक्र

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रहाः
३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	०	३/१०	३/१०	एकपाददृष्टिः
५/९	५/९	५/९	५/९	०	५/९	५/९	५/९	५/९	द्विपाददृष्टिः
४/८	४/८	०	४/८	४/८	४/८	४/८	४/८	४/८	त्रिपाददृष्टिः
७	७	४/७/८	७	५/७/९	७	३/७/१०	७	७	सम्पूर्णदृष्टिः
चं. मं. गु.	र. बु.	र. बृ. चं.	र. रा. शु.	र. चं. मं.	बु. रा. श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बुध	मित्र—ग्रहाः
बु.	मं.श.गु.शु.	शु. श.	मं. गु. श.	रा. श.	मं. गु.	गु.	गु.	०	समग्रहाः
श. रा. शु.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र. चं. मं.	र. चं. मं.	०	शत्रुग्रहाः
मेष	वृष	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला	मिथुन	धनु	उच्चराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	परमोच्चांशाः
तुला	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष	धनु	मिथुन	नीचराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	नीचांशाः
सिंह	कर्क	मे., वृश्चि.	मि., क.	ध., मी.	वृष, तुला	म., कुं.	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्णः
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष	पुरुष, स्त्री, नपुंसकः
मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैर्ऋत्य	नैर्ऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लौह	लौह	लौह	धातु
चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजंगपद	अपद	अपद	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्त्व	सत्त्व	तम	रज	सत्त्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षी,स्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्वरस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभू	दुग्ध	श्मशान	वाणी	जल	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	धूम्र	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर	स्थानम्

वर्ष में योगिनी के लिए जन्म-नक्षत्रसंख्या में गताब्द जोड़ें, ३ और जोड़ें, ८ से भाग दें, तो शेष मंगलादि योगिनी दशा होती है।

वर्षयोगिनीमतेन मुद्दादशा (मास–दिन)

मं.	पिं.	धा.	भ्रा.	भ.	उ.	सि.	सं.
०	०	१	१	१	२	२	२
१०	२०	०	१०	२०	०	२०	२०

गर्भयोग–

वर्ष–कुण्डली में लग्नेश पांचवें या सातवें पड़ा हो व पंचमेश और सप्तमेश लग्न में पड़े हों तो उस वर्ष गर्भयोग होता है। मुंथेश और चन्द्रमा बली होकर पांचवें हो और पंचमेश भी बली हो तो गर्भ होता है।

जन्मपत्री न हो तो वर्ष बनाने की रीति

स्पष्ट प्रश्नलग्न की राशि को छोड़कर अंशादिक की कला करें, फिर उसमें १५० (डेढ़ सौ) का भाग दें। लब्ध, जो राश्यादि चार फल आवे उसकी राशि के अंक में प्रश्नलग्न की राशि के अंक मिलाएं। प्राप्तांक को मुन्था का स्पष्ट लग्न समझें और प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि के स्वामी को जन्मलग्नेश जानें अर्थात् पंचाधिकारियों में जन्मलग्नपति के स्थान में प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि का स्वामी जो हो उसे लग्नेश समझिए। प्रश्नपत्र पर वर्ष बनाने में इतना ही विशेष है। अन्य सर्व रीति में कुछ न्यूनाधिक नहीं है।

अरिष्ट योग

यदि जन्मलग्न ही वर्ष लग्न हो और जन्मनक्षत्र भी वर्ष में आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ न हों तो अशुभ, कष्टभय होता है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ हों तो अशुभ फल नहीं होगा।

आवश्यक मुहूर्त्त

कोई भी कार्य यदि शास्त्र–सम्मत शुभ–मुहूर्त्त में किया जाए तो वह अवश्य सफल होकर सुखप्रद होता है। गया–गोदावरी–यात्रा में, नवरात्रकृत्य में एवम् चातुर्मास्य व्रत में गुरु–शुक्रास्त का दोष नहीं होता।

गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभ तिथियां– १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३। **शुभ नक्षत्र–** तीनों उत्तरा, मृ., ह., अनु., रो., स्वा., श्र., ध., श.। **शुभ लग्न–** जब लग्न और ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभग्रह हों; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; सूर्य, मंगल या गुरु लग्न को देखते हों, विषम राशि के नवांश में चन्द्रमा हो, रजोदर्शनकाल से पहली चार रात्रि छोड़ कर १६ रात्रि तक समरात्रि में गर्भ हो तो पुत्र, विषम में हो तो कन्या होती है।

चित्रा, पुन. पुष्य, अश्विनी गर्भाधान के लिए मध्यम हैं।

गर्भाधान के लिए अशुभकाल

भद्रा; ४, ६, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां; संक्रान्ति का दिन, सन्ध्याकाल, मंगल, रवि, शनिवार, रजोदर्शनकाल की पहली चार रात्रियां; ज्येष्ठा, रेवती और आश्लेषा नक्षत्रों के अन्त की दो–दो घड़ी; मूल, अश्विनी और मघा के आदि की २–२ घड़ी; ४, ८, १२ लग्नों के अन्त की आधी–आधी घड़ी; ५, ९, १ लग्नों की आधी–आधी घड़ी; ५, १, १५ तिथियों के अन्त की एक–एक घड़ी; ६, ११, १ तिथियों के आदि की एक–एक घड़ी; निर्बल तारा, जन्मनक्षत्र, मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, मघा नक्षत्र एवम् ग्रहण के दिन, व्यतिपात, वैधृति योग; माता–पिता के श्राद्ध का दिन; दिन का समय; परिघ योग का आधा भाग; उत्पात से हत नक्षत्र; जन्मराशि से अष्टमलग्न; पापयुक्त लग्न तथा पापाकान्त नक्षत्र गर्भाधान के लिए वर्जित है।

गर्भमासों के स्वामी

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भाधान समय का लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

स्त्री–पुरुष के चन्द्रबल की विशेषता

गर्भाधान संस्कार में स्त्री का चन्द्रबल देखना चाहिए और अन्यकार्यों में पति का चन्द्रबल देखना चाहिए– यह सदा स्मरण रखें।

पुंसवन संस्कार का मुहूर्त्त

श्री विष्णु, राम, कृष्ण, शिव, गणेश, गौरी आदि सात्त्विक देवता हैं, इसलिए इनकी प्रतिष्ठा यद्यपि उपरोक्त "सात्त्विक देवप्रतिष्ठा" वाले मुहूर्त्तों में हो सकती है, फिर भी मुहूर्त्तशास्त्रों में इनकी प्रतिष्ठा के लिए विशेष मुहूर्त्तकाल बताए गए हैं, जिनका निर्देश हमने यहां अलग से किया है। यहां यह समझ लेना चाहिए कि—सात्त्विक देवप्रतिष्ठा वाले मुहूर्त्त श्री विष्णु, राम, कृष्ण, गणेश, शिव, सरस्वती आदि सभी सत्त्वप्रधान प्रकृति वाले देवी-देवताओं के लिए समानरूप से प्रयोग में लाये जा सकते हैं, जबकि श्री गणेश, दुर्गा, गौरी, शिव आदि देवी-देवताओं के लिए यहां पृथक् रूप से लिखे गए प्रतिष्ठामुहूर्त्त केवल इन्हीं के लिए हैं। सभी देवताओं की प्रतिष्ठा पूर्वाह्णकाल में (मध्याह्न से पूर्व) ही की जाती है। ध्यान दें—गौरी, गणेश, दुर्गा और शिव की प्रतिष्ठा के मुहूर्त्त के लिए शास्त्रों में क्रमश: शुक्ल तृतीया, कृष्ण चतुर्थी, शुक्ल नवमी और कृष्ण चतुर्दशी तिथियां शुभ मानी गई हैं, तदनुसार ही यहां इनके विशेष मुहूर्त्तों में केवल इन तिथियों का ही निर्देश किया गया है। शिवप्रतिष्ठा के लिए आर्द्रा नक्षत्र भी शुभ माना जाता है, अत: यहां आर्द्रा नक्षत्र में भी शिवप्रतिष्ठा-मुहूर्त्त लगाए गए हैं। इन मुहूर्त्तों में भी गुरु-शुक्रास्तकाल तथा सिंहाशकस्थ सिंहगत गुरु, भद्रा आदि को वर्जित किया जाता है।

श्रीगणेश, शिव, गौरी, दुर्गा, विष्णु, कृष्ण, राम, भैरव, हनुमान्, स्कन्द, नाग और परशुराम की मूर्ति-प्रतिष्ठा के विशेष मुहूर्त्त (सं. २०७६ वि.) (सन् २०१९-२० ई.) (सर्वत्र भा.स्टैं.टा. दिया गया है।)

पृष्ठ 285 पर सर्वदेव एवं तामसदेवों की प्रतिष्ठा के मुहूर्त्त दिये गये हैं। यद्यपि इन श्रीगणेश आदि 12 देवों की प्रतिष्ठा उन मुहूर्तों में निःशंक की जा सकती है, पुनरपि मुहूर्त्तशास्त्र में इन देवों की प्रतिष्ठा इनकी अपनी-अपनी तिथियों, नक्षत्रों एवं वारों में भी करने का विशेष निर्देश है। तदनुसार हम यहां इन गणेशादि देवों की प्रतिष्ठा के मुहूर्त्त इनकी अपनी-अपनी तिथियों, नक्षत्रों, वारों के अनुसार भी साधित कर निर्दिष्ट करना हमने विगत वर्ष से प्रारम्भ किया है। श्रद्धालु लोग इन 12 देवों के इन अतिरिक्त प्रतिष्ठा-मुहूर्तों को भी अपेक्षानुसार उपयोग में ला सकते हैं। जान लीजिये--गणेश की तिथि कृ. चतुर्थी, शिव की तिथि कृ. चतुर्दशी और नक्षत्र आर्द्रा, गौरी की तिथि शु. तृतीया, दुर्गा की तिथि शु. नवमी और नक्षत्र मूल, विष्णु की तिथि शु. द्वादशी और नक्षत्र श्रवण, कृष्ण की तिथि कृ. अष्टमी, राम की तिथि शु. नवमी, हनुमान् की तिथि कृ. चतुर्दशी और वार मंगल, स्कन्द की तिथि शु. षष्ठी, नाग की तिथि शु. पंचमी, भैरव की तिथि कृ. अष्टमी तथा परशुराम की तिथि शु. तृतीया है। ध्यान दें--यहां इन सभी देवताओं की अपनी-अपनी तिथियां तो हैं, लेकिन अपना नक्षत्र कुछ ही देवताओं का है। **किञ्च**--अपना वार श्री हनुमान् जी का ही है। शेष देवताओं का कोई अपना वार भी नहीं है। ध्यान दें--कुछ नक्षत्र ऐसे भी हैं, जिनमें किसी भी देवता की प्रतिष्ठा को जा सकती है, जिनका प्रयोग हमने गत पृष्ठों पर "सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्तों" में किया है। यदि कहीं उन नक्षत्रों में से कोई नक्षत्र हमें इन गणेशादि देवों के मुहूर्त्तकाल में प्राप्त हुआ है, उसका भी यहां हमने निर्देश नक्षत्र वाले कॉलम में किया है, अर्थात् उस नक्षत्र का वहां प्रयोग किया गया है।

यहां यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि--इन 12 देवताओं की प्रतिष्ठा के ये मुहूर्त्तकाल गत पृष्ठ पर दिये सर्वदेव और तामसदेवों के प्रतिष्ठा-मुहूर्त्तकालों की ही तरह युति, वेध, क्रान्तिसाम्य, गुरु-शुक्रास्त, भद्रा आदि सभी दोषों से सर्वथा मुक्त हैं। ये सर्वथा शुद्ध हैं। इन्हें निःशंक प्रयोग में लाइये। **अपिच**--दैवज्ञ को यह भी जान लेना चाहिए कि--देवताओं की प्रतिष्ठा पूर्वाह्न (दिन के पूर्वार्ध) में ही की जाती है। यहां "शुद्धकाल" वाले कॉलम में अनेकत्र शुद्धकाल नहीं दिया गया है। ऐसे स्थलों पर समझना चाहिए कि वहां प्रतिष्ठा के लिए पूरा पूर्वाह्न काल दोषमुक्त है।

श्रीगणेश-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. चतुर्थी)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
ज्ये. कृ. ४ बु.	मई २२	---	---

श्रीगौरी-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ३)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ३ मं.	मई ७	रोहि.	
ज्ये. शु. ३ गु.	जून ६	पुन.	राहुयुति परिहार,
माघ शु. ३ चं.	जन. २७	शत.	
फाल्गु. शु. ३ बु.	फर. २६	उ.भा.	

श्रीशिव-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. १४, आर्द्रा)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
ज्ये. कृ. १४ र.	जून २	---	---

श्रीस्कन्द-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ६)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ६ शु.	मई १०	पुन.	राहुयुति परिहार,
ज्ये. शु. ६ श.	जून ८		
माघ शु. ६ शु.	जन. ३१	रेव.	
फाल्गु. शु. ६ र.	मार्च १		११/१६ तक,

श्रीहनुमान्-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. १४, मंगल)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
ज्ये. कृ. १४ र.	जून २	---	---

श्रीनाग-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ५)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
ज्ये. शु. ४ शु.	जून ७	पुष्य	७/३८ बाद, गुरुपादवेध विचार्य,
मार्ग. शु. ५ र.	दिसं. १	उ.षा. /श्रव.	
माघ शु. ५ गु.	जन. ३०	उ.भा.	
फाल्गु. शु. ५ शु.	फर. २८	अश्वि.	

श्रीदुर्गा-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ९, मूल)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ९ चं.	मई १३		८/१६ तक, ११/५२ बाद,
ज्ये. शु. ९ मं.	जून ११	उ.फा.	८/४५ तक,
माघ शु. ९ चं.	फर. ३		११/०६ तक,

श्रीभैरव-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. ८)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. कृ. ८ श.	अप्रै. २७	श्रव.	
आषा. कृ. ८ मं.	जून २५	उ.भा.	
मार्ग. कृ. ८ बु.	नवं. २०		८/३० बाद,
माघ कृ. ७ शु.	जन. १७	चित्रा	७/२८ बाद,
फाल्गु. कृ. ८ र.	फर. १६	अनु.	११/४८ तक,

श्रीराम-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ९)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ९ चं.	मई १३		८/१६ तक, ११/५२ बाद,
ज्ये. शु. ९ मं.	जून ११	उ.फा.	८/४५ तक,
माघ शु. ९ चं.	फर. ३		११/०६ तक,

श्रीपरशुराम-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. ३)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. शु. ३ मं.	मई ७	रोहि.	
ज्ये. शु. ३ गु.	जून ६	पुन.	राहुयुति परिहार,
माघ शु. ३ चं.	जन. २७	शत.	
फाल्गु. शु. ३ बु.	फर. २६	उ.भा.	

श्रीकृष्ण-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि कृ. ८)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
वैशा. कृ. ८ श.	अप्रै. २७	श्रव.	
माघ कृ. ७ शु.	जन. १७	चित्रा	७/२८ बाद,
फाल्गु. कृ. ८ र.	फर. १६	अनु.	११/४८ तक,

श्रीविष्णु-प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (तिथि शु. १२, श्रवण)

तिथि-वार	तारीख	नक्षत्र	शुद्धकाल (भा.स्टैं.टा.)
चैत्र शु. १२ मं.	अप्रै. १६		११/४९ तक,
वैशा. शु. १२ गु.	मई १६	चित्रा	८/१५ तक,
मघा. शु. १२ गु.	फर. ६		गुरुपादवेध विचार्य, राहुयुति परिहार,

सर्वार्थसिद्धि आदि योग (सं. २०७६ वि.) (भा. स्टैं. टा.)

इन सर्वार्थसिद्धि योग, रवियोग आदि के प्रारम्भ-समाप्तिकालों के साधन में श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय—कुराली (पं.) के सुयोग्य कार्यकर्त्ता श्रीकृष्ण शर्मा, शास्त्री, M.A., वेदाचार्य, साहित्याचार्य द्वारा पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। तदर्थ मेरा इन्हें सधन्यवाद आशीर्वाद है।—प्रियव्रत शर्मा

इस स्तम्भ के अन्तर्गत हम पाठकों की सुविधा के लिए सर्वार्थसिद्धि, अमृतसिद्धि, सिद्धि, द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर एवं रवि—इन तिथि-भ-वार से बनने वाले एवं सूर्य और चन्द्र के नक्षत्र-संयोग से उत्पन्न सुयोगों के शास्त्रोक्त काल का सूक्ष्म निर्णय करते हैं। अत्यन्त शीघ्रता की स्थिति में किसी भी शुभकार्य को सम्पन्न करने के लिए यदि गुरु-शुक्रास्त आदि दोषों के कारण शुभ (शुद्ध) समय न मिल पा रहा हो तो वहां इन शुभ (सर्वार्थसिद्धि आदि) योगों का प्रश्रय लेना चाहिए—ऐसी शास्त्राज्ञा है। अत: इन सुयोगों के काल में आप किसी भी शुभकार्य को नि:संकोच सम्पन्न कर सकते हैं। **ध्यान रहे**—इन सुयोगों के कालनिर्णय में भद्रा, गुरु-शुक्रास्तादि दोषों का विचार नहीं होता।

सर्वार्थसिद्धि एवं अमृतसिद्धि योग—जैसा कि इनके नाम से ही स्पष्ट है, इन योगों के समय कोई भी शुभ कार्य किया जाये, तो वह सफल होता है। यात्रा, गृहप्रवेश, नूतन-कार्यारम्भ आदि सभी कार्यों के लिए शीघ्रता या अन्य किसी अपरिहार्य कारणवश गुरु-शुक्रास्त आदि का विचार असम्भव होने पर इन सर्वार्थसिद्धि आदि योगों का आश्रय लेना चाहिए। **यहां ब्रैकेटों (Brackets) में दिये गये अमृतसिद्धि योग संज्ञा वाले सर्वार्थसिद्धि योग विशेष फलदायक माने गये हैं।** ये योग (अमृतसिद्धि संज्ञक सर्वार्थसिद्धि योग) जिन-जिन वारों में घटित हुए हैं, उनका निर्देश भी हमने यहां साथ-साथ कर दिया है। **ध्यान रहे**—गुरुवार वाले अमृतसिद्धि योग (जिन्हें गुरुपुष्यामृत योग भी कहा जाता है) के समय विवाह, मंगलवार वाले अमृतसिद्धि योग के समय नये घर में प्रवेश तथा शनिवार वाले अमृतसिद्धि योग के समय यात्रा नहीं करनी चाहिए। शेष सभी कार्यों के लिए इन्हें नि:संकोच प्रयोग में लाइये।

रवियोग—रवियोग भी सर्वार्थसिद्धि योगों की भांति ही सभी कार्यों के लिए शुभ माने जाते हैं। रवियोग सभी बुरे योगों को नष्ट करने की अद्भुत शक्ति रखता है—**"कुयोगविध्वंस-करा: शुभेषु।"**

सिद्धियोग—सिद्धियोग भी **सर्वार्थसिद्धि** और **रवियोगों** की भांति ही प्रत्येक कार्य के लिए महत्त्वशाली माने गये हैं। सिद्धियोग में **यमघण्ट, विष** आदि कुयोगों का प्रभाव प्राय: समाप्त हो जाता है—ऐसा शास्त्रनिर्देश है।

त्रिपुष्करयोग—मुहूर्त्तविदों का कथन है कि—इस योग में सम्पन्न किया गया या घटित कोई शुभकार्य अथवा कोई शुभाशुभ घटना कालान्तर में त्रिगुणित हो जाती है। इसमें बहुमूल्य वस्तुओं (आभूषण, भूमि, गाड़ी आदि) का क्रय (खरीदना) त्रिगुणकारी माना जाता है। **द्विपुष्करयोग**—ये योग त्रिपुष्करयोगों की ही भांति शुभाशुभ सभी घटनाओं को द्विगुणित करते हैं। त्रिपुष्कर एवं द्विपुष्कर—इन सुयोगों का सत्यापक शास्त्रवचन इस तरह है—**"त्रिपुष्करस्त्रिगुणदो द्विगुणो यमलांघ्रिभे।"**

सर्वार्थसिद्धि योग (सन् २०१९ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त		
२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.
अप्रैल ७	सू.	उ.	अप्रैल ७	८	४४	अप्रैल २२	सू.	उ.	अप्रैल २२	१६	४५	मई १५	७	१६	मई १६	सू.	उ.	(जून ६	२०	२८	जून ७	सू.	उ.)गु.
अप्रैल ९	सू.	उ.	अप्रैल ९	१०	१९	अप्रैल २६	२३	१४	अप्रैल २८	२	१२	मई २४	७	३०	मई २५	१०	१४	जून १२	सू.	उ.	जून १२	११	५१
अप्रैल १०	सू.	उ.	अप्रैल ११	सू.	उ.	मई २	१३	१	मई ३	सू.	उ.	मई २८	१८	५८	मई २९	सू.	उ.	जून २१	सू.	उ.	जून २१	१८	१४
अप्रैल १२	९	५३	अप्रैल १३	सू.	उ.	(मई ३	सू.	उ.	मई ३	१४	३९)शु.	मई ३०	सू.	उ.	जून १	००	११	जून २५	सू.	उ.	जून २६	सू.	उ.
अप्रैल १४	सू.	उ.	अप्रैल १४	७	३९	मई ६	१६	३६	मई ७	सू.	उ.	जून ३	सू.	उ.	जून ४	०	५	जून २७	सू.	उ.	जून २८	९	११
अप्रैल १७	२३	३५	अप्रैल १८	सू.	उ.	मई ८	सू.	उ.	मई ८	१५	५९	(जून ४	०	५	जून ४	सू.उ.)चं.		जुलाई १	सू.	उ.	जुलाई १	९	२४
अप्रैल २०	सू.	उ.	अप्रैल २०	१७	५८	मई ९	१५	१७	मई १०	१४	२१	जून ६	सू.	उ.	जून ६	२०	२८	(जुलाई १	९	२४	जुलाई २	सू.उ.)चं.	

सर्वार्थसिद्धि योग (सन् २०१९ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ २०१९ ई.	घं.	मि.	समाप्त २०१९ ई.	घं.	मि.
(जुलाई ४	सू.	उ.	जुलाई ५	२	३०)गु.
जुलाई ७	२०	१३	जुलाई ८	सू.	उ.
जुलाई १४	१७	२५	जुलाई १५	सू.	उ.
जुलाई २३	सू.	उ.	जुलाई २३	१३	१३
जुलाई २५	सू.	उ.	जुलाई २५	१७	३९
(जुला. २७	११	३०	जुलाई २७	११	४६)श.
जुलाई २७	११	४६	जुलाई २८	सू.	उ.
(जुला.२९	सू.	उ.	जुला.२९	१८	२२)चं.
(अग. १	सू.	उ.	अग. १	१२	११)गु.
अग. ४	सू.	उ.	अग. ५	सू.	उ.
अग. ८	२१	२७	अग. ९	सू.	उ.
अग. ११	सू.	उ.	अग. १२	०	४५
अग. १८	१६	५४	अग. १९	सू.	उ.
(अग. २०	२२	२८	अग. २१	सू.	उ.)मं.
(अग. २४	सू.	उ.	अग. २५	४	१५)श.
अग. ३०	१७	११	अग. ३१	सू.	उ.
सितं. १	सू.	उ.	सितं. १	११	१०
(सितं. १	११	१०	सितं. २	सू.	उ.)र.
(सितं. ५	४	७	सितं. ५	सू.	उ.)बु.
सितं. ५	सू.	उ.	सितं. ६	४	८
सितं. ८	सू.	उ.	सितं. ८	६	२९
सितं. १५	सू.	उ.	सितं. १६	१	४४
(सितं. १७	सू.	उ.	सितं. १८	सू.	उ.)मं.
(सितं. २१	सू.	उ.	सितं. २१	११	२१)श.
सितं. २७	सू.	उ.	सितं. २८	१	४
(सितं. २९	सू.	उ.	सितं. २९	११	६)र.
(अक्तू. २	१२	५१	अक्तू. ३	सू.	उ.)बु.
अक्तू. ३	सू.	उ.	अक्तू. ३	१२	१०
अक्तू. ६	१५	३	अक्तू. ७	सू.	उ.
अक्तू. ७	१७	२५	अक्तू. ८	सू.	उ.

प्रारम्भ २०१९ ई.	घं.	मि.	समाप्त २०१९ ई.	घं.	मि.
अक्तू. १३	सू.	उ.	अक्तू. १३	७	५२
(अक्तू. १५	सू.	उ.	अक्तू. १५	१२	३०)मं.
अक्तू. १६	१४	२१	अक्तू. १७	सू.	उ.
अक्तू. २१	१७	३२	अक्तू. २२	सू.	उ.
अक्तू. २२	१६	३८	अक्तू. २३	सू.	उ.
अक्तू. २५	सू.	उ.	अक्तू. २५	११	००
(अक्तू. ३०	सू.	उ.	अक्तू. ३०	२१	५९)बु.
नवं. ३	सू.	उ.	नवं. ४	०	५४
नवं. ४	सू.	उ.	नवं. ५	३	२३
नवं. १०	१७	१८	नवं. ११	सू.	उ.
नवं. १२	२०	५१	नवं. १४	सू.	उ.
नवं. १७	२२	५८	नवं. १८	२२	२०
नवं. १९	सू.	उ.	नवं. १९	२१	२२
(नवं. २७	सू.	उ.	नवं. २७	८	१२)बु.
दिसं. १	सू.	उ.	दिसं. १	९	४०
दिसं. २	सू.	उ.	दिसं. २	११	४३
दिसं. ६	२२	५७	दिसं. ७	६	३४
(दिसं. ७	६	३४	दिसं. ७	सू.	उ.)शु.
दिसं. ८	सू.	उ.	दिसं. ९	३	३०
दिसं. १०	सू.	उ.	दिसं. ११	५	५७
दिसं. ११	सू.	उ.	दिसं. १२	सू.	उ.
दिसं. १४	५	५०	दिसं. १४	सू.	उ.
दिसं. १५	सू.	उ.	दिसं. १६	४	००
दिसं. २१	१९	४८	दिसं. २२	सू.	उ.
दिसं. २३	१७	३९	दिसं. २४	सू.	उ.
दिसं. २८	१८	४३	दिसं. २९	सू.	उ.
(सन् २०२० ई.)					
जन. ३	७	११	जन. ३	सू.	उ.
(जन. ३	सू.	उ.	जन. ४	सू.	उ.)शु.

प्रारम्भ २०२० ई.	घं.	मि.	समाप्त २०२० ई.	घं.	मि.
जन. ५	सू.	उ.	जन. ५	१२	२७
जन. ७	सू.	उ.	जन. ७	१५	२४
जन. ८	सू.	उ.	जन. ९	सू.	उ.
जन. १०	१४	४८	जन. ११	सू.	उ.
जन. १२	सू.	उ.	जन. १२	११	४९
जन. १६	४	६	जन. १६	सू.	उ.
जन. १८	सू.	उ.	जन. १९	०	१५
जन. २०	सू.	उ.	जन. २०	२३	३०
जन. २५	२	४५	जन. २६	४	३५
जन. ३०	१५	१२	जन. ३१	सू.	उ.
(जन. ३१	सू.	उ.	जन. ३१	१८	९)शु.
फर. ४	०	५२	फर. ४	सू.	उ.
फर. ५	सू.	उ.	फर. ६	१	५८
फर. ७	१	२१	फर. ७	२४	००
फर. १२	११	४६	फर. १३	सू.	उ.
फर. २१	९	१३	फर. २२	११	१९
फर. २५	१९	१०	फर. २६	सू.	उ.
फर. २७	सू.	उ.	फर. २८	४	२
मार्च २	८	५५	मार्च ३	सू.	उ.
मार्च ४	सू.	उ.	मार्च ४	११	२३
मार्च ५	११	२६	मार्च ६	१०	३८
मार्च ११	सू.	उ.	मार्च ११	१८	५९
मार्च २०	सू.	उ.	मार्च २०	१७	५
मार्च २४	सू.	उ.	मार्च २५	४	१८

रवियोग (सन् २०१९ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ	घं.	मि.	समाप्त	घं.	मि.
अप्रैल ८	९	४२	अप्रैल ९	१०	१९
अप्रैल १०	१०	३३	अप्रैल ११	१०	२५
अप्रैल १३	८	५८	अप्रैल १६	४	१
अप्रैल १७	२३	३५	अप्रैल १८	२१	२५

रवियोग (सन् २०१९ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ २०१९ ई.	घं.	मि.	समाप्त २०१९ ई.	घं.	मि.
अप्रैल २४	१८	३५	अप्रैल २५	२०	३७
मई ७	१६	२७	मई ८	१५	५९
मई ९	१५	१७	मई १०	१४	२१
मई १३	१०	२७	मई १५	७	१६
मई १७	४	१६	मई १८	३	७
मई २४	७	३०	मई २५	१०	१४
मई २५	२०	२६	मई २६	१३	१३
जून ५	२१	५४	जून ६	२०	२८
जून ७	१८	५६	जून ८	१७	२२
जून ८	१८	१३	जून ९	१५	४८
जून ११	१३	००	जून १३	१०	५५
जून १५	९	५९	जून १६	१०	६
जून २४	०	७	जून २५	३	१
जुला. ५	२	३०	जुला. ६	०	१८
जुला. ६	१६	४९	जुला. ६	२२	१०
जुला. ७	२०	१३	जुला. ८	१८	३३
जुला. १०	१६	२१	जुला. १२	१५	५७
जुला. १४	१७	२५	जुला. १५	१८	५१
जुला. २३	१३	१३	जुला. २४	१५	४१
अग. ३	६	४३	अग. ३	१५	५७
अग. ४	४	५	अग. ५	१	४३
अग. ५	२३	४७	अग. ६	२२	२३
अग. ८	२१	२७	अग. १०	२३	५
अग. १३	२	५१	अग. १४	५	१८
अग. २२	०	४७	अग. २३	२	३६
सितं. २	८	३२	सितं. ३	६	२४
सितं. ४	४	५३	सितं. ५	४	७
सितं. ७	४	५७	सितं. ९	८	३५
सितं. ११	१३	५९	सितं. १२	१६	५८
सितं. २०	१०	१९	सितं. २१	११	२१

रवियोग
(सन् २०१९ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०१९ ई.	घं.	मि.	२०१९ ई.	घं.	मि.
अक्तू. १	१४	२०	अक्तू. २	१२	५१
अक्तू. ३	१२	१०	अक्तू. ४	१२	११
अक्तू. ६	१५	३	अक्तू. ८	२०	१२
अक्तू. ११	२	१३	अक्तू. ११	७	२५
अक्तू. १२	५	९	अक्तू. १३	७	५२
अक्तू. १९	१७	४०	अक्तू. २०	१७	५२
अक्तू. ३०	२१	५९	अक्तू. ३१	२१	३१
नवं. १	२१	५१	नवं. २	२३	१
नवं. ५	३	२३	नवं. ८	१२	१२
नवं. १०	१७	१८	नवं. ११	१९	१७
नवं. १७	२२	५८	नवं. १८	२२	२०
नवं. २९	७	३३	नवं. ३०	८	१५
दिसं. १	९	४०	दिसं. २	११	४३
दिसं. ३	१२	२३	दिसं. ३	१४	१६
दिसं. ५	२०	७	दिसं. ८	१	२७
दिसं. १०	५	०	दिसं. ११	५	५७
दिसं. १८	१	२६	दिसं. १८	२४	००
दिसं. २८	१८	४३	दिसं. २९	१७	३५
दिसं. २९	२०	२९	दिसं. ३०	२२	४६
(सन् २०२० ई.)					
जन. १	१	२७	जन. २	४	२२
जन. ४	१०	५	जन. ६	१४	१५
जन. ८	१५	५१	जन. ९	१५	३७
जन. १६	४	६	जन. १७	२	३०
जन. २८	९	२२	जन. २२	१२	१३
जन. ३०	१५	१२	जन. ३१	१८	९
फर. २	२३	११	फर. ५	१	४९
फर. ७	२४	००	फर. ८	२२	५
फर. १४	७	२७	फर. १५	६	१
फर. २६	२२	८	फर. २८	१	८

रवियोग
(सन् २०२० ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२० ई.	घं.	मि.	२०२० ई.	घं.	मि.
फर. २९	४	२	मार्च १	६	४२
मार्च ३	१०	३१	मार्च ६	१०	३८
मार्च ८	६	५२	मार्च ९	४	९
मार्च १४	१२	२०	मार्च १५	११	२३

सिद्धियोग
(सन् २०१९-२० ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
अप्रैल २०	सू.	उ.	अप्रैल २०	१७	५८
मई ९	१५	१७	मई १०	सू.	उ.
मई २८	१८	५८	मई २९	सू.	उ.
जून ६	सू.	उ.	जून ६	२०	२८
जून २५	सू.	उ.	जून २६	सू.	उ.
जुलाई १४	१७	२५	जुलाई १५	सू.	उ.
जुलाई २३	सू.	उ.	जुलाई २३	१३	१३
अग. ११	सू.	उ.	अग. १२	०	४५
अग. ३०	१७	११	अग. ३१	सू.	उ.
सितं. ८	सू.	उ.	सितं. ८	६	२९
सितं. २७	सू.	उ.	सितं. २८	१	४
अक्तू. ७	१७	२५	अक्तू. ८	सू.	उ.
अक्तू. १६	१४	२१	अक्तू. १७	सू.	उ.
अक्तू. २५	सू.	उ.	अक्तू. २५	११	००
नवं. ४	सू.	उ.	नवं. ५	३	२३
नवं. १३	सू.	उ.	नवं. १३	२२	००
दिसं. २	सू.	उ.	दिसं. २	११	४३
दिसं. २१	१९	४८	दिसं. २२	सू.	उ.
जन. १८	सू.	उ.	जन. १९	००	१५
फर. ७	१	२१	फर. ७	सू.	उ.
फर. २५	१९	१०	फर. २६	सू.	उ.
मार्च ५	११	२६	मार्च ६	सू.	उ.
मार्च २४	सू.	उ.	मार्च २५	४	१८

द्विपुष्करयोग
(सन् २०१९-२०२० ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०१९-२० ई.	घं.	मि.	२०१९-२० ई.	घं.	मि.
मई २५	१०	१४	मई २६	८	४९
जून ४	१३	५७	जून ४	२३	८
जुलाई २८	१९	१७	जुलाई २९	सू.	उ.
अग. ६	१३	३०	अग. ६	२२	२३
सितं. २१	११	२१	सितं. २१	२०	२१
सितं. २९	२०	१३	सितं. ३०	सू.	उ.
नवं. २३	१४	४४	नवं. २४	३	४३
दिसं. ३	सू.	उ.	दिसं. ३	१४	१६
जन. २६	४	३५	जन. २७	६	१५
मार्च २१	सू.	उ.	मार्च २१	७	५६

त्रिपुष्करयोग
(सन् २०१९-२० ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
अप्रैल २०	१७	५८	अप्रैल २१	१२	३२
मई १	०	१८	मई १	सू.	उ.
मई ६	३	५९	मई ६	सू.	उ.
जून २४	०	७	जून २४	सू.	उ.
जून २९	९	५७	जून ३०	६	११
अग. १७	१३	५५	अग. १७	२२	४८
अग. २७	सू.	उ.	अग. २८	१	१३
अग. ३१	१४	७	सितं. १	८	२६
सितं. १०	सू.	उ.	सितं. १०	११	९
अक्तू. २०	१७	५२	अक्तू. २१	सू.	उ.
अक्तू. २९	सू.	उ.	अक्तू. २९	२३	११
नवं. ३	१	३१	नवं. ४	०	५४
दिसं. १४	सू.	उ.	दिसं. १४	८	४७
दिसं. २२	१८	३७	दिसं. २३	सू.	उ.
दिसं. २८	सू.	उ.	दिसं. २८	११	१०
जन. ७	सू.	उ.	जन. ७	१५	२४

त्रिपुष्करयोग
(सन् २०२० ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
२०२० ई.	घं.	मि.	२०२० ई.	घं.	मि.
फर. १५	सू.	उ.	फर. १५	१६	२९
फर. २५	सू.	उ.	फर. २५	१९	१०
मार्च १	११	१६	मार्च २	सू.	उ.
मार्च १०	१९	२३	मार्च १०	२२	१

अमृतसिद्धियोग
(सन् २०१९-२० ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
(मई ३	सू.	उ.	मई ३	१४	३९)शु.
(जून ४	०	५	जून ४	सू.	उ.)चं.
(जून ६	२०	२८	जून ७	सू.	उ.)गु.
(जुला. १	९	२४	जुला. २	सू.	उ.)चं.
(जुला. ४	सू.	उ.	जुला. ५	२	३०)गु.
(जुला. २७	१९	३०	जुला. २७	१९	४६)श.
(जुला.२९	सू.	उ.	जुला.२९	१८	२२)चं.
(अग. १	सू.	उ.	अग. १	१२	११)गु.
(अग. २०	२२	२८	अग. २१	सू.	उ.)मं.
(अग. २४	सू.	उ.	अग. २५	४	१५)श.
(सितं. १	११	१०	सितं. २	सू.	उ.)र.
(सितं. ५	४	७	सितं. ५	सू.	उ.)बु.
(सितं. १७	सू.	उ.	सितं. १८	सू.	उ.)मं.
(सितं. २१	सू.	उ.	सितं. २१	११	२१)श.
(सितं. २९	सू.	उ.	सितं. २९	१९	६)र.
(अक्तू. २	१२	५१	अक्तू. ३	सू.	उ.)बु.
(अक्तू.१५	सू.	उ.	अक्तू.१५	१२	३०)मं.
(अक्तू.३०	सू.	उ.	अक्तू.३०	२१	५९)बु.
(नवं. २७	सू.	उ.	नवं. २७	८	१२)बु.
(दिसं. ७	६	३४	दिसं. ७	सू.	उ.)शु.
(जन. ३	सू.	उ.	जन. ४	सू.	उ.)शु.
(जन. ३१	सू.	उ.	जन. ३१	१८	९)शु.

श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग (सं. 2076 वि.) का 'शोधनिबन्ध' विशेषांक

(लेखक एवं सम्पादक—प्रियव्रत शर्मा)

इस विशेषांक के विषय :-

इन नीचे लिखी 'अभिजित् प्रकाशन' द्वारा प्रकाशित प्रो. प्रियव्रत शर्मा द्वारा लिखित दैवज्ञ-प्रिय पुस्तकों के प्रतिपाद्य विषय एवं मूल्य आदि जानने के लिए हमें नीचे लिखे पते पर पत्र दीजिए। हम आपको एतदर्थ अपना विस्तृत पुस्तक-सूचीपत्र (Catalouge) बिना मूल्य भेजेंगे। चाहें तो आप नीचे दिए फोन नं. पर भी इन प्रकाशनों के बारे में अपेक्षित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पुस्तक	पुस्तक
(i) ग्रहोदयास्त-निर्णय....................	(vi) मुहूर्त्त-गजानन..............................
(ii) गणक मार्त्तण्ड..........................	(vii) ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन..............
(iii) शताब्दी ग्रहभोगांश....................	(viii) विश्व लग्नसारणी..........................
(iv) शताब्दी विश्वकुण्डली दर्पण.......	(ix) ग्रहणादर्श....................................
(v) व्रत-पर्व-विवेक..........................	(x) भारतीय चन्द्रोदयास्त-निर्णय...........

ग्राहकों के लिए हर्षप्रद समाचार

'अभिजित् प्रकाशन' की उपरोक्त इन सभी पुस्तकों में से Rs. 1000/- या इससे अधिक मूल्य की पुस्तकें मंगवाने वाले ग्राहक को पुस्तक मूल्य पर 20 प्रतिशत की छूट दी जायेगी और डाकखर्च भी माफ किया जायेगा।

पुस्तकों का डाकव्ययसहित मूल्य आप हमारे (अभिजित् प्रकाशन, पंचकूला—हरियाणा के) **O.B.C. Bank (ORIENTAL BANK OF COMMERCE)** के **Account no. 09 88 11 31 00 13 92 (IFSC Code No.- ORBC- 0100988)** में भी जमा करवा सकते हैं। हमारे इस बैंक खाता में पैसे जमा करवाने के बाद हमारे फोन नं. 090413 30161 पर हमें अपना नाम, पता, फोन नं. और पुस्तकें, जो आप मंगवाना चाहते हैं, SMS द्वारा तुरन्त सूचित करना न भूलें।

भवदीया :—

श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., 'अभिजित् प्रकाशन',

कोठी नं. 59, सैक्टर 6, P.O. पंचकूला (हरियाणा) - 134 109

Phone: 0172-2565 303, (M.) 09041330161

समस्याएं और समाधान

लेखक—प्रियव्रत शर्मा, कोठी नं. 59, सेक्टर-6 (अभिजित्), पंचकूला-134 109

फलित एवं गणित (सिद्धान्त) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर देने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है। लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी पत्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के कारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्र द्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता।

विशेष निर्देश—समस्या भेजने वाले को अपना पूरा साफ-साफ पता और फोन नं. दोनों अनिवार्यत: भेजने होंगे। पता एवं फोन नं. के बिना प्राप्त समस्याओं के समाधान न तो पंचांग में प्रकाशित होंगे और न ही उनका उत्तर डाक से दिया जा सकेगा—यह ध्यान रखें।

चार से अधिक समस्याएं न भेजें।

ध्यान दें—मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूं। अत: अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूं। कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है।

—प्रियव्रत शर्मा

समस्या—प्रतिवर्ष हमारे कुछ व्रतपर्वों की तिथियों (तारीखों) में पंचांगकार एकमत नहीं होते, जिससे धार्मिक जनता में भारी विक्षोभ पाया जाता है। क्या इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सकता?

—पं. मुरारिझा शास्त्री,
मु.पो. वेहट, (सहारनपुर) उ.प्र.,

समाधान—हिन्दुओं के प्राचीन परम्परागत व्रतपर्वोत्सवों की तिथियों के निर्धारण में वैमत्य एक ऐसी समस्या है, जिसका शत-प्रतिशत समाधान भारतीय पंचांगकार आज तक नहीं कर पाए, अथवा ऐसा कहना अधिक उपयुक्त होगा कि—इस समस्या के समाधान के लिए आज तक कोई ठोस कदम उन्होंने उठाया ही नहीं। भारत में पर्वोत्सवों की तिथियों से सम्बद्ध मतभेद के अपाकरण के लिए अनेकों ज्योतिष-सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनका परिणाम सन्तोषजनक नहीं रहा। नवम्बर 1968 ई. में भारतसरकार द्वारा विज्ञानभवन दिल्ली में आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में भी व्रत-पर्वों की तिथियों में उत्पन्न होने वाले वैषम्य के निराकरण के लिए कुछ प्रस्ताव पारित किए गए, जो अनेक त्रुटियों के कारण इस क्षेत्र में प्रभावशून्य ही रहे। इन सभी सम्मेलनों की विफलता का एकमात्र कारण यही रहा है कि—वैमत्य पैदा करने वाले सभी तत्त्वों का सुस्पष्ट विश्लेषण तथा उनका निवारण करने वाले उपायों पर एकैकश: गम्भीरता से विचार किया ही नहीं गया।

हमारे व्रतोत्सवों में उत्पन्न होने वाले इस अनैकमत्य के निम्नांकित ये तीन प्रमुख कारण रहे हैं—

1. पञ्चाङ्गीय गणितों में मतभेद।
2. ऋषि-आचार्यों के व्रतपर्व-निर्णायक वचनों में एकता का अभाव।
3. विभिन्न पंचांगों की गणना का विभिन्न अक्षांश-रेखांशीय आधार।

अब अनैकमत्य के इन तीन कारणों में से प्रथम कारण (पंचांगीय गणितों में मतभेद) का अस्तित्व समाप्तप्राय है, क्योंकि भारतसरकार द्वारा आयोजित Calendar Reform Committee द्वारा पंचांगों के निर्माण के लिए चित्राऽयनांशीय दृक्पक्ष को ही प्रमाणिक माना गया है। तदनुसार भारत के लगभग सभी पंचांग अब इसी पक्ष का अनुसरण कर रहे हैं। जिससे अनैकमत्य का यह कारण अब लुप्त है। इस प्रकार अब व्रत-पर्वों की तिथियों में उत्पन्न होने वाले मतभेद के शेष दो (द्वितीय और तृतीय) कारण ही उत्तरदायी हैं।

द्वितीय कारण (ऋषि-आचार्यों के व्रत-पर्व निर्णायक वचनों में एकता का अभाव) के सम्मार्जन के लिए "व्रत-पर्व सम्बन्धी धर्मशास्त्र के विशेषज्ञ विद्वानों की समिति" गठित होनी चाहिए, जो अनैकमत्य के शिकार व्रत-पर्वों के निर्णायक तत्त्वों को स्पष्टता से परिभाषित, परिमार्जित कर अन्तिम तर्कनिष्ठ मत (सिद्धान्त) स्थापित करे। इन दिनों मुझे ज्ञात हुआ है, कुछ पंचांगकार तथा अन्य लोग एक समिति बना रहे हैं, जो व्रत-पर्वों की तिथियों में मतभेद के कारणों पर गम्भीरता से विचार कर इस समस्या का अन्तिम समाधान ढूंढेंगे। इसके लिए समिति के सदस्यों को 'कृत्यकल्पतरु', 'काल माधव', 'पुरुषार्थ चिन्तामणि', 'निर्णयसिन्धु', 'धर्मसिन्धु' आदि प्रामाणिक ग्रन्थों का गम्भीर परिशीलन करना होगा। इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए कालावधि कुछ भी लग सकती है। इस परिशीलन से प्राप्त अन्तिम परिणामों के सारांश को पंचांगकारों तक पहुंचाने के लिए Pamphlet (पुस्तिका) के रूप में प्रकाशित किया जाए और पंचांगकारों से अनुरोध (Appeal) किया जाए कि वे इन परिणामों को यथावस्थ स्वीकार कर लें। इस विषय में वे कोई 'ननु-नच' (तर्क-वितर्क) न करें। यह appeal पंचांगकारों द्वारा कहां तक मान्य होगी, यह तो समय ही बतलायेगा। इस appeal का तिरस्कार होने की स्थिति में धर्माचार्य-शंकराचार्यों के शासन को मान्यता दी जाएगी, ऐसा समिति के कुछ सदस्यों का कहना है।

अब हम व्रत-पर्वों की तिथियों में अनैकमत्य के तीसरे कारण (विभिन्न पंचांगों की गणना का विभिन्न अक्षांश-रेखांशीय आधार) को लेते हैं। इस कारण को संक्षेप में **"पंचांगगणना में भूपृष्ठीय भेद"** कहते हैं। भारत के सभी प्रदेशों में हिन्दी, अंग्रेजी, प्रान्तीय भाषाओं में लगभग 200-250 पंचांग प्रकाशित होते हैं। ये सभी पंचांग भिन्न-भिन्न नगरों के अक्षांश-रेखांशों के आधार पर बनते हैं, जिससे इनकी वारप्रवृत्ति, तिथिक्षय-वृद्धि, अपराह्ण, सायाह्न, प्रदोष आदि कालों की प्रवृत्ति, निवृत्ति आदि, जिनके आधार पर व्रत-पर्व की तिथियों (तारीखों) का निर्धारण किया जाता है, एक-दूसरे से मेल नहीं खाती। परिणामस्वरूप अनेकदा इन पंचांगों द्वारा निर्णीत तिथियों में ऐकमत्य नहीं हो पाता। इसलिए इन सभी पंचांगों का निर्माण किसी एक ही स्थल के अक्षांशादि के आधार पर करना होगा। इसके लिए भारत सरकार द्वारा 14 प्रान्तीय भाषाओं में प्रकाशित राष्ट्रीय पंचांगों के आधार स्थल रेखांश (पू.) 82^{0}-30', अक्षांश (उ.)23^{0}-11' (जिसे हम भारतीय केन्द्रस्थल कहेंगे) को ही आधार मानकर सभी पंचांगों का निर्माण होना चाहिए। इससे भारत के सभी पंचांगों द्वारा निर्णीत व्रत-पर्वों की तिथियों में ऐकमत्य रहेगा। यदि भारतीय पंचांगकार अपने-अपने पंचांगों को पूर्ववत् अपने ही नगर के अक्षांश-रेखांशों के आधार पर ही बनाना चाहें, तो वे ऐसा करने में स्वतन्त्र हैं। हां, उन्हें तब व्रत-पर्वों की तिथि का निर्णय करने के लिए भारतीय केन्द्रस्थल के ही सूर्योदयास्त, चन्द्रोदयास्त, अपराह्ण आदि काल आदि प्रयोग करना होगा, जिससे व्रत-पर्वों की तिथियों के निर्णय में भूपृष्ठभेद जन्य अन्तर न आने पाए।

भारत के प्रत्येक प्रान्त में स्थानीय व्रत-पर्वों का भी अनुष्ठान होता है। इन प्रान्तीय व्रत-पर्वों की तिथि का निर्धारण तत्तत्प्रान्तों की परम्परा-प्राप्त पद्धति से ही किया जाता है। अत: इनके निर्धारण के लिए स्थानीय पंचांग का ही प्रयोग होगा, यह तो स्पष्ट ही है।

किंच—विवाहादि मुहूर्त तथा अन्य वे सभी शुभ-अशुभ कृत्य जिनका सम्बन्ध व्यक्ति विशेष, स्थान विशेष से है, उनका अनुष्ठान तो स्थानीय पंचांग के आधार पर ही करना होगा, वहां केन्द्र स्थलीय पंचांग का प्रयोग नहीं होगा—यह भी स्पष्ट है।

समस्या—(i) आपके पंचांग में वैवाहिक लग्नों का काल कन्यादान या सात फेरों या किसी अन्य वैवाहिक कार्य के निष्पादन का होता है?

(ii) विवाहांग-कृत्य दलन, कण्डन आदि विवाह दिन से पूर्ववर्ती 3-6-9 दिनों में वर्जित हैं,यदि वैवाहिक लग्न अगले दिन में चला जाता है,क्या तब भी यह गणना यथावत् रहेगी या लग्न दिन से की जायेगी।

(iii) आप अपने पंचांग में "त्रिबल शुद्धि विचार" के अन्तर्गत "विवाहादौ त्रिबल शोधनम्" कोष्ठक में प्रतिवर्ष 12वें चन्द्र को श्रेष्ठ चन्द्र अंकित करते आ रहे हैं,जबकि "ग्रह-योग एवं दाम्पत्य जीवन" पुस्तक के "विवाह में त्रिबल-शोधन" प्रकरण-3 में इसे नेष्ट माना है—ऐसा क्यों?

—रामअवतार राजपूत,
मुरादगंज, औरैया (उ.प्र.),

समाधान—(i) ये वैवाहिकलग्न पाणिग्रहण काल के होते हैं।

(ii) यदि विवाहलग्न आगे खिसक गया हो और दलनकण्डन विहित काल में न पड़ता हो, तो विनायक शान्ति करवानी चाहिए।

(iii) 'ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन' के त्रिबल शुद्धि प्रकरण को ध्यान से पढ़िए। वहां द्वादशस्थ चन्द्र को ग्राह्य (पूज्य) बतलाया गया है।

समस्या—नक्षत्रान्त की 3 घड़ियां शुभ कृत्यों में वर्जित मानी गई हैं। लेकिन आपने इन्हें वर्जित नहीं किया, क्या कारण है?

—पं. देशराज शास्त्री,
मु.नोग, P.O. बिनौला (बिलासपुर) हि.प्र.,

समाधान—लग्नशुद्धि होने पर इन्हें (नक्षत्रान्त की 3 घड़ियों को) ग्राह्य माना गया है।

समस्या—वायुयान एवं शिप (समुद्री जहाज) में जन्म लेने वाले जातक के जन्मस्थलीय अक्षांश-रेखांशों का ज्ञान कैसे होगा?

समाधान—G.P.S (Global Positioning System) द्वारा इसे ज्ञात किया जा सकता है। यह सिस्टम वायुयान, शिप तथा अब लगभग सभी मोबाइल्स में भी उपलब्ध है।

समस्या—लीपइयर में बढ़ी हुई एक तारीख का क्या कारण है, हमेशा फरवरी की 28 तारीखों में ही जोड़ा जाता है?

समाधान—मूलत: फरवरी मास वर्ष का अन्तिम (बारहवां) मास था। इसलिए लीपइयर में बढ़ी एक तारीख (दिन) को इसी में जोड़ने की परम्परा है। स्पष्ट है—वर्ष का वास्तविक पहिला मास मार्च था। देखिए—मार्च को वर्ष का प्रथम मास मानने पर अप्रैल द्वितीय मास, मई तृतीय, जून चतुर्थ, जुलाई पंचम, अगस्त षष्ठ, सितम्बर सप्तम, अक्तूबर अष्टम, नवम्बर नवम, दिसम्बर दशम, जनवरी एकादश और फरवरी द्वादश मास होता है। ध्यान दें—यहां सातवें मास से दसवें मास तक की संज्ञाएं सितम्बर, अक्तूबर, नवम्बर और दिसम्बर हैं, जो संस्कृत के सप्तम, अष्टम,

नवम और दशम के सदृश हैं। क्योंकि संस्कृत English दोनों भाषाएं Indo-European परिवार की ही भाषाएं हैं, इसी कारण मासों के इन चार नामों में यह आश्चर्यकर सादृश्य है।

समस्या—व्रत की पारणा (व्रतान्त भोजन) कब करनी चाहिए?

समाधान—जिस तिथि का व्रत हो उस तिथि की समाप्ति पर दूसरे दिन (व्रत दिन से दूसरे दिन) प्रातः दिनमान के प्रथम पंचमांश में देवार्चन करके पारणा करनी चाहिए। यदि प्रातःकाल व्रत तिथि से पूर्ण तथा व्याप्त हो, तो मध्याह्न काल तक किसी भी समय पारणा की जा सकती है। यदि व्रततिथि का कोई योग या नक्षत्र भी निर्णायक हो, तो वहां, जहां तक सम्भव हो उस योग/नक्षत्र के काल को भी पारणा में छोड़ देना चाहिए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के व्रत की पारणा मध्य रात्रि में पूजार्चना से निवृत्त होकर रात्रि में ही की जा सकती है। लेकिन वहां पारणा में निशीथ काल को वर्जित करना चाहिए।

समस्या—चलित कुण्डली से फलादेश प्रामाणिक होता है या राशि कुण्डली से?

—अरुण गौतम,

मु. बच्छाली, P.O. *बश्वाला (सोलन) हि.प्र.,*

समाधान—चलित कुण्डली से फलादेश कथन की परम्परा अब लुप्तप्राय है। फलित की सभी शाखाओं में लगभग शत-प्रतिशत दैवज्ञ राशि कुण्डली को ही आधार मानते हैं।

ध्यान रहे—फलादेश के व्यभिचरण की प्रतिशतता दोनों विधाओं में समान है।

समस्या—(i) क्या जातक की जन्मकालिक ग्रहस्थिति के आधार पर उसकी आयु (जीवनावधि) का निर्धारण किया जा सकता है। आपने कुछ वर्ष पहिले श्रीमार्त्तण्डपंचांग के एक अंक में आयु निर्धारण पर चर्चा की थी। क्या वह विधि बिल्कुल सही result देती है?

(ii) उपचयस्थान 3, 6, 10, 11 शुभ हैं।

दुःस्थान 3, 8, 12 अशुभ हैं।

त्रिषडाय स्थान 3, 6, 11 अशुभ हैं।

यह जातक ग्रन्थों में लिखा मिलता है, इनमें 3, 6, 11 स्थानों को शुभ और अशुभ दोनों बतलाया गया है। यह विरोध क्यों?

—डॉ. कर्णवीर जैन,

प्लाट नं. 31, सेक्टर-56, गुड़गांव (हरि.),

समाधान—(i) स्पष्ट है, आयुसाधन पर मेरी लिखी लेखमाला, जो मार्तण्ड पंचांग के तीन अंकों में छपी थी, आपने पूरी नहीं पढ़ी। मैंने उस गणितमयी लम्बी लेखमाला में आयुसाधन करने वाली विभिन्न पद्धतियों को परस्पर विरोधी परिणाम देने वाली सिद्ध किया है।

(ii) फलित ज्योतिष में इस प्रकार स्पष्ट रूप में परस्पर विरोधी बातें पदे-पदे मिलती हैं। ज्योतिष की फलित शाखा में उपलब्ध ऐसी विरोधी बातों, सिद्धान्तों की कमी नहीं है। एक ही प्रकार की ग्रहस्थिति आदि में परस्पर विरोधी फलों की उपलब्धि ही इस प्रकार के विरोधों का कारण है।

— — —

अरुणोदय आदि काल -साधन

रामनवमी आदि लगभग सभी व्रत-पर्वों के दिन के निर्णय के लिए अरुणोदय तथा पंचधा विभक्त दिन के पांच भागों (यानी प्रातः, संगव, मध्याह्न, अपराह्न, सायाह्न) एवं प्रदोष और निशीथकाल की आवश्यकता रहती है। इन अरुणोदय आदि कालों का निर्धारण स्थानीय सूर्योदय-सूर्यास्त, दिनमान एवं रात्रिमान पर निर्भर करता है। इसके लिए एक सामान्य-सी गणितप्रक्रिया अपेक्षित है। इस सामान्य गणितप्रक्रिया से भी व्रत-पर्वनिर्णायक को मुक्ति दिलाने के लिए यहां "**अरुणोदयादिकाल कोष्ठक (i)**" दिया गया है, जिससे स्थानीय दिनमान, सूर्योदय और सूर्यास्त द्वारा इन अरुणोदयादि कालों के प्रारम्भ-समाप्ति-क्षण कोष्ठक में निर्दिष्ट जोड़-घटाव की प्रक्रिया से अनायास ही ज्ञात किए जा सकते हैं। स्पष्टता के लिए नीचे दिया उदाहरण देखिए–

उदाहरण—वाराणसी में 13 अप्रैल को मध्याह्न और प्रदोष के प्रारम्भ और समाप्तिकाल जानने हैं। इस दिन वाराणसी में सूर्योदय 5$^{\text{घं.}}$ 41$^{\text{मि.}}$ और सूर्यास्त 18$^{\text{घं.}}$ 16$^{\text{मि.}}$ और दिनमान 12$^{\text{घं.}}$ 35$^{\text{मि.}}$ है। कोष्ठक [**अरुणोदयादि काल कोष्ठक (i)**] में दिनमान 12$^{\text{घं.}}$ 35$^{\text{मि.}}$ के आगे मध्याह्न वाले कॉलम में दिए प्रारम्भ और समाप्ति वाले 5$^{\text{घं.}}$ 02$^{\text{मि.}}$ और 7$^{\text{घं.}}$ 33$^{\text{मि.}}$ को कोष्ठकगत निर्देशानुसार सूर्योदयकाल 5$^{\text{घं.}}$ 41$^{\text{मि.}}$ में अलग-अलग जोड़ देने पर 10$^{\text{घं.}}$ 43$^{\text{मि.}}$ और 13$^{\text{घं.}}$ 14$^{\text{मि.}}$ मध्याह्न का क्रमशः प्रारम्भ और समाप्तिकाल प्राप्त हुआ। इसी प्रकार इसी दिनमान 12$^{\text{घं.}}$ 35$^{\text{मि.}}$ के आगे कोष्ठक में प्रदोष वाले कॉलम के नीचे प्रारम्भ और समाप्ति वाले 0$^{\text{घं.}}$ 00$^{\text{मि.}}$ तथा 2$^{\text{घं.}}$ 17$^{\text{मि.}}$ को कोष्ठकगत निर्देशानुसार सूर्यास्तकाल 18$^{\text{घं.}}$ 16$^{\text{मि.}}$ में अलग-अलग जोड़ देने पर 18$^{\text{घं.}}$ 16$^{\text{मि.}}$ और 20$^{\text{घं.}}$ 33$^{\text{मि.}}$ क्रमशः प्रदोष का प्रारम्भ और समाप्तिकाल प्राप्त हुआ।

ध्यान दें—इस कोष्ठक में उपरोक्त प्रक्रिया द्वारा प्राप्त अरुणोदय, प्रातः, संगव आदि का प्रारम्भ-समाप्तिकाल उसी देश/क्षेत्र के स्टैं. टा. में होगा, जिस देश/क्षेत्र के स्टैं. टा. में आपका सूर्योदय एवं सूर्यास्तकाल है। उपरोक्त उदाहरण में हमारा सूर्योदय व सूर्यास्तकाल भा. स्टैं. टा. में है, अतः इनसे प्राप्त उपरोक्त मध्याह्न एवं प्रदोष के प्रारम्भ-समाप्तिक्षण भी भा. स्टैं. टा. में ही हैं।

दूसरा कोष्ठक [**अरुणोदयादि काल कोष्ठक (ii**] भारत-केन्द्रस्थल [23°-11' (उ.) अक्षांश, 82°-30' (पू.) रेखांशस्थल] के लिए है। इस स्थल के अरुणोदयादि कालों के प्रारम्भ-समाप्तिकाल इस कोष्ठक से केवल अंग्रेजी तारीख द्वारा ही (दिनमान, सूर्योदय, सूर्यास्तकाल के बिना ही) तुरन्त ज्ञात हो जाते हैं। जैसे—28 मई को भारत के केन्द्रस्थल पर अरुणोदय 3$^{\text{घं.}}$-39$^{\text{मि.}}$ से 5$^{\text{घं.}}$-15$^{\text{मि.}}$, प्रातःकाल 5$^{\text{घं.}}$-15$^{\text{मि.}}$ से 7$^{\text{घं.}}$-56$^{\text{मि.}}$, संगव 7$^{\text{घं.}}$-56$^{\text{मि.}}$ से 10$^{\text{घं.}}$ -37$^{\text{मि.}}$, मध्याह्न 10$^{\text{घं.}}$-37$^{\text{मि.}}$ से 13$^{\text{घं.}}$-18$^{\text{मि.}}$ तक.... होगा। स्पष्ट है—यहां किसी प्रकार के जोड़-घटाव की भी जरूरत नहीं है। ध्यान रहे—इस कोष्ठक से प्राप्त काल हमेशा भा. स्टैं. टा. में होगा।

क्योंकि भारत-सरकार द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय पंचांगों में व्रत-पर्वतिथियों का निर्णय भारत-केन्द्रस्थलीय सूर्योदयास्त आदि अनुसार ही किया रहता है, अतः इस कोष्ठक को यहां देना आवश्यक समझा गया है। दूसरी बात यह भी है कि—भविष्य में भारत के सभी पंचांगकारों को व्रत-पर्वतिथिनिर्णय के लिए भारत-केन्द्रस्थलीय सूर्योदयास्तादि के ही प्रयोग का परामर्श विद्वानों द्वारा दिया जा रहा है, ताकि व्रत-पर्वतिथियों में 'भूपृष्ठ-भेदजन्य' वैमत्य दूर हो सके। बहुत सम्भव है कि—सभी पंचांगकार निकट भविष्य में भारत केन्द्र-स्थल से ही व्रत-पर्वतिथियों का निर्णय करें।

अरुणोदयादिकाल कोष्ठक (i)

(स्थानीय दिनमान द्वारा अरुणोदय, प्रातः, संगव आदि कालों का प्रारम्भ-समाप्ति काल जानिए)

दिनमान	स्थानीय सूर्योदय में से घटाइए	स्थानीय सूर्योदय काल में जोड़िए										स्थानीय सूर्यास्त काल में जोड़िए		
		प्रातः		संगव		मध्याह्न		अपराह्न		सायाह्न		प्रदोष		निशीथ
	अरुणोदय प्रारम्भ	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	
घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.	घं. मि.
9 30	1 36	0 00	1 54	1 54	3 48	3 48	5 42	5 42	7 36	7 36	9 30	0 00	2 54	7 15
9 35	1 36	0 00	1 55	1 55	3 50	3 50	5 45	5 45	7 40	7 40	9 35	0 00	2 53	7 12
9 40	1 36	0 00	1 56	1 56	3 52	3 52	5 48	5 48	7 44	7 44	9 40	0 00	2 52	7 10
9 45	1 36	0 00	1 57	1 57	3 54	3 54	5 51	5 51	7 48	7 48	9 45	0 00	2 51	7 07
9 50	1 36	0 00	1 58	1 58	3 56	3 56	5 54	5 54	7 52	7 52	9 50	0 00	2 50	7 05
9 55	1 36	0 00	1 59	1 59	3 58	3 58	5 57	5 57	7 56	7 56	9 55	0 00	2 49	7 02
10 00	1 36	0 00	2 00	2 00	4 00	4 00	6 00	6 00	8 00	8 00	10 00	0 00	2 48	7 00
10 05	1 36	0 00	2 01	2 01	4 02	4 02	6 03	6 03	8 04	8 04	10 05	0 00	2 47	6 57
10 10	1 36	0 00	2 02	2 02	4 04	4 04	6 06	6 06	8 08	8 08	10 10	0 00	2 46	6 55
10 15	1 36	0 00	2 03	2 03	4 06	4 06	6 09	6 09	8 12	8 12	10 15	0 00	2 45	6 52
10 20	1 36	0 00	2 04	2 04	4 08	4 08	6 12	6 12	8 16	8 16	10 20	0 00	2 44	6 50
10 25	1 36	0 00	2 05	2 05	4 10	4 10	6 15	6 15	8 20	8 20	10 25	0 00	2 43	6 47
10 30	1 36	0 00	2 06	2 06	4 12	4 12	6 18	6 18	8 24	8 24	10 30	0 00	2 42	6 45
10 35	1 36	0 00	2 07	2 07	4 14	4 14	6 21	6 21	8 28	8 28	10 35	0 00	2 41	6 42
10 40	1 36	0 00	2 08	2 08	4 16	4 16	6 24	6 24	8 32	8 32	10 40	0 00	2 40	6 40
10 45	1 36	0 00	2 09	2 09	4 18	4 18	6 27	6 27	8 36	8 36	10 45	0 00	2 39	6 37
10 50	1 36	0 00	2 10	2 10	4 20	4 20	6 30	6 30	8 40	8 40	10 50	0 00	2 38	6 35
10 55	1 36	0 00	2 11	2 11	4 22	4 22	6 33	6 33	8 44	8 44	10 55	0 00	2 37	6 32
11 00	1 36	0 00	2 12	2 12	4 24	4 24	6 36	6 36	8 48	8 48	11 00	0 00	2 36	6 30
11 05	1 36	0 00	2 13	2 13	4 26	4 26	6 39	6 39	8 52	8 52	11 05	0 00	2 35	6 27
11 10	1 36	0 00	2 14	2 14	4 28	4 28	6 42	6 42	8 56	8 56	11 10	0 00	2 34	6 25
11 15	1 36	0 00	2 15	2 15	4 30	4 30	6 45	6 45	9 00	9 00	11 15	0 00	2 33	6 22
11 20	1 36	0 00	2 16	2 16	4 32	4 32	6 48	6 48	9 04	9 04	11 20	0 00	2 32	6 20
11 25	1 36	0 00	2 17	2 17	4 34	4 34	6 51	6 51	9 08	9 08	11 25	0 00	2 31	6 17
11 30	1 36	0 00	2 18	2 18	4 36	4 36	6 54	6 54	9 12	9 12	11 30	0 00	2 30	6 15
11 35	1 36	0 00	2 19	2 19	4 38	4 38	6 57	6 57	9 16	9 16	11 35	0 00	2 29	6 12
11 40	1 36	0 00	2 20	2 20	4 40	4 40	7 00	7 00	9 20	9 20	11 40	0 00	2 28	6 10
11 45	1 36	0 00	2 21	2 21	4 42	4 42	7 03	7 03	9 24	9 24	11 45	0 00	2 27	6 07
11 50	1 36	0 00	2 22	2 22	4 44	4 44	7 06	7 06	9 28	9 28	11 50	0 00	2 26	6 05
11 55	1 36	0 00	2 23	2 23	4 46	4 46	7 09	7 09	9 32	9 32	11 55	0 00	2 25	6 02
12 00	1 36	0 00	2 24	2 24	4 48	4 48	7 12	7 12	9 36	9 36	12 00	0 00	2 24	6 00
12 05	1 36	0 00	2 25	2 25	4 50	4 50	7 15	7 15	9 40	9 40	12 05	0 00	2 23	5 57
12 10	1 36	0 00	2 26	2 26	4 52	4 52	7 18	7 18	9 44	9 44	12 10	0 00	2 22	5 55
12 15	1 36	0 00	2 27	2 27	4 54	4 54	7 21	7 21	9 48	9 48	12 15	0 00	2 21	5 52
12 20	1 36	0 00	2 28	2 28	4 56	4 56	7 24	7 24	9 52	9 52	12 20	0 00	2 20	5 50
12 25	1 36	0 00	2 29	2 29	4 58	4 58	7 27	7 27	9 56	9 56	12 25	0 00	2 19	5 47
12 30	1 36	0 00	2 30	2 30	5 00	5 00	7 30	7 30	10 00	10 00	12 30	0 00	2 18	5 45
12 35	1 36	0 00	2 31	2 31	5 02	5 02	7 33	7 33	10 04	10 04	12 35	0 00	2 17	5 42
12 40	1 36	0 00	2 32	2 32	5 04	5 04	7 36	7 36	10 08	10 08	12 40	0 00	2 16	5 40
12 45	1 36	0 00	2 33	2 33	5 06	5 06	7 39	7 39	10 12	10 12	12 45	0 00	2 15	5 37
12 50	1 36	0 00	2 34	2 34	5 08	5 08	7 42	7 42	10 16	10 16	12 50	0 00	2 14	5 35
12 55	1 36	0 00	2 35	2 35	5 10	5 10	7 45	7 45	10 20	10 20	12 55	0 00	2 13	5 32
13 00	1 36	0 00	2 36	2 36	5 12	5 12	7 48	7 48	10 24	10 24	13 00	0 00	2 12	5 30
13 05	1 36	0 00	2 37	2 37	5 14	5 14	7 51	7 51	10 28	10 28	13 05	0 00	2 11	5 27
13 10	1 36	0 00	2 38	2 38	5 16	5 16	7 54	7 54	10 32	10 32	13 10	0 00	2 10	5 25
13 15	1 36	0 00	2 39	2 39	5 18	5 18	7 57	7 57	10 36	10 36	13 15	0 00	2 09	5 22
13 20	1 36	0 00	2 40	2 40	5 20	5 20	8 00	8 00	10 40	10 40	13 20	0 00	2 08	5 20
13 25	1 36	0 00	2 41	2 41	5 22	5 22	8 03	8 03	10 44	10 44	13 25	0 00	2 07	5 17
13 30	1 36	0 00	2 42	2 42	5 24	5 24	8 06	8 06	10 48	10 48	13 30	0 00	2 06	5 15
13 35	1 36	0 00	2 43	2 43	5 26	5 26	8 09	8 09	10 52	10 52	13 35	0 00	2 05	5 12
13 40	1 36	0 00	2 44	2 44	5 28	5 28	8 12	8 12	10 56	10 56	13 40	0 00	2 04	5 10
13 45	1 36	0 00	2 45	2 45	5 30	5 30	8 15	8 15	11 00	11 00	13 45	0 00	2 03	5 07
13 50	1 36	0 00	2 46	2 46	5 32	5 32	8 18	8 18	11 04	11 04	13 50	0 00	2 02	5 05
13 55	1 36	0 00	2 47	2 47	5 34	5 34	8 21	8 21	11 08	11 08	13 55	0 00	2 01	5 02
14 00	1 36	0 00	2 48	2 48	5 36	5 36	8 24	8 24	11 12	11 12	14 00	0 00	2 00	5 00
14 05	1 36	0 00	2 49	2 49	5 38	5 38	8 27	8 27	11 16	11 16	14 05	0 00	1 59	4 57
14 10	1 36	0 00	2 50	2 50	5 40	5 40	8 30	8 30	11 20	11 20	14 10	0 00	1 58	4 55
14 15	1 36	0 00	2 51	2 51	5 42	5 42	8 33	8 33	11 24	11 24	14 15	0 00	1 57	4 52
14 20	1 36	0 00	2 52	2 52	5 44	5 44	8 36	8 36	11 28	11 28	14 20	0 00	1 56	4 50
14 25	1 36	0 00	2 53	2 53	5 46	5 46	8 39	8 39	11 32	11 32	14 25	0 00	1 55	4 47
14 30	1 36	0 00	2 54	2 54	5 48	5 48	8 42	8 42	11 36	11 36	14 30	0 00	1 54	4 45

अरुणोदयादिकाल कोष्ठक (ii)

[भारत के केन्द्रस्थल (23° 11' उत्तर अक्षांश, 82° 30' पूर्व रेखांश) पर अरुणोदय, प्रातः, संगव आदि कालों की प्रारम्भ-समाप्ति (भा.स्टैं.टा.)]

तारीख	अरुणोदय प्रारम्भ		सूर्योदय अरुणोदय समाप्त		संगव प्रारम्भ		संगव समाप्त		अपराह्न प्रारम्भ		अपराह्न समाप्त		सूर्यास्त प्रदोष प्रारम्भ		प्रदोष समाप्त		निशीथ-काल (अर्धरात्रि)	
			प्रातः प्रारम्भ		प्रातः समाप्त		मध्याह्न प्रारम्भ		मध्याह्न समाप्त		सायाह्न प्रारम्भ		सायाह्न समाप्त					
	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.
1 जन.	5	05	6	41	8	50	10	59	13	08	15	17	17	25	20	04	24	03
8 जन.	5	07	6	43	8	52	11	02	13	11	15	20	17	30	20	09	24	06
15 जन.	5	08	6	44	8	54	11	04	13	14	15	24	17	35	20	13	24	10
22 जन.	5	07	6	43	8	55	11	06	13	18	15	29	17	40	20	17	24	11
29 जन.	5	06	6	42	8	55	11	08	13	20	15	33	17	45	20	20	24	13
5 फर.	5	03	6	39	8	53	11	07	13	21	15	35	17	49	20	23	24	14
12 फर.	4	59	6	35	8	51	11	07	13	23	15	39	17	54	20	26	24	14
19 फर.	4	54	6	30	8	47	11	05	13	23	15	41	17	58	20	28	24	14
26 फर.	4	49	6	25	8	45	11	04	13	23	15	42	18	01	20	30	24	13
5 मार्च	4	43	6	19	8	40	11	01	13	22	15	43	18	05	20	32	24	12
12 मार्च	4	37	6	13	8	36	10	59	13	22	15	45	18	07	20	32	24	10
19 मार्च	4	30	6	06	8	31	10	56	13	21	15	46	18	10	20	33	24	08
26 मार्च	4	23	5	59	8	26	10	53	13	20	15	47	18	13	20	34	24	06
2 अप्रै.	4	16	5	52	8	21	10	49	13	18	15	47	18	15	20	34	24	03
9 अप्रै.	4	10	5	46	8	16	10	47	13	17	15	47	18	18	20	36	24	02
16 अप्रै.	4	03	5	39	8	11	10	44	13	16	15	49	18	21	20	37	24	00
23 अप्रै.	3	57	5	33	8	07	10	41	13	16	15	50	18	24	20	38	23	59
30 अप्रै.	3	52	5	28	8	04	10	40	13	16	15	52	18	27	20	39	23	57
7 मई	3	47	5	23	8	00	10	38	13	15	15	52	18	30	20	41	23	56
14 मई	3	44	5	20	7	58	10	37	13	15	15	54	18	33	20	42	23	57
21 मई	3	41	5	17	7	57	10	37	13	17	15	57	18	36	20	44	23	57
28 मई	3	39	5	15	7	56	10	37	13	18	15	59	18	40	20	47	23	58
4 जून	3	38	5	14	7	56	10	38	13	20	16	02	18	43	20	49	23	58
11 जून	3	38	5	14	7	56	10	38	13	20	16	02	18	45	20	52	24	00
18 जून	3	38	5	14	7	56	10	39	13	21	16	04	18	47	20	53	24	00
25 जून	3	40	5	16	7	58	10	41	13	23	16	06	18	49	20	54	24	02
2 जुला.	3	42	5	18	8	00	10	43	13	25	16	07	18	50	20	56	24	04
9 जुला.	3	45	5	21	8	03	10	44	13	26	16	08	18	49	20	55	24	05
16 जुला.	3	47	5	23	8	04	10	45	13	26	16	07	18	48	20	55	24	06
23 जुला.	3	50	5	26	8	06	10	46	13	26	16	06	18	46	20	54	24	06
30 जुला.	3	53	5	29	8	07	10	46	13	24	16	03	18	43	20	52	24	06
6 अग.	3	56	5	32	8	08	10	46	13	24	16	02	18	39	20	50	24	05
13 अग.	3	59	5	35	8	11	10	47	13	23	15	59	18	34	20	46	24	04
20 अग.	4	02	5	38	8	12	10	46	13	20	15	54	18	29	20	43	24	01
27 अग.	4	04	5	40	8	13	10	45	13	18	15	50	18	23	20	38	24	01
3 सितं.	4	07	5	43	8	14	10	44	13	15	15	45	18	16	20	33	23	59
10 सितं.	4	09	5	45	8	14	10	43	13	12	15	41	18	09	20	28	23	57
17 सितं.	4	11	5	47	8	14	10	41	13	08	15	35	18	02	20	25	23	54
24 सितं.	4	13	5	49	8	14	10	39	13	04	15	29	17	55	20	18	23	52
1 अक्तू.	4	16	5	52	8	15	10	38	13	01	15	24	17	48	20	13	23	50
8 अक्तू.	4	18	5	54	8	15	10	37	12	58	15	19	17	41	20	08	23	47
15 अक्तू.	4	21	5	57	8	16	10	36	12	55	15	15	17	35	20	03	23	46
22 अक्तू.	4	24	6	00	8	18	10	36	12	54	15	12	17	29	19	59	23	44
29 अक्तू.	4	27	6	03	8	19	10	35	12	52	15	08	17	24	19	54	23	43
5 नवं.	4	31	6	07	8	22	10	36	12	51	15	05	17	20	19	53	23	43
12 नवं.	4	36	6	12	8	25	10	38	12	51	15	04	17	16	19	51	23	44
19 नवं.	4	40	6	16	8	28	10	39	12	51	15	03	17	14	19	50	23	45
26 नवं.	4	45	6	21	8	32	10	42	12	52	15	02	17	13	19	50	23	47
3 दिसं.	4	50	6	26	8	35	10	45	12	54	15	03	17	13	19	52	23	49
10 दिसं.	4	54	6	30	8	39	10	48	12	57	15	06	17	15	19	54	23	52
17 दिसं.	4	58	6	34	8	42	10	51	13	00	15	08	17	17	19	56	23	55
24 दिसं.	5	02	6	38	8	46	10	55	13	03	15	11	17	20	19	58	23	59
31 दिसं.	5	05	6	41	8	50	10	59	13	08	15	17	17	25	20	04	24	03

सूक्ष्म ज्योतिषशास्त्रीय सूर्योदयास्तकाल-साधन

मेरी पुस्तक "ग्रहोदयास्त निर्णय" में दिया गया 0° से 63° अक्षांश तक का सूर्योदयास्तकाल वस्तुतस्तु भा. स्टैं. मेरिडियन का स्था. म. का. है, किंच यह यथार्थतः सन् 2000 ई. के लिए है। इसे अत्यल्प अशुद्धि की उपेक्षा करते हुए विश्व के किसी भी स्थल तथा पूर्वापरवर्त्ती 2-2 शताब्दियों के लिए प्रतिवर्ष प्रयोग में लाया जा सकता है। ऐसा करने पर इससे ज्ञात उदयास्तकाल में इस अवधि में विश्व के किसी भी स्थान पर एक या दो मिनट से अधिक अशुद्धि नहीं होगी। फलादेश एवं जनव्यवहार के लिए भी एक-दो मिनट तक शुद्ध सूर्योदयास्तकाल पर्याप्त होता है, फिर भी यदि कोई दैवज्ञ सूक्ष्मतम (सेकण्ड तक सूक्ष्म) सूर्योदयास्तकाल जानना चाहता है तो उसे निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाना होगा। इस प्रक्रिया द्वारा ज्ञात सूर्योदयास्तकाल में 4-5 सेकण्ड से अधिक अशुद्धि नहीं होगी, बशर्ते कि स्थानीय अक्षांश, रेखांश तथा तात्कालिक सूर्यभोगांश (स्पष्टसूर्य) अपेक्षित सूक्ष्मता वाले हों।

सूर्योदयकाल ज्ञात करने के लिए अभीष्ट नगर के अक्षांश, रेखांश और स्टैण्डर्ड अन्तर के अलावा स्थानीय (क्षेत्रीय) स्टैं. टा. (अभीष्ट नगर/ग्राम जिस देश/कालक्षेत्र में स्थित है, उस देश/कालक्षेत्र के स्टै. टा.) के अनुसार प्रात: 6 बजे अभीष्ट तारीख के निम्नांकित पदार्थ भी मालूम कीजिए—

(i) सायन सूर्यभोगांश (रा. अं. क.)।
(ii) सूर्यक्रान्ति (अं.क.)।
(iii) वेलान्तर-संस्कार (मि.से.)।
(iv) स्थानीय चर (मि.से.)।

इसी प्रकार सूर्यास्तकाल जानने के लिए भी अभीष्ट नगर के अक्षांश-रेखांश, स्टैण्डर्ड अन्तर तथा स्थानीय स्टै. टा. के अनुसार 18 घं. 00 मि. पर अभीष्ट तारीख को निम्नांकित पदार्थ मालूम कीजिए—

(i) सायन सूर्यभोगांश (रा. अं. क.)। -
(ii) सूर्यक्रान्ति (अं.क.)।
(iii) वेलान्तर-संस्कार (मि.से.)।
(iv) स्थानीय चर (मि.से.)।

सायन सूर्य की रा. अं. क. द्वारा आगे पृष्ठ 303 पर दिए गए "क्रान्ति-वेलान्तर कोष्ठक" से क्रान्ति (सूर्यक्रान्ति की अं. क.) तथा वेलान्तर के मि. से. ज्ञात कर लें। क्योंकि, यह कोष्ठक एक-एक अंश के अन्तर पर क्रान्ति और वेलान्तर बताता है, अत: सूर्य की शेषकलाओं से अनुपात द्वारा क्रान्ति और वेलान्तर का यथार्थ मान (कला तथा सूक्ष्मक्रान्ति और सेकण्ड तक सूक्ष्म वेलान्तर) जान लीजिए। क्रान्ति की दिशा (उत्तर या दक्षिण) तथा वेलान्तर का चिह्न (धन या ऋण) भी इस कोष्ठक से मालूम कर लीजिए। इस प्रकार ज्ञात क्रान्ति की अं. क. तथा अभीष्ट नगर के अक्षांश की अं. क. द्वारा आगे पृष्ठ 305 पर दिए गए 'चरकोष्ठक' से चर के मि. से. (या घं. मि. से.) जानिए। 'चरकोष्ठक' में क्रान्ति और अक्षांश एक-एक अंश के अन्तर पर दिए गए हैं, अत: क्रान्ति और अक्षांश की शेषकलाओं के लिए यहां अलग-अलग दो बार (एक ओर क्रान्ति की कलाओं के लिए और दूसरी ओर अक्षांश की कलाओं के लिए) अनुपात करके सेकण्ड तक शुद्ध चर प्राप्त करना चाहिए। इस प्रकार वेलान्तर और चर द्वारा अभीष्ट नगर, का सूक्ष्म (लगभग सेकण्ड तक शुद्ध) सूर्योदय एवं सूर्यास्तकाल इस तरह जान लीजिए—

अभीष्ट तारीख के प्रात: 6 बजे के चर और वेलान्तर के मिनट, सेकण्डों (या घं. मि. से.) को 6 घं. में इनके चिह्नानुसार जोड़ने या घटाने पर अभीष्ट तारीख और नगर का सूर्योदयकाल (स्था.म.का.) बन जाएगा।

इसी तरह अभीष्ट तारीख के 18 बजे के चर और वेलान्तर को 18 घं. में चिह्नानुसार जोड़ने या घटाने पर अभीष्ट तारीख और नगर का सूर्यास्तकाल (स्था. म. का.) प्राप्त हो जाएगा।

सूर्योदय और सूर्यास्त के स्था. म. का. में अभीष्ट नगर का स्टैं. अं. चिह्न के विपरीत जोड़ने या घटाने पर स्थानीय स्टै. टा. के अनुसार सूर्यादय और सूर्यास्तकाल प्राप्त होंगे।

ध्यान रहे—चर का चिह्न '**चरकोष्ठक**' से ज्ञात नहीं होता है। चर का चिह्न कब धन(+) माना जाएगा और कब ऋण (–), इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

अभीष्ट नगर का अक्षांश और क्रान्ति—दोनों यदि एक ही दिशा के (दोनों उत्तर या दोनों दक्षिण दिशा के) हों तो चर उदय (सूर्योदय बनाने) के लिए ऋण (–) और अस्त (सूर्यास्त बनाने) के लिए धन (+) होगा। यदि दोनों की दिशाएं भिन्न-भिन्न हों तब चर का चिह्न इसके विपरीत; (उदय के लिए धन और अस्त के लिए ऋण) होगा।

उदयास्त की पूरी प्रक्रिया स्पष्ट करने के लिए नीचे उदाहरण दिया जा रहा है—

उदाहरण—वाराणसी में 10 नवंबर, सन् 2001 ई. को सूक्ष्मतम सूर्योदय, सूर्यास्तकाल जानने हैं?

सूर्योदयकाल साधन—

